लिये या अपनी रचनात्मक प्रतिभा से प्रेरित होकर मनोरम काव्यों की रचना की है। इसलिये यह सम्भव है कि शूद्रक भी एक प्रतिभासम्पन्न राजा रहा हो और उसने इस नाटक की रचना की हो।

दूसरी ओर यह भी संभावना हो सकती है कि शूद्रक की सभा के किसी कवि ने इस नाटक की रचना की हो और इसे अपने आश्रयदाता शूद्रक के नाम से प्रसिद्ध कर दिया हो। भारतीय वाङ्मय के अनेक ग्रन्थ-रत्नों की इस प्रकार की कहानी है। आचार्य मम्मट ने अपने काव्यप्रकाश नामक ग्रन्थ में काव्य के प्रयोजनों का विवेचन करते हुए धन-लाभ को भी काव्य का प्रयोजन बतलाया है। उन्होंने 'काव्यं यशसेऽर्थकृते' इत्यादि कारिका की व्याख्या करते हुए लिखा है—श्रीहर्षादेर्धावकादीनामिव धनम्। टीकाकारों ने इस कथन की अनेक प्रकार से व्याख्या की है इसका उल्लेख करना यहाँ अपेक्षित नहीं है। यहाँ तो संक्षेप में यही कहना है कि धन-लाभ के लिये भी कवि रचना करते थे और अपनी रचना को अपने आश्रयदाता के नाम से प्रसिद्ध कर देते थे; अतः मृच्छकटिक की रचना के सम्बन्ध में भी ऐसी सम्भावना हो सकती है। शूद्रक साहित्यकारों का महान् आश्रयदाता (सभापति) था, इसमें सन्देह नहीं। राजशेखर ने साहित्य के संरक्षक राजाओं की सूची में शूद्रक का भी उल्लेख किया है—'वासुदेव-शातवाहन-शूद्रक साहसाङ्कादीन् सकलान् सभापतीन् दानमानाभ्यामनुकुर्यात्', काव्यमीमांसा।

यद्यपि दोनों प्रकार की सम्भावनाएँ उचित प्रतीत होती हैं तथापि कुछ प्रमाणों के आधार पर शूद्रक को कवि मानना ही युक्तिसंगत है, केवल कवि और पण्डितों का आश्रयदाता ही नहीं। कुछ समय पूर्व ही मद्रास में अवन्तिसुन्दरीकथा नामक ग्रन्थ उपलब्ध हुआ है। विद्वानों ने निर्णय किया है कि यह दण्डी की रचना है। इसमें शूद्रक की प्रशंसा में यह श्लोक लिखा है—[1]

शूद्रकेणासकृज्जित्वा स्वच्छया खड्गधारया।
जगद्भूयोऽभ्यवष्टब्धं वाचा स्वचरितार्थया॥

इस श्लोक से प्रकट होता है कि शूद्रक एक वीर योद्धा था। 'वाचा स्वचरितार्थया' इस कथन से यह भी विदित होता है कि दण्डी के समय में यह समझा जाता था कि शूद्रक की रचना में कुछ आत्मकथा का प्रतिबिम्ब है। फलतः विद्वानों का कथन है कि मृच्छकटिक नाटक में शूद्रक के जीवन की कतिपय घटनाओं का संकेत मिलता है। नाटक का चारुदत्त शूद्रक के मित्र बन्धुदत्त का रूपान्तर है और आर्यक के रूप में शूद्रक ने अपना ही वर्णन किया है। यद्यपि इन संकेतों की प्रामाणिकता में सन्देह है तथापि उपर्युक्त श्लोक से यह अवश्य सिद्ध होता है कि वीर योद्धा शूद्रक एक कवि भी था जिसकी रचनाओं में उसके जीवन की झलक मिलती है।

---

(१) M. R. काले, मृच्छकटिक Introduction पृ० २१। काले महोदय ने [illegible] R. kavi M[illegible] विद्वत्तापूर्ण निबन्ध 'Dandin's Avantisundrikatha [illegible]

काव्यालङ्कार सूत्र[1] के प्रणेता वामन के कथन से यह भी प्रतीत होता है कि शूद्रक नामक कोई प्रसिद्ध कवि था तथा अष्टम शताब्दी में उसकी रचनाएँ लोक-प्रसिद्ध थीं। अर्थगुणों का निरूपण करते हुए वामनाचार्य ने श्लेष (घटना) का वर्णन किया है तथा यह भी बतलाया है कि शूद्रक आदि कवियों की रचनाओं में इस श्लेष का विशेष प्रयोग देखा जाता है—'शूद्रकादिरचितेषु प्रवन्धेषु अस्य भूयान् प्रपञ्चो दृश्यते।'—यद्यपि यहाँ यह नहीं कहा गया है कि शूद्रक कोई राजा था, यह भी नहीं कि वह मृच्छकटिक का कर्त्ता था तथापि इस कथन से दो बातें स्पष्ट हैं—(१) शूद्रक एक प्रसिद्ध कवि था, (२) उसकी रचनाओं में श्लेष गुण के अनेक उदाहरण मिलते हैं। विद्वानों का कथन है कि इससे यह नहीं ज्ञात होता कि वामन शूद्रक को मृच्छकटिक के कर्त्ता के रूप में जानता था, क्योंकि मृच्छकटिक को विशेषरूप से श्लेषगुणयुक्त नहीं कहा जा सकता। इस विषय में इतना कहना ही पर्याप्त है कि वामन की सूत्रवृत्ति में मृच्छकटिक के कई उदाहरण उपलब्ध होते हैं।[2] जिनसे यह स्पष्ट ही है कि वामन मृच्छकटिक से परिचित था। हाँ, उसने शूद्रक का मृच्छकटिक के कर्त्ता के रूप में उल्लेख नहीं किया है। यह भी उल्लेखनीय है कि श्लेषगुण श्लेष नामक अलङ्कार से नितान्त भिन्न है। इसके कतिपय उदाहरण मृच्छकटिक में भी खोजे जा सकते हैं। वामन के इस कथन से यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि शूद्रक की मृच्छकटिक के अतिरिक्त और कोई रचना रही होगी।

२. शूद्रक के सम्बन्ध में ऐतिहासिक तथा साहित्यिक उल्लेख—

संस्कृत वाङ्मय के अनेक ग्रन्थों में शूद्रक का उल्लेख किया गया है। इससे स्पष्ट विदित होता है कि शूद्रक कोई ऐतिहासिक पुरुष था, केवल कल्पित व्यक्ति नहीं। किन्तु उन ग्रन्थों में शूद्रक का कई विविध कालों तथा प्रसङ्गों में उल्लेख किया गया है जिससे यह निश्चय करना कठिन है कि कौन सा शूद्रक मृच्छकटिक का कर्त्ता रहा होगा। एक ही नाम के कई व्यक्तियों का होना, काल-निर्णय में सदा ही बाधक रहता है। उदाहरणार्थ संस्कृत साहित्य में कालिदास नाम के कई कवि हैं, इसी कारण कालिदास की कृतियों तथा समय के निर्धारण में आज भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शूद्रक के विषय में भी यही बात है। अनेक ग्रन्थों में शूद्रक के जीवन के विषय में उल्लेख मिलते हैं, कहीं-कहीं उसके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने वाले भी उल्लेख हैं यद्यपि उनके अनुशीलन से मृच्छकटिक के कर्त्ता का निर्णय करना कठिन है तथापि इस विषय में हमारा मार्ग अवश्य प्रशस्त हो जाता है। अतः उनका संक्षेपतः निरूपण करना आवश्यक प्रतीत होता है—

(१) स्कन्दपुराण[3] कुमारिका खण्ड में उल्लेख है कि कलिसंवत् ३२९० अर्थात् १९० ई० में शूद्रक नाम का राजा हुआ। कुछ विद्वान् स्कन्दपुराण में निर्दिष्ट शूद्रक

---

१. काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति ३. २. ४।

२. [illegible] भाग पृ० ११।

३. [illegible] कलौ [illegible] भविष्यति
[illegible] वीराणामधिपः सिद्धिमत्र स[illegible]

को आन्ध्रवंश के प्रथम राजा 'सिमुक' से अभिन्न व्यक्ति मानते हैं। उनकी मान्यता का आधार यह है कि भागवत पुराण में आन्ध्रवंश के प्रथम राजा को शूद्र बतलाया गया है।[1] यह भी संभव है कि सिमुक का वास्तविक नाम शूद्रक ही रहा हो, क्योंकि भिन्न-भिन्न ग्रन्थों में उसके विविध नामों का उल्लेख किया गया है। किन्तु डा० स्मिथ[2] के अनुसार सिमुक का समय लगभग २४० ई० पू० है जो स्कन्द-पुराण के समय से मेल नहीं खाता। M. R. काले का कथन है कि स्कन्दपुराण का कथन अधिक विश्वसनीय नहीं अतः आन्ध्रवंश का प्रथम राजा ही शूद्रक रहा होगा। (क) उसका यह समय आन्तरिक प्रमाणों से भी पुष्ट होता है और उसके पूर्ववर्ती भास के समय से भी मेल खाता है। (ख) इसकी इस बात से भी पुष्टि होती है कि आन्ध्रवंश का राज्य दक्षिण भारत में था और वामन के काव्यालङ्कार सूत्र के एक टीकाकार के उल्लेख से यह प्रकट होता है कि शूद्रक भी दाक्षिणात्य था तथा नाटक के अन्तःसाक्ष्य से भी शूद्रक का दाक्षिणात्य होना ही सिद्ध होता है।[3]

(२) कुछ समय पूर्व ही जो दण्डी की तृतीय रचना 'अवन्तिसुन्दरीकथा' उपलब्ध हुई है उसमें शूद्रक को उज्जयिनी का ब्राह्मण राजा बतलाया गया है। यह भी कहा जाता है कि शूद्रक ने आन्ध्रवंश के स्वाति नामक राजा को पराजित किया था। 'स्वाति' ने ५६ ई० पू० तक राज्य किया। महाराजा विक्रमादित्य का भी यही समय है अतः कुछ विद्वानों ने विक्रमादित्य और शूद्रक को अभिन्न सिद्ध करने का प्रयास किया है। यदि इस बात की प्रमाणों से पुष्टि होती है तो अवन्तिसुन्दरीकथा में वर्णित शूद्रक अवश्य ही आन्ध्रवंश की स्थापना करने वाले शूद्रक से भिन्न होना चाहिए। ऐसा मानने पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि मृच्छकटिक का कर्त्ता कौन-सा शूद्रक है? मृच्छकटिक की प्रस्तावना में उल्लिखित शूद्रक क्या दण्डी का वर्णित शूद्रक हो सकता है? दण्डी ने शूद्रक को ब्राह्मण राजा बतलाया है। मृच्छकटिक की प्रस्तावना में भी उसे 'द्विजमुख्यतमः' कहा गया है। यद्यपि यहाँ टीकाकारों ने द्विज का अर्थ क्षत्रिय किया है तथापि इसका प्रसिद्ध अर्थ लिया जा सकता है।

किन्तु दण्डी के शूद्रक को मृच्छकटिक का कर्त्ता मानने में एक कठिनाई यह है कि राजशेखर के अनुसार रामिल और सौमिल कवियों ने शूद्रककथा नाम का ग्रन्थ लिखा था।[4] यह सौमिल यही प्रतीत होता है जिसका कालिदास ने 'सौमिल्लक'

---

१. हत्वा कण्वसुशर्माणं तद्भृत्यो वृषलो बली।
गां भोक्ष्यत्यान्ध्रजातीयः कंचित्कालमसत्तमः। (स्कन्ध-१२. अध्याय १-२०)

२. Early history of India, (ed. 1914) पृ० २१६,

३. देखिये, आगे 'कवि का जीवन-परिचय'।

४. तौ शूद्रककथाकारौ रम्यौ रामिलसौमिलौ।
काव्यं ययोर्द्वयोरासीदर्धनारीश्वरोपमम् ॥

नाम से उल्लेख किया है।[1] इस प्रकार 'सौमिल' नामक कवि कालिदास से प्राचीन है इसमें सन्देह नहीं तथा राजा शूद्रक सौमिल से भी पूर्व या उसके समकालीन हो सकता है। यदि कालिदास को विक्रमादित्य का समकालीन (५६ ई० पू०) माना जाता है तो दण्डी का शूद्रक मृच्छकटिक का लेखक नहीं हो सकता।

(३) प्रो० कोनो का कथन है कि आभीर वंश का राजा शिवदत्त ही शूद्रक है। इसका राज्यकाल ईसा की तृतीय शताब्दी है। प्रो० कोनो के मत का आधार 'गोपालदारक आर्यक' यह शब्द है; क्योंकि आभीर और गोपाल समानार्थक हैं।

इसी प्रकार शब्दों की समानता के आधार पर कुछ विद्वानों ने शूद्रक का समय द्वितीय शताब्दी निश्चित करने का प्रयास किया है। उनके मतानुसार मृच्छकटिक ८.३४ में वर्णित 'रुद्रो राजा' क्षत्रप वंश का रुद्रदमन ही है जिसका समय १३० ईस्वी है। ये सब कल्पनाएँ नाममात्र के साम्य पर आधारित हैं अतः कोई महत्त्व नहीं रखतीं।

(४) साहित्यिक उल्लेखों से यह तो स्पष्ट विदित होता है कि उदयन और विक्रमादित्य के समान शूद्रक भी एक कलाप्रेमी एवं साहित्यप्रेमी राजा रहा होगा। शूद्रक के नाम पर विक्रान्तशूद्रक, शूद्रकवध, शूद्रकचरित इत्यादि ग्रन्थों का उल्लेख मिलता है। ये ग्रन्थ अनुपलब्ध हैं; अतः यह कहना कठिन है कि इनके वर्णनों से शूद्रक के समय आदि निर्धारण में कहाँ तक सहायता मिल सकती है। कल्हण ने 'राजतरङ्गिणी' में तथा सोमदेव ने 'कथासरित्सागर' में शूद्रक का उल्लेख किया है। बाण ने कादम्बरी में शूद्रक की राजधानी विदिशा बतलाई है तथा 'हर्षचरित' में चन्द्रकेतु के शत्रु के रूप में शूद्रक का उल्लेख किया है। दण्डी ने भी 'दशकुमारचरित' में शूद्रक का निर्देश किया है। वैतालपञ्चविंशति में शूद्रक की राजधानी वर्धमान या शोभावती बतलाई गई है।

(५) वामन ने काव्यालङ्कार सूत्र में शूद्रक का नामतः निर्देश किया है— "शूद्रकादिरचितेषु प्रबन्धेषु" (अधि० ४ अ० २-४)। वामन ने मृच्छकटिक के कई उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं—"द्यूतं हि नाम पुरुषस्यासिंहासनं राज्यम्" (अधि० ४ अ० ३, २३) तथा "यासां बलिर्भवति मद्गृहदेहलीनाम्०···कीटमुखावलीढः।" (अधि० ५ अ० १,३)। वामन का समय आठवीं शताब्दी है।

उपर्युक्त कथन से यह प्रकट होता है कि शूद्रक को कल्पित व्यक्ति कहना युक्तिसङ्गत नहीं कहा जा सकता। उसका कवि होना भी सिद्ध ही है। तथा ऐसा भी प्रतीत होता है कि शूद्रक नाम के एक ही नहीं अनेक राजा हुए हैं। किन्तु यह निश्चित रूप से कहना कठिन है कि मृच्छकटिक का कर्त्ता शूद्रक कौन-सा है? कुछ समालोचकों का यह भी अनुमान है कि सम्भवतः शूद्रक नामक किसी कवि ने

---

१. प्रथितयशसां भासकविपुत्रसौमिल्लकादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य। मालवि० कालिमित्र पृ० २.

मृच्छकटिक लिखा होगा। वह कवि राजा और शूद्रक से भिन्न ही रहा होगा, किन्तु कालान्तर में उस कवि तथा राजा शूद्रक को एक ही मान लिया गया। यह संभावना भी मृच्छकटिक की प्रस्तावना से मेल नहीं खाती; क्योंकि प्रस्तावना में तो 'शूद्रको नृपः' इसमें स्पष्ट ही मृच्छकटिक के कर्ता को शूद्रक राजा कहा गया है।

४. मृच्छकटिक के कर्ता शूद्रक का समय—

उपर्युक्त विवेचन से शूद्रक के काल पर कुछ प्रकाश अवश्य पड़ता है किन्तु मृच्छकटिक के काल का सम्यक् निर्णय नहीं हो पाता। मृच्छकटिक का रचनाकाल तृतीय शताव्दी ई० पू० से लेकर षष्ठ शताब्दी तक दोलायमान है—

(क) ईस्वी पू० तृतीय शताब्दी से ई० पू० प्रथम शताब्दी—

जैसा कि ऊपर बतलाया गया है मृच्छकटिक के कर्ता शूद्रक को आन्ध्रवंश के आदिम राजा से अभिन्न माना जा सकता है या दण्डी द्वारा निर्दिष्ट शूद्रक को ही मृच्छकटिक का कर्ता माना जा सकता है। इसलिये मृच्छकटिक का रचना काल तृतीय शताब्दी ई० पू० में होगा या प्रथम शताब्दी ई० पू० में। अन्तःसाक्ष्य तथा बाह्यसाक्ष्य से भी इस काल की पुष्टि होती है; जैसा कि M. R. काले ने दिखलाया है। इस विषय में अन्तःसाक्ष्य इस प्रकार है—(१) यह नाटक ऐसे समय की ओर संकेत करता है जब बौद्ध धर्म उन्नतावस्था में था। बौद्ध भिक्षुओं का जनता में सम्मान था, वे भिक्षु के धर्म का सावधानी से पालन करते थे। ई० संवत् के आरम्भ काल में बौद्ध-धर्म ह्रास की ओर अग्रसर हो चला था अतः इस नाटक की रचना इससे पूर्व ही माननी चाहिये। जैसा कि डॉ० भण्डारकर ने बतलाया है।[१] आन्ध्रवंशीय राजाओं के समय बौद्धधर्म उन्नतावस्था में था। (२) नवम अंक में अधिकरणिक द्वारा कथित 'अङ्गारकविरुद्धस्य' इत्यादि श्लोक में मंगल को बृहस्पति का शत्रुग्रह बतलाया गया है। यह मान्यता वराहमिहिर के पहले प्रचलित थी। वराहमिहिर का समय ५०० ई० के लगभग निर्धारित किया गया है। उसके अनेक शताब्दी पूर्व मृच्छकटिक का समय होना चाहिये। (३) वैशिकी कला (१·४) का उल्लेख तथा किसी वेश्या के नायिका होने की कल्पना वात्स्यायन के कामसूत्र की रचना के समकालीन है। वात्स्यायन के कामसूत्र का समय १०० ई० पू० से पश्चात् नहीं हो सकता अतः मृच्छकटिक का भी समय इसके ही निकट है। (४) बाद के प्रचलित नाट्यकला के अनेक नियमों से मृच्छकटिक का कर्ता परिचित नहीं है; जैसे किसी पात्र के विशेष प्राकृत भाषा बोलने का नियम, रसों की प्रधानता तथा अप्रधानता सम्बन्धी मान्यताएँ इत्यादि। साथ ही मृच्छकटिक की शैली में भास जैसी सादगी और सरलता है, इसकी शैली कालिदास के समान परिष्कृत नहीं; न ही भवभूति के समान कलापूर्ण है। इससे प्रकट होता है कि मृच्छकटिक संस्कृत नाटक के प्रारम्भिक काल की रचना है। (५) मृच्छकटिक की प्राकृत भाषाएँ व्याकरण

१. Early History of the Dekkan. पृ० ३१ (काले द्वारा [illegible]

के नियमों के सर्वथा अनुकूल नहीं है। वे प्राकृत भाषा के विकास की आरम्भिक अवस्था को सूचित करती हैं। जिससे प्रकट होता है कि शूद्रक कालिदास से प्राचीन है। (६) मृच्छकटिक में 'राष्ट्रिय' शब्द का प्रयोग एक पुलिस के अधिकारी के अर्थ में हुआ है। यह भारतीय नाटक की आरम्भिक अवस्था को व्यक्त करता है; क्योंकि कालिदास के पश्चात् 'राष्ट्रिय' शब्द राजा के साले के अर्थ में रूढ़ हो गया है। (७) शकार तथा विट जैसे पात्रों की योजना से भी यही सिद्ध होता है कि मृच्छकटिक प्राचीनकाल का नाटक है, क्योंकि बाद के नाटकों में ये पात्र दृष्टिगोचर नहीं होते।

बाह्य प्रमाणों से भी इस काल की पुष्टि होती है। ऊपर निर्देश किया गया है कि रामिल सौमिल (सौमिल्लक) ने शूद्रक-कथा लिखी थी। सौमिल्लक का कालिदास ने उल्लेख किया है। अतः सौमिल अवश्य ही कालिदास से पूर्ववर्ती है और शूद्रक सौमिल से भी प्राचीन। भारतीय परम्परा के अनुसार कालिदास का समय ई० पू० ५६ के लगभग है अतः शूद्रक का समय इससे पूर्व ही होना चाहिये। किन्तु यदि शूद्रक कालिदास से प्राचीन है तो कालिदास ने भास इत्यादि के उल्लेख के साथ-साथ शूद्रक का उल्लेख क्यों नहीं किया? उत्तर स्पष्ट है कि जिन कवियों से कालिदास परिचित थे उन सभी का उल्लेख वे करते यह कैसे आशा की जा सकती है।

(ख) ३०० ई० से ७०० ईस्वी के मध्य—

दूसरे विद्वान् उपर्युक्त युक्तियों को स्वीकार नहीं करते तथा कहते हैं— भास के चारुदत्त नाटक की खोज होने के पश्चात् यह सिद्ध हो गया है कि मृच्छकटिक की रचना चारुदत्त के आधार पर की गई है, अतः शूद्रक के मृच्छकटिक की ऊपरी सीमा भास का समय हो सकता है। भास का काल अभी निश्चित नही हो पाया है। उसका समय १०० ई० पू० से ६०० ई० पू० के मध्य माना जा सकता है। मृच्छकटिक में 'अयं हि पातकी विप्रो' (९·३९) इत्यादि श्लोक में मनु का उल्लेख किया गया है इससे भी मृच्छकटिक की पूर्व सीमा निर्धारित करने में सहायता मिलती है। मनु का समय विद्वानों ने ई० पू० २०० माना है।

इस प्रकार मृच्छकटिक की पूर्व सीमा २०० ई० पू० निश्चित हो सकती है। इसकी अपर सीमा कुछ विद्वानों के अनुसार कालिदास है; किन्तु अन्य विद्वान् इसे स्वीकार नहीं करते। डॉ० कीथ का मत है कि यह सन्देहास्पद है कि मृच्छकटिक कालिदास से प्राचीन है या अर्वाचीन।[1] जैकोबी का विचार है कि मृच्छकटिक

---

१. The discovery of the Carudatta of Bhasa has cast an unexpected light on the age of the mrcchakatica but has still left it dubious whether or not the author is to be placed before Kalidas. The Sanskrit Drama पृ० १२८।

कालिदास से अर्वाचीन है ।[1] समालोचकों का यह भी कथन है कि कालिदास के नाटकों पर मृच्छकटिक का कोई प्रभाव दृष्टिगोचर नहीं होता, अतः कालिदास मृच्छकटिक की अपर सीमा नहीं हो सकते । फिर इसकी अपर सीमा क्या है ? वामन (८०० ई०) ने काव्यालङ्कारसूत्रवृत्ति में शूद्रक का कवि के रूप में उल्लेख किया है तथा मृच्छकटिक के कई पद्य भी उद्धृत किये हैं । अतः मृच्छकटिक की निम्नतम सीमा ८०० ई० है । कुछ विद्वानों ने इसे ऊपर बढ़ाने का भी प्रयास किया है । पं० बलदेव उपाध्याय का कथन है कि दण्डी (७०० ई०) के काव्यादर्श में मृच्छकटिक का लिम्पतीव तमोऽङ्गानि' (१.३) पद्य है अतः मृच्छकटिक की अपर सीमा ७०० ई० है । डॉ० देवस्थली का कथन है कि पञ्चतन्त्र में भी मृच्छकटिक के दो श्लोक मिलते हैं । उनके अनुसार पञ्चतन्त्र का समय ५०० ई० है; किन्तु कुछ विद्वान् मानते हैं कि पञ्चतन्त्र का समय अभी निश्चित नहीं हुआ । इस प्रकार दण्डी (७०० ई०) को ही मृच्छकटिक की अपर सीमा मानना उचित प्रतीत होता है ।

मृच्छकटिक के अन्तःसाक्ष्य के आधार पर भी इसी समय की पुष्टि होती है। भारत का इतिहास बतलाता है कि गुप्त राजाओं के पश्चात् हर्षवर्धन तक कोई सार्वभौम राजा उत्पन्न नहीं हुआ । उस समय सामाजिक, धार्मिक तथा आर्थिक दशा अस्तव्यस्त थी । राजाओं का चारित्रिक पतन हो गया था और राजा के विरुद्ध कोई न कोई षड्यन्त्र रचा जाया करता था । मृच्छकटिक में उसी समाज का वर्णन दिखलाई देता है ।[2] इस आधार पर मृच्छकटिक को पाँचवी, छठी शताब्दी की रचना कहा जा सकता है ।

डॉ० कीथ का कथन है कि भाषा और रचना-विधान की सादगी के आधार पर भी मृच्छकटिक की प्राचीनता सिद्ध नहीं की जा सकती । कारण यह है कि इसके लेखक ने भास की शैली तथा भाषा का पूर्णतया अनुसरण किया है । शकार और विट जैसे पात्र अवश्य ही प्राचीन रंगमञ्च के पात्र हैं तथापि यहाँ वे भास का अनुकरण करके ही कल्पित किये गये हैं । इनसे मृच्छकटिक की प्राचीनता सिद्ध नहीं की जा सकती । बौद्ध भिक्षुओं का ऐसा वर्णन भी भास से ही लिया गया है । मृच्छकटिक की प्राकृत भाषाओं से भी इसकी प्राचीनता सिद्ध नहीं होती; क्योंकि उन प्राकृतों में भास का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है । साथ ही मृच्छकटिक की प्राकृत भाषाओं के परीक्षण से तो उल्टा यह प्रतीत होता है कि वे भाषाएँ बहुत ही बाद की हैं जैसे मृच्छकटिक में प्रयुक्त 'ढक्की' नामक प्राकृत को विद्वानों ने अपभ्रंश का ही एक रूप माना है ।

---

१. The Sanskrit drama. १३१, टिप्पणी १.

२. डॉ० भोलाशंकर व्यास, संस्कृतकविदर्शन.

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि अभी तक ऐसे पुष्ट प्रमाण उपलब्ध नहीं हुए हैं जिनके आधार पर मृच्छकटिक या उसके कर्ता (शूद्रक ?) का समय-निर्धारण किया जा सके। अतः मृच्छकटिक का समय ३०० ई० पू० से ७०० ई० तक दोलायमान है।

५. मृच्छकटिक के कर्त्ता का जीवन परिचय—

जैसा कि ऊपर दिखलाया गया है कि शूद्रक के जीवन के सम्बन्ध में कोई विश्वसनीय जानकारी पुराण या साहित्य से उपलब्ध नहीं होती। संस्कृत के प्राचीन कवियों ने अपने विषय में प्रायः मौन ही रक्खा है। मृच्छकटिक के कर्ता शूद्रक के विषय में भी यही बात है। अतः मृच्छकटिक से भी शूद्रक का विशेष विवरण उपलब्ध नहीं होता।

मृच्छकटिक की प्रस्तावना से उपलब्ध जानकारी—सस्कृत के प्रायः सभी नाटककारों ने नाटक की प्रस्तावना में पूर्ववर्ती कवियों का उल्लेख करते हुए अपने वंश तथा विद्वत्ता आदि का परिचय दिया है। शूद्रक ने प्रस्तावना में पूर्ववर्ती कवियों का उल्लेख तो नहीं किया तथापि अपना कुछ परिचय अवश्य दिया है। प्रस्तावना में कहा गया है कि शूद्रक कवि द्विज था। विद्वानों ने द्विज का अर्थ 'क्षत्रिय' किया है। वह सुन्दर और सुडौल था, हाथी जैसी मतवाली चाल वाला तथा अत्यधिक शक्तिशाली भी। ऋग्वेद आदि का विद्वान् था। उसने शिव की कृपा से ज्ञान प्राप्त किया था। वह समरव्यसनी और तपस्वी था। साथ ही बड़े-बड़े हाथियों से बाहुयुद्ध करने में प्रवीण था। उसने सौ वर्ष और दस दिन की आयु व्यतीत करके पुत्र को राज्य सौंप दिया तथा अग्नि में प्रवेश किया।[1]

इन जानकारियों को प्राप्त करके कुछ सन्देह उत्पन्न हो जाते हैं जैसे अपने 'अग्नि प्रवेश' का कथन असम्भव तथा असङ्गत प्रतीत होता है। समीक्षकों ने इसका कई प्रकार से समाधान किया है (देखिये टिप्पणी)। इस प्रस्तावना में शूद्रक को राजा भी बतलाया गया है 'शूद्रको नृपः' (अंक १-७)। किन्तु प्रस्तावना से कवि के देशकाल आदि के विषय में कोई जानकारी नहीं मिलती है।

मृच्छकटिक के कर्ता का निवास-स्थान—मृच्छकटिक का कर्त्ता दाक्षिणात्य (महाराष्ट्र का निवासी) है ऐसा प्रतीत होता है। कुछ विद्वानों के मतानुसार यह आन्ध्रवंश का आदिम राजा है। आन्ध्रवंश का राज्य दक्षिण में ही था। अतः शूद्रक का दाक्षिणात्य होना स्पष्ट है। वामन के काव्यालङ्कार सूत्र के एक टीकाकार ने शूद्रक को 'राजा कोमतिः' लिखा है। M. R. काले का कथन है कि मद्रास प्रदेश की एक व्यापारिक जाति आज भी 'कोमति' (Comati) कहलाती है। इससे विदित होता है कि शूद्रक दाक्षिणात्य था। अन्तरङ्ग प्रमाणों से भी इस मत की पुष्टि होती है। (१) दशम अङ्क में चाण्डाल ने दुर्गादेवी का सह्यवासिनी देवी के नाम से स्मरण

१. देखिये अंक १—३, ४, ५ तथा टिप्पणी।

किया है—'भगवति सह्यवासिनी प्रसीद प्रसीद'। भवभूति जैसे दाक्षिणात्य कवियों ने ही दुर्गादेवी का 'सह्यवासिनी' नाम से वर्णन किया है। उत्तरी कवियों ने उसका विन्ध्यवासिनी के' नाम से उल्लेख किया है। (२) इस नाटक में कुछ ऐसे अद्भुत शब्दों का प्रयोग किया गया है; जो दक्षिण में ही प्रचलित हैं; जैसे वसन्तसेना के हाथी का नाम 'खुण्टमोडक'। (३) नाटककार ने चन्दनक के मुख से दाक्षिणात्यों की विशेषता का उल्लेख कराया है—'वयं दाक्षिणात्या अव्यक्तभाषिणः'। इसके साथ ही म्लेच्छ भाषाओं के नाम भी गिनाये हैं। इन भाषाओं में से अधिकांश दक्षिण में ही बोली जाती हैं। (४) 'कर्णाटककलह' जैसी दाक्षिणात्य विशेषताओं का भी वर्णन यहाँ किया गया है।

इस विवेचन से यह परिणाम भी निकाला जा सकता है कि कवि का निवासस्थान उज्जयिनी ही था। उज्जयिनी में दक्षिण के लोग भी राज्य के पदों पर प्रतिष्ठित रहा करते थे। चन्दनक ऐसा ही एक पदाधिकारी था। इसी हेतु मृच्छकटिक के वर्णनों में दक्षिणी भारत में प्रचलित शब्दों का प्रयोग तथा प्रथाओं का वर्णन मिलता है। दण्डी के कथन से भी शूद्रक की राजधानी उज्जयिनी ही प्रकट होती है।

शूद्रक का धार्मिक विश्वास—मृच्छकटिक के अनुशीलन से विदित होता है कि शूद्रक वैदिक धर्म का अनुयायी था। उसने ऋग्वेद और सामवेद का ज्ञान प्राप्त किया था तथा अश्वमेध यज्ञ भी किया था। 'अग्निं प्रविष्टः' कथन के आधार पर यह भी अनुमान किया जाता है कि उसने 'अग्निहोत्र' करने का व्रत धारण किया था। वह बड़ा तपस्वी (तपोधनः) था और शिव का भक्त था जैसा कि 'शम्भोः समाधिः वः पातु' 'नीलकण्ठस्य कण्ठः' तथा 'जयति वृषभकेतुः' (१०—४५) इत्यादि से प्रतीत होता है। उसने शिव के प्रसाद से अज्ञानरूपी अन्धकार से मुक्त ज्ञान-चक्षुओं को प्राप्त किया था। वह देवी देवताओं की पूजा में भी विश्वास रखता था। यही कारण है कि उसने चारुदत्त के मुख से देवपूजा का महत्त्व प्रकट कराया है। वह वर्णाश्रम धर्म में भी निष्ठा रखता था। भरतवाक्य के श्लोकों में ब्राह्मणों के सदाचारी और राजाओं के धर्मनिष्ठ होने की कामना की गई है। इसी प्रकार उसके कुछ अन्य विश्वासों तथा मान्यताओं का परिचय भी मिलता है। जैसे 'कांश्चित्तुच्छयति०, (१०, ६०) इत्यादि उक्तियों से प्रतीत होता है कि वह भाग्यवादी था 'चारुदत्त' आदि के संवादों में शूद्रक की अन्य मान्यताओं की भी झलक मिलती है।

शूद्रक की विद्वत्ता—मृच्छकटिक नाटक से प्रतीत होता है कि शूद्रक बहुज्ञ था। उसने विविध विषयों का अध्ययन किया था। वेद, गणित कला और हस्तिशिक्षा का ज्ञान प्राप्त किया था। कवि ने अपने आपको 'वेदविदां ककुदं' कहा है। 'अङ्गारकविरुद्धस्य०' इत्यादि उक्तियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि वह ज्योतिष विद्या का भी ज्ञाता था। वह शकुन-विज्ञान से भी परिचित था, यह विविध शकुनों के फलाफल

वर्णन से प्रतीत होता है। द्यूतकला और चौर्यकला का तो शूद्रक ने सूक्ष्म एवं गम्भीर अनुशीलन किया था। लोक-विद्या में वह अत्यन्त निपुण रहा होगा। तभी तो समाज के विविध वर्गों के कार्य तथा व्यापारों का सूक्ष्म विश्लेषण उसने किया है। धर्मशास्त्र से भी वह परिचित था तथा उसने धर्मशास्त्र में वर्णित न्यायाधीश आदि के गुणों एवं कर्त्तव्यों का भली भाँति अनुशीलन किया था; मनु के वचनों का उल्लेख करने से तथा न्यायाधीशों की मानसिक दशा के विश्लेषण से यह भली भाँति प्रतीत होता है।

शूद्रक का साहित्यिक ज्ञान भी उच्च कोटि का था। उसने विविध छन्दों और अलङ्कारों का सुन्दर प्रयोग किया है तथा नाटकीय रचना-विधान की दृष्टि से भी मृच्छकटिक नाटक विशेष महत्त्व रखता है। तभी तो दशरूपक आदि में अन्य नाटकों के उदाहरणों के साथ-साथ मृच्छकटिक के भी उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं। जैसा कि ऊपर कहा गया है, वामन ने भी मृच्छकटिक के उदाहरण दिये हैं तथा 'श्लेषगुण' की योजना करने वाले कवियों में शूद्रक को प्रमुख स्थान दिया है। शूद्रक का भाषा-सम्बन्धी पाण्डित्य भी गम्भीर था। वह संस्कृत तथा प्राकृत भाषाओं का प्रौढ़ विद्वान् था। जितनी प्राकृत भाषाओं का प्रयोग मृच्छकटिक नाटक में मिलता है, उतनी भाषाओं का अन्य किसी नाटक में नहीं। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि मृच्छकटिक का रचयिता अनेक विषयों का ज्ञाता था।

शूद्रक की रचनायें—इस समय शूद्रक की केवल एक कृति 'मृच्छकटिक' ही उपलब्ध है। दण्डी तथा वामन इत्यादि के उल्लेखों से प्रतीत होता है कि शूद्रक की अन्य भी कोई रचना रही होगी, किन्तु वह आज उपलब्ध नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व 'पद्मप्राभृतक, नामक एक 'भाण' दक्षिणी भारत में प्रकाशित हुआ है। इसके सम्पादक का कथन है कि यह मृच्छकटिक के कर्त्ता की ही रचना है। अभी इसकी वास्तविकता के विषय में कुछ कहना कठिन है। सम्पादक श्री वल्लभदेव ने यह भी बतलाया है कि 'वत्सराजचरित' (वीणावासवदत्त) भी शूद्रक की तृतीया रचना है तथा सम्भवतः शूद्रक की चतुर्थ रचना 'कामदत्त' नामक एक प्रकरण ग्रन्थ है। ये ग्रन्थ हमारे सामने उपस्थित नहीं है अतः इसके सम्बन्ध में कुछ कहना सम्भव नहीं है। इतना अवश्य कहा जा सकता है कि सम्भवतः इनके अनुशीलन से मृच्छकटिक के रचयिता के जीवन तथा समय पर विशेष प्रकाश पड़ सकेगा।

—:o:—

१, Chatnrbhani' श्री वल्लभदेव द्वारा सम्पादित, (मद्रास १९२२)।

२. मृच्छकटिक

१. संस्कृत नाटक और नाटक के तत्त्व—

साहित्य के आचार्यों के अनुसार काव्य के दो प्रकार होते हैं—दृश्य और श्रव्य।[1] जिन काव्यों का रङ्गमञ्च पर अभिनय किया जा सकता है वे दृश्य काव्य कहलाते हैं। ये दृश्य काव्य दो प्रकार के होते हैं : रूपक और उपरूपक। रूपक को रस भाव आदि का आश्रय माना गया है।[2] यह रूपक दस प्रकार का होता है—

नाटकमथ प्रकरणं भाण-व्यायोग समवकार-डिमाः।
ईहामृगाङ्कवीथ्यः प्रहसनमिति रूपकाणि दश ।। सा० द० ६, ३।।

इस प्रकार संस्कृत के साहित्यग्रन्थों के अनुसार 'नाटक' रूपक का ही एक प्रकार है किन्तु हिन्दी भाषा में सभी दृश्य (रूपक) काव्यों को सामान्यतः नाटक कह दिया जाता है। रूपक का ही एक प्रकार 'प्रकरण' कहलाता है।[3] मृच्छकटिक एक प्रकरण है, इसका विस्तारपूर्वक आगे विवेचन किया जायेगा। उपरूपक १८ प्रकार का होता है।[4] इनमें नाटिका अधिक प्रसिद्ध है, जैसे रत्नावली नाटिका इत्यादि। ये उपरूपक भी कुछ बातों को छोड़कर प्रायः नाटक के समान ही होते हैं। दृश्य काव्यों के लिये 'नाट्य' शब्द का भी प्रयोग किया जाता है। इस शब्द का प्रयोग 'नाट्यकला' के अर्थ में भी होगा है।

दृश्य काव्य के ये भेद एवं उपभेद वस्तु, नेता तथा रस के आधार पर किये गये हैं।[5] इस प्रकार प्रत्येक रूपक या उपरूपक के लिये ये तीनों अनिवार्य हैं अर्थात् भारतीय नाट्यशास्त्र की दृष्टि से दृश्य काव्य के ३ तत्त्व हैं—वस्तु, नेता तथा रस। भारत का आधुनिक समालोचना शास्त्र पाश्चात्य साहित्य से प्रभावित है। अतः आधुनिक समीक्षा शास्त्र की दृष्टि से भी नाटक के तत्त्वों का विचार करना आवश्यक हो जाता है। आजकल नाटक के निम्न तत्त्व माने जाते हैं—कथानक, पात्र और उनका चरित्र-चित्रण, संवाद, देश काल का चित्रण, भाषा-शैली, अभिनेयता और रस।

---

१. दृश्यश्रव्यभेदेन पुनः काव्यं द्विधा मतम्। साहित्यदर्पण ६. १.।
२. अवस्थानुकृतिर्नाट्यं रूपं दृश्यतयोच्यते।
रूपकं तत्समावेशाद्दशधैव रसाश्रयम् ।। दशरूपक, १. ७।
३. देखिये, साहित्यदर्पण ६, ४—५।
४. अष्टादश प्राहुरुपरूपकाणि मनीषिणः।
विना विशेषं सर्वेषां लक्ष्म नाटकवन्मतम् ।। वही ६, ६।
५. वस्तु नेता रसस्तेषां भेदकाः।

इन सभी तत्त्वों का वस्तु, नेता और रस में भी समावेश कर लिया जाता है। यहाँ सभी तत्त्वों की दृष्टि से मृच्छकटिक रूपक पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है।

२. मृच्छकटिक का नामकरण—साहित्य-दर्पण के अनुसार नाटक का नाम गर्भित अर्थ को प्रकट करने वाला होना चाहिये—नाम कार्यं नाटकस्य गर्भितार्थ-प्रकाशकम् (६, १४२) किन्तु 'प्रकरण' का नाम नायक-नायिका के नाम पर आधारित होना चाहिए—नायिकानायकाख्यानात् संज्ञा प्रकरणादिषु (६, १४३)। 'मृच्छकटिक' एक प्रकरण है तथापि इसका नामकरण इसके षष्ठ अङ्क में वर्णित एक विशेष घटना के आधार पर किया गया है; 'चारुदत्त का पुत्र रोहसेन पड़ौसी के पुत्र को सोने की गाड़ी से खेलते हुए देखता है। वह भी अपनी मिट्टी की गाड़ी से नहीं खेलना चाहता और उसके स्थान पर सुवर्ण-निर्मित गाड़ी चाहता है। वह उसके लिये आग्रह करता है। रदनिका नामक चारुदत्त की सेविका उसे बहलाने के लिये वसन्तसेना के पास ले आती है। वसन्तसेना उसके आग्रह को पूरा करने के लिये अपने आभूषणों को उसकी मिट्टी की गाड़ी पर लाद देती है।" यह घटना मृच्छकटिक में अत्यन्त महत्त्व रखती है, क्योंकि इन आभूषणों को लेकर विदूषक वसन्तसेना को देने के लिये जाता है और जब ये न्यायालय में उसकी कांख से गिर पड़ते हैं तो चारुदत्त के वसन्तसेना की हत्या सम्बन्धी अपराध को पुष्ट कर देते हैं। इस प्रकार 'मिट्टी की गाड़ी' सम्बन्धी घटना इस प्रकरण की कथा के विकास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है और इसके आधार पर इसका नामकरण उपयुक्त ही है। साथ ही यह नाम कौतूहल उत्पन्न करने वाला है। नाम सुनते ही सामाजिकों के हृदय में प्रकरण की कथा को जानने के लिये उत्सुकता उत्पन्न हो जाती है।

यहाँ प्रश्न यह है कि यदि ये आभूषण न्यायाधिकरण में न गिरते तो भी न्यायाधीशों की भीरुता और शकार के आतङ्क के कारण चारुदत्त को प्राणदण्ड ही मिलता। यदि यह मानें कि उन आभूषणों द्वारा वसन्तसेना चारुदत्त के हृदय में स्थान बनाना चाहती थी अतः इनका विशेष महत्त्व है ही तो वे आभूषण सुवर्ण के थे और शकट निर्माण के निमित्त दिये गये थे; इसलिये इस प्रकरण का नाम 'सुवर्णशकटिक' होना चाहिये था। साहित्यदर्पण के नियमानुसार तो इसका नाम 'वसन्तसेना—चारुदत्तम्' होना चाहिये था, जैसे कि 'मालती-माधव' इत्यादि नाम हैं।

इसके उत्तर में यह कहा जाता है कि मिट्टी की गाड़ी (शकट) के कारण ही सुवर्ण की गाड़ी का प्रस्ताव उपस्थित हुआ था अतः इस घटना का मूल मृत्तिका की शकट (मृत् शकट) है और 'सुवर्णशकटिकम्' की अपेक्षा 'मृच्छकटिकम्' नाम ही अधिक उपयुक्त है। विद्वानों ने इस प्रश्न के अन्य समाधान भी प्रस्तुत किये हैं—जैसे (१) इस नाम के द्वारा कवि जीवन के लिये शिक्षा देना चाहता है। रोहसेन अपनी मिट्टी की गाड़ी से सन्तुष्ट नहीं है, वह पड़ोसी के पुत्र की सोने की गाड़ी चाहता

है। परन्तु अपनी परिस्थिति से असन्तोष और दूसरों की उन्नत अवस्था से ईर्ष्या करना दोष है। ऐसे दोषों के कारण मनुष्य को आपत्ति का सामना करना पड़ता है।[1] इसी प्रकार चारुदत्त भी धूता से सन्तोष न पाकर वसन्तसेना की ओर आकर्षित होता है। उसका जीवन कष्टमय हो जाता है। अतएव 'मृच्छकटिक' असन्तोष का प्रतीक है। (२) इस शब्द से प्रवहण-विपर्यय की घटना भी सूचित होती है जो कि इस प्रकरण की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना है।[2] (३) भास का 'चारुदत्त' मृच्छकटिक का मूल है। उपलब्ध 'चारुदत्त' नाटक में चार अङ्क हैं। वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति अभिसरण के लिये उद्यत है—यहीं पर कथा समाप्त हो जाती है। कुछ विद्वानों का कथन है कि यह नाटक अपूर्ण है। इसमें कम से कम एक अङ्क और रहा होगा। इसकी कथा मृच्छकटिक के पञ्चम अङ्क की कथा पर्यन्त अवश्य रही होगी। यदि यह मत ठीक है तो इस प्रकरण के रचयिता ने षष्ठ अङ्क से आगे का भाग ही अपनी कल्पना से रचा होगा। षष्ठ अङ्क में मिट्टी की गाड़ी की घटना आती है। अतः कवि ने अपनी कल्पना के आरम्भ को प्रकट करने के लिये इस घटना के नाम पर ही इस प्रकरण का नाम 'मृच्छकटिक' रख दिया है।[3]

जहाँ तक साहित्यदर्पण आदि साहित्यिक ग्रन्थों के विधान का प्रश्न है। स्पष्ट ही है कि नाटक-सम्बन्धी कठोर नियम भास, शूद्रक और कालिदास आदि के नाटकों के आधार पर ही निर्मित हुए हैं अतः 'मृच्छकटिक' में उनके पूर्णतया पालन किये जाने की आशा कैसे की जा सकती है? अतः इस प्रकरण का नाम 'मृच्छकटिक' ही उचित प्रतीत होता है।

३. मृच्छकटिक प्रकरण; रूपक का एक भेद—'मृच्छकटिक' को रूपक के एक भेद 'प्रकरण' की कोटि में रक्खा जाता है। प्रकरण का लक्षण साहित्यदर्पण[4] के अनुसार यह है—

भवेत् प्रकरणे वृत्तं लौकिकं कविकल्पितम्।
शृङ्गारोऽङ्गी नायकस्तु विप्रोऽमात्योऽथवा वणिक्।
सापायधर्मकामार्थपरो धीरप्रशान्तकः॥
नायिका कुलजा क्वापि वेश्या क्वापि द्वयं क्वचित्।
तेन भेदास्त्रयः तस्य तत्र भेदस्तृतीयकः॥
कितवद्यूतकारादिविटचेटकसंकुलः।
(अस्य नाटकप्रकृतित्वात् शेषं नाटकवत्)

अर्थात् "प्रकरण रूपक का एक भेद है इसमें वृत्त लौकिक तथा कविकल्पित होता है; शृङ्गार मुख्य रस होता है; ब्राह्मण, अमात्य या वणिक् में से कोई एक नायक

१. श्री कान्तानाथ शास्त्री, मृच्छकटिक समीक्षा, पृ० २२.
२. वही, पृ० २३। ३. वही, पृ० २३-२४
४. साहित्यदर्पण ६; २२४-२२७.

होता है। वह नायक धीरप्रशान्त होता है तथा विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म, अर्थ, काम में परायण होता है। प्रकरण की नायिका कुलस्त्री वेश्या होती है। किसी प्रकरण में कुलस्त्री तथा वेश्या दोनों ही नायिका रूप में दिखलाई जाती हैं। इन नायिकाओं की त्रिविधता से प्रकरण के भी तीन भेद हो जाते हैं। इन तीनों प्रकरण–भेदों में तीसरा जो प्रकरण है (जिसमें कुलजा तथा वेश्या दोनों नायिका होती हैं) वह धूर्त, जुआरी, विट, चेट आदि से भरा होता है। (यह प्रकरण नाटक का ही एक परिवर्तित रूप है अतः शेप सन्धि प्रवेशक आदि नाटक के ही समान होते हैं)।"

मृच्छकटिक का कथानक लोकाश्रित है। यह कवि द्वारा कल्पित किया गया है।[1] इसका प्रधान रस शृङ्गार है, करुण (अङ्क १०) हास्य (विदूषक और शकार की उक्तियों में) तथा वीभत्स (अङ्क ८) इत्यादि शृङ्गार के अङ्ग रूप में आये हैं। नायक चारुदत्त ब्राह्मण है,[2] जो कि दरिद्रता की अवस्था में है तथापि धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि में तत्पर दिखलाई देता है। यहाँ दो नायिकाएं हैं, एक धूता, जो कुलस्त्री है, और दूसरी वसन्तसेना, जो गणिका है। इस प्रकार दोनों प्रकार की नायिका[3] होने से यह तीसरे प्रकार का प्रकरण है। यहाँ धूर्त द्यूतकर, विट, चेट शकार आदि की भी योजना की गई है। दशरूपक के अनुसार मृच्छकटिक को संकीर्ण प्रकरण कहा जा सकता है—संकीर्णं धूर्तसंकुलम्। इसमें सन्धि आदि नाटक के समान ही हैं यह आगे दिखलाया जायेगा।

मृच्छकटिक में लक्षणग्रन्थों के नियमों का पूर्णतया पालन नहीं किया गया है। कारण यह है कि मृच्छकटिक के निर्माण काल में नाट्य के ये नियम भली भांति निर्धारित नहीं किये जा सके थे, जब अनेक नाटक रचे जा चुके तब उनके आधार पर नाट्य के नियमों का निर्माण किया गया है और उन्हें साहित्यिक रूप दे दिया गया। अतः मृच्छकटिक जैसी अत्यन्त प्राचीन रचना में उन सभी नियमों के पालन की संभावना कैसे की जा सकती है ? फलत यहाँ 'प्रकरण' की कतिपय विशेषतायें नहीं भी मिलतीं—(१) साहित्यदर्पण के अनुसार प्रकरण का नाम नायक और नायिका के नाम पर होना चाहिये, (२) दशरूपक के अनुसार नायक प्रत्येक अङ्क में उपस्थित रहना चाहिये-प्रत्यक्षनेतृचरितः (अङ्कः), ३, ३३; किन्तु यहाँ चारुदत्त सभी अङ्कों में उपस्थित नहीं है। (३) नाट्यशास्त्र तथा दशरूपक के अनुसार कुलस्त्री और वेश्या दोनों का रङ्गमञ्च पर मिलन नहीं होना चाहिये; किन्तु यहाँ धूता और वसन्तसेना दोनों रङ्गमञ्च पर केवल मिलती ही नहीं अपितु एक दूसरी का स्वागत

---

१. बृहत्कथा से लिये गये वृत्तों को भी कविकल्पित ही माना जाता है।

२. विप्रनायकं यथा मृच्छकटिकम्। सा० द० ६; २२५

३. द्वेऽपिमृच्छकटिके। वही, ६, २२५.

कुलजाऽभ्यन्तरा बाह्या वेश्या नातिक्रमोऽनयोः।

करती है। इन अनियमितताओं के अनेक कारण हो सकते हैं तथापि इनके होने में वैमत्य नहीं हो सकता। फिर भी साहित्य मर्मज्ञों को 'संकीर्ण प्रकरण' का मृच्छकटिक से अन्य कोई उपयुक्त उदाहरण नहीं मिलता, इसमें सन्देह नहीं।

४. मृच्छकटिक का रचना-विधान—प्रायः सभी संस्कृत-नाटकों का रचना-विधान समान है। नाटक को रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत करने से पहले अभिनेता जन (नट) नाट्यमण्डल (रङ्ग) की विघ्न शान्ति के मङ्गलाचरण करते हैं। यह मङ्गलाचरण ही पूर्वरङ्ग कहलाता है। इस पूर्वरङ्ग के 'प्रत्याहार' इत्यादि अनेक अङ्ग हैं। 'नान्दी-पाठ' उन अङ्गों में प्रमुख है। अतः नान्दी-पाठ अनिवार्य माना गया है।[1] मृच्छकटिक का आरम्भ नान्दी-पाठ से होता है। आरम्भ के दो श्लोक अर्थात् ,पर्यङ्क०' तथा 'पातु० इत्यादि नान्दी के श्लोक हैं। यह नान्दी आठ पदों की हैं।[2] तथा 'पत्रावली' नामक नान्दी है (देखिये सं० व्याख्या तथा टिप्पणी)। नान्दी-पाठ सूत्रधार करता है और किसी २ नाटक में नान्दी पाठ के पश्चात् चला जाता है तथा दूसरा प्रधान नट जिसे स्थापक[3] कहते हैं कवि और कृति आदि का परिचय देता है। मृच्छकटिक में सूत्रधार ही स्थापना का कार्य करता है। यह सूत्रधार भारतीवृत्ति का आश्रय लेकर कवि का परिचय देता हुआ काव्यार्थ की सूचना देता है।[4] नट का वह वाग्व्यापार जो अधिकांश संस्कृत भाषा में होता हैं भारतीयवृत्ति कहलाता है। भारतीयवृत्ति के चार अङ्ग होते हैं—(१) प्ररोचना, (२) वीथी, (३) प्रहसन और, (४) आमुख। प्ररोचना का अभिप्राय है—नाटक आदि की प्रशंसा के द्वारा सामाजिकों को उसकी ओर आकृष्ट करना।[5] मृच्छकटिक में 'एतत्कवि किल शूद्रको नृपः १।३। यह प्ररोचना है। इसमें कवि की प्रशंसा है तथा काव्यार्थ की सूचना भी दी गई हैं। आमुख को प्रस्तावना भी कहते हैं। इसमें सूत्रधार नटी, पारिपार्श्विक या विदूषक के साथ वार्तालाप करता हुआ विचित्र उक्तियों के द्वारा अभिनेय वस्तु की ओर संकेत कर दिया करता है किसी प्रमुख पात्र के प्रवेश की सूचना भी दे देता है।[6] प्रस्तुत रूपक में सूत्रधार अपनी पत्नी नटी के साथ वार्तालाप करते हुए प्रकृत वस्तु की ओर कतिपय संकेत करता है,[7] और मैत्रेय

---

१. यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये।
कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते॥
प्रत्याहारादिकान्यङ्गान्यस्य भूयांसि यद्यपि।
तथाप्यवश्यं कर्तव्या नान्दी विघ्नोपशान्तये॥ सा० द० ६। २२. २३।

२. पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत। वही० ६।२५

३. पूर्वरङ्गं विधायैव सूत्रधारो निवर्तते।
प्रविश्य स्थापकस्तद्वत् काव्यमास्थापयेत् ततः। वही ६।२६।

४. मि० वही ; ६/२८. ५. वही, ६/२९।

६. देखिये, सं० व्याख्या।

७. देखिये, टिप्पणी, पृ० ४५४।

के प्रवेश की सूचना भी देता है। दशरूपक के अनुसार यह प्रस्तावना तीन प्रकार की होती है--कथोद्घात, प्रवृत्तक और प्रयोगातिशय (३।८-९)। साहित्यदर्पण के अनुसार प्रस्तावना के पाँच प्रकार होते हैं—उद्घात्यक, कथोद्घात, प्रयोगातिशय, प्रवर्तक और अवलगित। यहाँ प्रयोगातिशय नामक प्रस्तावना है (देखिये, टिप्पणी पृ० ४५५)। अभिनेय वस्तु की सूचना देकर अथवा नाटकीय पात्र का प्रवेश कराने के पश्चात् सूत्रधार रङ्गमञ्च से चला जाता है और प्रस्तावना समाप्त हो जाती है।

प्रस्तावना के पश्चात् वास्तविक नाटकीय कार्य आरम्भ होता है। इसमें दो प्रकार की घटनाओं को प्रस्तुत किया जाता है। १. दृश्य, २. सूच्य। १. दृश्य वे सरस घटनाएं हैं जिनका नायक से सम्बन्ध होता है और जिनका रङ्गमञ्च पर अभिनय करना होता है। ऐसी घटनाओं का समावेश अङ्कों में किया जाता है। प्रत्येक अङ्क में प्रायः एक ही दिन में एक ही प्रयोजन से किए गए कार्यों का समावेश होता है।[1] २. सूच्य -- वे घटनायें होती हैं जो नीरस होती हैं, दो दिन से लेकर वर्षपर्यन्त चलने वाली होती हैं तथा अङ्कों में दर्शनीय नहीं होती। यदि कथा-प्रवाह आदि के लिये आवश्यक, होता है तो ऐसी घटनाओं की अर्थोपक्षेपकों (अर्थ की सूचना देने वाले अंश) के द्वारा सूचना मात्र दी जाती है।[2] ये अर्थाक्षेपक पाँच प्रकार के होते हैं—१. विष्कम्भक २. प्रवेशक, ३. चूलिका, ४. अङ्कावतार और ५. अङ्कमुख।[3]

विष्कम्भक इत्यादि का विशद विवेचन साहित्यदर्पण आदि ग्रन्थों में किया गया है।[4] इनमें से चूलिका (नेपथ्य से वस्तु की सूचना) का मृच्छकटिक में यत्र-तत्र पर्याप्त प्रयोग किया गया है; किन्तु अन्य विभाजन की ओर ध्यान नहीं दिया गया। कारण यह है कि नाटकों के रचना-विधान का यह सूक्ष्म विभाजन मृच्छकटिक के रचना-काल में इतना प्रचलित नहीं हुआ था।

संस्कृत नाटकों की समाप्ति भी मङ्गलपाठ से होती है। अन्त के मङ्गलपाठ को 'भरतवाक्य' कहा जाता है। 'भरत' का अर्थ नट होता है। किसी प्रमुख नट द्वारा 'भरतवाक्य' का पाठ किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि भारतीय नाट्य-शास्त्र के प्रथम आचार्य के नाम पर इस अन्तिम प्रशस्ति का नाम भरतवाक्य रख दिया गया है। इस प्रशस्ति में आश्रयदाता राजा या स्वयं कवि के कल्याण की कामना की जाती है अथवा सामान्यतः प्रजामात्र के कल्याण की कामना की जाती है। मृच्छकटिक के भरतवाक्य में व्यापक रूप से प्राणीमात्र के कल्याण की कामना की गई है—'जन्मभाजः मोदन्ताम्'। साथ ही ब्राह्मणों के सदाचारी होने और राजाओं के धर्मनिष्ठ होकर भूमि-पालन करने की कामना है।

५. मृच्छकटिक की कथावस्तु—

(क) संक्षिप्त कथा—मृच्छकटिक नामक प्रकरण चारुदत्त और वसन्तसेना की कल्पित प्रेम कथा के आधार पर लिखा गया है। 'चारुदत्त' उज्जयिनी का एक

---

१. दशरूपक ३ ३६। २. साहित्यदर्पण ६.५१-५३।
४, वही; ६,५५-६३। ३ वही ६:५४।

सम्मानित ब्राह्मण है जो दरिद्र है। वसन्तसेना उज्जयिनी की एक गणिका है जो रूपवती एवं गुणवती है; किन्तु धन की अभिलाषा नहीं रखती तथा चारुदत्त से प्रेम करती है। संक्षेप में कथानक इस प्रकार है[1]—

अङ्क १—चारुदत्त के मित्र जूर्णवृद्ध का दिया हुआ शाल लेकर विदूषक (मैत्रेय) आता है। तभी चारुदत्त विदूषक से चौराहे पर देवियों को बलि देने के लिये जाने को कहता है किन्तु विदूषक आनाकानी करता है और चारुदत्त दरिद्रता के दोषों का स्मरण करने लगता है। तब चारुदत्त रदनिका (सेविका) को साथ लेकर जाने के लिये तैयार होता है। इसी समय राजमार्ग में विट शकार आदि के द्वारा पीछा की जाती हुई वसन्तसेना चारुदत्त के घर के समीप आ जाती है और घर में प्रवेश करती है। जब विदूषक और रदनिका बाहर जाते हैं तो शकार रदनिका को वसन्तसेना जानकर पकड़ लेता है और विट के कहने से छोड़ता है। वसन्तसेना किसी भावी लाभ की आशा से अपने आभूषण चारुदत्त के घर रख देती है तथा चारुदत्त उसे घर पहुँचा आता है।

अङ्क २—वसन्तसेना अपनी चेटी मदनिका के साथ चारुदत्त सम्बन्धी वार्तालाप कर रही है। इसी समय संवाहक आता है। जुआरी और द्यूतकरों का मुखिया (माथुर) उसका पीछा करते हुए आते हैं। वसन्तसेना अपना स्वर्णाभूषण देकर संवाहक को छुडाती है। संवाहक विरक्त होकर बौद्ध-भिक्षु बन जाता है। वसन्तसेना का उन्मत्त हाथी मार्ग में उसे पकड़ लेता है तथा वसन्तसेना का सेवक कर्णपूरक उसे छुड़ा देता है। इससे प्रसन्न होकर राजमार्ग पर खड़ा हुआ चारुदत्त कर्णपूरक को पुरस्कार स्वरूप अपना दुशाला देता है।

अङ्क ३—चारुदत्त और मैत्रेय संगीत सुनकर आते हैं। वे घर में आकर सो जाते हैं। इधर मदनिका को दासता से मुक्त कराने के लिये शर्विलक चारुदत्त के घर सेंध लगाता है और वसन्तसेना के आभूषणों को चुरा कर ले जाता है।

अङ्क ४—प्रातःकाल शर्विलक आभूषण लेकर मदनिका के पास आता है। ये आभूषण चारुदत्त के घर से चुराये गये हैं, यह जानकर मदनिका दुःखी होती है और उन आभूषणों को निपुणतापूर्वक वसन्तसेना को दिला देती है। वसन्तसेना मदनिका को सेवामुक्त कर देती है। उधर चारुदत्त की पतिव्रता स्त्री धूता अपनी रत्नावली चारुदत्त को दे देती है और चारुदत्त उसे विदूषक के द्वारा वसन्तसेना के घर भेज देता है।

अङ्क ५—वसन्तसेना विट तथा चेटी के साथ चारुदत्त के प्रति अभिसरण करती है। यह दुर्दिन है; घनान्धकार, मेघ गर्जना; वर्षा की झड़ी और विद्युत् की कड़क। चारुदत्त उसकी प्रतीक्षा में है। वह भीगी हुई वहाँ पहुँचती है और रात्रि में विश्राम करती है।

---

१. प्रत्येक अङ्क की विस्तृत कथा उस अङ्क की टिप्पणियों के आरम्भ में दी गई है।

अङ्क ६—प्रातःकाल चारुदत्त पुष्पकरण्डक नामक उद्यान में चला जाता है। इधर रदनिका चारुदत्त के पुत्र रोहसेन को लेकर वसन्तसेना के पास आती है। रोहसेन सोने की गाड़ी पाने के लिये आग्रह कर रहा है और वसन्तसेना अपने आभूषणों को उसकी मिट्टी की गाड़ी में लाद देती है। तब वह भी पुष्पकरण्डक उद्यान में जाने को तैयार होती है; किन्तु भ्रमवश चारुदत्त की गाड़ी के बदले समीप खड़ी हुई शकार की गाड़ी में बैठ जाती है। इसी समय पालक द्वारा बन्दी बनाया गया आर्यक भागकर आता है और चारुदत्त की गाड़ी को खाली पाकर उसमें बैठ जाता है। गाड़ीवान् यह समझता है कि वसन्तसेना बैठ गई है और गाड़ी को ले जाता है। मार्ग में दो रक्षक चन्दनक और वीरक गाड़ी को रोकते हैं। चन्दनक आर्य को देखकर रक्षा का वचन देता है और जब वीरक भी गाड़ी को देखना चाहता है तो झगड़ा करने लगता है।

अङ्क ७ आर्यक उद्यान में पहुँचता है। चारुदत्त उसे देखता है और उसे प्रेमपूर्वक विदा कर देता है।

अङ्क ८—भिक्षु उद्यान में आता है। शकार उसे पीटने को उद्यत है। वह किसी प्रकार बचकर चला जाता है। इसी समय वसन्तसेना उद्यान में पहुँचती है। उसे देखकर शकार प्रणय-प्रस्ताव करता है। वह उसे स्वीकार नहीं करती तो वह वसन्तसेना का गला घोट देता है और उसे सूखी पत्तियों में दबाकर भाग जाता है। बौद्ध भिक्षु वहाँ आता है और वसन्तसेना को पुनर्जीवित करता है।

अङ्क ९--शकार न्यायालय में जाता है और चारुदत्त पर वसन्तसेना की हत्या का अभियोग लगाता है। दुर्दैवात् अभियोग सिद्ध हो जाता है और चारुदत्त को मृत्युदण्ड दिया जाता है।

अङ्क १०—चाण्डाल चारुदत्त को श्मशान में ले जाते हैं। विदूषक तथा रोहसन भी वहाँ पहुँच जाते हैं। फाँसी लगने को है कि भिक्षु वसन्तसेना को लेकर वहाँ पहुँच जाता है। इधर पालक को मारकर आर्यक राजा बनता है और उसका मित्र शर्विलक भी श्मशान भूमि में पहुँच जाता है। चारुदत्त के स्थान पर शकार को फाँसी का दण्ड दिया जाता है। किन्तु चारुदत्त उसे क्षमा करा देता है। राजा वसन्तसेना को वधू शब्द से अलङ्कृत कर देता है और चारुदत्त तथा वसन्तसेना का विवाह हो जाता है।

संक्षेप में मृच्छकटिक की महत्त्वपूर्ण घटनायें ये हैं (१) वसन्तसेना का आभूषण-न्यास, (२) वसन्तसेना द्वारा शकार की अवहेलना, (३) शर्विलक द्वारा आभूषणों की चोरी और उन आभूषणों का वसन्तसेना पर पहुँच जाना, (४) संवाहक का वसन्तसेना से परिचय, (५) आभूषणों के बदले में चारुदत्त द्वारा रत्नावली का भेजा जाना, (६) वसन्तसेना का अभिसरण, (७) रोहसेन की मिट्टी की गाड़ी को आभूषणों से लादना, (८) प्रवहण-विपर्यय; जिसके कारण आर्यक की रक्षा हुई तथा वसन्तसेना का गला घोटा गया (९) संवाहक द्वारा वसन्तसेना का पुनरुज्जीवन

(१०) शकार द्वारा चारुदत्त पर लगाया गया वसन्तसेना की हत्या का अभियोग और उसकी सिद्धि। (११) चारुदत्त को फांसी देने की तैयारी किन्तु अकस्मात् वसन्तसेना को लेकर भिक्षु का आगमन और शर्विलक का आगमन।

(ख) मृच्छकटिक की कथावस्तु का मूलस्रोत—

(i) भास का चारुदत्त नाटक—मृच्छकटिक की कथावस्तु के दो अंश हैं—एक तो चारुदत्त और वसन्तसेना का प्रेम और दूसरा आर्यक की राज्य प्राप्ति। भास के 'चारुदत्त' नाटक की उपलब्धि हो जाने पर विद्वानों ने यह प्रमाणित करने का प्रयास किया है कि शूद्रक ने कथावस्तु का प्रथम अंश 'चारुदत्त' से लिया है। चारुदत्त और मृच्छकटिक के कथांश में बहुत अधिक समानता है। वहाँ शब्दतः और अर्थतः दोनों प्रकार की समता है। 'चारुदत्त' में चार अङ्क हैं। संक्षेप में 'चारुदत्त' की रूपरेखा यह है—

'चारुदत्त' नाटक के आरम्भ में नान्दी पाठ नहीं है। सूत्रधार और नटी के संवाद से ही नाटक आरम्भ हो जाता है। इसके चार अङ्कों की कथा प्रायेण मृच्छकटिक के आरम्भ के चार अङ्कों की कथा से मिलती है। इसमें चारुदत्त, विदूषक, शकार, विट, संवाहक, चेट (मृच्छकटिक का कर्णपूरक), और सज्जलक (मृच्छकटिक का शर्विलक) - ये पुरुष पात्र हैं। वसन्तसेना, ब्राह्मणी (धूता), रदनिका (चारुदत्त की चेटी) और मदनिका (वसन्तसेना की सखी तथा चेटी)—येस्त्री पात्र हैं। नाटक के अन्त में वसन्तसेना मदनिका को सज्जलक के साथ विदा करती है और फिर आभूषणों के साथ चारुदत्त के प्रति अभिसरण का प्रस्ताव करती है।

मृच्छकटिक प्रकरण में प्रत्येक पृष्ठ पर चारुदत्त के श्लोक, संवाद तथा उक्तियाँ ज्यों की त्यों दृष्टिगोचर होती हैं। यह कहा जा सकता है कि मृच्छकटिक के ये चार अङ्क चारुदत्त नाटक का रूपान्तर मात्र हैं। अन्तर केवल इतना ही है कि चारुदत्त नाटक में जिस सन्दर्भ का सरल तथा संक्षिप्त रूप से वर्णन किया गया है, मृच्छकटिक में उसका विस्तारपूर्वक कुछ अलङ्कृत शैली में वर्णन किया गया है। इस आधार पर अधिकांश विद्वानों ने यह निर्धारित किया है कि मृच्छकटिक चारुदत्त नाटक का परिवर्द्धित रूपान्तर है। इसकी मुख्य कथा का मूल स्रोत चारुदत्त नाटक है। मृच्छकटिककार ने उसकी कथा में 'बृहत्कथा' से ली गई राज्य विप्लव की कथा को कल्पनाओं से रंग कर जोड़ दिया है।

(ii) बृहत्कथा अथवा प्रचलित लोक कथा—'चारुदत्त' और 'मृच्छकटिक' की समानता में किसी को आपत्ति नहीं है तथापि अनेक विद्वानों का विचार है कि 'चारुदत्त' नाटक को मृच्छकटिक की कथा का मूल स्रोत नहीं कहा जा सकता। कारण यह है कि अभी यही सन्देहास्पद हे कि उपलब्ध 'चारुदत्त' नाटक भास की कृति है? कुछ समालोचकों का कथन है कि 'चारुदत्त' नाटक मृच्छकटिक के आरम्भिक चार अङ्कों का एक ऐसा रूपान्तर है जो रङ्गमञ्च के योग्य बना लिया

गया है।[1] अथवा भास रचित कोई 'दरिद्रचारुदत्त' नामक नाटक था। उसका ही संक्षिप्त संस्करण 'चारुदत्त' नाटक है। दूसरे आलोचक कहते हैं कि 'चारुदत्त' और 'मृच्छकटिक' दोनों ही भास की रचनायें है। यदि इन मतों को सत्य माना जाता है तो 'चारुदत्त' नाटक मृच्छकटिक की कथा का स्रोत नहीं हो सकता। तब इसकी कथा का स्रोत क्या होगा ? यद्यपि सोमदेव के 'कथासरित्सागर' में 'रूपणिका' और एक निर्धन ब्राह्मण के प्रणय की कथा है तथा दण्डी के 'दशकुमारचरित' में एक ब्राह्मण के साथ 'रागमञ्जरी' के प्रेम का वर्णन किया गया है तथापि इनको तो मृच्छकटिक की कथा का मूल नहीं कहा जा सकता; क्योंकि सोमदेव का समय एकादश शतक है तथा दण्डी का सप्तम शतक। मृच्छकटिक इन दोनों से अवश्य ही प्राचीन है। फिर ये ग्रन्थ मृच्छकटिक कथा के आधार कैसे हो सकते हैं हाँ यदि यह माना जाये कि सोमदेव का कथासरित् सागर गुणाढ्य की वृहत्कथा का सच्चा प्रतिनिधित्व करता है तो मृच्छकटिक की कथा का मूल स्रोत 'वृहत्कथा' को ही माना जा सकता है अथवा 'वृहत्कथा' की कहानियों के समान ही कुछ लोककथायें भी प्रचलित रही होंगी। वे लोककथायें ही मृच्छकटिक की कथावस्तु का मूलस्रोत मानी जा सकती हैं। राज्य-विप्लव वाले कथांश का मूल स्रोत भी वृहत्कथा में ही माना जाता है।

समालोचकों का कथन है कि चारुदत्त नाटक को मृच्छकटिक के चार अङ्कों का सारभूत नाटक नहीं कहा जा सकता। दोनों की भाषा तथा शैली का अनुशीलन करने से यह स्पष्टतया विदित होता है कि 'चारुदत्त, नाटक ही प्राचीन है। मृच्छकटिक में सर्वत्र ही 'चारुदत्त' की अपेक्षा परिष्कृत भाषा है, उदात्त भावनायें हैं और विकसित विचार हैं। मृच्छकटिक की प्राकृत भी चारुदत्त की प्राकृत की अपेक्षा अर्वाचीन है। यदि चारुदत्त नाटक मृच्छकटिक के आधार पर रचा गया होता तो इसकी कहानी पूर्ण हुई होती। यह कथन भी युक्तिपूर्ण नहीं कि दोनों के रचयिता भास ही हैं। भास ने एक ही कथावस्तु को लेकर दो नाटक क्यों रचे ? एक को अधूरा ही क्यों छोड़ दिया ? इन प्रश्नों का उत्तर मिलना कठिन ही है। चारुदत्त और मृच्छकटिक दोनों कृतियों का आधार 'दरिद्रचारुदत्त' नामक नाटक ही रहा होगा। इस कल्पना में भी कोई प्रमाण दृष्टिगोचर नहीं होता। अतः यही युक्तिसंगत है कि 'चारुदत्त' नाटक मृच्छकटिक से प्राचीन है और वही मृच्छकटिक की कथा का आधार है।

ऐसा प्रतीत होता है कि शूद्रक ने 'चारुदत्त' नाटक की कथा को अपूर्ण पाया और उसने इसको पूर्ण करने के लिये इसमें ६ अङ्क और जोड़ दिये। अपनी कृति

---

1. I need only assert here my view that the Charudatta is abridged from the first four acts of the Mrcchakatika, with a few additions and numerous alterations particularly in the verse portions. सी० आर० देवधर, चारुदत्त Introduction, पृ० ५.

को रोचक एवं ग्राह्य बनाने के लिये मूलकथा में भी यत्र तत्र परिवर्तन किये, भाषा को परिष्कृत एवं अलङ्कृत किया। शूद्रक ने भास की सादी शैली के स्थान पर अपेक्षाकृत आकर्षक एवं परिष्कृत अभिव्यञ्जना शैली का प्रयोग किया। मृच्छकटिक के अनेक स्थलों में यह बात स्पष्टतः दृष्टिगोचर होती है—

चारुदत्त	मृच्छकटिक
१. स्वरान्तरेण दक्षा हि व्याहर्तुं तन्न मुच्यताम्।	वञ्चनापण्डितत्वेन स्वरनैपुण्यमाश्रिता।
२. उत्कण्ठितस्य हृदयानुगता सखीव।	उत्कण्ठितस्य हृदयानुगुणा वयस्या।
३. शतसहस्रमूल्या	चतुःसमुद्रसारभूता।

इसी प्रकार अन्य उदाहरण भी मिलते हैं जिनसे प्रतीत होता है कि शूद्रक ने भास के वाक्यों में नवीन प्राण-प्रतिष्ठा की है उनके भाव को अधिक मार्मिक बना दिया है। यही नहीं शूद्रक ने कथा में भी अनेक नवीन उद्भावनायें की हैं।

(ग) मूल कथानक में नवीन उद्भावनायें और उनका नाटकीय प्रभाव— 'चारुदत्त' के कथानक को अधिक रोचक तथा प्रभावोत्पादक बनाने के लिये शूद्रक ने उसमें कतिपय परिवर्तन किये हैं। साथ ही कुछ नवीन कल्पनायें भी की हैं— (१) चारुदत्त नाटक में यह नहीं दिखाया गया कि विदूषक किस कारण से चारुदत्त के घर जाता है, किन्तु मृच्छकटिक में बतलाया गया है कि वह जूर्णवृद्ध के दिये गये शाल को लेकर जाता है। (२) 'चारुदत्त' में वसन्तसेना विदूषक के साथ घर लौटती किन्तु मृच्छकटिक में चारुदत्त भी वसन्तसेना के साथ जाता है। (३) मृच्छकटिक के द्वितीय अङ्क में द्यूत का विशद वर्णन है वह 'चारुदत्त' में उपलब्ध नहीं होता। इससे शूद्रक की मौलिक प्रतिभा तथा बहुज्ञता प्रकट होती है तथा रोचकता बढ़ जाती है। (४) 'चारुदत्त' में—विदूषक के रत्नावली अर्पित करने के पश्चात् सज्जलक वसन्तसेना के यहाँ जाता है किन्तु मृच्छकटिक में पहले शर्विलक जाता है, मदनिका विदा हो जाती है और तब विदूषक रत्नावली को लेकर पहुँचता है। इससे चारुदत्त की उदारता का वसन्तसेना के हृदय पर गहन प्रभाव पड़ता है और वह तत्काल ही अभिसरण के लिये उद्यत हो जाती है। (५) चारुदत्त में वसन्तसेना के भवन का वर्णन केवल चार पंक्तियों में किया गया है किन्तु 'मृच्छकटिक में इसका अत्यन्त विशद एवं रोचक वर्णन किया गया है। (६) आर्यक और पालक की कथा तो शूद्रक की नितान्त नवीन एवं मौलिक कल्पना है। चारुदत्त में इसका संकेत भी नहीं मिलता। मृच्छकटिक के द्वितीय अङ्क में ही इसका उल्लेख किया गया है तथा इसका पूर्णतया वर्णन क्रिया गया है।

इनके अतिरिक्त शूद्रक ने कथावस्तु में कुछ अन्य भी छोटे छोटे परिवर्तन किये हैं। शैली और नाटकीय रचना-विधान में भी नवीनता दिखलाई है। उदाहरणार्थ 'चारुदत्त' में सूत्रधार केवल प्राकृत भाषा में बोलता है; किन्तु मृच्छकटिके में वह संस्कृत में बोलना आरम्भ करता है और कार्यवशात् प्राकृत में बोलने लगता है।

परिवर्तनों का नाटकीय प्रभाव— इन सभी परिवर्तनों से मूल कथा की प्रभावोत्पादकता बढ़ गई है। इनसे प्रतीत होता है कि शूद्रक में एक मौलिक कविप्रतिभा थी और उसकी निरीक्षण शक्ति सूक्ष्म थी तथा वह नाट्य-कला का मर्मज्ञ था। चारुदत्त के वसन्तसेना के घर जाने की घटना से चारुदत्त के प्रेम की गहनता प्रकट होती है यद्यपि रङ्गमञ्च पर इतनी लम्बी यात्रा का प्रदर्शन कठिन अवश्य है। द्यूत का विशद वर्णन तथा वसन्तसेना के भवन का वर्णन सहृदय जनों के हृदय में कौतूहल उत्पन्न करता है और एक हास्य मिश्रित चमत्कार की अनुभूति कराता है। शर्विलक के गमन के अनन्तर विदूषक के आगमन का वर्णन करने से वसन्तसेना के अनुराग को भी पोषण मिलता है, अन्यथा मदनिका की विदाई की घटना का ही प्रभाव हृदय पर बना रहता।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है:—यद्यपि शूद्रक ने मौलिक कथावस्तु का निर्माण नहीं किया तथापि उसने 'चारुदत्त' के आधार पर एक अनूठी कथावस्तु की रचना कर डाली। उसकी विशेषता यही है कि उसने एक अधूरी कथा से बंधे रहकर भी उसमें उचित घटनाओं का समावेश किया तथा उसे स्वाभाविक गति प्रदान की। यही उसका रचना-कौशल है, इसी अंश में उसकी मौलिकता है। अन्तिम ६ अङ्कों की कथा तो शूद्रक की निजी उद्भावना ही है। इससे शूद्रक की प्रतिभा का परिचय मिलता है। इससे प्रकट होता है कि शूद्रक में मौलिक कथावस्तु के निर्माण की अनूठी प्रतिभा थी। यदि शूद्रक ने कोई स्वतन्त्र रचना की होती तो उसे अनूठी सफलता प्राप्त होती, इसमें सन्देह नहीं। अब भी शूद्रक का कार्य अत्यन्त प्रशंसनीय है। उसका मृच्छकटिक साहित्यिक समीक्षा की दृष्टि से चारुदत्त से कहीं बढ़कर है। डा० कीथ का कथन है—The value of the play (चारुदत्त) must seem less to us than completed and elaborated in the mrcchakatika.

(घ) मृच्छकटिक की घटनाओं का स्थान तथा समय—मृच्छकटिक की घटनाओं का स्थान उज्जयिनी नगरी है; किन्तु इन घटनाओं का आरम्भ किस दिन हुआ यह नाटक में स्पष्टतः नहीं बतलाया गया। इसका निर्धारण करने के लिये हमें अनुमान का सहारा लेना पड़ता है। प्रथम अङ्क में शकार कहता है 'एषा गर्भदासी कामदेवायतनोद्यानात् प्रभृति' इत्यादि। इससे प्रकट होता है कि कामदेव के उत्सव के पश्चात् ही इस नाटक की घटनाओं का समय है। कामदेव का उत्सव वही होना चाहिये; जो कि 'वसन्तोत्सव' या 'मदनोत्सव' नाम से प्रसिद्ध है और रत्नावली नाटिका इत्यादि में जिसका उल्लेख किया गया है। यह उत्सव वसन्त ऋतु के आगमन के समय माघशुक्ला ५ [वसन्तपञ्चमी] को मनाया जाता है। इसके पश्चात् ही नाटक की घटनाओं का समय है। कितने समय पश्चात्? यह निर्धारित करने के लिए भी मृच्छकटिक के कुछ वर्णनों का सहारा लेना आवश्यक है। प्रथम अङ्क में सिद्धीकृतदेवकार्यस्य' (पृ० १४) के स्थान पर षष्ठीव्रतकृतदेवकार्यस्य' भी पाठ

मिलता है। उससे विदित होता है कि जिस दिन वसन्तसेना प्रथम वार चारुदत्त के घर गई वह 'षष्ठी' रही होगी। किन्तु वह माघशुक्ला षष्ठी नहीं हो सकती; क्योंकि प्रथम तो अनुराग के परिपाक के लिये कुछ समय अपेक्षित है अतः वसन्तपञ्चमी से अग्रिम दिन ही वह नहीं हो सकता। प्रथम अङ्क की कथा से यह प्रतीत होता है कि उस समय वसन्तसेना चारुदत्त में भली भाँति अनुरक्त थी। दूसरे जब चारुदत्त वसन्तसेना को पहुँचाने के लिये जाता है तब वह चन्द्रोदय का वर्णन करता है—'कृतं प्रदीपिकाभिः········उदयति हि शशाङ्कः।" इत्यादि (पृ० ६४)। उस समय राजमार्ग शून्य हो चुके थे पर्याप्त रात्रि बीत चुकी थी लगभग ११ बजे का यह समय होगा वह शुक्लपक्ष की षष्ठी नहीं हो सकती। इससे सिद्ध होता है कि वह माघ से अग्रिम मास (फाल्गुण) में कृष्णपक्ष की षष्ठी रही होगी। यहाँ प्रश्न यह है कि वसन्तपञ्चमी से १५ दिन पश्चात् ही नाटक की घटनाओं का आरम्भ क्यों माना जाये, डेढ मास या ढाई मास पश्चात् क्यों नहीं? उत्तर स्पष्ट है कि जब मृच्छकटिक की घटनाओं का आरम्भ हुआ तब वसन्त ऋतु थी, ग्रीष्म ऋतु नहीं आई थी, क्योंकि (१) 'मारुताभिलाषी प्रदोषसमयशीतार्तो रोहसेनः।' इत्यादि में शीत काल दिखलाया गया है (२) जब लगभग १५ दिन पश्चात् विदूषक वसन्तसेना के घर जाता है तब भी वह 'नवनिर्गमकुसुमपल्लव अशोकवृक्षः' (पृ० १८४) को देखता है और अशोक वृक्ष वसन्त में ही कुसुमित होता है। (३) वसन्तसेना जाती पुष्पों से सुवासित शाल को देखकर आश्चर्य करती है, कारण यह है कि वसन्त ऋतु में जाती पुष्पों का प्रायः अभाव ही होता है—'न स्याज्जाती वसन्ते।' (सा० द० ७.२५) इस प्रकार यह प्रतीत होता है कि नाटक की घटना फाल्गुन कृष्णा षष्ठी को आरम्भ हुई है। समस्त घटनाओं का स्थान तथा समय निम्न प्रकार रहा होगा—

अङ्क १—घटनाओं का स्थान राजमार्ग तथा चारुदत्त का घर है। ऊपर के विवेचन से स्पष्ट है कि इनका समय फाल्गुन कृष्णा षष्ठी है। प्रदोष काल के अन्धकार (एतस्यां प्रदोषलायां पृ० २२ तथा लिम्पतीव तमोऽङ्गानि पृ० ३६) में लगभग ८ बजे से इस अङ्क की घटनाएं आरम्भ होती हैं तथा वसन्तसेना के घर लौटने पर समाप्त होती हैं। यह समय चन्द्रोदय का (लगभग) ११ बजे रहा होगा।

अङ्क २—द्वितीय अङ्क की घटनाओं का स्थान राजमार्ग तथा वसन्तसेना का घर है। सम्भवतः इनका समय प्रथम अङ्क का दूसरा दिन है, क्योंकि वही जातीपुष्प वासित शाल चारुदत्त द्वारा कर्णपूरक को दिया जाता है और वह तभी तक सुगन्ध युक्त है। ये घटनाएं प्रात काल आरम्भ होती हैं, जब कि वसन्तसेना स्नान करने को है। (स्नाता भूत्वा देवतानां पूजां निर्वर्तय पृ० ६६)। संवाहक का आना, भिक्षु रूप धारण करना तथा कर्णपूरक द्वारा हाथी से उसकी रक्षा किया जाना आदि कार्यों के लिये ४ घण्टे के लगभग समय चाहिये, अतः इस अङ्क की घटनाओं का समाप्ति काल लगभग मध्याह्न १२ बजे तक है।

अङ्क ३—तृतीय अङ्क की घटनाओं का स्थान चारुदत्त का घर है। ये प्रथम अङ्क की घटनाओं से लगभग १५ दिन बाद की हैं। जब चारुदत्त संगीत सुनकर लौटता है तो उस समय अर्ध रात्रि व्यतीत हो रही है। (अतिक्रामति अर्धरजनी पृ० १०६)। इसी समय चन्द्रमा अस्त हो रहा है (अस्तं व्रजत्युन्नतकोटिरिन्दुः पृ० ११०)। अर्ध रात्रि के पश्चात् चन्द्र के अस्त होने से प्रकट होता है कि शुक्ल पक्ष की अष्टमी होनी चाहिये। लगभग रात्रि के १ बजे से इस अङ्क की घटनाएं आरम्भ होती हैं और प्रातःकाल तक चलती रहती हैं, जबकि चारुदत्त वर्धमानक से सेंध बन्द करने को कहता है।

अङ्क ४—इस अङ्क की घटनाओं का स्थान वसन्तसेना का घर है। चोरी की रात्रि के दूसरे दिन (अर्थात् फाल्गुन शुक्ला नवमी) की ही ये घटनाएं प्रतीत होती हैं। पूर्वाह्ण में (लगभग ८ बजे) शर्विलक मदनिका को मुक्त कराने के लिये वसन्तसेना के घर जाता है। इसकी विदाई के पश्चात् विदूषक आता है। इन कार्यों के लिये २ से ४ घण्टे तक का समय चाहिए। विदूषक के लौटते समय वसन्तसेना प्रदोष वेला में चारुदत्त के यहाँ जाने की बात कहती है (अहमपि प्रदोषे आर्यं प्रेक्षितुमागच्छामि' पृ० १८६)।

अङ्क ५—इस अङ्क की घटनाओं का स्थान राजमार्ग तथा चारुदत्त का घर है। चतुर्थ अङ्क के दिन ही प्रदोष वेला में ये घटनाएं प्रारम्भ होती हैं और प्रायः अर्ध-रात्रि तक इनका समय है।

अङ्क ६—इस अङ्क की घटनाओं का स्थान राजमार्ग है। पञ्चम अङ्क की कथा के दूसरे दिन (फाल्गुन शुक्ला दशमी) प्रभात में ही वसन्तसेना पुष्पकरण्डक उद्यान में जाने को उद्यत है। प्रवहणविपर्यय, वीरक-चन्दनक का कलह तथा आर्यक के पलायन आदि के पश्चात् उद्यान तक पहुंचने के लिये लगभग तीन घण्टे चाहियें अतः इनका समय लगभग १० बजे तक हो सकता है।

अङ्क ७—इस अङ्क की घटना का स्थान पुष्पकरण्डक उद्यान है। षष्ठ अङ्क की घटनाओं के अनन्तर ही चारुदत्त की गाड़ी आर्यक को लेकर चारुदत्त के पास पहुँच जाती है। इसके लिये अधिक से अधिक एक घण्टा पर्याप्त है, अतः लगभग दिन के ११ बजे तक का इसका समय होना चाहिये।

अङ्क ८—इसकी घटनाओं का स्थान भी पुष्पकरण्डक उद्यान है। षष्ठ अङ्क की घटना के अनन्तर ही चारुदत्त उद्यान से चला जाता है और भिक्षु उद्यान में प्रवेश करता है। अतः ये घटनाएँ उसी दिन (फाल्गुन शुक्ला दशमी) की हैं। इनका आरम्भ मध्याह्न में होता है (नभोमध्यगतः सूर्यः पृ० २८६)। गाड़ी का आना वसन्तसेना-मोटन तथा उसका पुनरुज्जीवन इत्यादि घटनाओं के लिये लगभग ४ घण्टे आवश्यक हैं अतः ये घटनाएं लगभग अपराह्ण चार बजे तक की हो सकती हैं।

अङ्क ९—इस अङ्क की घटनाओं का स्थान न्यायालय है। ये घटनाएं अष्टम अङ्क की घटनाओं के दूसरे दिन (फाल्गुन शुक्ला एकादशी) की हैं, क्योंकि वीरक

कहता है—'अनुशोचत इयं कथमपि रात्रिः प्रभाता मे' (पृ० ३६२)। किन्तु भिक्षुक के कथन से इस बात का समर्थन नहीं होता। उससे तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे उसी दिन की ये घटनाएं हों। प्रायः पूर्वाह्न में लगभग ८ बजे व्यवहार-श्रवण का कार्य आरम्भ होता है। निर्णय में लगभग दो घण्टे का समय लगना चाहिये अतः १०, ११ बजे तक इन घटनाओं का समय है।

अङ्क १०—इस अङ्क की घटनाओं का स्थान राजमार्ग, वधस्थान तथा राज-प्रासाद के दक्षिण की भूमि (धूता के अग्नि प्रवेश का दृश्य) है। नवम अङ्क की घटनाओं के दिन ही ये घटनाएं घटित हुई हैं। चारुदत्त को मृत्युदण्ड सुनाया जाता है और उसे चाण्डालों को सौंप दिया जाता है—यह नवम अङ्क की घटना है। इसके कुछ समय के पश्चात् चाण्डाल चारुदत्त को लेकर वधस्थान की ओर जाते हैं। सम्भवतः दिन के बारह बजे से चार बजे तक की ये घटनाएं हैं क्योंकि इनके लिये लगभग चार घण्टे का समय चाहिये।

(ङ) मृच्छकटिक की कथावस्तु का नाट्यशास्त्र की दृष्टि से विवेचन—

रूपक प्रबन्ध में वस्तु या इतिवृत्त दो प्रकार का हुआ करता है—(१) आधिकारिक (२) प्रासङ्गिक। अधिकारी का अभिप्राय है–फल का स्वामी होना। जिसे फलप्राप्ति होती है वह अधिकारी है। उस अधिकारी (प्रधान नायक) से सम्बद्ध इतिवृत्त आधिकारिक कहलाता है। आधिकारिक इतिवृत्त की सहायक वस्तु प्रासङ्गिक कहलाती है।[1] मृच्छकटिक में चारुदत्त और वसन्तसेना के प्रेम की कथा आधिकारिक (मुख्य) है तथा राजा पालक और आर्यक की कथा प्रासङ्गिक है। प्रासङ्गिक कथा दो प्रकार की होती है—पताका और प्रकरी। जो प्रासङ्गिक वृत्त मुख्य कथा के साथ दूर तक चलता रहता है (व्यापक) उसे पताका कहते हैं[2] तथा जो प्रासङ्गिक वृत्त छोटा होता है उसे प्रकरी कहते हैं[3]। इनके साथ मुख्य कथा के विकास के लिये तीन तत्त्व आवश्यक हैं—बीज, बिन्दु और कार्य इन पाँचों को नाट्यशास्त्र में 'अर्थप्रकृति' कहा जाता है। इनमें से बीज, बिन्दु और कार्य प्रत्येक रूपक-प्रबन्ध में अनिवार्य हैं किन्तु पताका और प्रकरी का होना अनिवार्य नहीं है।

कार्य का हेतु जो वृत्त अत्यन्त अल्पमात्रा में कहा जाता है तथा अनेक प्रकार से विकसित हुआ करता है वह 'बीज' कहलाता है।[4] मृच्छकटिक के प्रथम अङ्क में शकार की इस उक्ति—'एषा गर्भदासी कामदेवायतनाद् प्रभृति तस्य दरिद्रचारुदत्तस्य अनुरक्ता' से वसन्तसेना का चारुदत्त के प्रति अनुराग प्रकट होता है। यही इस प्रकरण की कथावस्तु का 'बीज' है। किसी अवान्तर घटना के द्वारा विच्छिन्न होती हुई कथा को जोड़ने वाला वृत्त 'बिन्दु' कहलाता है। मृच्छकटिक के द्वितीय अङ्क में

---

१. साहित्यदर्पण; ६.४२–४४।

२. व्यापि प्रासङ्गिकं वृत्तं पताकेत्यभिधीयते। वही ६, ६७।

३. प्रासङ्गिकं प्रदेशस्थं चरितं प्रकरी मता। वही ६, ६८।

४. वही, ६, ६५-६६।

द्यूतकरों के वर्णन से मूलकथा विच्छिन्न होने लगती है; किन्तु कर्णपूरक से चारुदत्त का प्रावारक पाकर वसन्तसेना प्रसन्न होती है और मूल कथा का तांता जुड़ जाता है। यहाँ कर्णपूरक सम्बन्धी घटना 'विन्दु' है। कथा का अन्तिम उद्देश्य, जिसकी प्राप्ति होते ही समस्त प्रयत्न समाप्त हो जाते हैं 'कार्य' कहलाता है। चारुदत्त का वसन्तसेना को वधू के रूप में स्वीकार करना मृच्छकटिक की कथावस्तु का 'कार्य' है। शर्विलक का वृत्त मूलकथा के साथ बहुत दूर तक चलता है अतः यह मूलकथा की पताका है और भिक्षुक का वृत्तान्त तथा चन्दनक का वृत्तान्त मूल कथा की प्रकरी कहा जा सकता है।

विकास की दृष्टि से कार्य की पाँच अवस्थाएं होती हैं—(१) **आरम्भ**—जिस में मुख्यफल की प्राप्ति के लिये उत्सुकता दिखलाई जाती है। प्रथम अङ्क में 'आश्चर्यम् ! जातीकुसुमवासितः प्रावारकः'—'मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य" (पृ० ५६) इत्यादि से वसन्तसेना की उत्सुकता प्रकट होती है तथा—'प्रविश गृहमिति प्रतोद्यमाना न चलति भाग्यकृतां दशामवेक्ष्य' इत्यादि में चारुदत्त का औत्सुक्य प्रकट होता है। अतः यहाँ कार्य की आरम्भावस्था है। (२) **प्रयत्न**—फल की प्राप्ति के लिये जो शीघ्रतापूर्वक उपाय किये जाते हैं वह 'प्रयत्नावस्था' कहलाती है। मृच्छकटिक में--अलङ्कार न्यास से लेकर पञ्चम अङ्क के अन्त तक प्रयत्नावस्था है। (३) **प्राप्त्याशा**--उपाय और विघ्नों की आशङ्का होते होते जब फल प्राप्ति की संभावना हो जाती है वह 'प्राप्त्याशा' अवस्था है। यहाँ षष्ठ अङ्क से लेकर दशम अङ्क की वसन्तसेना की इस—आर्या एषा अहं मन्दभागिनी यस्याः कारणादेष व्यापाद्यते।' (पृ० ४१६) उक्ति पर्यन्त प्राप्त्याशा नामक कार्यावस्था है। इसमें फलप्राप्ति के प्रति आशा और निराशा बनी रहती है। (४) **नियताप्ति**—विघ्नों के दूर हो जाने पर जब फलप्राप्ति का निश्चय हो जाता है वह 'नियताप्ति' कहलाती है। दशम अङ्क में—'का पुनस्त्वरितमेपांसपतता चिकुरभारेण' (पृ० ४१८) चाण्डाल की इस उक्ति से वसन्तसेना के आगमन की सूचना मिलती है तथा चारुदत्त की प्राणरक्षा होती है। फिर पालक के मारे जाने पर शकार भी शरण में आ जाता है और चारुदत्त धूता को अग्नि में कूदने से बचा लेता है। इस प्रकार समस्त विघ्न दूर होकर फलप्राप्ति का निश्चय हो जाता है। (५) **फलागम**—कार्य की वह अवस्था है जहाँ समग्र फल की प्राप्ति हो जाती है। जब शर्विलक यह घोषणा करता है कि राजा आर्यक वसन्तसेना को वधू पद से सुशोभित करते हैं यही फलागम की अवस्था है।

उपर्युक्त अर्थप्रकृतियों तथा कार्यावस्थाओं के योग से नाटकीय इतिवृत्त के ५ भाग हो जाते हैं, जिन्हें पाँच सन्धियां कहा जाता है।[1] एक प्रयोजन से अन्वित कथाओं का किसी एक अवान्तर प्रयोजन से सम्बन्ध (मेल) होना सन्धि कहलाता है। ये सन्धियाँ पाँच हैं (१) मुख, (२) प्रतिमुख, (३) गर्भ, (४) विमर्श, (५) उपसंहृति या निर्वहण[2]। (१) **मुखसन्धि**—बीज (अर्थप्रकृति) और आरम्भ (कार्यावस्था) के

१. साहित्य दर्पण; ६, ७४।   २: वही, ६, ७५।

संयोग का नाम मुखसन्धि है वहाँ वीज नाना रसों की अभिव्यञ्जना सहित उदित होता है। मृच्छकटिक के प्रथम अङ्क में 'चतुरो मधुरश्चायमुपन्यासः' (पृ० ६२) वसन्तसेना से इस स्वागत कथन पर्यन्त मुखसन्धि है। (२) प्रतिमुखसन्धि - जहां बीज का उद्भेद इस रूप में होता है कि वह कहीं लक्षित होता है कहीं नहीं, वह प्रतिमुख सन्धि है अर्थात् विन्दु और प्रयत्न के संयोग से प्रतिमुख सन्धि होती है। प्रथम अङ्क में 'यद्येवमहमार्यस्यानुग्राह्या' (पृ० ६२) वसन्तसेना की इस उक्ति से लेकर पञ्चम अङ्क के अन्त तक प्रतिमुख सन्धि है। (३) गर्भसन्धि—दिखलाई देकर नष्ट हो जाने वाले वीज का वार वार अन्वेषण गर्भ सन्धि है। यह पताका और प्राप्त्याशा के संयोग से होती है, किन्तु पताका का होना अनिवार्य नहीं है, प्राप्त्याशा तो होती ही है। षष्ठ अङ्क के आरम्भ से दशम अङ्क में चाण्डाल के हाथ से खड्ग छूट जाने के पश्चात् वसन्तसेना के 'आर्याः एषा अहं मन्दभागिनी०' इत्यादि कथन तक गर्भसन्धि है। (४) विमर्शसन्धि—इसे अवमर्शसन्धि भी कहा गया है। इस सन्धि में गर्भसन्धि की अपेक्षा बीज अधिक विकसित हो जाता है और साथ ही शाप आदि के द्वारा विघ्न-युक्त भी दिखलाई देता है। इसमें प्रकरी नामक अर्थप्रकृति और 'नियताप्ति' (कार्यावस्था) का योग होता है; किन्तु प्रकरी का होना अनिवार्य नहीं है। दशम अङ्क में 'त्वरितं का पुनरेषा०' इत्यादि चाण्डाल की उक्ति से लेकर 'आश्चर्य ! पुनरुज्जी-वितोऽस्मि'—शकार की इस उक्ति तक विमर्श सन्धि है। (५) निर्वहण सन्धि—इस से इधर उधर बिखरे हुए अर्थों का एक प्रधान फल में उपसंहार कर दिया जाता है। 'कार्य' (अर्थप्रकृति) और फलागम के मिलन का नाम ही निर्वहण सन्धि है। दशम अङ्क में 'नेपथ्ये कलकलः' से अन्त तक निर्वहण सन्धि है।

नाट्य सम्बन्धी ग्रन्थों में इन पाँच सन्धियों के ६४ भेद दिखलाये गये हैं, जिन्हें सन्ध्यङ्ग कहते हैं। उनका विशद विवेचन साहित्यदर्पण तथा दशरूपक इत्यादि ग्रन्थों में किया गया है।

(च) मृच्छकटिक की कथावस्तु की अन्य विशेषतायें—मृच्छकटिक की कथा वस्तु पाश्चात्य नाट्य-कला के अनुरूप प्रतीत होती है। पाश्चात्य समीक्षा के अनुसार नाटक की कथा के विकास के पांच सोपान होते हैं—आरम्भ, आरोह, केन्द्र, अवरोह तथा परिणाम। पाश्चात्य कथा-विकास के ये सोपान मृच्छकटिक के कथानक में भी देखे जा सकते हैं।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि मृच्छकटिक का कथानक घटनाओं के घात-प्रतिघात से परिपूर्ण है। इसमें रोचकता है, प्रवाह है, गत्यात्मकता है। कवि ने घटनाओं की स्वाभाविकता का ध्यान रक्खा है और प्रायः अनावश्यक विस्तार नहीं किया है। केवल दो स्थलों पर ही वर्णन-विस्तार दृष्टिगोचर होता है। एक तो वसन्तसेना के प्रकोष्ठों के वर्णन में और दूसरे वसन्तसेना के अभिसरण के समय वर्षा-वर्णन में। ये वर्णन काव्यत्व की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण कहे जा सकते हैं, किन्तु कथानक की गतिशीलता में बाधक हैं ही। फिर भी कथावस्तु सुसम्बद्ध और सुगठित है। शूद्रक ने वसन्तसेना और चारुदत्त के प्रेम की कथा में आर्यक की राजनैतिक

कथा का सुन्दर सामञ्जस्य किया है। ऐसा सामञ्जस्य कि दोनों कथाओं की भिन्नता का आभास भी नहीं होता। इस प्रकार मृच्छकटिक की वस्तुयोजना नाट्यकला की दृष्टि से उत्तम है, इसमें सन्देह नहीं।

६. मृच्छकटिक के कथोपकथन या संवाद—

रूपकों की कथा का विकास कथोपकथन तथा अभिनय व्यापार के द्वारा हुआ करता है। यहाँ कथनोपकथन या संवाद के द्वारा ही पात्रों के चरित्र का परिचय मिलता है अतः रूपक में कथोपकथन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान होता है। पाश्चात्य नाट्यसमीक्षा के अनुसार कथोपकथन नाटक का एक पृथक् तत्त्व है किन्तु भारतीय नाट्यविद्या के अनुसार कथावस्तु में ही इसका समावेश हुआ है। दशरूपक के अनुसार नाट्यधर्म अर्थात् रङ्गमञ्च की दृष्टि से नाट्यवस्तु के तीन भेद हैं—

सर्वश्राव्य—जो वस्तु रङ्गमञ्च पर स्थित पात्रों तथा रङ्गशाला में स्थित सामाजिकों सभी को सुनाने के योग्य होती है। (२) **अश्राव्य**—जो बात किसी को भी सुनाने योग्य नहीं होती, जिसे 'आत्मगतम्' या 'स्वगतम्' कहते हैं। (३) **नियत-श्राव्य**—इसके दो भेद होते हैं– (क) जनान्तिक और (ख) अपवारित। दर्शकों के बीच में ही 'त्रिपताक'[1] हस्तमुद्रा द्वारा अन्य पात्रों को बचाकर जब दो पात्र परस्पर वार्तालाप करते हैं तो उसे 'जनान्तिक' कहते हैं। जब कोई पात्र पीठ फेर कर किसी अन्य पात्र का रहस्य प्रकट करता है तो उसे अपवारित (अपवार्य) कहते हैं। इसके अतिरिक्त एक अन्य भेद भी होता है जिसे **आकाशभाषित** कहा जाता है। जब कोई पात्र दूसरे पात्र के बिना ही 'क्या कहा' ? इत्यादि कहता हुआ प्रश्नोत्तर करता है, उसे आकाशभाषित कहते हैं।

संक्षेप में ये पांच प्रकार के संवाद होते हैं। साहित्यदर्पणकार ने इनका नाट्योक्ति' नाम से उल्लेख किया है। मृच्छकटिक प्रकरण में प्रायः इन सभी प्रकार के संवादों का पर्याप्त प्रयोग मिलता है।

मृच्छकटिक के संवाद उत्तम कोटि के संवाद हैं। कुछ स्थलों को छोड़कर सर्वत्र ही संक्षिप्त हैं। इनमें स्वाभाविकता है तथा लोकभाषा का माधुर्य है। इन संवादों में अनेक सूक्तियों का प्रयोग हुआ है। ये संवाद पात्रों की स्थिति के सर्वथा अनुकूल हैं, उनके स्वभाव एवं चरित्र पर प्रकाश डालने वाले हैं। प्रायः सभी संवाद व्यवहारिक एवं विषयसंगत हैं। इन संवादों में प्रयुक्त श्लोक भी अनेक स्थलों पर काव्यत्व की दृष्टि से उच्चकोटि के हैं।

---

१. जब हाथ की सब अंगुलियाँ ऊपर उठी हों और अनामिका झुकी हो तो यह हस्तमुद्रा 'त्रिपताक' कहलाती है। सा० द०; ६, १४०।

२. साहित्यदर्पण ६, १३७–१४०।

७. मृच्छकटिक में वर्णित देश की अवस्था—

मृच्छकटिक की कथावस्तु लौकिक है, यथार्थ जीवन के आधार पर कल्पित की गई है। इसमें समाज के मध्यम वर्ग का चित्रण है और प्रसङ्गवश निम्नवर्ग एवं धूर्तवर्ग का भी वर्णन किया गया है। इसमें तत्कालीन समाज का यथार्थ प्रतिविम्ब दृष्टिगोचर होता है। उसकी राजनैतिक दशा और सामाजिक अवस्था का वर्णन मिलता है और उसके धार्मिक विश्वासों पर भी प्रकाश पड़ता है।

राजनैतिक अवस्था—उस समय राजनैतिक स्थिति अच्छी नहीं थी। राजा स्वेच्छाचारी होता था। वह विलासी होता था तथा राजमहिषियों के अतिरिक्त रखेलियाँ भी रखता था। राजा पालक के यहाँ इसी प्रकार की रखेली शकार की वहन थी। राजा के शकार जैसे नीच सम्बन्धी प्रजा पर मनमाना अत्याचार करते थे। राज्य में धूर्तों का वोलबाला था, अनेक प्रकार की अव्यवस्था फैली हुई थी। शान्ति और व्यवस्था न थी। रात्रि के आरम्भ में ही सम्भ्रान्त नारियों का राजमार्गों पर निकलना कठिन था। अनेक प्रकार के धूर्त विट चोर तथा वेश्याएं राजमार्गों पर घूमते थे (एतस्यां प्रदोषवेलायां इह राजमार्गे गणिका विटाश्चेटा राजवल्लभाश्च पुरुषा संचरन्ति)। राजा के पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य पालन में परस्पर ईर्ष्या का भाव रखते थे। वीरक और चन्दनक का विवाद इसका साक्षी है।

राजा के अत्याचारों के प्रति जनता में क्षोभ उत्पन्न हो जाता था। उन अत्याचारों का विरोध किया जाता था। इस विरोध की भावना के कारण ही चन्दनक ने 'आर्यक' को जाने दिया और राजा के विरुद्ध विद्रोह में सम्मिलित हो गया। इसी भावना के कारण 'विट' शकार से पृथक् हो गया और स्थावरक अट्टालिका से कूदकर भी चारुदत्त के वधस्थान पर पहुँच गया। यही भावना संगठित हो जाने पर षड्यन्त्र का रूप धारण कर लेती थी। शासन-प्रबन्ध के शिथिल होने के कारण कोई षड्यन्त्र सहज ही सफल हो सकता था। इन षड्यन्त्रों में चोर, जुआरी विद्रोही राजकर्मचारी, असन्तुष्ट पदाधिकारी और राजा द्वारा अपमानित व्यक्ति सम्मिलित हो जाते थे "ज्ञातीन् विटान् स्वभुजविक्रमलब्धवर्णान्' (४२६)"। राजा को ऐसे पड्यन्त्रों का सदा भय रहता था और वह पड्यन्त्र के सन्देह में किसी भी व्यक्ति को कारागृह में डाल देता था। राजा पालक ने इसी सन्देह में आर्यक को कारागृह में बन्दी वनाया था।

उस समय राजा में ही शासनसत्ता निहित थी। वही न्याय-निर्णय का अन्तिम निश्चय करता था—'निर्णये वयं प्रमाणम् शेषे तु राजा' (अङ्क ९) तथा वही सेनाध्यक्ष होता था। उसकी सहायता के लिये मन्त्री, न्यायाधीश तथा दण्डाधिकारी और रक्षक होते थे। 'शुल्क' (कर) इकट्ठा करने के लिए राजपुरुष नियुक्त होते थे (७·१)। इस प्रकार राज्य का कार्य विविधि विभागों में बंटा था। मृच्छकटिक के नवम अङ्क से उस समय की न्याय-व्यवस्था पर विशेष प्रकाश पड़ता है। न्यायालय में एक न्यायाधीश होता था। उसकी सहायता के लिए एक श्रेष्ठी

असेसर के रूप में होता था तथा 'कायस्थ' पेशकार के रूप में। न्यायालय की स्वच्छता, व्यवस्था एवं व्यवहारार्थियों को बुलाने आदि के लिए भी एक कर्मचारी नियुक्त था जिसे 'शोधनक' कहते थे। न्यायाधीश निर्णय करने में स्वतन्त्र न था। उस पर राजा और उसके कृपाभाजन जनों का आतङ्क था। तभी तो शकार न्यायाधीशों को बुरी तरह धमकाता है। न्यायाधीशों को यह भय बना रहता था कि न जाने किस समय उन्हें इस पद से पृथक् कर दिया जाये। न्यायालय में सम्भ्रान्त जनों को बैठने के लिये आसन दिया जाता था। न्यायाधीश सहानुभूति एवं शिष्टता से व्यवहार करते थे। वादी-प्रतिवादी के कथन को लेखबद्ध कर लिया जाता था और साक्षी का भी ध्यान रक्खा जाता था। न्याय निःशुल्क था और उसमें अधिक समय नहीं लगता था। मृत्युदण्ड जैसे गम्भीर दण्ड का भी तुरन्त निर्णय कर दिया जाता था। किन्तु न्यायाधीश के निर्णय की अन्तिम स्वीकृति राजा ही देता था। प्रायः न्याय-निर्णय मनुस्मृति के आधार पर किया जाता था, यों तो राजा का कथन ही सर्वोपरि विधान था। दण्ड कठोर थे राजनैतिक बन्दियों को बेड़ियाँ पहनाई जाती थीं (आर्यक)। राजकुल में कोई हर्षोत्सव होने के समय अपराधियों को दण्ड-मुक्त कर दिया जाता था—"कदापि राज्ञः पुत्रो भवति, तेन वृद्धिमहोत्सवेन सर्ववध्यानां मोक्षो भवति," (पृ० ४१०) अपराधियों को अपना अपराध स्वीकार करने के लिए बाध्य किया जाता था। सच सच न बतलाने पर उन्हें कोड़े लगवाये जाते थे (९·३६)। हत्या के अपराध के लिये मृत्युदण्ड दिया जाता था। मृत्युदण्ड देने के लिये अपराधी को चाण्डालों को सौंप दिया जाता था। वे उसे रक्तचन्दन और कनियर की माला आदि से सजाकर वध्यस्थल को ले जाते थे और तीन बार उसके अपराध तथा दण्ड की घोषणा करते थे। तब शूल पर चढ़ाकर, तलवार से सिर काटकर, कुत्तों से नुचवाकर या आरा से चीरकर उसे प्राणदण्ड दिया जाता था। (अङ्क १०)।

सामाजिक दशा—उस समय समाज छिन्न-भिन्न सा हो रहा था। जाति-व्यवस्था कठोर हो चली थी। जन्म से जाति मानी जाती थी और जातिगत अभिमान भी उत्पन्न हो गया था। वीरक और चन्दनक के विवाद में हमें उसकी झलक मिलती है। सम्भवतः बौद्ध धर्म के प्रभाव के कारण कभी-कभी जाति की अपेक्षा मानव गुणों को भी वरीयता दी जाती थी। चाण्डालों की उक्ति में इसकी झलक मिलती है (१०, २२)। अपने ज्ञान और चरित्र के कारण ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ समझे जाते थे। वे समाज के पूजनीय थे। निमन्त्रण पर जाना और दक्षिणा लेना भी ब्राह्मणों का कार्य हो चला था। शर्विलक जैसे ब्राह्मण चोरी आदि दुष्कर्मों में भी फंस गये थे। कुछ ब्राह्मण व्यापार कार्य भी करते थे। चारुदत्त के पिता एक सार्थवाह थे। ब्राह्मणों को समाज में विशेष अधिकार तथा सम्मान प्राप्त था। 'अयं हि पातकी विप्रो न वध्यो मनुरब्रवीत्' (९, ३९)। ब्राह्मण के सुवर्ण आदि को चुराना भी महापातक माना जाता था। उसे आगे स्थान दिया जाता था—

"समीहितसिध्यै प्रवृत्तेन ब्राह्मणोऽग्रे कर्तव्यः" (पृ० ४३४)। वैश्य व्यापार में बढ़े चढ़े थे। कायस्थ के प्रति समाज में अच्छी भावना नहीं थी (कायस्थसर्पास्पदम्)। फाँसी देने का कार्य चाण्डाल करते थे। वे समाज में निम्न कोटि के माने जाते थे। प्राकृत जनों को वेद पढ़ने का अधिकार नहीं था। उस समय भिन्न-भिन्न जातियाँ पृथक्-पृथक् मोहल्लों में बसने लगीं थी और जातियों के नाम पर मोहल्लों के नाम पड़ने लगे थे--'स खलु श्रेष्ठिचत्वरे वसति'। समाज में विवाह प्रथा थी। पुरुष कई विवाह कर सकते थे। असवर्ण स्त्री से भी विवाह करने का निषेध नहीं था। तभी तो चारुदत्त और शर्विलक जैसे ब्राह्मणों ने वेश्याओं से विवाह किया था। रखेली की प्रथा भी प्रचलित थी। स्त्रियों में सती होने की प्रथा प्रचलित थी (धूता। सम्भवतः परदे की प्रथा नहीं थी; क्योंकि धूता बिना पर्दे के ही सबके सामने आती है। स्त्रियाँ सुवर्ण के आभूषण धारण करती थीं। नूपुर, हस्ताभरण, करधनी और गले की माला इत्यादि आभूषणों का प्रचलन था। पुष्पों से वेणी को अलङ्कृत करने की भी प्रथा थी।

मृच्छकटिक में वेश्याओं का विस्तृत वर्णन है। यद्यपि दशरूपक की टीका के अनुसार वेश्या और गणिका में भेद किया गया है,[1] तथापि यहाँ इनमें कोई भेद दृष्टिगोचर नहीं होता। वसन्तसेना के लिये दोनों ही शब्दों का प्रयोग किया गया है। उस समय समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी वेश्याओं से सम्बन्ध रखते थे; जैसा कि चारुदत्त और वसन्तसेना के सम्बन्ध से प्रतीत होता है। हाँ, समाज की दृष्टि में यह अवश्य ही बुरा समझा जाता था। यही कारण है कि जब नवम अङ्क में न्यायाधीश चारुदत्त से पूछते हैं—'आर्य, गणिका तव मित्रम्'? (पृ० ३५६) तो चारुदत्त लज्जित हो जाता है। अवश्य ही वेश्याओं को समाज में घृणित समझा जाता था। अनुभवशील गणिकाएं इस स्थिति से सन्तुष्ट नहीं थी और पवित्र वधू पद पाने के लिये प्रयत्न करती रहती थी। वसन्तसेना और मदनिका इसके उदाहरण हैं। समाज में कुछ ऐसे भी व्यक्ति थे जो वेश्याओं से विवाह करने का भी साहस करते थे। चारुदत्त और शर्विलक ऐसे ही साहसी युवक थे।

उस समय जुए की प्रथा भी थी। जुआरियों के अपने नियम थे, अपनी मण्डली थी। जिसके नियमों का पालन करना प्रत्येक जुआरी के लिये आवश्यक था। जुए का खेल वैध माना जाता था और यदि कोई देय धन नहीं देता था तो न्यायालय द्वारा वह धन वसूल कराया जाता था—'राजकुलं गत्वा निवेदयावः' (पृ० ९०)। उस समय मदिरापान की प्रथा थी और मदिरालय थे। (आपानक-मध्यप्रविष्ट-स्येव)। उस समय दास-प्रथा भी थी। सम्भवतः दास खरीदे जाते थे और धन देकर उन्हें दासता से मुक्त कराया जा सकता था। 'मदनिका' इसी प्रकार की दासी थी जिसे

---

१. वेशो भृतिः, सोऽस्या जीवनमिति वेश्या, तद्विशेषो गणिका। दशरूपक; अवलोक टीका (पृ० ३)

शर्विलक ने मुक्त कराया था। राजा की आज्ञा से भी कभी-कभी दासों को मुक्त कर दिया जाता था। मृच्छकटिक के अन्त में स्थावरक को इसी प्रकार दासता से मुक्त किया गया है।

मृच्छकटिक के समय देश आर्थिक दृष्टि से समृद्धिशाली था। यहाँ का व्यापार समुन्नत था। जहाजों से समुद्रपार तक व्यापार होता था (यानपात्राणि) फलत: धनिकों के यहाँ सुवर्णराशि थी, अनेक प्रकार के सुवर्णभूषण थे। चारुदत्त की पत्नी धूता की चतु:समुद्रसारभूता रत्नमाला और वसन्तसेना के रत्न तथा आभूषण इसके स्पष्ट प्रमाण हैं, और सुवर्ण को (खेलने की) गाड़ी से यह बात भली भाँति प्रकट होती है। व्यापारी अपना पर्याप्त धन देश के विकास-कार्य के लिये दान दे देते थे। चारुदत्त ने अनेक उपनगर, विहार, आराम, देवालय, तडाग और कूपों का निर्माण कराया था (पृ० ३७०)। धनिकों का बहुत सा धन वेश्याओं के यहाँ चला जाता था। फलत: उस समय वेश्यायें अत्यन्त सम्पन्नावस्था में थीं। उनकी सम्पत्ति कुबेर के समान थी और वे हाथी भी रखती थीं (चतुर्थ अङ्क, वसन्तसेना गृह वर्णन)। उस समय आवागमन के साधनों में बैलगाड़ी (प्रवहण) का विशेष प्रचलन था। चारुदत्त और शकार अपने प्रवहण रखते थे। कभी-कभी घोड़े का भी उपयोग किया जाता था। नवम अङ्क में न्यायाधीश वीरक को घोड़े पर पुष्पकरण्डक उद्यान में जाने का आदेश देते हैं। धनी लोग हाथी भी रखते थे। वसन्तसेना के पास 'खुण्टमोडक' नाम का हाथी था। आने-जाने के लिये राजमार्ग थे; किन्तु राजमार्गों पर चलना भय से खाली नहीं था। रात्रि में तो मार्गों में जाना अत्यन्त भयावह था।

कलायें—'मृच्छकटिक' के समय कलायें समुन्नत अवस्था में थीं। मृच्छकटिक जैसे बड़े-बड़े नाटकों के अभिनय योग्य रङ्गशालाएं उस समय रही होंगी। इससे प्रतीत होता है कि तब नाट्यकला का पर्याप्त विकास हो चुका था। संगीत कला भी उन्नत दशा में भी। चारुदत्त रेभिल के यहाँ संगीत सुनने के लिये गया था। उस संगीत का शास्त्रीय वर्णन मृच्छकटिक में किया गया है (पृ० १०८, ११०)। वाद्यों में वीणा (पृ० १०८) का वर्णन किया गया है तथा बाँसुरी, दर्दुर, मृदङ्ग और पणव आदि का भी उल्लेख किया गया है। चित्रकला का भी उस समय प्रचार था। चतुर्थ अङ्क में वसन्तसेना चारुदत्त का चित्र मदनिका को दिखलाती है। मूर्तिकला का भी उल्लेख मिलता है—'कथं काष्ठमयी प्रतिमा···शैलीप्रतिमा' (पृ० ७४)। संवाहन को भी कला माना जाता था तथा चौर्यकला का भी विस्तृत वर्णन मृच्छकटिक में उपलब्ध होता है (तृतीय अङ्क)।

धार्मिक मान्यतायें तथा विश्वास—उस समय देश में वैदिक धर्म उन्नतावस्था में था। अनेक प्रकार के यज्ञ किये जाते थे (मखशतपरिपूतं—१०, १२)। याज्ञिक क्रियाएं समाज में प्रचलित थीं। पूजा पाठ और बलि तथा तर्पण आदि

क्रियाओं का विशेष महत्त्व था। देवपूजा, वलि और तप में चारुदत्त का अटल विश्वास दिखलाई देता है, (१, १६) वह उनकी पूजा करना अपना नित्य कर्तव्य समझता है। नागरिक जन भाँति भाँति के व्रत उपवास आदि करते थे और ब्राह्मणों को दान देते थे। निम्न वर्ग के लोग भी धर्म भीरु थे जैसा कि स्थावरक, विट आदि (अङ्क ९) के कथन से प्रतीत होता है। चाण्डालों की भी अपने देवताओं के प्रति श्रद्धा थी। दशम अङ्क में चाण्डाल 'सह्यवासिनी' का स्मरण करता है। वैदिक धर्म के साथ साथ वौद्ध धर्म का भी जनता में प्रचार था; यद्यपि वौद्धधर्म ह्रासोन्मुख था। सांसारिक जीवन में विरक्त व्यक्ति वौद्ध भिक्षु हो जाते थे। भिक्षु प्रायः इन्द्रियसंयमी और तपस्वी होते थे; (पृ ३३२); फिर भी समाज में उनका विशेष सम्मान न था। वौद्धभिक्षु का दर्शन ही अपशकुन समझा जाता था—(अनाभ्युदयिकं श्रमणकदर्शनम् पृ० २७४)। कुछ भिक्षु सिर मुँडा कर भी सांसारिक वासनाओं में फँसे रहते थे; संभवतः ऐसे भिक्षुओं के प्रति ही कहा गया है—चित्तं न मुण्डितं किमर्थं मुण्डितम् (पृ० २७६)। उस समय वौद्ध भिक्षु विहारों में रहते थे। उन विहारों में कुछ भिक्षुणियाँ भी रहती थीं—'एतस्मिन् विहारे मम धर्मभगिनी तिष्ठति'। (पृ० ३३२)। पृथिवी पर उस समय अनेक विहार थे। उनका एक कुलपति होता था (सर्वविहारेषु कुलपतिः, पृ० ४३८)। धार्मिक मान्यताओं के साथ अन्य भी अनेक प्रकार के विश्वास प्रचलित थे। जैसे कुछ ग्रहों के योग को अनिष्ट समझा जाता था (९. ३३)। अनेक प्रकार के अपशकुनों का विचार किया जाता था (९. १०—१३)। इत्यादि।

८. मृच्छटिक के पात्र तथा चरित्र-चित्रण

भारतीय नाट्यसाहित्य में 'नेता' (नायक) रूपक का एक तत्त्व माना गया है उसके चार भेदों का वर्णन करके उसके सहायकों तथा प्रतिनायक का भी वर्णन किया गया है। इसी प्रकार 'नायिका' का भी विस्तृत विवेचन उपलब्ध होता है। आधुनिक नाट्य समीक्षा में नाटक के इस तत्त्व का 'पात्र तथा चरित्र-चित्रण' के रूप में विवेचन किया जाता है। मृच्छकटिक चरित्र-चित्रण की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण प्रकरण है। इसकी कथावस्तु मध्यवर्ग के जीवन के आधार पर कल्पित की गई है। इसमें समाज के सभी वर्गों के पात्र मिलते हैं। एक ओर सभ्य ब्राह्मण चारुदत्त, राजा पालक और न्यायाधीश जैसे सम्मानित पात्र हैं, तो दूसरी ओर चोर, जुआरी, विट, चेट और चाण्डाल भी। इसी प्रकार धूता जैसी पतिव्रता नारी का चित्रण है तो वेश्या और गणिकाओं का भी। इस प्रकरण का वातावरण राजसेवक पुलिस कर्मचारी, वेश्या, विट-चेट, चोर जुआरी आदि से निर्मित हुआ है। इसके पात्र सजीवता की मूर्ति हैं। वे इसी लोक के जीते जागते प्राणी हैं। यहाँ अतिमानवीय पात्रों की कल्पना नहीं की गई, न आदर्शवादी दृष्टिकोण से पात्रों का चित्रण किया गया है। मृच्छकटिक के पात्र किसी वर्ग विशेष के प्रतिनिधि नहीं हैं, वे अपनी निजी विशेषतायें रखते हैं। उदाहरणार्थ चारुदत्त को सामान्य ब्राह्मण-श्रेष्ठी नहीं कहा जा सकता और न ही वसन्तसेना सामान्य गणिका है। ये अपनी अपनी व्यक्ति-

गत विशेषतायें लेकर हमारे सामने आते हैं। इसी प्रकार शर्विलक, संवाहक तथा विट आदि में भी अपनी व्यक्तिगत विशेषतायें है। सभी पात्रों के कार्य और व्यवहार अपनी अपनी परिस्थिति के अनुसार दिखलाये गये हैं। उनकी भाषा और विचार में भी व्यक्तित्व की झलक मिलती है। मृच्छकटिक की यह विशेषता संस्कृत के अन्य नाटकों में नहीं मिलती। यहाँ मुख्य पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है।

चारुदत्त

चारुदत्त इस रूपक का नायक है। नाट्यशास्त्र के अनुसार किसी रूपक का नायक विनयी, प्रियदर्शन, त्यागी, दक्ष, प्रियभासी, लोक-प्रिय, पवित्र, वाक्-कुशल, उच्चवंशोत्पन्न, स्थिर युवक तथा बुद्धि–उत्साह-स्मृति-प्रज्ञा-कला और स्वाभिमान से युक्त, शूरवीर, दृढ़, तेजस्वी, शास्त्रानुकूल कार्य करने वाला और धार्मिक होना चाहिये।[1] यह नायक चार प्रकार का होता है—धीरोदात्त, धीरललित, धीरप्रशान्त और धीरोद्धत।[2] इन चारों प्रकार के नायकों में से चारुदत्त को धीर प्रशान्त नायक कहा जा सकता है। दशरूपक के अनुसार धीर प्रशान्त का लक्षण है—सामान्यगुण युक्तस्तु धीरशान्तो द्विजादिकः।' (२, ४)। चारुदत्त में सामान्य नायक के प्रायः समस्त गुण विद्यमान हैं, वह ब्राह्मण भी है।

चारुदत्त उज्जयिनी का एक ब्राह्मण युवक है। उसके पूर्वज प्रसिद्ध व्यापारी थे अतः वह पूर्वजों से अपार धन–सम्पत्ति प्राप्त करता है। अपनी अतिशय उदारता और दानशीलता के कारण वह अपनी सभी सम्पत्ति निर्धनों को दे देता है और दरिद्र हो जाता है। इस अवस्था में भी अपने दान; दया, परोपकार उदारता और शीलता आदि गुणों के कारण नगर–वासियों का श्रद्धा–भाजन बना हुआ है—दीनानां कल्प-वृक्षः इत्यादि (१, ४८)। वह प्रियदर्शन है—यस्तादृशः प्रियदर्शनः (पृ० ९०), अत्यन्त लोकप्रिय है, न्यायाधीश से लेकर चाण्डाल पर्यन्त तथा विट-चेट सभी उसके प्रति आदर तथा स्नेह रखते हैं।

चारुदत्त अत्यन्त उदार और दयालु है। जब कोई श्लाघनीय कार्य करता है या उसे शुभ समाचार सुनाता है तो चारुदत्त उसे कुछ न कुछ पुरस्कार रूप में देना चाहता है। अपनी अतिशय उदारता के कारण ही वह शर्विलक के आभूषण चुराने पर भी प्रसन्नता का अनुभव करता है (पृ० १३२), कर्णपूरक को अपना दुशाला

१. नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः।
रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशः स्थिरो युवा॥
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः॥ (दशरूपक २, १०२)

२. इनके स्वरूप के लिए देखिये दशरूपक द्वितीय प्रकाश।

पुरस्कार में दे देता है। इसी उदारता के कारण वसन्तसेना उसे प्रेम करती है। चारुदत्त सेवकों के प्रति भी दयालु है (३,२), इसी से सोई हुई रदनिका को जगाना नहीं चाहता—'अलं सुप्तजनं प्रवोधयितुम्' (पृ० ११२)। पशुपक्षियों के प्रति भी उसकी 'करुणा' प्रकट होती है। अपनी उदारता के कारण ही वह दरिद्रता को मृत्यु से भी अधिक कष्टदायक समझता है—"एतत्तु मां दहति यद्गृहमस्मदीयं क्षीणार्थमित्यतिथयः परिवर्जयन्ति" (१, १२)।

चारुदत्त अपराधी के प्रति भी क्रोध नहीं करता और शरणागत की रक्षा करता है। जिस समय शकार उसे मरणान्तिक वैर की धमकी देता है तब वह 'अज्ञोऽसौ' इतना मात्र कहकर छोड़ देता है। जब वह चारुदत्त पर मिथ्याभियोग लगाता है तब भी चारुदत्त क्रुध नहीं होता, विचलित नहीं होता। शरण में आये हुए आर्यक से कहता है—'अपि प्राणानहं जह्यां न तु शरणागतम्' (पृ० २७०)। उसकी यह उदारता उस समय चरम सीमा पर पहुँच जाती है जब वह शरणागत शकार को अभयदान देकर क्षमा कर देता है।

चारुदत्त को अपनी प्रतिष्ठा और चरित्र की उज्ज्वलता का ध्यान है। इसी कारण वह वसन्तसेना के आभूषण चोरी चले जाने पर मूर्छित हो जाता है और नाना प्रकार की चिन्ता व्यक्त करता है (३.२४-२६)। अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिये ही वह वसन्तसेना की धरोहर को लौटाना आवश्यक समझता है और असत्य बात कहकर बहुमूल्य रत्नमाला बदले में भेजता है। मृत्युदण्ड पाने पर भी उसे भय नहीं है, केवल दुःख है तो प्रतिष्ठा चले जाने का ही—'न भीतो मरणाद-स्मि केवलं दूषितं यशः' (१०, २७)।

गणिका से प्रेम करते हुए भी चारुदत्त में चारित्रिक दृढ़ता है। वह अपनी पत्नी धूता से प्रेम क ता है और उसे पवित्र मानता हुआ उसका आदर करता है। वेश्या के आभूषणों को भी अभ्यन्तर प्रवेश के योग्य नहीं समझता (पृ० ११२)। वह परनारी पर दृष्टि भी नहीं डालना चाहता—'न युक्तं परकलत्रदर्शनम्' (पृ० ५८) जब अनजाने में अन्य स्त्री से उसके वस्त्रों का स्पर्श हो जाता है तो वह खिन्न होकर कहता है—'इयमपरा का' अविज्ञातावसक्तेन दूषिता मम वाससा (पृ० ५८) अपनी पतिव्रता स्त्री पर वह गर्व करता है और गार्हस्थ्य धर्म का पूर्णतया पालन करता है।

चारुदत्त कला-प्रिय व्यक्ति है। वह रेभिल के संगीत की ताल-लय तथा मूर्च्छना इत्यादि का विश्लेषण करते हुए सराहना करता है। शर्विलक की लगाई सेंध को देखकर भी उसकी कलात्मकता की प्रशंसा करता है।

वह धार्मिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। सन्ध्यावन्दनादि नित्य कर्मों का नियम-पूर्वक अनुष्ठान करता है। मैत्रेय को भी देवपूजा का महत्त्व समझाता है (१, १६)। वह भाग्यवादी भी है—'भाग्यक्रमेण हि धनानि भवन्ति यान्ति' (१, १३)। आर्यक से भी कहता है—'स्वैर्भाग्यैः परिरक्षितोऽसि' (७, ७) तथा अन्त में भी विधि के

विधान की ही दुहाई देता है—कांश्चित्तुच्छयति···विधिः (१०, ६०)। साथ ही वह शकुन इत्यादि पर पूर्ण विश्वास रखता है (९. १०-१३)।

संक्षेप में चारुदत्त प्रियदर्शन, लोकप्रिय, उदार, दानी, दयालु, दृढ़ चरित्र वाला, कलाप्रिय और धार्मिक प्रवृत्ति का नायक है। एक प्रकरण के नायक के सभी गुण उसमें विद्यमान हैं। उसका चरित्र-चित्रण अत्यन्त सफलता के साथ किया गया है।

वसन्तसेना

मृच्छकटिक एक ऐसा प्रकरण है जिसमें कुलस्त्री तथा गणिका दो नायिकायें हैं (द्वयं क्वचित्)। कुलस्त्री है-धूता और गणिका वसन्तसेना है। इनमें वसन्तसेना का चरित्र मुख्य रूप से चित्रित किया गया है। दशरूपक के अनुसार तीन प्रकार की नायिकायें होती हैं—स्वकीया, परकीया और साधारण स्त्री (२, १५)। साधारण स्त्री को गणिका कहते हैं वह कला प्रगल्भता और धूर्तता से युक्त होती है (६.२·२१)। प्रकरण इत्यादि रूपकों में गणिका को अनुरक्ता ही दिखलाया जाता है (रक्तैव त्वप्रहसने, दश० २·२२)।

वसन्तसेना उज्जयिनी की एक वैभवशालिनी गणिका है। उसकी समृद्धि को देखकर विदूषक कह उठता है—'किं तावद्गणिकागृहम् अथवा कुबेर-भवन-परिच्छेद इति' (पृ० १८२)। उसके पास जीवन का समस्त वैभव है। कवि ने चतुर्थ अङ्क में उसके वैभव का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। वह एक सुन्दरी तरुणी है और उज्जयिनी नगरी का भूषण है 'वालां स्त्रियं च नगरस्य विभूषणं च (८, २३)। छादिता शरदभ्रेण चन्द्रलेखेव दृश्यते (१.५४)' विट के शब्दों में वह उदारता का स्रोत है, सौन्दर्य में रति है, सुमुखी वह अलङ्कारों को भी अलङ्कृत करने वाली है और सौजन्य की सरिता है (८, ३८)।

वसन्तसेना उदार हृदय वाली नारी है। जब संवाहक उसकी शरण में आता है तो अपरिचित होने पर भी वह उसे अभयदान देती है। वह उसे ऋण-मुक्त कराने के लिये अपना सुवर्णाभूषण भेजती है और कहला देती है कि संवाहक ने ही भेजा है (अङ्क २)। अपनी उदारता के कारण ही वह मदनिका को दासता से मुक्त कर देती है तथा मदनिका से कहती है—'यदि मम छन्दस्तदा विनार्थं सर्वं परिजनम-भुजिष्यं करिष्यामि।' (पृ० १४८) चारुदत्त के पुत्र रोहसेन को रोते हुये देखकर वह सुवर्ण-शकट बनवाने के लिये अपने आभूषण दे देती है। जब सुवर्णभाण्ड के बदले चारुदत्त रत्नावली भेज देता है तो वह रत्नावली भेजने के लिये चारुदत को उलाहना देती है (अङ्क ५)। चारुदत्त की पत्नी धूता के प्रति उसे ईर्ष्या नहीं है वह उसके साथ स्नेहपूर्वक व्यवहार करती है 'रत्नावली' सौंपती है और कहती है—'अहं श्रीचारुदत्तस्य गुणनिर्जिता दासी तदा युष्माकमपि' (पृ० २३६)।

वसन्तसेना एक बुद्धिमती, कला कुशल तथा विदुषी नारी है। वह राजमार्ग पर विट के कथन के गूढ अर्थ को समझ लेती है और आभूषण उतार लेती है

(अङ्क १)। वह जानती है कि प्रियतम से कैसे व्यवहार करना चाहिये। उसकी तर्कशक्ति उच्चकोटि की है। कर्णपूरक को हँसता हुआ देखकर वह उसका भाव समझ जाती है तथा शर्विलक के भूषण अर्पित करते समय वह सब कुछ ताड़ लेती है और मदनिका को उसे सौंप देती है। वह चित्र-रचना में कुशल है और चारुदत्त का चित्र बनाकर मदनिका को दिखलाती है (पृ० १४२)। उसे संस्कृत का भी ज्ञान है और वह चतुर्थ अङ्क में विदूषक के साथ संस्कृत में वार्तालाप करती है।

वसन्तसेना चारुदत्त को सच्चे हृदय से प्रेम करती है। कामदेवायतन में जब वह चारुदत्त का दर्शन करती है, तभी उसके हृदय में अनुराग उत्पन्न हो जाता है। वह जानती है कि चारुदत्त दरिद्र है तो भी वह उसे प्रेम करती है, उसका प्रेम धन के लिये नहीं है अपितु प्रशंसनीय प्रेम है—दरिद्रपुरुषसंक्रान्तमनाः खलु गणिका लोकेऽवचनीया भवति।' (पृ० ७०) चारुदत्त से वह कुछ चाहती नहीं अपितु उसके लिये अपना सर्वस्व त्याग करने को उद्यत है। दरिद्र व्यक्ति के प्रति अनुराग उसके हृदय की पवित्रता को व्यक्त करता है। इसी से वह शकार के प्रणय-प्रस्ताव को किसी प्रकार भी मानने के लिये तैयार नहीं है, न लोभ से, न आतङ्क से और न मृत्यु के भय से ही। वह दश सहस्र सुवर्णालङ्कारों के साथ आये हुए शकार के आमन्त्रण को अस्वीकार कर देती है (पृ० १४४)। पुष्पकरण्डक उद्यान में जब शकार उसे मारने के लिये उद्यत हो जाता है तो वह चारुदत्त का नाम लेती हुई मरने को तैयार हो जाती है किन्तु शकार को स्वीकार नहीं करती (पृ० ३१५)। उत्कट प्रेम के कारण उसे चारुदत्त की प्रत्येक वस्तु से प्रेम हो जाता है। संवाहक के चारुदत्त का नाम लेने पर वह उसका अत्यधिक आदर करती है। विदूषक का वह खड़ी होकर स्वागत करती है। कर्णपूरक से चारुदत्त का दुशाला पाकर वह प्रिय-मिलन का सा आनन्द अनुभव करती है। धूता के साथ उसे बहन जैसा प्रेम है और रोहसेन के प्रति माता का वात्सल्य। वह यह भी जानती है कि वह एक गणिका है और चारुदत्त के अन्तःपुर में प्रविष्ट होने का अधिकार नहीं रखती—'मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य' (पृ० ५६)। तथापि वह उस प्रियतम की प्राप्ति के लिये सभी कुछ करती है। आभूषण-न्यास, दुर्दिन में अभिसरण, पुष्पकरण्डक गमन आदि करती हुई मरणासन्न हो जाती है और फिर सचेत होकर चारुदत्त को बचाने के लिये वध्यस्थल पर पहुँच जाती है तथा प्रेम के आवेग में उसके हृदय पर गिर जाती है। अन्त में उसका मनोरथ पूर्ण होता है वह 'कुलवधू' के पद को प्राप्त करती है।

कहना न होगा कि गणिका होते हुए भी वसन्तसेना का व्यवहार तथा प्रेम कुलनारी के सदृश है—अवेशसदृशप्रणयोपचाराम् (पृ० ३०२)। उसने अपने अनन्य प्रेम, उदात्त चरित्र, उदार हृदय तथा अपूर्व त्याग आदि गुणों से गणिका होने की कालिमा को प्रक्षालित करके एक साध्वी नारी के पद को अलङ्कृत किया है।

शकार

'शकार' मृच्छकटिककार की एक विचित्र कल्पना है। यह इस प्रकरण का प्रतिनायक है। दशरूपक के अनुसार प्रतिनायक लोभी, धीरोद्धत, जड़ प्रकृति वाला पापी और व्यसनी होता है। (दश० २,६)। शकार भी मूर्खता, प्रवञ्चना, पाप, क्रूरता और कायरता आदि दुर्गुणों से पूर्ण है। यह किसी रखेली का पुत्र है (काणेलीमातः) राजा पालक की अविवाहिता स्त्री (रखेली) का भाई है (राजश्यालक) और संस्थानक भी है। यह शकारी प्राकृत बोलता है जिसमें सकार के स्थानपर शकार (श) होता है (जैसे वशन्तशेणा); सम्भवतः इसी हेतु इसका नाम 'शकार' है।

शकार बड़ा अभिमानी है। उसे राजा का साला होने का अभिमान है। इसी से वह मनमानी करता है। न्यायाधीशों को निकलवा देने की धमकी देकर उनसे मन-माना न्याय कराना चाहता है। उसे अपने पद और धन का भी अभिमान है अतः वह अपने आपको 'देवपुरुष मनुष्य वासुदेव' कहता है। वह जड़ प्रकृति का है, अत्यन्त मूर्ख है। उसके कथन अज्ञान और मूर्खता से भरे पड़े हैं। उनमें इतिहास विरुद्ध उपमायें हैं (द्रोणपुत्रो जटायुः), अनर्थक प्रलाप हैं। (न मृताः रज्जवः)। उसके अधिकांश कथन हास्यजनक हैं। वह अशिक्षित है तथा बात-चीत करने का ढंग भी नहीं जानता। फिर भी उसे अपने ज्ञान का अभिमान है और पुराण तथा इतिहास की अनेक घटनाओं का मनमानें ढंग से कथन करता है।

वह अस्थिर स्वभाव वाला दुराग्रही तथा कायर है। उसका विचार क्षण क्षण में बदलता रहता है। उसके साथी विट और चेट को यह शङ्का रहती है कि न जाने यह क्षणभर में क्या कह बैठे या कर बैठे। अष्टम अङ्क में पहले तो विट को गाड़ी में बैठने को कह देता है फिर तभी उसका अपमान करने लगता है। इसी प्रकार स्था-वरक (चेट) को दीवार पर से गाड़ी लाने का आदेश दे देता है। प्रथम अङ्क में विट से कहता है कि वसन्तसेना को लिये बिना नहीं चलूंगा। ये हैं उसके दुराग्रह। अपनी गाड़ी में स्त्री (वसन्तसेना) को देखकर ही वह भयभीत हो जाता है (अङ्क ८) तथा अन्त में मृत्यु के भय से चारुदत्त की शरण में आकर रक्षा की याचना करता है (पृ० ४३०) यह है उसकी कायरता।

वह क्रूर और निर्दयी है, पापी है तथा पापपूर्ण योजना में निपुण है। विट और चेट को कपटपूर्वक हटाकर वसन्तसेना का गला घोट देता है। जब विट् इस कुकृत्य की भर्त्सना करता है जो उस पर ही हत्या का आरोप लगाता है। चेट को बांधकर डाल देता है और चारुदत्त पर वसन्तसेना की हत्या का अभियोग चलाता है। जब चेट उसके पाप का उद्घाटन करता है तो उस पर चोरी का आरोप लगा देता है चाण्डालों से कहता है कि चारुदत्त को पुत्र सहित मार डालो। इससे बड़ी क्रूरता क्या होगी ?

शकार के चरित्र में प्रायः सभी दुर्गुणों का पुञ्ज दृष्टिगोचर होता है। वह केवल स्त्री-लम्पट, मूर्ख और धूर्त ही नहीं है अपितु मानवरूप में दानव ही कहा जा सकता है। प्रतिनायक के रूप में उसका यथार्थ चित्रण किया गया है।

विदूषक

मृच्छकटिक का विदूषक मैत्रेय है। यह बाद के नाटकों के विदूषक से कुछ भिन्न प्रकार का प्रतीत होता है। दशरूपक के अनुसार नायक का वह सहायक, जो अपने आकार, प्रकार तथा कथन आदि से हंसी उत्पन्न करता है, विदूषक कहलाता है 'हास्यकृच्च विदूषकः' (दश० २,९)। बाद के नाटकों में प्रायः विदूषक का यही स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। मृच्छकटिक के विदूषक में भी यह गुण है इसमें सन्देह नहीं तथापि उसकी अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं का भी यहाँ चित्रण किया गया है।

मैत्रेय चारुदत्त का सच्चा मित्र है। चारुदत्त की दरिद्रावस्था में भी वह उसका साथ नहीं छोड़ता। इधर-उधर अपनी उदरपूर्ति करता हुआ चारुदत्त की सहायता करता है। इसी हेतु चारुदत्त उसके प्रति कहता है—'अये' सर्वकालमित्रं मैत्रेयः प्राप्तः ', (पृ० १६)। वह चारुदत्त को आश्वासन देता रहता है—'भो वयस्य तमेवा-र्थकल्यवर्तं स्मृत्वाल संतापितेन' (पृ० २०)। वह चारुदत्त को किसी प्रकार भी कष्ट पहुँचने देना नहीं चाहता, इसी कारण रदनिका से कहता है कि अपने अपमान की बात चारुदत्त से न कहना। वह चारुदत्त को गणिका-प्रसङ्ग से हटाना चाहता है (पृ० १९४)। वह जानता है कि वेश्या लालची और कुटिल होती है। अतएव वह वसन्तसेना को भी घृणा की दृष्टि से देखता है और चारुदत से कहता है—'निवर्त्य-तामात्माऽस्माद् बहुप्रत्यवायाद् गणिकाप्रसङ्गात्' (पृ० १९६)। चारुदत्त के प्रति उसे गाढ प्रेम है। जब उसे पता चलता है कि शकार ने चारुदत्त पर मिथ्या अभियोग लगाया है तो वह न्यायालय में शकार से लड़ बैठता है। जब चारुदत के मृत्युदण्ड की घोषणा की जाती है तो वह चारुदत्त के बिना जीवित नहीं रहना चाहता (पृ० ३८०)।

मैत्रेय भीरु तथा क्रोधी है। वह अन्धकार में चतुष्पथ पर जाने से डरता है। जब चारुदत्त रात्रि में वसन्तसेना को पहुंचाने के लिये जाने को कहता है तो वह बड़ी चतुराई से इन्कार कर देता है (प्रथम अङ्क पृ० ६२)। वह शीघ्र ही क्रुद्ध हो जाता है—प्रथम अङ्क में मदनिका के अपमान को देखकर वह शकार और विट को मारने के लिए उद्यत हो जाता है (पृ० ४६)। नवम अङ्क में वह न्यायालय में ही शकार पर क्रुद्ध हो जाता है, यद्यपि क्रोध का बुरा परिणाम होता है; क्योंकि मार-पीट में उसकी कांख से आभूषण निकल पड़ते हैं।

विदूषक एक साधारण कोटि का समझदार व्यक्ति है। चारुदत्त के उदात्त गुणों तक उसकी पहुंच नहीं है। वह चारुदत्त से कहता है कि जब पूजा करने पर भी

देवता प्रसन्न नहीं होते तो देवपूजा से क्या लाभ है ? (पृ० २०)। चारुदत्त की अत्यधिक उदारता उसे पसन्द नहीं है। आभूषणों के बदले रत्नावली देना उसे अच्छा नहीं लगता और जहाँ तक 'न्यास' के बदले की बात है' वह यह कहने को तैयार है कि किसने न्यास रक्खा कौन साक्षी है ? (पृ० २३२)। कभी २ वह मूर्ख सा प्रतीत होता है। जब वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति अभिसरण करती है तो वह चेटी से पूछता है कि तुम यहाँ इस अन्धेरी रात में किस लिये आई हो ? (पृ० २२२)। वसन्तसेना की समृद्धि को देखकर वह चेटी से प्रश्न करता है—भवति, किं युष्माकं यानपात्राणि वहन्ति (पृ० १८२)। उसके इस प्रकार के कथन व्यङ्ग्यपूर्ण से प्रतीत होते हैं तथा हास्य की उद्भावना करते हैं। मृच्छकटिक में विदूषक की इस प्रकार की बातें ही हास्य को जन्म देती हैं। हां, कहीं-कहीं भोजनप्रिय तथा पेटू के रूप में भी विदूषक का चित्रण किया गया है; जैसे वसन्तसेना के भवन में नाना प्रकार के भोजनों को बनते देखकर विदूषक मन ही मन सोचता है—'अपीदानीमिह वर्धितं भुङ्क्ष्व इति पादोदकं लप्स्ये' (पृ० १७६)। जब वसन्तसेना के यहाँ से बिना खिलाये पिलाये ही विदा कर दिया जाता है तो सोचता है कि इसने तो पानी को भी नहीं पूछा (पृ० १६४)।

इस प्रकार विदूषक में उच्चकोटि की बुद्धि नहीं है। वह मनुष्य को परखने की शक्ति नहीं रखता, वह उदात्त गुणों से विभूषित नहीं है तथापि वह एक व्यावहारिक जन है वह एक सच्चा मित्र है, यद्यपि बुद्धिमान् मित्र नहीं।

अन्य पुरुष पात्र

शूद्रक ने सभी पात्रों का चरित्र, इस प्रकार से चित्रित किया है कि उनकी व्यक्तिगत विशेषतायें स्पष्ट झलकती हैं। अन्य पुरुष पात्रों में शर्विलक एक प्रेमी हृदय ब्राह्मण है। वह मदनिका को प्राप्त करने के लिये चोरी करता है। चौर्य कला में निष्णात है किन्तु चोरी को अच्छा नहीं समझता। केवल स्वतन्त्र व्यवसाय मानकर ही उसे ग्रहण करता है—स्वाधीना वचनीयताऽपि हि वर बद्धो न सेवाञ्जलिः।' (पृ० ११६)। वह बुद्धिमान् तथा गुणग्राहक (४,२१–२२)। वह आपत्ति में मित्र का साथ देने वाला है कठिनता से प्राप्त हुई प्रेमिका मदनिका को छोड़कर अपने मित्र आर्यक को मुक्त कराने चला जाता है (पृ० १६६) है। वह षड्यन्त्र करने में कुशल है (४, २६)। संवाहक—दरिद्रता के कारण संवाहक का व्यवसाय करने वाला एक गृहपति का पुत्र है। चारुदत्त के यहाँ नौकरी करने के पश्चात् द्यूतक्रीडा से अपनी आजीविका चलाने लगता है। द्यूत में हार कर वसन्तसेना द्वारा ऋणमुक्त कराया जाता है और विरक्त होकर बौद्धभिक्षु के रूप में हमारे सामने आता है। वह एक सच्चा भिक्षु दिखलाई देता है। वह इन्द्रियसंयमी है (पृ० २७६)। वह कृतज्ञ है और उपकार का बदला चुकाने के लिये चिन्तित रहता है (पृ० ३२८)। अन्त में वसन्तसेना की प्राणरक्षा करके वह सन्तुष्ट होता है। निर्लोभ हो जाता है और

प्रव्रज्या को ही उत्तम समझने लगता है (पृ० ४३८)। **विट**—सहृदय एवं बुद्धिमान है। वह वसन्तसेना की सच्ची प्रेम-भावना को देखकर प्रभावित हो जाता है और उसके प्रेम की प्रशंसा करता है तथा यथाशक्ति उसकी सहायता करता है। वह धर्मभीरु है तथा पाप का विरोध भी करता है, (पृ० ३२०-३२२)। इसी से वह शकार को छोड़ कर चला जाता है। **चेट**—स्थावरक को भी परलोक का भय है, सज्जन के प्रति स्नेह और आदर का भाव है। वह स्वयं आपत्ति में पड़कर भी अकार्य नहीं करता और चारुदत्त की रक्षा का प्रयास करता है। **न्यायाधीश** भी पवित्र हृदय तथा न्याय-प्रिय है। सज्जनता का आदर करता है तथा सच्चाई की खोज करना चाहता है। किन्तु वह भीरु है तथा जल्दवाजी में उचित न्याय नहीं कर पाता। **चन्दनक और वीरक** भी अपनी निजी विशेपतायें रखते हैं। **सभिक, द्यूतकर दर्दुरक** आदि का भी सामान्य उल्लेख किया गया है।

अन्य स्त्री पात्र

इनमें धूता प्रमुख स्त्री पात्र है। वह चारुदत्त की विवाहिता पत्नी है, एक पतिव्रता नारी है जो पति के दुःख को नहीं देख सकती और पति की अपकीर्ति से भी डरती है (पृ० १३४)। इसी हेतु वड़ी चतुराई से 'रत्नावली' विदूषक को दे देती है (पृ० १३६) धूता को आभूपणों के प्रति ममता नहीं है, लोभ नहीं है। जव वसन्तसेना रत्नावली को लौटाती है तो वह उसे स्वीकार नहीं करती। धूता अत्यन्त उदार है, वह वसन्तसेना से ईर्ष्या नहीं करती और वसन्तसेना से प्रेम करने वाले अपने पति पर भी कोप नहीं करती। वह अपने पति से अत्यधिक प्रेम करती है। उसके वध की वात सुनकर चिता में कूदकर प्राण-त्याग कर देना चाहती है तथा अपने प्रिय पुत्र की भी चिन्ता नहीं करती, न पाप से ही डरती है—वरं पापाचरणम्। न पुनरार्यपुत्रस्यामङ्गलाकर्णनम्। (पृ० ४३४)। वह एक सच्ची भारतीय नारी है।

मदनिका—वसन्तसेना की दासी तथा सखी है। उस पर वसन्तसेना बहुत अधिक विश्वास करती है। वह भी वसन्तसेना के प्रति अत्यन्त स्नेह करती है। इसी हेतु "चारुदत्त के घर शर्विलक ने चोरी की है" यह जान कर मूर्छित हो जाती है (पृ० १५२)। मदनिका बुद्धिमती तथा चतुर है! वह शर्विलक को एक सद्गृहिणी के समान सम्मति देती रहती है (पृ० १६०)। वसन्तसेना को भी वह समय २ पर अच्छी सम्मति देती रहती है। इसी से वसन्तसेना उसकी प्रशंसा करती है—साधु मदनिके साधु (पृ० १६०) परहृदयग्रहणपण्डिता मदनिका खलु त्वम् (पृ० ६८)। मदनिका भीरु नहीं है वह शर्विलक जैसे साहसी की पत्नी होने योग्य है और जव शर्विलक अपने मित्र आर्यक को छुड़ाने जाना चाहता है तो वह उसके मार्ग में बाधा नहीं डालती। वस्तुतः उसने दासीपन को छोड़कर एक सच्ची गृहिणी का रूप धारण कर लिया है। इनके अतिरिक्त **रदनिका** तथा वसन्तसेना की **चेटी, वसन्तसेना की माता** आदि का भी कुछ उल्लेख हुआ है।

६. मृच्छकटिक का रस-विवेचन तथा काव्य-सौंदर्य—

(१) **रस विवेचन**—भारतीय नाट्यसमीक्षा के अनुसार 'रस' रूपक का मुख्य तत्त्व है। पाश्चात्य आलोचकों ने प्रभावान्विति को ही नाटक का प्राण कहा है। समालोचकों का कथन है कि दोनों में बहुत कुछ समानता है। विभाव, अनुभाव और संचारी भावों के संयोग से सहृदयों को जो एक अलौकिक आनन्द की अनुभूति होती है वही रस है। इस रस की प्रतीति कराना ही रूपकों का प्रयोजन है। विविध रूपकों में भिन्न-भिन्न प्रकार के रसों की प्रधानता और गौणता होती हैं। 'प्रकरण' में शृङ्गार रस प्रधान (अङ्गी) होता है तथा अन्य रस उसके अङ्ग के रूप में हुआ करते है। शृङ्गार दो प्रकार का होता है—संभोग (संयोग) शृङ्गार और विप्रलम्भ (वियोग) शृङ्गार। मृच्छकटिक में संभोग शृङ्गार अङ्गी रस है तथा विप्रलम्भ शृङ्गार करुण, हास्य, भयानक, वीर तथा शान्त आदि उसके अङ्ग हैं। इन सबका संक्षिप्त विवेचन इस प्रकार किया जा सकता है—

संभोग शृङ्गार—मृच्छकटिक में चारुदत्त और वसन्तसेना के प्रेम का चित्रण किया गया है। वसन्तसेना एक गणिका है जो नाट्य-समीक्षा की दृष्टि से सामान्य नायिका है। यद्यपि सामान्य नायिका का प्रेम रस की कोटि तक नहीं पहुँचता और वह 'रसाभास' ही रहता है यह माना जाता है तथापि यही गणिका वसन्तसेना का प्रेम कुलनारी के समान ही अनन्य प्रेम है वह अन्त में वधू पद को प्राप्त करती है इसलिये यह प्रेम रस की कोटि तक पहुँच ही जाता है। कामदेवायतन में गुणों के भण्डार तथा रूपयौवनसम्पन्न चारुदत्त को देखकर वसन्तसेना के हृदय में अनुराग उत्पन्न हो जाता है। प्रथम अङ्क के चतुर्थ दृश्य में चारुदत्त और वसन्तसेना परस्पर मिलते हैं। चारुदत्त उसके रूप की प्रशंसा करता है—छादिता० (पृ० ५८) और उसकी शालीनता का मन ही मन विश्लेपण करता है (पृ० ६०)। इसी समय चारुदत्त के हृदय में भी अनुराग का उदय हो जाता है। द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ अङ्क के विप्रलम्भ शृङ्गार के अभिव्यञ्जक भावों से यह संभोग शृङ्गार परिपुष्ट होता है। तदनन्तर पञ्चम अङ्क में वसन्तसेना अभिसारिका बनकर चलती है। यहाँ मेघगर्जना और दुर्दिन का अन्धकार तथा विद्युत् की चमक संयोग के उद्दीपन के रूप में सहायक होते हैं। मेघों ने चारुदत्त के प्रेम को उद्दीप्त कर दिया है और वह कह उठता है—

भो मेघ, गम्भीरतरं नद त्वं तव प्रसादात् स्मरपीडितं मे।
संस्पर्शरोमाञ्चितजातरागं कदम्बपुष्पत्वमुपैति गात्रम्॥ (५।४७)

वसन्तसेना चारुदत्त के घर पहुँचती है और वसन्तसेना का आलिङ्गन करके चारुदत्त अपने कोमल भावों को इस प्रकार प्रकट करता है—

धन्यानि तेषां खलु जीवितानि ये कामिनीनां गृहमागतानाम्।
आर्द्राणि मेघोदकशीतलानि गात्राणि गात्रेषु परिष्वजन्ति॥ (५।४९)

किन्तु यह मिलन चरम मिलन नहीं, इसी हेतु षष्ठ अङ्क के आरम्भ में

चारुदत्त से पुनः मिलने के लिये तथा उसके आभ्यन्तर-प्रवेश का अधिकार प्राप्त करने के लिये वसन्तसेना की उत्सुकता दिखाई गई है। सप्तम अङ्क में चारुदत्त भी वसन्तसेना से मिलने के लिये उत्सुक है। किन्तु दैव का विधान ! वसन्तसेना का मोटन चारुदत्त पर अभियोग और मृत्युदण्ड ! यहाँ विप्रलम्भ करुण दशा को ही पहुँचने वाला है कि पुनर्मिलन होता है और चारुदत्त अकस्मात् कह उठता है—

'अहो प्रभावः प्रियसंगमस्य मृतोऽपि को नाम पुनर्ध्रियेत।' (१०,४३)

अन्त में पुनः प्रिय की प्राप्ति होती है और वह भी अभीष्ट रूप में 'वधू' के रूप में—'प्राप्ता भूयः प्रियेयम्' (१०, ५६)।

इस प्रकार यहाँ आरम्भ में सम्भोग शृङ्गार का उदय होता है और वह विप्रलम्भ इत्यादि से पुष्ट होता हुआ अन्त में परिपाक दशा को पहुँच जाता है अतः यहाँ सम्भोग शृङ्गार अङ्गी रस है। वसन्तसेना के प्रति शकार का आकर्षण उसका पीछा करना, अनुनय करना तथा प्रेम प्रदर्शित करना इत्यादि शृङ्गाराभास है।

विप्रलम्भ शृङ्गार—मृच्छकटिक में अनेक स्थलों पर विप्रलम्भ की सुन्दर अभिव्यञ्जना की गई है। द्वितीय अङ्क के आरम्भ में वसन्तसेना विशेष उत्कण्ठित है (सोत्कण्ठा) हृदय में कुछ सोच रही है—हृदयेन किमप्यालिखन्ती' (पृ० ६६) और स्नान आदि में भी रुचि नहीं रखती (पृ० ६६)। वह शून्यहृदया सी किसी की कामना कर रही है (पृ० ६८)। चतुर्थ अङ्क के आरम्भ में वसन्तसेना चारुदत्त के चित्र की रचना करती है और उसी में मग्न है (पृ० १४२)। पञ्चम अङ्क के आरम्भ में जब विदूषक चारुदत्त से गणिका-प्रसङ्ग छोड़ने की प्रार्थना करता है तो वहाँ चारुदत्त की भी वसन्तसेना के प्रति उत्सुकता प्रकट होती है—'गुणहार्यो ह्यसौ जनः' (पृ० १९६)। साथ ही विरह की वेदना भी—'वयमर्थैः परित्यक्ता ननु त्यक्तैव सा मया' (पृ० १९६)। षष्ठ और सप्तम अङ्क में दोनों ओर से विरह की उत्कण्ठा व्यक्त की गई है। इस प्रकार मृच्छकटिक में विप्रलम्भ शृङ्गार का भी सुन्दर चित्रण किया गया है।

करुण रस—इष्ट की हानि से शोक का उद्रेक होता है। इसके चित्रण द्वारा सहृदयों को करुण रस का आस्वादन हुआ करता है। प्रथम अङ्क में चारुदत्त के वैभवनाश तथा दरिद्रावस्था का करुण चित्रण है (पृ० १४–२०)। 'सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रतां धृतः शरीरेण मृतः स जीवति (१०, १०) अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम् (१, ११)। इसी प्रकार संवाहक के भूमिपतन में (पृ० ७६)। अलङ्कारों की चोरी का समाचार सुनकर धूता की मूर्च्छा (पृ० १३४) तथा बाद में वसन्तसेना गणिका की मूर्च्छा में (पृ० १५२), चारुदत्त की मृत्युदण्ड की घोषणा होने पर रोहसेन और मैत्रेय के रुदन में (अङ्क ९) तथा धूता के अग्नि प्रवेश की बात सुनकर चारुदत्त के मूर्च्छित होने (अङ्क १०) इत्यादि के वर्णनों में करुण रस

की अभिव्यञ्जना की गई है। जब शकार वसन्तसेना का गला घोट देता है और वह मूर्च्छित होकर गिर पड़ती है तब विट ने जो शोक प्रकट किया है उसमें तो करुण रस की अत्यन्त सुन्दर व्यञ्जना हुई है—'दाक्षिण्योदकवाहिनी विगलिता' (पृ० ३२०)।

हास्यरस—हास्य और व्यङ्ग की दृष्टि से तो मृच्छकटिक का संस्कृत नाटकों में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। शूद्रक ने अनेक प्रकार से हास्य व्यञ्जना का प्रयास किया है, जैसे—(२) विनोदी तथा हंसोड़ पात्रों द्वारा; विदूषक और शकार के अनेक कार्यों तथा संवादों से समस्त प्रकरण में हास्य की व्यञ्जना की गई है। यहाँ शकार के मूर्खतापूर्ण कार्यों से हास्य योजना की गई है। विदूषक के हास्योत्पादक कार्य ऐसे मूर्खतापूर्ण नहीं हैं। (२) विनोदपूर्ण परिस्थितियों की उद्भावना करके, जैसे द्वितीय अङ्क के द्वितीय दृश्य में द्यूतकरों के झगड़े में हास्य रस की झलक है। वसन्तसेना की अत्यन्त मोटी माता के वर्णन से हास्य का उद्रेक होता है। दर्दुरक का माथुर की आँखों में धूल डालना और वीरक तथा चन्दनक का परस्पर जातिसूचक संकेतदेना—हास्योत्पादक घटनाएँ हैं। (३) व्यङ्ग्योक्तियों द्वारा, जैसे 'किं युष्माकं यानपात्राणि वहन्ति' (पृ० १८२) इत्यादि व्यङ्ग्योक्तियों से एक मधुर हास्य की व्यञ्जना होती है। (४) अद्भुत प्रश्नोत्तरों द्वारा, जैसे वसन्तसेना के चेट तथा विदूषक के प्रश्नोत्तरों से (पृ० २००–२०२)। यहाँ विदूषक की मूर्खता तथा उसके पगपरिवर्तन करके 'सेनावसन्ते' कहने से भी हास्य रस की उद्भावना होती है वस्तुतः हास्य रस की व्यञ्जना में मृच्छकटिक संस्कृत का सर्वोत्कृष्ट नाटक है।

अन्य रस—कुण्टमोडक की भगदड़ में भयानक की, बौद्ध भिक्षु की अष्टम अङ्क के आरम्भ की उक्तियों में शान्त रस की, शर्विलक की उक्ति में युद्ध वीर की तथा चारुदत्त के वर्णन में दानवीर की और मतवाले गन्धगज से कर्णपूरक द्वारा भिक्षु की रक्षा किये जाने के वर्णन में अद्भुत रस की झलक मिलती है। इस प्रकार मृच्छकटिक में प्रायः सभी रसों का सुन्दरता के साथ समावेश हुआ है।

भाव चित्रण—भावों की सुन्दर वर्णना ने भी मृच्छकटिक के काव्यसौन्दर्य में वृद्धि की है। कवि ने मानवीय भावों का स्वाभाविक चित्रण किया है। चारुदत्त जैसा अत्यन्त उदार व्यक्ति इस लिये चिन्तित नहीं है कि वैभव नष्ट हो गया, सम्पत्ति तो भाग्य के अनुसार आती है और चली जाती है; उसे तो इसी बात का सन्ताप है कि सम्पत्ति नष्ट हो जाने पर मित्रों की मित्रता भी शिथिल हो जाती है—'सत्यं न मे' (१, १३)। शर्विलक जैसा चोर सोचता है—चोरी को लोग निन्दित भले ही कहें किन्तु यह तो स्वतन्त्र व्यवसाय है, चाकरी की दासता इनमें नहीं और द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने चोरी करने का मार्ग भी हमें दिखाया है फिर तो यह शौर्य ही है—'कामं नीचमिदं वदन्तु' (३, ११)। चोर के संशयग्रस्त हृदय का

स्वाभाविक वर्णन भी कवि ने किया है—'यः कश्चित्त्वरितगतिः' (४, २)। नारी के हृदय का चित्रण करने में तो कवि को अत्यधिक सफलता मिली है। दुर्दिन में अभिसरण करने वाली वसन्तसेना को निशा सपत्नी के समान प्रियमिलन में बाधक प्रतीत होती है अतः वह उसे उपालम्भ देती है—'मूढे' इत्यादि (५, १५)। बगुलों की बोली उसे घाव पर नमक छिड़कने के समान प्रतीत होती है और वह कह उठती है—'प्रावृट् प्रावृडिति ब्रवीति शठधीः क्षारं क्षते प्रक्षिपन्' (५, १५)। खैर, पुरुष तो स्वभावतः कठोर होता है वह नारी के हृदय की वेदना को क्या जाने ? विद्युत् का कोमल नारी-हृदय भी वसन्तसेना के प्रति संवेदना नहीं रखता—यदि गर्जति (५.३२)।

इसी प्रकार कवि ने अनेक स्थलों पर मानव-भावनाओं का सुन्दर तथा स्वाभाविक चित्रण किया है। कवि ने अपनी अनुभूति द्वारा मानव-हृदय में प्रवेश करके अनेक सूक्ष्म भावों की मार्मिक अभिव्यञ्जना की है और मानव-प्रकृति के चित्रण में वह अत्यधिक सफल हुआ है।

वर्णन-सौष्ठव—मृच्छकटिक में जीवन की दशाओं का हृदयस्पर्शी चित्रत्र किया गया है। कहीं दरिद्रावस्था का चित्रण है, कहीं वसन्तसेना की कुबेर जैसी सम्पदाओं का वर्णन है। सेंध के स्वरूप तथा भेदों का वर्णन तथा द्यूतकर्म का विशद वर्णन कवि के सूक्ष्म निरीक्षण को अभिव्यक्त करते हैं। मानव के रूप वर्णन में भी कवि को अच्छी सफलता मिली है। उदाहरण के लिये जो चारुदत्त संवाहक के शब्दों में 'प्रियदर्शन' है आर्यक के विचारानुसार 'दृष्टिरमणीय' है, जिसके रूप सौन्दर्य पर वसन्तसेना मुग्ध हो जाती हैं उसका सौन्दर्य न्यायाधीश के शब्दों में इस प्रकार व्यक्त किया गया है—'घोणोन्नतं मुखमपाङ्गविशालनेत्रं, नैतद्धि भाजनमकारण—दूषणानाम्०' (९, १६)। वसन्तसेना की ललित गति का यथार्थ चित्र विट के इस कथन में झलकता है 'किं यासि बालकदलीव' (१. २०)। गाढ निद्रा में विलीन व्यक्ति का स्वाभाविक चित्र "निश्वासोऽस्य न शङ्कितः" (३. १८) इत्यादि शर्विलक के स्वगत कथन में देखा जा सकता है। शूद्रक ने न्यायालय का भी अलङ्कृत भाषा में वर्णन किया है—'चिन्तासक्त० (९—१४)।

प्रकृति-चित्रण—मृच्छकटिक के कुछ स्थलों पर बाह्य प्रकृति का भी चित्रण किया गया है जैसे पञ्चम अङ्क में। कुछ आलोचकों का कथन है कि अष्टम अङ्क में पुष्पकरण्डक उद्यान का सुन्दर चित्रण किया जा सकता था, किन्तु कवि ने उसकी उपेक्षा की है। वस्तुतः बात यह है कि रूपकों में घटनाओं की गत्यात्मकता अपेक्षित होती है, वहाँ कवि का ध्यान वस्तु की अभिनेयता पर रहता है तथा विस्तृत प्रकृति वर्णन से घटनाओं की स्वाभाविक गति में बाधा पड़ती है। इसलिये वहाँ प्रकृति वर्णन की उपेक्षा करना उचित ही प्रतीत होता है। पञ्चम अङ्क में वर्षा का वर्णन भी नाटकीय दृष्टि से अधिक विस्तृत हो गया है यद्यपि काव्य की दृष्टि से यह अत्यन्त सुन्दर बन पड़ा है।

मृच्छकटिक का अधिकांश प्रकृति वर्णन उद्दीपन के रूप में ही हुआ है यद्यपि एक दो स्थल पर कवि ने प्रकृति का सुन्दर चित्र भी प्रस्तुत किया है। चन्द्रोदय का वर्णन ही देखिये—उदयति शशाङ्कः (१, ५७)। इसी प्रकार घनान्धकार में मेघों से रजतद्रव जैसी श्वेत जलधारा गिरती है जो विद्युत् की चमक से क्षणभर को दिखलाई देती है और फिर दृष्टि से ओझल हो जाती है—इसका कितना स्वाभाविक वर्णन कवि ने किया है। 'एता निषिक्त०' (५, ४)। मेघ आकाश में छाये हैं उन्होंने विविध आकार धारण कर लिये हैं। कवि ने इनका कैसा स्वाभाविक शब्दचित्र प्रस्तुत किया है।—संसक्तैरिव० (५, ५)। अन्धकार की गहनता का भी चित्र अनूठा ही है—लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः (१, ३४)। इस स्वाभाविक प्रकृति चित्रण से यह प्रतीत होता है कि कवि के हृदय में प्रकृति के प्रति प्रेम था, अवश्य था।

फिर भी ऐसे स्थल अधिक नहीं हैं। अधिकांश स्थलों में मृच्छकटिक का प्रकृति चित्रण अलङ्कारों के भार से लदकर अपनी स्वाभाविक छटा को तिलाञ्जलि दे चुका है। कहीं साङ्गरूपक के द्वारा मेघ की केशव से समता दिखलाई गई है (५, २), कहीं मेघाच्छन्न आकाश को धृतराष्ट्र के मुख के समान बतलाया गया है। इन अलङ्कारों में अनेक शिक्षाप्रद कल्पनायें भी हैं (५, २६)। काव्यत्व की दृष्टि से भी इस प्रकार के अलङ्कार पूर्ण प्रकृति वर्णन त्याज्य नहीं कहे जा सकते; फिर भी इनसे प्रकृति के प्रति कवि के हृदय का अनुराग नहीं झलकता। हाँ, उद्दीपन के रूप में जो प्रकृति-चित्रण है उसमें प्रकृति का मानव हृदय के साथ सामञ्जस्य किया गया है। दुर्दिन में अभिसरण करती हुई वसन्तसेना का हृदय मेघों ने आहत कर दिया है उस पर बगुले घाव पर नमक छिड़क रहे हैं (५, १८)। वसन्तसेना जलधर की भर्त्सना करती है कि तुम बड़े निर्लज्ज हो जो प्रियतम के घर जाती हुई मुझको धारारूपी हाथों से छूते हो (५, २८)। इसी प्रकार उस अहल्या प्रेमी इन्द्र को भी उपालम्भ देती है (५, २९–३०) और वसन्तसेना को सबसे बड़ा खेद तो यह है कि विद्युत् नारी होकर भी प्रमदाओं की प्रेम-वेदना को नहीं अनुभव करती (५, ३२)।

संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि मृच्छकटिक के प्रकृति-वर्णन में अभिज्ञानशाकुन्तल के समान बाह्यप्रकृति का मानव प्रकृति के साथ सच्चा तादात्म्य तो नहीं मिलता, फिर भी यह प्रतीत होता है कि कवि प्रकृति की ओर से नितान्त उदासीन नहीं था।

मृच्छकटिक में प्रयुक्त वृत्ति—नाटक आदि प्रबन्धों में नायक-नायिका इत्यादि का जो रसानुकूल व्यापार (चेष्टा) होता है वही नाट्यशास्त्र में वृत्ति कही जाती है। यह वृत्ति चार प्रकार की होती है—कैशिकी, सात्वती आरभटी और भारती। इनमें से पहली तीन वृत्तियाँ नायक-नायिका आदि की कायिक और मानसिक चेष्टाओं से सम्बन्ध रखती हैं तथा 'अर्थवृत्ति' कहलाती हैं। भारती वृत्ति का वाचिक व्यापार

से ही सम्बन्ध है। शृङ्गार रस में कैशिकी, वीर में सात्त्वती और रौद्र तथा बीभत्स रस में आरभटी वृत्ति का प्रयोग होता है। भारती वृत्ति का सभी रसों के साथ प्रयोग होता है।[1]

मृच्छकटिक में शृङ्गार रस की प्रधानता है अतः यहाँ मुख्यतया कैशिकी वृत्ति का प्रयोग किया गया है। कैशिकी वृत्ति कोमलवृत्ति है। इसमें नृत्य, गीत, विलास आदि शृङ्गार चेष्टाएँ हुआ करती हैं। मृच्छकटिक के प्रथम अङ्क में नायक-नायिका की विलास चेष्टाओं का वर्णन है। तृतीय में सङ्गीत, चतुर्थ में चित्रालेखन तथा पञ्चम में कामभोग से सम्बद्ध बहुविध व्यापारों का वर्णन है। अन्तिम अङ्कों का क्रियाकलाप भी काम-फल की प्राप्ति का साधन मात्र है। इससे स्पष्ट है कि यहाँ कैशिकी वृत्ति की प्रधानता है। शर्विलक की वीर रस प्रधान चेष्टाओं में सात्त्वती और वसन्तसेनामोटन में आरभटी वृत्ति कही जा सकती है। भारती वृत्ति के अङ्ग प्ररोचना और आमुख का ऊपर निर्देश किया जा चुका है।

१०. मृच्छकटिक में भाषा शैली और अभिनेयता—

(i) **भाषा**—मृच्छकटिक की भाषा-शैली कालिदास की अपेक्षा अधिक सरल है। यह भास और कालिदास के मध्य की शैली है; संस्कृत साहित्य की अलङ्कृत शैली नहीं। इसकी भाषा समासप्रधान नहीं, उसमें स्वाभाविक सरलता है। उसमें सर्वत्र प्रसाद और लालित्य विद्यमान है। केवल कुछ स्थलों में भाषा की कृत्रिमता और अलङ्कृत शैली के दर्शन होते हैं। सर्वत्र पात्रों तथा परिस्थितियों के अनुसार भाषा का प्रयोग किया गया है। शब्द-योजना और वाक्यविन्यास की दृष्टि से भी भाषा नाटकीय है। भाषा में अभीष्ट गति है और प्रवाह भी। यही कारण है कि मृच्छकटिक के अनेक वाक्यों ने सूक्तियों का रूप धारण कर लिया है जैसे 'दुर्लभागुणा विभवाश्च', 'साहसे श्रीः प्रतिवसति, 'कामो वामः' छिद्रेष्वनर्था बहुलीभवन्ति इत्यादि (देखिये परिशिष्ट) ऐसा प्रतीत होता है कि कवि ने लोकोक्तियों के प्रयोग से अपनी भाषा को सजीव बनाने की ओर ध्यान दिया है। इसी हेतु कहीं-कहीं सम्पूर्ण श्लोक ही सूक्तिमय दृष्टिगोचर होता है (देखिये परिशिष्ट)। कवि का भाषा पर पूर्ण अधिकार है। उसका शब्द-भण्डार विशाल है। संस्कृत और प्राकृत दोनों भाषाओं के समुचित प्रयोग में कवि को अच्छी सफलता मिली है; कहीं-कहीं पाणिनीय व्याकरण की दृष्टि से भाषा में दोष अवश्य दिखलाई देता है (टिप्पणी) अनियमित समास-योजना, अतिरिक्त शब्दों का प्रयोग (च, हि, तु इत्यादि) भाषा की शिथिलता-इत्यादि दोष भी यत्र-तत्र दृष्टिगोचर होते हैं।

पात्रों के अनुकूल प्राकृत भाषा का प्रयोग करने में तो शूद्रक बेजोड़ ही हैं।

(ii) **मृच्छकटिक में प्रयुक्त प्राकृत भाषायें**—मृच्छकटिक के संस्कृत टीकाकार पृथ्वीधर ने मृच्छकटिक की प्राकृत भाषाओं का विस्तृत विवरण दिया है। उसके

१. साहित्यदर्पण ६. १२२, १२३।

आधार पर ही यहाँ विवेचन किया जाता है। प्राकृत भाषायें सात मानी गई हैं—'मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका तथा दाक्षिणात्या।' अपभ्रंश भी सात हैं—शकारी, आभीरी, चाण्डाली, शबरी, द्राविड़ी, उड्रजा और ढक्की (वनेचरों की भाषा)। इन अपभ्रंशों को विभाषा भी कहा जाता है (विविधा भाषा विभाषा)। इन भाषा तथा विभाषाओं में से मृच्छकटिक में सात भाषाओं का प्रयोग हुआ है—(१) शौरसेनी, (२) अवन्तिजा, (३) प्राच्या, (४) मागधी, (५) शकारी, (६) चाण्डाली और (७) ढक्की। इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(१) शौरसेनी—पृथ्वीधर के अनुसार सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, वसन्तसेना और उसकी माता, चेटी, कर्णपूरक, धूता, शोधनक और श्रेष्ठी—ये ग्यारह पात्र शौरसेनी प्राकृत बोलते हैं। इस प्राकृत में श ष स। इन तीनों के स्थान पर 'स' ही होता है जैसे नटी के कथन में 'मर्षतु मर्षत्वार्याः' इस संस्कृत के स्थान पर 'मरिसेदु मरिसेदु अज्जो' (पृ० १०)।

(२) अवन्तिजा—वीरक और चन्दनक इस प्राकृत को बोलते हैं। इसमें भी श ष स के स्थान पर 'स' होता है तथा यह रेफवती और लोकोक्ति बहुला है। यहाँ 'रेफवती' का अर्थ स्पष्ट नहीं है। यदि इसका अर्थ यह किया जाये कि इसमें ल के स्थान पर 'र' (रेफ) हो जाता है तो वीरक-चन्दनक की भाषा से इस बात की पुष्टि नहीं होती—'मए अवलोइदं' (चन्दनक पृ० २५६), तुमं पि रण्णो पच्चइदो बलवइ (वीरक पृ० २५६)। सम्भवतः कुछ विशेष स्थलों पर इस भाषा में रेफ होगा, किनमें (?)। अथवा इसका अर्थ यह हो सकता है कि इस भाषा में 'रे' 'अरे' का प्रयोग अधिक होता है (?)[1] इस भाषा में लोकोक्तियों की प्रचुरता है यह मृच्छकटिक से प्रतीत होता है—वीरकः—जइ दे चउरङ्गं ण कप्पावेमि तदो ण होमि वीरओ। चन्दनकः—किं तुए सुणअसरिसेण (पृ० १६२)।

(३) प्राच्य—विदूषक प्राच्य भाषा बोलता है। इसमें भी श ष स के स्थान पर 'स' होता है तथा स्वार्थिक ककार की प्रचुरता कही गई है किन्तु मृच्छकटिक के विदूषक की भाषा में ककार की प्रचुरता दिखलाई नहीं देती। जैसे—'एसा ससुवण्णा सहिलण्णा णवणाडअदंसणुट्ठिादा सुत्तधालि व्व'—इत्यादि (पृ० ५८)।

(४) मागधी—संवाहक, शकार, वसन्तसेना और चारुदत्त इन (तीनों) के ३ चेट, भिक्षु, चारुदत्त का पुत्र रोहसेन—ये छः पात्र मागधी भाषा बोलते हैं। मागधी भाषा में तालव्य शकार होता है अर्थात् श, स, ष, तीनों के स्थान पर 'श' होता है; जैसे 'असिम' के स्थान पर 'अशिम्' (पृ० ५६, चेट); 'एष' के स्थान पर 'एशे' (संवाहक, पृ० ७२), 'शक्त्या' के स्थान पर 'शत्तीएं' (संवाहक २१)। 'अज्जा, किंणिध मं इमश्श शहिअश्श हत्थादो दशेहिं शुवण्णकेहिं' (संवाहक, पृ० ८०)—यहाँ शकार की बहुलता दर्शनीय है।

---

१. कान्तानाथ शास्त्री तेलङ्ग, मृच्छकटिक समीक्षा पृ० ५७।

(५) शकारी—शकार इस भाषा का प्रयोग करता है। इसमें भी तालव्य शकार की प्रचुरता होती है और रेफ के स्थान पर लकार हो जाता है। जैसे—'अशी शुतिक्खे बलिदे अमत्थके कप्पेम शीशं उद मालएम वा' (शकार १, ३०)—यहाँ 'असिः' का अशी और मारयामि का मालएम (र को ल) हो गया है।

(६) चाण्डाली—दोनों चाण्डाल इसका प्रयोग करते हैं। इसमें भी श स ष के स्थान पर तालव्य शकार ही होता है तथा रेफ के स्थान पर लकार। जैसे—'थावलअ अवि शच्चं भणाशि' (स्थावरक, अपि सत्यं भणसि), चाण्डाल (पृ० ४००) के इस कथन में स के स्थान पर श और र के स्थान पर ल है।

(७) ढक्की—द्यूतकर और माथुर इसका प्रयोग करते हैं। इसके विषय में पृथ्वीधर ने कहा है—'वकारप्राया ढक्कविभाषा। संस्कृतप्रायत्वे दन्त्यतालव्यसशकारद्वययुक्ता च।' अर्थात् इसमें वकार की प्रचुरता होती है और जब यह संस्कृतप्राय होती है तो इसमें स, श दोनों का प्रयोग होता है (अन्यथा नहीं ?); जैसे, माथुरः—'अत्थि। दशसुवण्णं धालेदि। किं तस्य' अस्ति दशसुवर्णं धारयति। कि तस्य, (पृ० ९६) यहाँ दशसुवर्ण्णं में श और स का संस्कृत के समान ही प्रयोग हुआ है, यहाँ संस्कृतप्राय ढक्की विभाषा है। किन्तु "माथुरः—अले, भणशि तं कुलपुत्तम्' (अरे भणसि, तं कुलपुत्रम् (पृ० ९६) यहाँ भणेशि में स का श हो गया है। 'वकारप्राय' होने की बात मृच्छकटिक में दिखलाई नहीं देती अपि तु उकारप्राय होना दिखलाई देता है जैसे—'अले भट्टा, दशसुवण्णाह लुद्धु जूदकरु पपलीणु' (पृ० ७०)। ढक्की के विषय में डा० कीथ का कथन है कि वस्तुतः यह 'ढक्की' होनी चाहिये। लिपि की अशुद्धता से इसे ढक्की पढ़ लिया गया होगा। पिशेल ने इसे पूर्वी बोली माना है और ग्रियर्सन के अनुसार यह पश्चिमी बोली है। यही उचित भी जान पड़ता है। नाट्यशास्त्र में ढक्की नाम नहीं आया। हाँ, वनेचरों की उकारप्राय भाषा का उल्लेख अवश्य हुआ है। सम्भवतः यह वही विभाषा है।

इन सात भाषाओं में शकारी और चाण्डाली दोनों मागधी की ही विभाषायें हैं। इनके रेफ को लकार हो जाता है केवल यही भेद है। यहाँ यह भी विचारणीय है कि पृथ्वीधर ने दाक्षिणात्य भाषा को क्यों छोड़ दिया ? जबकि यह स्पष्ट है कि चन्दनक दाक्षिणात्य है। इन प्राकृतों के विशेष अध्ययन से ही उपर्युक्त शंकाओं का निराकरण हो सकता है।

मृच्छकटिक में छन्द तथा अलङ्कार योजना—मृच्छकटिक में स्वाभाविक ढंग से अनेक अलङ्कार आ गये हैं। कवि ने बलपूर्वक अलङ्कारों को लादा नहीं है। इसके अलङ्कार अर्थव्यञ्जना में सहायक हैं तथा काव्य-सौन्दर्य को बढ़ाने वाले हैं। उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा आदि अर्थालङ्कारों की स्थान-स्थान पर सुन्दर योजना दृष्टिगोचर होती है। अप्रस्तुत प्रशंसा (१, ८–५१) काव्यलिङ्ग (१, ११), विशेषोक्ति (१ १५), और समासोक्ति आदि अलङ्कारों का भी विशेषरूप से प्रयोग किया गया है। जिनके उदाहरण संस्कृतव्याख्या में देखे जा सकते हैं।

मृच्छकटिक के कवि ने अनेक छन्दों का सफल प्रयोग किया है जिसका विस्तार-पूर्वक आगे विवेचन किया गया है।

कहना न होगा कि मृच्छकटिक की भाषा-शैली भाव के सर्वथा अनुकूल है। नाटकीय दृष्टि से भी यह भाषा-शैली उपयुक्त ही है।

(iii) **मृच्छकटिक की अभिनेयता**

किसी रूपक की अभिनेयता के लिये आवश्यक है कि उसकी कथावस्तु अधिक विस्तृत न हो, कथोपकथन अधिक लम्बे न हों तथा दृश्यों का विभाजन रङ्गमञ्च के अनुकूल किया गया हो। इन दृष्टियों से जब मृच्छकटिक पर विचार किया जाता है तो प्रतीत होता है—

(१) मृच्छकटिक की कथावस्तु अत्यन्त विस्तृत है। इसका अभिनय एक बैठक में नहीं किया जा सकता। कथावस्तु में गतिशीलता तो है; किन्तु इस कथावस्तु को पूर्णतया संश्लिष्ट नहीं कहा जा सकता। प्रथम अङ्क के अन्त में चारुदत्त वसन्तसेना को पहुँचाने उसके घर जाता है। इतनी लम्बी यात्रा बिना किसी कथोपकथन के रङ्गमञ्च पर नहीं दिखलाई जा सकती। द्वितीय अङ्क में संवाहक भिक्षु होने का निश्चय करके बाहर निकलता है त्यों ही कर्णपूरक द्वारा भिक्षु वेष में उसकी रक्षा की जाती है। चतुर्थ अङ्क में विदूषक द्वारा वसन्तसेना के भवन का विस्तृत वर्णन किया गया है जो सामाजिकों को ऊब पैदा करने वाला है। पञ्चम अङ्क का वर्षा-वर्णन भी इसी प्रकार का है। षष्ठ अङ्क में चारुदत्त वसन्तसेना को सोती छोड़कर प्रभात में ही पुष्पकरण्डक उद्यान में क्यों चला जाता है? यह बात समझ में नहीं आती; अतः यह दृश्य पञ्चम अङ्क तक की कथा को अग्रिम कथा से जोड़ने वाली एक शिथिल कड़ी कही जा सकती है। अष्टम अङ्क के अन्त में शकार यह कहकर उद्यान से निकलता है 'साम्प्रतम् अधिकरणं गत्वा व्यवहारं लेखयामि' किन्तु न्यायालय में दूसरे दिन जाता है। नवम अङ्क में न्यायाधीशों के बार-बार पूछने पर भी चारुदत्त मौन ही क्यों रहता है? इस प्रकार के दोषों से कथावस्तु की सुश्लिष्टता भंग होती है। डा० राइडर का विचार है है कि मृच्छकटिक में सुश्लिष्टता (proportion) का अभाव है तथा यह अत्यन्त विस्तृत है।[१]

(२) मृच्छकटिक में दृश्यों का समुचित विभाजन नहीं, प्रत्येक अङ्क में अनेक दृश्य हैं। एक ही समय कई दृश्यों की योजना की गई है। जैसे प्रथम अङ्क में चारुदत्त के घर का दृश्य और राजमार्ग पर वसन्तसेना का पीछा करते हुए शकार का दृश्य। दोनों एक ही समय रङ्गमञ्च पर कैसे दिखलाये जा सकते हैं?

इन आक्षेपों के विरोध में यह कहा जाता है कि मृच्छकटिक की कथा अत्यन्त रोचक तथा आकर्षक है। इसमें क्रिया-व्यापार की गतिशीलता है। यह अभिनय के विचार से एक आवश्यक बात है। जहाँ तक कथावस्तु के विस्तृत होने की बात है। कुछ अंशों को छोड़ा जा सकता है जैसे वर्षा-वर्णन आदि के स्थल हटाये जा सकते

१. एम० आर० काले, मृच्छकटिक, Introduction पृ० ५५.

हैं। दृश्यविभाजन का क्रम अभिनय के अनुकूल बनाया जा सकता है। यह भी व्यवस्था करना संभव है कि एक विशाल रङ्गमञ्च पर कई दृश्य एक साथ दिखलाये जा सकें। इसके अतिरिक्त मृच्छकटिक के संवाद अभिनय के सर्वथा अनुकूल हैं। इसकी भाषा भी रङ्गमञ्च के उपयुक्त है। यदि कोई घटना अभिनय के योग्य नहीं प्रतीत होती तो उसे छोड़ा जा सकता है। हाँ, कवि ने पात्रों की वेशभूषा का निर्देश नहीं किया है। देश काल के अनुसार उसकी योजना करनी होगी। इस प्रकार यह सम्भव ही है कि मृच्छकटिक की आत्मा को सुरक्षित रखते हुए इसमें उचित परिवर्तन करके इसका अभिनय किया जा सकता है।

११. मृच्छकटिक पर एक विहंगम दृष्टि—

संस्कृत साहित्य में मृच्छकटिक का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह अत्यन्त लोकप्रिय रहा है। भारत की अनेक प्रचलित भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। वस्तुतः इनमें कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जिनके कारण मृच्छकटिक एक अनुपम रूपक समझा जाता है—

(१) इसकी मुख्य विशेषता यह है कि इसमें मध्यम वर्ग से कथावस्तु चुनी गई है। उज्जयिनी के मध्यमवर्ग के जीवन का स्वाभाविक वर्णन यहाँ किया गया है। यहाँ चोर, जुआरी, धूर्त, राजसेवक, भिक्षु, पुलिस, कर्मचारी, गणिका, उदार दरिद्र आदि का चित्रण किया गया है। इसके पात्र देव या दानव नहीं हैं। वे इसी लोक के प्राणी हैं। उनके सुख-दुःख, रुचि-अरुचि हमारे समान ही हैं। लोक-भाषा उनकी भाषा है; लोक-व्यवहार उनका जीवन है। उनकी कहानी सुनकर पाठक के हृदय में आनन्द, कौतूहल, आश्चर्य, करुणा और भय आदि के भाव स्वतः ही उमड़ आते हैं। 'मृच्छकटिक संस्कृत का एकमात्र यथार्थवादी नाटक है। कालिदास और भवभूति में हमें काव्य और भावना का उदात्त वातावरण मिलता है, जबकि मृच्छकटिक में जीवन की कठोर वास्तविकता के दर्शन होते हैं।'[1]

(२) मृच्छकटिक की कथावस्तु में घटनाचक्र की गतिशीलता है। कवि ने पालक तथा आर्यक की राजनैतिक कथा को चारुदत्त और वसन्तसेना की प्रणय-कथा के साथ बड़ी कुशलता से मिलाया है। यहाँ आर्यक की कथा प्रेमकथा का अविच्छेद्य अङ्ग बन गई है और इससे मृच्छकटिक की कार्यान्विति (unıy of action) में कोई बाधा नहीं पड़ती।

(३) शूद्रक के संवाद सरल तथा संक्षिप्त हैं उनमें वाग्विदग्धता तथा व्यङ्ग का दर्शन होता है। हास्य रस की अभिव्यञ्जना में तो यह संस्कृत साहित्य का सर्व-श्रेष्ठ नाटक है: (देखिये रस विवेचन)।

(४) संस्कृत साहित्य में यह एकमात्र चरित्र-प्रधान नाटक है। मृच्छकटिक के चरित्र-चित्रण की प्रमुख विशेषता यह है कि इसका प्रत्येक पात्र अपना निजी

---

१. संस्कृतकविदर्शन; पृ० २८८.

व्यक्तित्व लेकर सामने आता है वह केवल प्रतिनिधि-पात्र (type) नहीं है ।[1] इस दृष्टि से शूद्रक की तुलना शेक्सपीयर से की जा सकती है ।

(५) अनेक स्मरणीय पद्यों एवं सूक्तियों से यह रूपक सुशोभित है । इनमें कहीं व्यावहारिक आदर्श हैं कहीं जीवन की शिक्षायें हैं, तथा कहीं काव्य सौन्दर्य विद्यमान हैं ।

(६) इसकी भाषा शैली सरल एवं रोचक है । वह नाट्य के सर्वथा अनुकूल है यहाँ पात्रों के अनुकूल भाषा का प्रयोग किया गया है । विविध प्राकृत भाषाओं के सफल प्रयोग की दृष्टि से तो मृच्छकटिक अद्वितीय ही है ।

(७) मृच्छकटिक में तत्कालीन समाज का सच्चा चित्रण मिलता है । केवल राजवर्ग या भ्रान्त वर्ग का ही नहीं, अपितु सामान्य समाज का । चाण्डाल से लेकर पूजातत्पर ब्राह्मण का, वेश्या से लेकर पतिव्रता साध्वी का । अतः मृच्छकटिक जन-काव्य है ।

संक्षेप में मृच्छकटिक संस्कृत-साहित्य का एक अनूठा रूपक प्रबन्ध है । यद्यपि आलोचकों ने इसके विविध विषयों का विस्तारपूर्वक उद्घाटन किया है तथापि इसकी कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जिनके कारण यह अत्यन्त लोकप्रिय बना हुआ है । भारत के ही नहीं पश्चिम के समालोचकों ने भी इसकी मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की है । अवश्य ही कालिदास की चारुता और भावव्यञ्जना यहाँ नहीं है, भवभूति की उदात्तता यहाँ उपलब्ध नहीं होती, फिर भी यहाँ एक अनूठी रोचकता एवं मनोरमता है जो अन्यत्र दुर्लभ है ।

---

1. Each of the twenty-seven personages who take part in the action bears a particular mark, a special trait which strongly characterizes him. Prof. Levi.

श्रीशूद्रककविप्रणीतं

❀ मृच्छकटिकम् ❀

नाटक के पात्र

(पुरुष पात्र)

सूत्रधार-प्रधान नट, अभिनय-व्यवस्थापक

अं० १. चारुदत्त—नायक, उज्जयिनी का एक नागरिक

मैत्रेय—विदूषक, चारुदत्त का मित्र

शकार—प्रतिनायक, राजा पालक का श्यालक

विट—शकार का सहचर

चेट—शकार का सेवक

अं० २. संवाहक—चारुदत्त का भूतपूर्व सेवक, द्यूतकर होने के पश्चात् बौद्ध भिक्षु

माथुर—सभिक, प्रधान द्यूतकर

दर्दुरक—अन्य द्यूतकर

कर्णपूरक—वसन्तसेना का सेवक

अं० ३. वर्द्धमानक-(चेट)—चारुदत्त का यानवाहक

शर्विलक—एक साहसी ब्राह्मण, मदनिका का प्रेमी

अं० ४. चेट—वसन्तसेना का सेवक

वन्धुल—वेश्यापुत्र, वसन्तसेना का आश्रित

अं० ५. कुम्भीलक—वसन्तसेना का सेवक

विट वसन्तसेना का शृङ्गार-सहचर

अं० ६. रोहसेन—चारुदत्त का पुत्र

स्थावरक चेट—शकार का यानवाहक

आर्यक—गोपालक, राजा पालक का बन्दी, पश्चात् राजा

वीरक, चन्दनक—नगर-रक्षक

अं० ९. शोधनक—न्यायालय का सेवक

अधिकरणिक—न्यायाधीश

श्रेष्ठी—एक सेठ, विवादनिर्णय में अधिकरणिक का सहायक (Assessor)

कायस्थ—न्यायालय का लेखक (पेशकार)

अं० १०. चाण्डाल—शूली पर चढ़ाने वाले

मञ्च पर न आने वाले पात्र

जूर्णवृद्ध—चारुदत्त का मित्र

पालक—अवन्ती का राजा

रेभिल—उज्जयिनी का एक व्यापारी, चारुदत्त का मित्र, एक विशिष्ट गायक

सिद्ध—आर्यक की राज्य-प्राप्ति का भविष्य-वक्ता

(स्त्री पात्र)

नटी—सूत्रधार की पत्नी

अं० १. वसन्तसेना—नायिका, गणिका

रदनिका—चारुदत्त की परिचारिका

चेटी—वसन्तसेना की दासी

मदनिका—वसन्तसेना की प्रिय दासी शर्विलक की प्रेयसी

अं० ३. धूता—चारुदत्त की पत्नी

अं० ५. छत्रधारिणी—वसन्तसेना की परिचारिका

अं० ९. वृद्धा, माता—वसन्तसेना की माता

अथ

मृच्छकटिकम्

—:०:—

प्रथमोऽङ्कः

पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेषसंवीतजानो-
रन्तः प्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य ।
आत्मन्यात्मानमेव व्यपगतकरणं पश्यतस्तत्त्वदृष्ट्या
शम्भोर्वः पातु शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः ॥१॥

अपि च;

पातु वो नीलकण्ठस्य कण्ठः श्यामाम्बुदोपमः ।
गौरीभुजलता यत्र विद्युल्लेखेव राजते ॥२॥

(नान्द्यन्ते)

सूत्रधारः—अलमनेन परिषत्कुतूहलविमर्दकारिणा परिश्रमेण । एवमह-

अथ चिकीर्षितस्य प्रकरणस्य निर्विघ्नतया समाप्तिकामः तत्रभवान् शूद्रकः आशीर्वचनरूपां नान्दीमवतारयति—पर्यङ्केति । पर्यङ्कग्रन्थिबन्धद्विगुणितभुजगाश्लेष-जानोः, अन्तःप्राणावरोधव्युपरतसकलज्ञानरुद्धेन्द्रियस्य, तत्त्वदृष्ट्या व्यपगतकरणम् आत्मनि आत्मानम् एव पश्यतः शम्भोः शून्येक्षणघटितलयब्रह्मलग्नः समाधिः वः पातु इत्यन्वयः ।

पर्यङ्कस्य योगासनविशेषस्य ग्रन्थिः रचनं तस्य बन्धेन द्विगुणितः यः भुजगः सर्पः तस्य आश्लेषेण परिवेष्टनेन संवीते बद्धे जानुनी जानुद्वयं यस्य (तथाभूतस्य शम्भोः) अन्तः शरीराभ्यन्तरे प्राणानां प्राणादिवायूनाम् अवरोधेन निरोधेन व्युपरतसकलज्ञानानि व्युपरतं निवृत्तं बाह्यविषयज्ञानं येषां तानि रुद्धानि संयतानि च इन्द्रियाणि यस्य (तस्य), तत्त्वदृष्ट्या सम्यग्ज्ञानदृष्ट्या (निर्विकल्पकज्ञानेनेत्यर्थः) व्यपगतं स्वव्यापाराद् उपरतं करणम् इन्द्रियादिकं यथा तथा आत्मनि स्वस्मिन् आत्मानमेव स्वचिद्रूपमेव पश्यतः साक्षात् कुर्वतः शम्भोः शिवस्य शून्यस्य निराकारस्य ईक्षणेन दर्शनेन घटितः निष्पादितः यः लयः तल्लीनता तेन ब्रह्मणि लग्नः समाधिः वः युष्मान् सामाजिकान् पातु रक्षतु । स्रग्धरा वृत्तम् ॥१॥

मृच्छकटिक–हिन्दी–अनुवाद

प्रथम अङ्क

पर्यङ्क नामक योगासन में सन्धि-स्थल पर बाँधने से द्विगुणित सर्प के लपेटने से जिस (शिव) के घुटने (जानु) बंधे हुए हैं, (योग-बल के द्वारा) प्राण-वायु को भीतर ही रोक देने से जिसकी समस्त इन्द्रियाँ (बाह्य) ज्ञान से विरत तथा संयत (रुद्ध) हो गई है, जिसने यथार्थ ज्ञान के द्वारा इन्द्रिय-व्यापार-निरोधपूर्वक अपने भीतर आत्मा का दर्शन किया है, उस शिव की समाधि जो निराकार (ब्रह्म) के दर्शन में होने वाली एकाग्रता (लय) के कारण ब्रह्म में लगी हुई है—आप सब (सभासदों) की रक्षा करे ॥१॥

शिवजी का काले बादल जैसा कण्ठ, जिसमें पार्वती की (गौर वर्ण) भुजा रूपी लता विद्युत् पंक्ति के समान शोभित होती है, आप सब की रक्षा करे ॥२॥

(नान्दी के पश्चात्)

सूत्रधार—सभ्य जनों के कौतूहल में बाधा डालने वाले इस परिश्रम

पात्विति । श्यामः । नीलवर्णः अम्बुदः जलदः एव उपमा सादृश्यं यस्य तादृशः, नीलकण्ठस्य शिवस्य सः कण्ठः वः युष्मान् सामाजिकान् पातु रक्षतु । यत्र कण्ठे गौर्याः पार्वत्याः भुजलता भुज एव लता अथवा भुजः लता इव (वेष्टनसाम्यात् भुजे लतात्वारोपः) विद्युतः लेखापङ्क्तिः इव राजते शोभते । अत्र हि 'नीलकण्ठस्य कण्ठः' इति लाटानुप्रासः 'भुज एव लता' इति रूपकम् । 'विद्युल्लेखेव' इति उपमा च । अत्र चैषामलङ्काराणां परस्परानपेक्षतया संसृष्टिः । पथ्यावक्त्रम् वृत्तम् ॥२॥

नान्द्याः अन्ते अवसाने । नन्दन्ति देवता अस्यामिति नान्दी । तथा चोक्तम् 'आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रयुज्यते । देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ।' अथवा—'आशीर्वचनसंयुक्तः श्लोकः काव्यार्थसूचकः । नान्दीति कथ्यते प्राज्ञैः' । इयं हि अष्टपदात्मिका पत्रावली नाम नान्दी तल्लक्षणन्तु—

'यस्यां बीजस्य विन्यासो ह्यभिधेयस्य वस्तुनः ।
श्लेषेण वा समासोक्त्या नान्दी पत्रावलीति सा ॥"

सूत्रधारः—प्रधाननटः । सूत्रं प्रयोगानुष्ठानं धारयति । तदुक्तम् । नाट्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते । सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो निगद्यते ॥'
परिषदां सभ्यानां कुतूहलस्य औत्सुक्यस्य विमर्दकारिणा हानिकरेण विघ्नकरेण

मार्यमिश्रान्प्रणिपत्य विज्ञापयामि—यदिदं वयं मृच्छकटिकं नाम प्रकरणं प्रयोक्तुं व्यवसिताः। एतत्कविः किल

द्विरदेन्द्रगतिश्चकोरनेत्रः परिपूर्णेन्दुमुखः सुविग्रहश्च।
द्विजमुख्यतमः कविर्बभूव प्रथितः शूद्रक इत्यगाधसत्त्वः ॥३॥

अपि च,

ऋग्वेदं सामवेदं गणितमथ कलां वैशिकीं हस्तिशिक्षां,
ज्ञात्वा शर्वप्रसादाद् व्यपगततिमिरे चक्षुषी चोपलभ्य।
राजानं वीक्ष्य पुत्रं परमसमुदयेनाश्वमेधेन चेष्ट्वा,
लब्ध्वा चायुः शताब्दं दशदिनसहितं शूद्रकोऽग्निं प्रविष्टः ॥४॥

अपि च;

समरव्यसनी प्रमादशून्यः ककुदं वेदविदां तपोधनश्च।
परवारणबाहुयुद्धलुब्धः क्षितिपालः किल शूद्रको बभूव ॥५॥

वा परिश्रमेण अलम् अधिकतरनान्दीपाठादिश्रमो व्यर्थ इति भावः। आर्यान् मान्यान् मिश्रान् अभ्यस्तबहुशास्त्रान्। मृदः शकटं मृच्छकटं चारुदत्तपुत्ररोहतस्य क्रीडनार्थं षष्ठेऽङ्के वर्णितम्, मृच्छकटम् अत्र अस्ति इति मृच्छकटिकम् 'अत इनिठनौ' (पा० ५।२।११५) इति ठन्। अथवा, मृन्निर्मिता शकटिका मृच्छकटिका सास्त्यस्मिन्निति। अथवा, मृदः शकटिकाऽस्मिन्निति बहुव्रीहिः। प्रकरणं रूपकविशेषः। तल्लक्षणं चोक्तं दशरूपके—

'अथ प्रकरणे वृत्तमुत्पाद्यं लोकसंश्रयम्।
अमात्यविप्रवणिजामेकं कुर्याच्च नायकम् ॥
धीरप्रशान्तं सापायं धर्मकामार्थतत्परम्।
शेषं नाटकवत् सन्धिप्रवेशकरसादिकम्।
नायिका तु द्विधा नेतुः कुलस्त्री गणिका तथा।
क्वचिदेकैव कुलजा वेश्या क्वापि द्वयं क्वचित् ॥
कुलजाभ्यन्तरा बाह्या वेश्या नातिक्रमोऽनयोः।
आभिः प्रकरणं त्रेधा संकीर्णं धूर्तसङ्कुलम् ॥

'उन्मुखीकरणं तत्र प्रशंसातः प्रयोजनम्' इति वचनानुसारेण सामाजिकानां प्रोत्साहनार्थं प्ररोचनामवतारयति—द्विरदेति। द्वौ रदौ दन्तौ यस्य सः द्विरदः हस्ती, द्विरदेषु इन्द्र इव द्विरदेन्द्रः गजपतिः तस्य गतिरिव गतिः यस्य सः गजेन्द्रवत् गम्भीरगतिः, चकोरस्य इव नेत्रे यस्य तादृशः परिपूर्णः सकलकलायुतः इन्दुः सुधाकरः इव मुखं यस्य तादृशः शोभनः विग्रहः शरीरं यस्य तादृशः अगाधं सत्त्वं बलं यस्य

(मङ्गलाचरण) से बस करो । इस प्रकार मैं आप आदरणीयों (सभ्य लोगों) को प्रणाम करके सूचित करता हूँ कि हम इस मृच्छकटिक नामक प्रकरण का अभिनय करने को उद्यत हैं ।

यह कवि निःसन्देह हाथियों (द्विरद-दो दाँतों वाला) के राजा के समान (मन्थर) गति वाला, चकोर जैसी आँखों वाला, पूर्ण चन्द्रमा के समान (कमनीय) मुख वाला, । सुन्दर शरीर (= विग्रह) वाला क्षत्रियों (द्विजों) में श्रेष्ठतम, अगाध बलयुक्त शूद्रक नामक प्रसिद्ध कवि हुआ ।।३।।

और भी—

ऋग्वेद, सामवेद, गणित, कलाओं, नाट्यशास्त्र और हस्तिचालन की शिक्षा प्राप्त करके, शिवजी की कृपा से अज्ञान रूपी अन्धकार से मुक्त ज्ञान-चक्षुओं को प्राप्त करके, (अपने) पुत्र को राजा के रूप में देखकर (अपनी) परम उन्नति करने वाला अश्वमेध यज्ञ करके सौ वर्ष और दस दिन की आयु पाकर शूद्रक अग्नि में प्रविष्ट हो गया ।।४।।

और भी—

युद्ध-प्रेमी, प्रमाद-रहित, वेद के ज्ञाताओं में प्रवीण (ककुद), तपस्वी, शत्रुओं के हाथियों के साथ बाहुयुद्ध (कुश्ती) करने का इच्छुक शूद्रक (नाम का) राजा हुआ ।।५।।

तादृशः द्विजेषु मुख्यतमः श्रेष्ठः शूद्रक इति नाम्ना प्रथितः प्रसिद्धः कविः बभूव । उपमालङ्कारः । मालभारिणी वृत्तम् ।।३।।

प्रकारान्तरेण शूद्रकं विशेषयति— ऋग्वेदमिति । ऋग्वेदं, सामवेदं, गणितं, कलां नृत्यगीतादिरूपां चतुःषष्टिसंख्यकां विद्याम् अथवा वैशिकीं कलां वेशः नेपथ्यग्रहणं तत्सम्बन्धिनीं नाट्यकलाम्; हस्तिशिक्षां गजचालनादिशिक्षां च ज्ञात्वा, शर्वस्य शिवस्य प्रसादात् कृपया व्यपगतं तिमिरम् अज्ञानान्धकारः ययोः तादृशे चक्षुषी ज्ञाननेत्रे च उपलभ्य प्राप्य, पुत्रं राजानं वीक्ष्य राज्ये स्थापयित्वा, परमः समुदयः समुत्कर्षः यस्मात् तथाभूतेन अश्वमेधनामके। यागेन इष्ट्वा दशदिनसहितं शताब्दं शतवर्षमितम् आयुः च लब्ध्वा शूद्रकः अग्निं प्रविष्टः । स्रग्धरा वृत्तम् ।।४।।

पुनरपि प्रकारान्तरेण शूद्रकं प्रशंसति—समरेति । समरेषु व्यसनी प्रसक्तः, प्रमादेन अनवधानतया शून्यः रहितः [प्रमादोऽनवधानता-इत्यमरः] वेदविदां ककुदः श्रेष्ठः प्रमुखो वा तपोधनः तप एव धनं यस्य तादृशः, परेषां वारणैः शत्रुगजैः सह बाहुयुद्धे मल्लयुद्धे लुब्धः प्रसक्तः परेषां वारणरूपे बाहुयुद्धे प्रसक्तो वा; शूद्रको नाम क्षितिपालः किल इति (प्रसिद्धौ) बभूव । तथा च सर्वगुणसम्पन्नोऽयं राजा —इति व्यज्यते । मालभारिणी वृत्तम् ।।५।।

अस्यां च तत्कृतौ

अवन्तिपुर्यां द्विजसार्थवाहो युवा दरिद्रः किल चारुदत्तः ।
गुणानुरक्ता गणिका च यस्य वसन्तशोभेव वसन्तसेना ॥६॥
तयोरिदं सत्सुरतोत्सवाश्रयं नयप्रचारं व्यवहारदुष्टताम् ।
खलस्वभावं भवितव्यतां तथा चकार सर्वं किल शूद्रको नृपः ॥७॥

(परिक्रम्यावलोक्य च) अये, शून्येयमस्मत्सङ्गीतशाला । क्व नु गताः कुशीलवा भविष्यन्ति । (विचिन्त्य) आं, ज्ञातम् ।

शून्यमपुत्रस्य गृहं चिरशून्यं नास्ति यस्य सन्मित्रम् ।
मूर्खस्य दिशः शून्याः सर्वं शून्यं दरिद्रस्य ॥८॥

कृतं च संगीतकं मया । अनेन चिरसंगीतोपासनेन ग्रीष्मसमये प्रचण्डदिनकर किरणोच्छुष्कपुष्करबीजमिव प्रचलिततारके क्षुधा ममाक्षिणी खटखटायेते । तद्यावद्गृहिणीमाहूय पृच्छामि, अस्ति किञ्चित्प्रातराशो न वेति । एषोऽस्मि भोः कार्यवशात्प्रयोगवशाच्च प्राकृतभाषी संवृत्तः । **अविद अविद भो, चिरसंगीदोवासणेण सुक्खपोक्खरणालाइं विअ मे बुभुक्खाए मिलणाइं अङ्गाइं । ता जाव गेहं ।**

अस्य प्रकरणस्य वस्तु संक्षेपतः बोधयति **अवन्तीति**—(अस्यां च तत्कृतौ मृच्छकटिके) **अवन्तिपुर्याम्** उज्जयिन्यां (यः) **सार्थवाहः** सार्थं वणिक्समूहं वहति नयति इति, द्विजश्च असौ सार्थवाहश्च **द्विजसार्थवाहः** (पूर्वं) वाणिज्यपरः ब्राह्मणः, **युवा** (सम्प्रति) **दरिद्रः चारुदत्तः किल** आसीत् । **वसन्तस्य शोभा इव वसन्तसेना** एतन्नामिका **गणिका च यस्य** औदार्यदाक्षिण्यादिभिः **गुणैः अनुरक्ता** आसीत् । उपमालङ्कारः । उपेन्द्रवज्रा वृत्तम् ॥६॥

तयोरिति—**तयोः** चारुदत्तवसन्तसेनयोः सन् शोभनः यः **सुरतोत्सवः** सुरतम् एव उत्सवः सः **आश्रयः** आधारः यस्य तं **नयस्य** नीतेः **प्रचारं** व्यवहारम् अथवा सत्सुरतोत्सवस्य आश्रयं विषयं नीतिव्यवहारम्; **व्यवहारस्य** विवादविचारस्य **दुष्टतां** सदोषताम्, **खलानां** (शकारादि) धूर्त्तानां **स्वभावं तथा भवितव्यतां च इदं सर्वं** (अस्यां स्वकृतौ) च **शूद्रकः नृपः चकार किल** ग्रथितवान् । वंशस्थवृत्तम् ॥७॥

'अये' इति विषादबोधकमव्ययम् । **कुशीलवाः** नटाः (नटाश्चारणाश्च कुशीलवाः इत्यमरः) **'आम्'** इति स्वीकृतौ स्मरणे वाऽव्ययम् **शून्यमिति**—**अपुत्रस्य** पुत्रहीनस्य **गृहं शून्यम्** अभिमतकार्यरहितम् ? **यस्य सन्मित्रं** श्रेष्ठमित्रं **नास्ति** तस्य **चिरशून्यं** चिरं दीर्घः समयः एव शून्यः सन्मित्रस्य अभिमतकार्यसाधकत्वात्; **मूर्खस्य दिशः** स्थानानि **शून्याः** शून्यानि **दरिद्रस्य** तु **सर्वं** गृहं, कालः, स्थान च **शून्यम्** । निर्धनस्य सर्वमेव दुःखकरम् अतः दरिद्रस्य मम संगीतशाला शून्येति **भावः** । अप्रस्तुतप्रशंसाऽ-

और उसकी इस रचना (मृच्छकटिक) में—उज्जयिनी में (पहले) ब्राह्मण—व्यापारी किन्तु (बाद में) दरिद्र युवक चारुदत्त (रहता था) और वसन्त (ऋतु) की सुन्दरता जैसी (रमणीय) 'वसन्तसेना' नामक वेश्या (चारुदत्त) के गुणों के कारण (उससे) प्रेम करती थी ॥६॥

(इस मृच्छकटिक नाटक में) उन दोनों (चारुदत्त और वसन्तसेना) के श्रेष्ठ आनन्दोत्सव पर आश्रित नीति का आचरण, विवाद-विचार (व्यवहार) की दोषपूर्णता दुष्टों का स्वभाव तथा होनहार, इन सबका राजा शूद्रक ने ग्रथन किया है ॥७॥

(घूमकर और देखकर)—अरे ! हमारी यह संगीतशाला (तो) खाली है। नट कहाँ गये होंगे ? (सोचकर) हाँ जान लिया।

पुत्रहीन का घर सूना है, जिसका अच्छा मित्र नहीं है उसका सभी समय सूना (रहता) है। मूर्ख के लिये (सभी) दिशायें सूनी हैं, निर्धन के लिये सब कुछ सूना है ॥८॥

मैंने संगीत (का कार्य) कर लिया है। इतनी देर तक संगीत में तत्पर रहने से चंचल पुतलियों वाली मेरी आँखें भूख से, गर्मी के समय में प्रचण्ड सूर्य की किरणों से सूखे हुए कमल के बीज की भाँति खटखटा रही है, तो तब तक पत्नी को बुलाकर पूछता हूँ कुछ प्रातराश (कलेवा) है या नहीं। यह (मैं) कार्यवश और प्रयोगवश प्राकृत बोलने वाला हो गया हूँ।

खेद है कि देर तक संगीत का कार्य करने के कारण भूख से मेरे अंग सूखे हुए कमलनाल की तरह मुरझा गये हैं, तो तब तक घर जाकर पता लगाता हूँ कि

लङ्कारः। आर्या वृत्तम् ॥८॥

सङ्गीतकं नृत्यं गीतं तथा वाद्यं त्रयं सङ्गीतमुच्यते—इति संङ्गीतरत्नाकरः। प्रचण्डस्य दिनकरस्य किरणैः उच्छुष्कं यत् पुष्करबीजं कमलबीजं तद्वत्। प्रचलिते तारके ययोः ते अक्षिणीः क्षुधया बुभुक्षया खटखटायेते खटखटशब्दं कुरुतः (टि०)—इत्यसम्बद्धप्रलापेन भाविनः शकारासम्बद्धभाषणस्य सूचनम् इति पृथ्वीधरः। कार्यवशात् प्रयोजनवशात्। प्रयोगवशात्—'स्त्रीषु नाप्राकृतं वदेत्' इति सुकुमारत्वेन सुप्रयोगत्वं प्राकृतस्य—इति पृथ्वीधरः। तथा च प्रयोगवशात्=नाटचप्रयोगनियमाद् इति भावः। नाटचप्रयोगार्थे हि बहुलं दृश्यते प्रयोगशब्दव्यवहारः यथा 'यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते" (सा० दर्पणः ६.३६)। अत्र च नटीसूत्रधारौ शौरसेनीभाषा-पाठकौ।

अविद अविद कष्टं कष्टम्। संविधीयते इति संविधानं तदेव संविधानकम् आयोजनम्। आयामी अतिदीर्घः तण्डुलोदकस्य तण्डुलप्रक्षालनजलस्य प्रवाहो यस्यां

गदुअ आणामि, अत्थि किंहि कुटुम्बणीए उववादिदं ण वेत्ति । (परिक्रम्यावलोक्य च ।) एदं तं अम्हाणं गेहम् । ता पविसामि । (प्रविश्यावलोक्य च) हीणामहे । किं ण क्खु अम्हाणं गेहे । अण्णं विअ संविहाणअं वट्टदि । आआमितण्डुलोदअप्पवाहा रच्छा लोहकडाहपरिवत्तणकसणसारा किदविसेसआ विअ जुअदी अहिअदरं सोहदि भूमी । सिणिद्धगन्धेण उद्दीविअन्ती विअ अहिअं बाधेदि मं बुभुक्खा । ता किं पुव्वज्जिद णिहाणं उव्वण्णं भवे । आदु अहं ज्जेव बुभुक्खादो अण्णमअं जीअलोअं पेक्खामि । णत्थि किल पादरासो अम्हाणं गेहे । पाणाधिअं बाधेदि मं बुभुक्खा इध सव्वं णवं संविहाणअं वट्टदि । एक्का वण्णअं पीसेदि अवरा सुमणाइं गुम्फेदि । (विचिन्त्य) किं णेदम् । भोदु कुटुम्बिणिं सद्दाविअ परमत्थं जाणिस्सम् (नेपथ्याभिमुखामवलोक्य ।) अज्जे, इदो दाव । [अविद, अविद, भोः चिरसंगीतोपासनेन शुष्कपुष्करनालानीव मे बुभुक्षया म्लानान्यङ्गानि । तद्यावद्गृहं गत्वा जानामि, अस्ति किमपि कुटुम्बिन्या उपपादितं न वेति । इदं तदस्माकं गृहम् । तत्प्रविशामि । आश्चर्यम् । कि नु खल्वस्माकं गृहेऽन्यदिव संविधानकं वर्तते । आयामितण्डुलोदकप्रवाहा रथ्या लोहकटाहपरिवर्तनकृष्णसारा कृतविशेषकेव युवत्यधिकतरं शोभते भूमिः । स्निग्धगन्धेनोद्दीप्यमानेवाधिकं बाधते मां बुभुक्षा । तत्किं पूर्वार्जितं निधानमुत्पन्नं भवेत् । अथवाहमेव बुभुक्षातोऽन्नमयं जीवलोकं पश्यामि । नास्ति किल प्रातराशोऽस्माकं गृहे । प्राणाधिकं बाधते मां बुभुक्षा इह सर्वं नवं संविधानकं वर्तते । एका वर्णकं पिनष्टि, अपरा सुमनसो ग्रथ्नाति । किन्विदम् । भवतु । कुटुम्बिनीं शब्दाय्य परमार्थं ज्ञास्यामि-आर्ये इतस्तावत् ।]

नटी—(प्रविश्य) । अज्ज इअम्हि । [आर्य इयस्मि ।]

सूत्रधारः—अज्जे, साअदं दे [आर्ये स्वागतं ते ।]

नटी—आणवेदु अज्जो को णिओओ अणुचिट्ठीअदु त्ति । [आज्ञापयत्वार्यः को नियोगोऽनुष्ठीयतामिति ।]

सूत्रधारः—अज्जे, (चिरसंगीदोवासणेण इत्यादि पठित्वा) अत्थि किं पि अम्हाणं गेहे असिदव्वं ण वेत्ति । [अर्ये, अस्ति किमप्यस्माकं गेहेऽशितव्यं न वेति ।]

नटी—अज्ज, सव्वं अत्थि । [आर्य, सर्वमस्ति ।]

सूत्रधारः—किं किं अत्थि । [किं किमस्ति ।]

नटी—तं जधा—गुडोदणं घिअं दहिं तण्डुलाइं अज्जेण अत्तव्वं रसाअणं सव्वं अत्थि त्ति । एव्वं दे देवा आसासेदु । [तद्यथा—गुडौदनं घृतं दधि तण्डुलाः आर्येणात्तव्यं रसायनं सर्वमस्तीति । एवं तव देवा आशासन्ताम् ।]

गृहिणी ने कुछ (खाने के लिये) बनाया भी है या नहीं। (घूमकर और देखकर) यही हमारा घर है। इसमें प्रवेश करता हूँ। (प्रवेश करके और देखकर) आश्चर्य! हमारे घर में तो कुछ दूसरा ही आयोजन हो रहा है। गली विस्तृत चावलो के जल-प्रवाह से व्याप्त है। लोहे की कड़ाही को (मांजने के लिये) घुमाने से चितकबरी हुई भूमि काला तिलक लगाये हुए युवती के समान अत्यधिक शोभित हो रही है। (घी आदि की) स्निग्ध गन्ध से उद्दीप्त हुई भूख मुझे अधिक पीड़ित कर रही है, तो क्या पूर्वजों द्वारा अर्जित खजाना (गुप्तधन) निकल आया। या मैं ही भूख से संसार को अन्नमय देख रहा हूँ। हमारे घर में कलेवा (तो) है ही नहीं। भूख के मारे मेरे प्राण निकले जा रहे हैं। यहाँ सब नया आयोजन है। एक सुगन्धित द्रव्य पीस रही है, दूसरी फूलों को गूंथ रही है। (सोचकर) यह क्या (बात) है? अच्छा! गृहिणी को पुकार कर यथार्थ बात जान लूँ। (नेपथ्य की ओर देखकर) आर्ये, इधर तो आना।

नटी—(प्रवेश करके) आर्ये, यह (मैं) हूँ।

सूत्रधार—आर्ये, तुम्हारा स्वागत है।

नटी—आर्य, आज्ञा दें, आपकी किस आज्ञा का पालन किया जाये?

सूत्रधार—आर्ये, (बहुत देर तक संगीत का सेवन करने से, इत्यादि को पढ़कर) हमारे घर में खाने योग्य कुछ है या नहीं?

नटी—आर्य, सब कुछ है।

सूत्रधार—क्या-क्या है?

नटी—जैसे—गुड़भात, घी, दही, चावल—आर्य के खाने योग्य सब सरस-भोजन है। इस प्रकार आपके देवता (उपरोक्त पदार्थों की प्राप्ति के लिये) आशीर्वाद दें।

तथाभूता रथ्या। लोहस्य कटाहः तस्य परिवर्तनेन इतस्ततः चालनेन कृष्णसारा चित्रा भूमिः कृतः विशेषक. तिलकः यया तथाभूता युवती इव शोभते। प्राणाधिकं प्राणेषु अधिकं=जावने सोढुम् अशक्यं यथा स्यात् तथा प्राणात्ययम् इति पाठान्तरं प्राणानामत्ययो यथा स्यात् तथा इत्यर्थः। उभयथापि क्रियाविशेषणम्। वर्णकं कस्तूर्यादिकं हरिद्रादिकं वा।

गुडौदनं गुडेन ओदनं गुडमिश्रितम् ओदनं वा। रसायनं रसानाम् अयनम् आश्रयभूतं सरसं भोज्यमिति भावः। आशासन्तां प्रसादविषयीकुर्वन्तु। स्वगतम् प्रकाशं च द्वे नाट्योक्ती। एतयोश्च लक्षणं दर्पणे—"अश्राव्यं खलु यद्वस्तु तदिह स्वगतं मतम्। सर्वश्राव्यं प्रकाशं स्यात्"—इत्युक्तम्। छेत्स्यति छिन्ना भग्ना वा

सूत्रधारः— किं अम्हाणं गेहे सव्वं अत्थि । आदु परिहंससि । [किमस्माकं गेहे सर्वमस्ति । अथवा परिहससि ।]

नटी—(स्वगतम्) परिहसिस्सं दाव । (प्रकाशम्) अज्ज, अत्थि आवणे । [परिहसिष्यामि तावत् ।] [आर्य, अस्त्यापणे ।]

सूत्रधारः—(सक्रोधम्) आः अणज्जे, एव्वं दे आसा छिज्जिस्सदि । अभावं अ गमिस्ससि । जं दाणि अहं वरण्डलम्बुओ विअ दूरं उक्खिविअ पाडिदो । [आः अनार्ये, एवं तवाशा छेत्स्यति । अभावं च गमिष्यसि । यदिदानीमहम्, वरण्ड-लम्बुक इव दूरमुत्क्षिप्य पातितः ।]

नटी—मरिसेदु मरिसेदु अज्जो । परिहासो क्खु एसो । [मर्षतु मर्षत्वार्यः परिहासः खल्वेषः ।]

सूत्रधारः—ता किं उण इदं णवं विअ संविहाणअं वट्टदि । एक्का वण्णअं पीसेदि, अवरा सुमणाओ गुम्फेद, इअं अ पञ्चवण्णकुसुमोवहारसोहिदा भूमी । [तत्किं पुनरिदं नवमिव संविधानकं वर्तते । एका वर्णकं पिनष्टि, अपरा सुमनसो गुम्फति, इयं च पञ्चवर्णकुसुमोपहारशोभिता भूमिः ।]

नटी—अज्ज उववासो गहिदो । [अद्योपवासो गृहीतः ।]

सूत्रधारः—किं णामधेओ अअं उववासो । [किं नामधेयोऽयमुपवासः ?]

नटी—अहिरूअवदी णाम । [अभिरूपपतिर्नाम ।]

सूत्रधारः—अज्जे, इहलोइओ आदु पारलोइओ । [आर्ये, इहलौकिकोऽथवा पारलौकिकः ?]

नटी—अज्ज, पारलोइओ । [आर्य, पारलौकिकः ।]

सूत्रधारः (सरोषम्) पेक्खन्तु पेक्खन्तु अज्जमिस्सा । ममकेरकेण भत्तपरि-व्वारेण पारलोइओ भत्ता अण्णेसीअति । [प्रेक्षन्तां प्रेक्षन्तामार्यमिश्राः । मदीयेन भक्तपरिव्ययेन पारलौकिको भर्तान्विष्यते ।]

नटी—अज्ज, पसीद पसीद । तुमं ज्जेव जम्मन्तरे भविस्ससि त्ति । [आर्य, प्रसीद प्रसीद । त्वमेव जन्मान्तरे भविष्यसीति ।]

सूत्रधारः—अयं उववासो केण दे उवदिट्ठो । [अयमुपवासः केन तवोप-दिष्टः ?]

नटी—अज्जस्स ज्जेव पिअवअस्सेन जूण्णवुड्ढेण । [आर्यस्यैव प्रियवयस्येन जूर्णवृद्धेन ।]

सूत्रधार—(सकोपम्) आः दासीए पुत्त जूण्णवुड्ढ, कदा णु क्खु तुमं कुवि-देण रण्णा पालएण णववहूकेसहत्थं विअ सुअन्धं कप्पिज्जन्तं पेक्खिस्सम् । [आः दास्याः पुत्र जूर्णवृद्ध, कदा नु खलु त्वां कुपितेन राज्ञा पालकेन नववधूकेश-हस्तमिव सुगन्धं छेद्यमान प्रेक्षिष्ये ।]

सूत्रधार—क्या हमारे घर में सब कुछ है, यां परिहास कर रही हो ?

नटी—(अपने आप) तो परिहास करूँगी। (प्रकट रूप में) बाजार में है।

सूत्रधार—री दुष्टा। इसी प्रकार तेरी आशा नष्ट हो जायगी और तू अभाव (नाश) को प्राप्त होगी। क्योंकि इस समय मैं (ढेंकुली के) लम्बे लट्ठे से (एक कोने पर) बंधे हुए मिट्टी के ढेले के समान ऊंचा उठाकर पटक दिया गया हूँ।

नटी—आर्य, क्षमा करें, क्षमा करें। वास्तव में यह परिहास था।

सूत्रधार—तो फिर यह नवीन-सा आयोजन क्या है ? एक (युवती) सुगन्धित द्रव्य पीस रही है, दूसरी पुष्पों को गूंथ रही है, और यह भूमि पचरंगे पुष्पों के उपहार से शोभित है।

नटी—आज उपवास ग्रहण किया है ?

सूत्रधार—इस उपवास का क्या नाम है ?

नटी—(इसका नाम) अभिरूपपति (जिससे अनुकूल पति मिलता है) व्रत है।

सूत्रधार—आर्ये, इस लोक में होने वाला (पति) अथवा परलोक में ?

नटी—आर्य, परलोक में होने वाला।

सूत्रधार—(क्रोधपूर्वक), सज्जनों देखिए, देखिए। मेरे भात के व्यय द्वारा पारलौकिक पति ढूंढा जा रहा है।

नटी—आर्य, प्रसन्न हो जाइये, प्रसन्न हो जाइये। तुम ही दूसरे जन्म में (पति) होगे (इसलिये व्रत कर रही हूँ)।

सूत्रधार—यह उपवास तुम्हें किसने बताया ?

नटी—आर्य के ही प्रिय मित्र जूर्णवृद्ध ने !

सूत्रधार—(क्रोधपूर्वक) अरे दासी के पुत्र जूर्णवृद्ध, क्रोधित राजा पालक के द्वारा, नववधू के सुवासित केशपाश के समान, तुझे चीरा जाता हुआ मैं कब देखूँगा।

भविष्यति। अभावं विनाशम् च प्राप्स्यसि—अनेन वसन्तसेनायाः प्रवहणविपर्यास—मोटनयोः सूचनमिति पृथ्वीधरः। वरण्डः दीर्घकाष्ठं तस्य लम्बुकं तत्प्रान्तनिबद्धः मृत्तिकास्थूणः सः हि द्रोण्यां पानीयोद्धारे दूरमुत्थाप्याधः पात्यते—इति पृथ्वीधरः (विशेषस्तु टिप्पण्यां द्रष्टव्यः)।

पञ्चवर्णानां कुसुमानाम् उपहारेण शोभिता भूमिः। उपवासः उपोष्यतेऽस्मिन्निति व्रतम्। पारलौकिक इत्यनेन पालकव्युदासेन नायकान्तरलाभसूचनम्—इति। पृथ्वीधरः। अभिरूपः सुन्दरः विद्वान् वा पतिः यस्मात्। 'आः' इति आक्षेपे (अव्ययम्)।

केशहस्तम् इति पाठान्तरं केशकलापम्—इत्येवार्थः। छेद्यमानं 'कपिज्जन्तं' इति प्राकृतपाठः तस्य च जूर्णवृद्धपक्षे 'छेद्यमानं' वधूपक्षे च 'कल्प्यमानम्' इति संस्कृतम् (टि०)—अनेन संहाराङ्के चारुदत्तनिग्रहसूचनम् इति पृथ्वीधरः।

नटी पसीददु अज्जो । अज्जस्स ज्जेव पारलोइओ अअं उववसो । (इति पादयोः पतति) [प्रसीदत्वार्यः आर्यस्यैव पारलौकिकोऽयमुपवासः ।]

सूत्रधारः—अज्जे उट्ठेहि । कधेहि एत्थ उववासे केण कज्जम् । [आर्ये, उत्तिष्ठ । कथयात्रोपवासे केन कार्यम् ।

नटी—अम्हारिसजणजोग्गेण ब्रह्मणेण उवणिमन्तिदेण । [अस्मादृशजन-योग्येन ब्राह्मणेनोपनिमन्त्रितेन ।]

सूत्रधारः—अदो गच्छदु अज्जा । अहंपि अम्हारिसजणजोग्गं बह्मणं उवणिम-न्तेमि । [अतो गच्छत्वार्या । अहमप्यस्मादृशजनयोग्यं ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयामि ।

नटी—ज अज्जो आणवेदि । [यदार्य आज्ञापयति ।] (इति निष्क्रान्ता)

सूत्रधारः—(परिक्रम्य) हीमाणहे । का कधं मए एव्वं सुसमिद्धाए उज्जइणीए अम्हारिसजणजोग्गो बह्मणो अण्णेसिदव्वो (विलोक्य) एसो चारुदत्तस्स मित्तम् मित्तेओ इदो जेव्व आअच्छदि । भोदु । पुच्छिस्सं दाव । अज्ज मित्तेअ, अम्हाणं गेहे असिदु अग्गणी भोदु अज्जो । [आश्चर्यम् तस्मात्कथं मयैवं सुसमृद्धाया-मुज्जयिन्यामस्मादृशजनयोग्यो ब्राह्मणोऽन्वेषितव्यः । एष चारुदत्तस्य मित्रम् मैत्रेय इत एवागच्छति । भवतु । प्रक्ष्यामि तावत् । अद्य मैत्रेय, अस्माकं गृहेऽशितुमग्रणीर्भवत्वार्यः ।

(नेपथ्ये)

भो अण्णं बह्मणं उवणिमन्तेदु भवम् । ववुडो दाणि अहम् । [भोः, अन्यं ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयतु भवान् । व्यापृत इदानीमहम् ।]

सूत्रधारः—अज्जं, संपण्णं भोअणं णीसवत्तं अ । अवि अ दक्खिणा वि दे भविस्सदि । [आर्य, सम्पन्नं भोजनं निःसपत्नं च । अपि च दक्षिणापि ते भविष्यति ।]

(पुनर्नेपथ्ये)

भो, दाणिं पढमं ज्जेव पच्चादिट्ठोसि ता को दाणिं दे णिब न्धो पदे पदे मम् अनुबन्धेदुम् । [भोः इदानीं प्रथममेव प्रत्यादिष्टोऽसि, तत्किं इदानीं ते निर्बन्धः पदे पदे मामनुरोद्धुम् ।]

सूत्रधारः—पच्चादिट्ठोम्हि एदिणा । भोदु अण्णं बह्मणं उवणिमन्तेमि । [प्रत्यादिष्टोऽस्म्येतेन । भवतु । अन्यं ब्राह्मणमुपनिमन्त्रयामि ।] (इति निष्क्रान्तः) ।

इत्यामुखम्

अग्रणीः अग्रेसरः । नेपथ्ये वेशपरिग्रहस्थाने [अन्तर्जवनिकामाहुर्नेपथ्यम्] ।

नटी—आर्य, प्रसन्न हों। यह पारलौकिक उपवास तो आर्य के ही लिये है। (पैरों पर गिरती है)

सूत्रधार—आर्ये, उठो। बतलाओ इस उपवास में किस (व्यक्ति) से प्रयोजन है।

नटी—अपने योग्य ब्राह्मण को निमन्त्रित करने से।

सूत्रधार—तब आर्ये (तुम) जाओ। मैं भी अपने योग्य ब्राह्मण को निमन्त्रित करता हूँ।

नटी—जो आर्य आज्ञा देते हैं। (चली जाती है)

सूत्रधार—(घूमकर) आश्चर्य ! तो किस प्रकार इस सुसम्पन्न उज्जयिनी में अपने योग्य ब्राह्मण को ढूंढा जाये ? यह चारुदत्त का मित्र मैत्रेय इधर ही आ रहा है। अच्छा पूछूँ तो। आर्य मैत्रय, आज आप हमारे घर भोजन करने के लिये अग्रणी हों।

(नेपथ्य में)

अरे ! आप दूसरे ब्राह्मण को निमन्त्रण दें। इस समय मैं व्यस्त हूँ।

सूत्रधार—आर्य, भोजन बढ़िया (सम्पन्न) है तथा (इसमें) दूसरा विपक्षी भी नहीं (निःसपत्न)। इसके अतिरिक्त तुम्हारी दक्षिणा भी होगी।

(फिर नेपथ्य में)

अरे ! (तुम्हें जब) अभी पहले ही मना कर दिया गया है, तो इस समय पग-पग पर मुझसे अनुरोध के लिये तुम्हारा क्यों आग्रह है।

सूत्रधार—इसने (तो) मना (ही) कर दिया। अच्छा, दूसरे ब्राह्मण को निमन्त्रित करता हूँ।

(बाहर चला जाता है)

(आमुख समाप्त)

व्यापृतः कार्यान्तरे व्यस्तः। सम्पन्नं मृष्टं पक्वम् समृद्धं वा (टि०)। निःसपत्नं विपक्षहीनम्। प्रत्याविष्टः निराकृतः। निर्बन्धः आग्रहः। अनुबन्धुम् अनुरोद्धुम्।

आमुखं प्रस्तावना। यथोक्तं साहित्यदर्पणे (६.३१·६२)—

'नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विक एव वा।
सूत्रधारेण सहिताःसंलापं यत्र कुर्वते॥
चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनापि सा॥

सा च प्रस्तावना पञ्चविधा भवति। अत्र हि तेषां प्रयोगातिशयो नाम प्रस्तावनाभेदः। तथा हि—यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते तेन पात्र-

(प्रविश्य प्रावारहस्तः)

मैत्रेयः—('अण्णं बम्हणं' इति पूर्वोक्तं पठित्वा)अधवा, मए वि मित्तेएण परस्स आमन्तणआइं भच्छिदव्वाइं। हा अवत्थे, तुलीअसि। जो णाम अहं तत्तभवदो चारुदत्तस्स रिद्धीए अहोरत्त पअत्तणसिद्धेहिं उग्गारसुरहिगन्धेहिं मोदकेहिं ज्जेव असिदो अब्भन्तरचदुस्सालअदुआए उवविट्ठो मल्लकसदपरिवुदो चित्तअरो विअ अङ्गुलीहिं छिविअ-छिविअ अवणेमि। णअरचत्तरवुसहो विअ रोमन्थाअमाणो चिट्ठामि। सो दाणिं अहं तस्य दलिद्ददाए जहिं तहिं चरिअ गेहपारावदो विअ आवासणिमित्तं इध आ, अच्छामि। एसो अ अज्जचारुदत्तस्स पिअवअस्सेण जुण्णवुड्ढेण जादीकुसुमवासिदो पावारओ अणप्पेसिदो सिद्धीकिददेवकज्जस्स अज्जचारुदत्तस्स उवणेदव्वेत्ति। ता जाव अज्जचारुदत्तं पेक्खामि। (परिक्रम्यावलोक्य च।) एसो चारुदत्तो सिद्धीकिददेवकज्जो गिहदेवदाणं बलिं हरेन्तो इदो ज्जेव आअच्छदि। [अथवा मयापि मैत्रेयेण परस्यामन्त्रणकानि समीहितव्यानि। हा अवस्थे, तुलयसि। यो नामाहं तत्रभवतश्चारुदत्तस्य ऋद्ध्याहोरात्रं प्रयत्नसिद्धैरुद्गारसुरभिगन्धिभिर्मोदकैरेवाशितोऽभ्यन्तरचतुःशालकद्वारउपविष्टो मल्लकशतपरिवृतश्चित्रकर इवाङ्गुलीभिः स्पृष्ट्वा स्पृष्ट्वापनयामि। नगरचत्वरवृषभ इव रोमन्थायमानस्तिष्ठामि। स इदानीमहं तस्य दरिद्रतया यत्र तत्र चरित्वा गृहपारावत इवावासनिमित्तमत्रागच्छामि। एष चार्यचारुदत्तस्य प्रियवयस्येन जूर्णवृद्धेन जातीकुसुमवासितः प्रावारकोऽनुप्रेषितः सिद्धीकृतदेवकार्यस्यार्यचारुदत्तस्योपनेतव्य इति। तद्यावदार्यचारुदत्तं पश्यामि। एष चारुदत्तः सिद्धीकृतदेवकार्यो गृहदेवतानां बलिं हरन्नित एवागच्छति।]

(ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टश्चारुदत्तो रदनिका च)

चारुदत्तः—(ऊर्ध्वमवलोक्य सनिर्वेदं निश्वस्य)

यासां बलिः सपदि मद्गृहदेहलीनां
हंसैश्च सारसगणैश्च विलुप्तपूर्वः।

प्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तदा"।

अत्र हि निमन्त्रणार्थं कस्यचिद् ब्राह्मणस्यान्वेषणम् एकः प्रयोगः। तस्मिन् प्रस्तुते एष चारुदत्तस्य मित्रं मैत्रेय इत एवागच्छति'। इति द्वितीयः प्रयोगः। अनेन च द्वितीयेन प्रयोगेण मैत्रेयरूपस्य पात्रस्य प्रवेशः, अत्र कथोदघातो नाम प्रस्तावनाभेदः इति केचित्।

प्रावारः उत्तरीयं हस्ते यस्य सः। तुलयसि परीक्षसे। तूलयसि इति पाठे तूलङ्करोषि लघूकरोषि इत्यर्थः। 'तत्करोति तदाचष्टे' इति तूलशब्दात् णिच्।

(उत्तरीय हाथ में लिये प्रवेश करके)

मैत्रेय—(दूसरे ब्राह्मण को (इस पूर्वोक्त को पढ़ करके) या, मुझ मैत्रेय को भी दूसरों के निमन्त्रण की कामना करनी चाहिए। हाय (निर्धन) अवस्थे! (मेरी) परीक्षा ले रही हो। जो मैं पूज्य चारुदत्त की सम्पन्नता के कारण रात-दिन यत्नपूर्वक तैयार किये गये, (खाने के बाद) जिनका उद्गार (डकार) भी सुगन्धित है, ऐसे लड्डुओं (के खाने) से परितृप्त हुआ, भीतरी चतुःशाला के द्वार पर बैठा हुआ (खाद्य पदार्थों से पूर्ण) सैकड़ों पात्रों से घिरा हुआ चित्रकार के समान अंगुलियों से छू-छू करके छोड़ देता था, नगर प्राङ्गण के सांड की तरह जुगाली करता बैठा रहता था, वही मैं आजकल उस (चारुदत्त) की धनहीनता के कारण पालतू कबूतर के समान जहाँ-तहाँ घूमकर (भटक कर) बसेरे के लिये यहाँ आ जाता हूँ। आर्य चारुदत्त के प्रिय मित्र जूर्णवृद्ध ने जाती पुष्पों (चमेली) से सुवासित यह उत्तरीय भेजा है कि देवताओं की पूजा से निवृत्त हो जाने पर आर्य चारुदत्त को (इसे) देना, तो तब तक देवपूजा से निवृत्त आर्य चारुदत्त को देखता हूँ। (घूमकर और देखकर) यह आर्य चारुदत्त गृह-देवताओं की बलि को लिये हुए इधर ही आ रहे हैं।

(इसके बाद यथानिर्दिष्ट चारुदत्त और रदनिका प्रवेश करते हैं।)

चारुदत्त—(ऊपर देखकर और दुःख सहित लम्बी साँस लेकर) जिन मेरे घर की देहलियों पर (डाली हुई) बलि हंस और सारसों के झुण्डों के द्वारा पहले

प्रयत्नेन सिद्धैः निष्पन्नैः। उद्गारेषु सुरभिगन्धो येषां तथाभूतैः मोदकैः अशितः अशनेन तृप्तः मल्लकानां पात्रविशेषाणां [विदूषकपक्षे-व्यञ्जनादिपूरितपात्राणां, चित्रकारपक्षे-वर्णिकापात्राणाम्] शतेन परिवृतः अपनयामि त्यजामि, अत्यन्ततृप्तत्वात् चित्रकरोऽपि बिन्दुपातभयात् वर्णिकापात्रं स्पृष्टवा-स्पृष्ट्वा विक्षिपति। आवासनिमित्तं निवासार्थम्। सिद्धीकृतं निष्पादितं देवकार्यं देवार्चनं येन तस्य। षष्ठीव्रतकृतदेवकार्यस्य इति पाठान्तरम्; षष्ठीव्रते कृतं देवकार्यं येन तस्य इत्यर्थः। बलिं पूजाद्रव्यम्। 'प्राच्या विदूषकादीनाम्' इति दर्पणोक्तेः विदूषकस्य प्राच्या भाषा। 'एषः चारुदत्तः' इत्यादिना चारुदत्तस्य प्रवेशः सूच्यते।

सनिर्वेदं निर्वेदेन सहितम्; निर्वेदः दारिद्र्यजनितदुःखम्। 'निश्वस्य' इत्यस्य क्रियाविशेषणम्।

विगतवैभवश्चारुदत्तः सविषादं प्राक्तनीमवस्थां स्मृत्वा कथयति—यासामिति। यासां मद्गृहस्य देहलीनां तत्र दत्तः इत्यर्थः बलिः बल्यन्नं सपदि झटिति हंसैः सारसगणैः च पूर्वं पूर्वकाले विलुप्तः भक्षयित्वा समाप्यते स्म; तासु एव (पूर्वं बल्यन्नेन समृद्धासु देहलीसु) सम्प्रति अधुना मम दारिद्र्यावस्थायामिति यावत् (संस्काराभावात्) विरूढाः

तास्वेव संप्रति विरूढतृणाङ्कुरासु
वीजाञ्जलिः पतति कीटमुखावलीढः ॥९॥
(इति मन्दं मन्दं परिक्रम्योपविशति)

विदूषकः—एसो अज्जचारुदत्तो । ता जाव संपदं उवसप्पामि । (उपसृत्य) सोत्थि भवदे । वड्ढदु भवम् । [एष आर्यचारुदत्तः । तद्यावत्सांप्रतमुपसर्पामि । स्वस्ति भवते । वर्धतां भवान् ।]

चारुदत्तः—अये सर्वकालमित्रं मैत्रेय प्राप्तः । सखे स्वागतम् । आस्यताम् ।

विदूषकः – जं भवं आणवेदि । (उपविश्य) भो वअस्स एसो दे विअवअस्सेण जुण्णवुड्ढेण जादीकुसुमवासिदो पावारओ अणुप्पेसिदो सिद्धीकिददेवकज्जस्स अज्ज-चारुदत्तस्स तुए उवणेदव्वो त्ति । [यद्भवानाज्ञापयति । भो वयस्य एष ते प्रिय-वयस्येन जूर्णवृद्धेन जातीकुसुमवासितः प्रावारकोऽनुप्रेषितः सिद्धीकृतदेवकार्यस्या-र्यचारुदत्तस्य त्वयोपनेतव्य इति । (समर्पयति)

(चारुदत्तो गृहीत्वा सचिन्तः स्थितः)

विदूषकः – भो किं इदं चिन्तीअदि [भो, किमिदं चिन्त्यते]

चारुदत्तः—वयस्य,

सुखं हि दुःखान्यनुभूय शोभते
घनान्धकारेष्विव दीपदर्शनम् ।
सुखात्तु यो याति नरो दरिद्रतां
धृतः शरीरेण मृतः स जीवति ॥१०॥

विदूषकः—भो वअस्स, मरणादो दालिद्दादो वा कदरं दे रोअदि । [भो वयस्य, मरणाद्दारिद्र्याद्वा कतरन्ते रोचते]

विदूषकः—वयस्य

दारिद्र्यान्मरणाद्वा मरणं मम रोचते न दारिद्र्यम् ।
अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम् ॥११॥

उत्पन्नाः तृणाङ्करकाः यासु तथा भूतासु कीटमुखैः अवलीढः आस्वादितः खण्डितो वा बीजाञ्जलिः अञ्जलिपरिमितं वल्यन्नं पतति । पर्यायालङ्कारः । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥९॥

विदूषकः नायकस्य मित्रं तस्य शृङ्गारे सहायकः । तल्लक्षणं चोक्तं दर्पणे—
"कुसुमवसन्ताद्यभिधः कर्मवपुर्वेषभाषाद्यैः ।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः ॥"

(खाई जाकर) लुप्त कर दी जाती थी, आज उगे हुए तृणाङ्कुरों से युक्त उन्हीं देहलियों पर कीड़ों के मुख द्वारा खाये हुए बीजों की अञ्जलि गिरती हैं ॥९॥

(धीरे-धीरे घूमकर बैठ जाता है।)

विदूषक—यह आर्य चारुदत्त हैं, तो अब इनके समीप चलता हूँ (समीप जाकर) आपका कल्याण हो। आप वृद्धि को प्राप्त हों।

चारुदत्त—अरे सब समयों का मित्र मैत्रेय आया है। मित्र, स्वागत है। बैठिये।

विदूषक—जैसी आप आज्ञा देते हैं। (बैठकर) हे मित्र, जाती-पुष्पों (चमेली) से सुगन्धित यह उत्तरीय आपके प्रिय मित्र जूर्णवृद्ध ने भेजा है और कहा है कि तुम (यह उत्तरीय) देवताओं की पूजा से निवृत्त हुए आर्य चारुदत्त को दे देना। (समर्पित कर देता है)।

(चारुदत्त ग्रहण करके विचारमग्न हो जाते हैं)

विदूषक—अरे, यह क्या सोचा जा रहा है?

चारुदत्त—मित्र! दुःखों का अनुभव करने के अनन्तर सुख शोभित होता (अच्छा लगता) है, जिस प्रकार गहन अन्धकार में दीपक का दर्शन। किन्तु जो मनुष्य सुख से (सुख भोगने के अनन्तर) निर्धनता को प्राप्त होता है, वह तो शरीर धारण किये हुए भी मृतक के समान जीवन व्यतीत करता है ॥१०॥

विदूषक—हे मित्र, मृत्यु और निर्धनता में से तुम्हें कौनसी अच्छी लगती है?

चारुदत्त मित्र, निर्धनता और मृत्यु में से मृत्यु मुझे अच्छी लगती है, निर्धनता नहीं। मृत्यु में थोड़ा कष्ट है, किन्तु निर्धनता कभी न समाप्त होने वाला दुःख है ॥११॥

सर्वकालेषु सम्पत्सु विपत्सु च मित्रम्। जातीकुसुमैः वासितः। चिन्तया सहितः सचिन्तः।

शर्विलक—भाग्य से आर्य का मित्रवर्ग जीवित है।

चारुदत्त—तुम्हारी कृपा से।

शर्विलक—आर्ये वसन्तसेना, प्रसन्न हुए राजा आपको वधू शब्द से अनुगृहीत करते हैं।

पर्यवस्थापय रक्ष बालिशं बालकम् दिष्टया भाग्येन।

'कथं त्वया कठोरो व्यवसायः स्वीकृतः' इत्याह चारुदत्तः धूतां प्रति-हेति। हा प्रेयसि प्रियतमे, प्रेयसि स्वप्रियजने मयि विद्यमाने कः अयं कठोरः निष्ठुरः व्यवसायः अग्निप्रवेशनिश्चयः आसीत्। किम् ? भानौ सूर्ये अनस्तं गमिते अस्तं न प्राप्ते सति अम्भोजिनी कमलिनी लोचनमुद्रणं पुष्पसङ्कोचं करोति। सूर्यस्य अस्तं गमनात् पूर्वं कमलिनी न सङ्कोचं प्राप्नोत्येव। दृष्टान्तालङ्कारः। इन्द्रवज्रा वृत्तम् ॥५८॥

अचेतनेति—उच्यते, चुम्ब्यते इति पाठान्तरम्। ज्वलने अग्नौ प्रवेशस्य व्यवसायः निश्चयः तेन।

वसन्तसेना—अज्ज कदत्थम्हि । [आर्य, कृतार्थास्मि] ।

शर्विलकः—(वसन्तसेनामवगुण्ठ्य चारुदत्तं प्रति) आर्य किमस्य भिक्षोः क्रियताम् ?

चारुदत्तः—भिक्षो, किं तव बहुमतम् ?

भिक्षुः—इमं ईदिशं अणिच्चत्तणं पेक्खिअ दिउणतले मे पव्वज्जाए बहुमाणे संवुत्ते। [इदमीदृशमनित्यत्वं पेक्ष्य द्विगुणतरो मम प्रव्रज्यायां बहुमानः संवृत्तः ।]

चारुदत्तः—सखे दृढोऽस्य निश्चयः तत्पृथिव्यां सर्वविहारेषु कुलपतिरयं क्रियताम् ।

शर्विलकः—यथाहार्यः ।

भिक्षुः—पिअं णो पिअम् । [प्रियं न प्रियम् ।]

वसन्तसेना—संपदं जीवाविदम्हि । [सांप्रतं जीवापितास्मि ।]

शर्विलकः—स्थावरकस्य किं क्रियताम् ।

चारुदत्तः—सुवृत्त, अदासो भवतु । ते चाण्डालाः सर्वचाण्डालानामधिपतयो भवन्तु । चन्दनकः पृथवीदण्डपालको भवतु । तस्य र ष्ट्रीयश्यालस्य यथैव क्रिया पूर्वमासीत्, वर्तमाने तथैवास्यास्तु ।

शर्विलकः—एवं यथाहार्यः परमेनं मुञ्च मुञ्च । व्यापादयामि ।

चारुदत्तः—अभयं शरणागतस्य (शत्रुः कृतापराधः (१०।५४) इत्यादि पठति)

शर्विलकः—तदुच्यतां किं ते भूयः प्रियं करोमि ।

चारुदत्तः—अतः परमपि प्रियमस्ति ।

लब्धा चारित्रशुद्धिश्चरणनिपतितः शत्रुरप्येष मुक्तः
प्रोत्खातारातिमूलः प्रियसुहृदचलामार्यकः शास्ति राजा ।
प्राप्ता भूयः प्रियेयं प्रियसुहृदि भवान्सङ्गतो मे वयस्यो
लभ्यं किं चातिरिक्तं-यदपरमधुना प्रार्थयेऽहं भवन्तम् ॥५६॥

संविधानकं विधानम् आयोजनं वा । जीवितः सुहृद्वर्गः यस्य तथाभूतः । बहुमतम् अभीप्सितम् ।

सर्वमेव प्रियं जातमतः परमपि किं प्रियं स्यादित्याह चारुदत्त—लब्धेति । चारित्रस्य शुद्धिः पवित्रता निर्दोषता वा लब्धा प्राप्ता वसन्तसेनावधापवादकलङ्कः परिहृतः इत्यर्थः । एषः शत्रुः शकारः अपि चरणयोः निपतितः मुक्तः च । प्रोत्खातम् उन्मूलितम् अरातिमूलं येन स मम प्रियसुहृद् प्रियमित्रम् आर्यकः राजा सन् अचलां

वसन्तसेना—आर्य, कृतार्थ हो गई।

शर्विलक—(वसन्तसेना का अवगुण्ठन करके चारुदत्त से) आर्य, इस भिक्षुक का क्या किया जाये ?

चारुदत्त—भिक्षुक तुम्हें क्या अभीष्ट है ?

भिक्षु—इस प्रकार की संसार की अनित्यता को देखकर मेरा सन्यास में दुगना आदरभाव हो गया है।

चारुदत्त—मित्र, इसका निश्चय दृढ़ है। अतः पृथ्वी के समस्त बौद्ध मठों का कुलपति इसे बना दिया जाये।

शर्विलक—जैसा आर्य कहें।

भिक्षु—हमारे लिये आनन्ददायक है, आनन्ददायक।

वसन्तसेना—इस समय मुझे जीवित कर दिया गया है।

शर्विलक—स्थावरक का क्या किया जाना चाहिये ?

चारुदत्त—अच्छे आचरण वाला यह अब दास नहीं रहना चाहिये। वे चाण्डाल सब चाण्डालों के स्वामी बन जायें। चन्दनक पृथ्वी का दण्डनायक (न्यायाध्यक्ष या पुलिस का अध्यक्ष) हो जाये। उस राजश्यालक का जैसे पहले काम था, इस समय वैसा ही इसका रहे।

शर्विलक—जैसे आर्य ने कहा वैसा ही (होगा) किन्तु इसे छोड़ दो, छोड़ दो। इसे मारता हूँ।

चारुदत्त—शरणागत के लिये अभय है। (शत्रुः कृतापराधः १०।५४ इत्यादि पढ़ता है)

शर्विलक—तो बतलाइये कि आपका और क्या प्रिय करूँ ?

चारुदत्त—इससे अधिक भी क्या प्रिय है।

चरित्र की निर्दोषता प्राप्त कर ली, चरणों पर पड़े हुए शत्रु (शकार) को भी मुक्त कर दिया। शत्रुओं को उन्मूलित करके मेरा प्रिय मित्र आर्यक राजा हो गया तथा पृथ्वी का शासन करने लगा। यह प्रिया वसन्तसेना फिर मिल गई। प्रिय मित्र आर्यक से मिले हुए आप मेरे मित्र हो गये। इससे अधिक और क्या प्राप्त करना है, जिसकी मैं अब आपसे प्रार्थना करूँ।

पृथिवीं शास्ति। इयं प्रिया वसन्तसेना भूयः पुनः प्राप्ता। प्रियसुहृदि प्रियमित्रे आर्यके संङ्गतः भवान् शर्विलकः मे मम वयस्यः मित्रं जातः इति शेषः। किं च अतिरिक्तम् एभ्यः अधिकम् लभ्यं प्रापणीयमस्ति, अधुना अहं चारुदत्तः यद् अपरम् अन्यत् भवन्तं शर्विलकं प्रार्थये। यत् प्रापणीयं तत्सर्वमेव प्राप्तं न किमपि लभ्यमवशिष्यते इति भावः। समुच्चयालङ्कारः काव्यलिङ्गञ्च। स्रग्धरा वृत्तम् ॥५९॥

कांश्चित्तुच्छयति प्रपूरयति वा कांश्चिन्नयत्युन्नतिं
कांश्चित्पातविधौ करोति च पुनः कांश्चिन्नयत्याकुलान् ।
अन्योन्यं प्रतिपक्षसंहतिमिमां लोकस्थितिं बोधय-
न्नेष क्रीडति कूपयन्त्रघटिकान्यायप्रसक्तो विधिः ॥६०॥

तथापीदमस्तु (भरतवाक्यम्)

क्षीरिण्यः सन्तु गावो भवतु वसुमती सर्वसंपन्नसस्या
पर्जन्यः कालवर्षी सकलजनमनोनन्दिनो वान्तु वाताः ।
मोदन्तां जन्मभाजः सततमभिमता ब्राह्मणाः, सन्तु सन्तः
श्रीमन्तः पान्तु पृथ्वीं प्रशमितरिपवो धर्मनिष्ठाश्च भूपाः ॥६१॥

(इति निष्क्रान्ताः सर्वे)

संहारो नाम दशमोऽङ्कः

विधिरेव जनानां जीवनेन क्रीडां करोतीत्याह चारुदत्तः--कांश्चिदिति । कांश्चित् जनान् तुच्छयति तुच्छान् रिक्तान् करोति 'तत्करोति' इति णिच् । कांश्चित् प्रपूरयति वा पूर्णान् करोति । कांश्चिद् उन्नतिम् अभ्युदयं नयति । कांश्चित् पातविधौ पतनकर्मणि करोति च प्रेरयति । कांश्चित् पुनः आकुलान् व्याकुलान् नयति करोति-इत्यर्थः । इमाम् अन्योन्यं प्रतिपक्षाणां रिक्ततापूर्णताप्रभृतीनां विरोधिनां संहतिः समवायः यत्र तादृशीं लोकस्थितिं लोकावस्थां बोधयन् कूपयन्त्रस्य जलोद्धरणयन्त्रस्य घटिकानां क्षुद्रघटानां यः न्यायः पद्धतिः एकस्याः रिक्तता, अन्यस्याः जलपूरण कस्याश्चिद् उन्नतिः कस्याश्चिच्च पतनम् तस्मिन् (न्याये) प्रसक्तः तत्परः एषः विधिः क्रीडति निदर्शनालङ्कारः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥६०॥

भरतस्य नटस्य वाक्यम् आशीर्वचनम् । (टि०)

किन्हीं को रिक्त (तुच्छ) करता है, किन्हीं को पूर्ण करता है। किन्हीं को उन्नति की ओर ले जाता है तथा किन्हीं का पतन करता है और किन्हीं को तो व्याकुलता में ही डाल देता है। इस प्रकार परस्पर विरोधियों (रिक्तता-पूर्णता आदि) की समष्टि से युक्त इस संसार की अवस्था का बोध कराता हुआ, कूपयन्त्र (रहट) की घटिकाओं की पद्धति का अनुसरण करने वाला वह भाग्य क्रीड़ा करता है ॥६०॥

फिर भी यह होवे—

(भरतवाक्य)

गौएँ (प्रचुर) दूध वाली हों, पृथ्वी सब प्रकार के धान्य से पूर्ण हो। मेघ समय पर बरसने वाला हो, समस्त जनों के मन को आनन्दित करने वाली वायु चले। प्राणधारी निरन्तर सुखी रहें, पूज्य ब्राह्मण लोग उत्तम शील वाले हों, समृद्धिशाली, शत्रुओं का नाश करने वाले तथा धर्मनिष्ठ राजा पृथ्वी का पालन करें ॥६१॥

(सब निकल जाते हैं)

उपसंहार नामक दशम अङ्क समाप्त

क्षीरिण्य इति। गावः धेनवः क्षीरिण्यः दुग्धवत्यः सन्तु। वसुमती पृथ्वी सर्वसम्पन्नसस्या सर्वाणि च तानि सम्पन्नानि च सस्यानि यस्यां तादृशी भवतु। पर्जन्यः मेघः कालवर्षी काले यथासमयं वर्षतीति तथा भवतु। सकलजनानां मनांसि नन्दयतीति तथाभूताः वाताः पवनाः वान्तु वहन्तु। जन्मभाजः देहधारिणः सततं मोदन्ताम्। अभिमताः पूजिताः ब्राह्मणाः सन्तः साधुशीलाः सन्तु। श्रीमन्तः समृद्धिशालिनः प्रशमिताः नाशिताः रिपवः शत्रवः यैः तादृशाः धर्मे निष्ठा येषां तादृशाश्च भूपाः भूमिपालाः पृथ्वीं पान्तु पालयन्तु। परिसंख्यालङ्कारः। स्रग्धरा वृत्तम् ॥६१॥

संहारः उपसंहारः, उपसंहाराख्योयं दशमोऽङ्कः।

इति दशमोऽङ्कः

समाप्तश्चायं ग्रन्थः

परिशिष्ट १

मृच्छकटिकश्लोकानां वर्णानुक्रमणिका

टिप्पणी

प्रथम अङ्क

[इस अङ्क का नाम 'अलङ्कार-न्यास' है। वसन्तसेना ने आना-जाना बढ़ाने के लिये चारुदत्त के घर में अपने आभूषणों को रख दिया—(=न्यास) यह इस अङ्क की प्रमुख घटना है। आरम्भ में नान्दी पाठ के पश्चात् प्रस्तावना आरम्भ होती है। प्रस्तावना में सूत्रधार तथा उसकी पत्नी नटी का कथोपकथन है। नटी के कहने से सूत्रधार किसी ब्राह्मण को निमन्त्रित करने के लिये निकलता है, तभी मैत्रेय (विदूषक) दिखाई देता है। इस अङ्क के चार दृश्य कहे जा सकते हैं—प्रथम दृश्य में मैत्रेय चारुदत्त के मित्र जूर्णवृद्ध का दिया हुआ उत्तरीय वस्त्र लेकर आता है। चारुदत्त मैत्रेय का स्वागत करके उसे देवियों को बलि देने के लिये जाने को कहता है। मैत्रेय आनाकानी करता है और चारुदत्त दरिद्रता के दुष्प्रभाव को स्मरण करता है। द्वितीय दृश्य में शकार, विट, चेट, वसन्तसेना का पीछा करते हैं और वसन्तसेना चारुदत्त के घर के समीप आ जाती है। तृतीय दृश्य में चारुदत्त जप समाप्त करके विदूषक को बलि देने के लिये भेजता है। रदनिका और मैत्रेय बाहर जाते हैं। इसी समय वसन्तसेना चारुदत्त के घर में प्रविष्ट होती है। शकार रदनिका को वसन्तसेना समझ कर उसको पकड़ लेता है और मैत्रेय तथा शकार का विवाद होता है। चतुर्थ दृश्य में रदनिका और मैत्रेय के लौटने पर चारुदत्त वसन्तसेना को पहचानता है। दोनों का प्रारम्भिक वार्तालाप होता है। वसन्तसेना न्यासरूप में अपने आभूषण चारुदत्त के घर रखकर चली जाती है।]

(पृष्ठ २) १. **पर्यङ्क**—इत्यादि नान्दी के दो श्लोक हैं। **शम्भोः शून्येक्षणः समाधिः वः पातु**' यह प्रधान वाक्य है। अन्य षष्ठी विभक्ति के पद 'शम्भु' के विशेषण हैं। **पर्यङ्क** का अभिप्राय है—योगाभ्यास का विशेष प्रकार का आसन; जिसे पद्मासन या वीरासन (काले) कहते हैं। **ग्रन्थि**–गाँठ, पालथी लगाने के लिये एक पग पर मोड़कर दूसरा पग रखना। उसे दृढ़ करने के लिये (तस्य बन्धाय) दोहरे सर्प का आश्लेष—लपेटना (Coiling round); उससे जकड़े हुए हैं जानु जिसके (बहुव्रीहि समास)। अथवा ग्रन्थि बाँधने से दोहरे हुए सर्प के लिपटने के कारण जकड़ गये हैं जानु जिसके ऐसे शम्भु की (समाधि)। **अन्तः प्राणावरोध०**–प्रणायाम के समय प्राणवायु का शरीर के भीतर रोकना। इससे इन्द्रियों का बाह्यविषयक ज्ञान निवृत्त हो गया है तथा वे संयत हो गई हैं। **रुद्ध**—संयत, वशीकृत। **इन्द्रिय**—इन्द्रस्य आत्मनः लिङ्गम् (इन्द्र अर्थात् आत्मा का अनुमान कराने वाला चिह्न), इन्द्र+घच् (इय्) आत्मनि० जिसने

तत्त्वज्ञान के द्वारा अपने भीतर ही आत्मा का दर्शन किया है। इस दर्शन के समय इन्द्रियों का व्यापार रुक गया है। यहाँ तत्त्वदृष्टया-सम्यक्दृष्टि के द्वारा, यह पश्यतः का कारण है तथा व्यपगतकरणम् रुक गया है करण अर्थात् इन्द्रिय-व्यापार जिस कर्म में, यह पश्यतः का क्रिया विशेषण है। आत्मानम्—विशुद्ध चैतन्य या ब्रह्मचैतन्य, वस्तुतः आत्मस्वरूप का दर्शन—तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम् (योगसूत्र १।३)। शून्येक्षण० निराकार में वृत्तिघटित एकतानता अर्थात् तल्लीनता, उससे ब्रह्म में लगी हुई समाधि (शून्ये ईक्षणघटितो यो लयः, तेन ब्रह्मणि लग्नः)—यह अर्थ अधिक संगत प्रतीत होता है। समाधिः वः पातु का भावार्थ है—समाधिनिष्ठः शिवः वः पातु।

यहाँ पर समाधिनिष्ठ शिव का साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। यम-नियम-आसन-प्राणायाम-प्रत्याहार-धारणा-ध्यान-समाधि—ये योग के आठ अङ्ग हैं। आसन से लेकर समाधि पर्यन्त समस्त अङ्गों का क्रमशः वर्णन इस पद्य में किया गया है। 'पर्यङ्क०' इत्यादि में 'स्थिरसुखमासनम्' का स्वरूप है, अन्तः०' इत्यादि में प्राणायाम तथा इन्द्रिय-निरोधस्वरूप प्रत्याहार का वर्णन है। 'आत्मनि०' इत्यादि में 'देशबन्धश्चित्तस्य धारणा' [योग० ३/१] इस धारणा का स्वरूप है तथा 'शून्येक्षणघटित' पद से 'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् [योग० ३·२] यह ध्यान का रूप प्रकट होता है और 'ब्रह्मलग्नः' यह पद 'अर्थमात्रनिर्भास' समाधि का द्योतक है ॥१॥

२. पात० यहाँ पर 'गौरी' शब्द के प्रयोग से पार्वती की भुजा का गौरत्व अभिव्यक्त होता है जो श्यामाम्बुद सदृश नीले कण्ठ पर विद्युल्लता के सदृश है। इस श्लोक में कथावस्तु का बीज ध्वनित होता है; यथा—'शिव के कण्ठ में गौरी की भुजा' से चारुदत्त और वसन्तसेना का प्रेम प्रकट होता है। नीलाम्बुद का वर्णन मेघाच्छन्न दिवस में वसन्तसेना के अभिसरण का सूचक है। श्वेत तथा श्याम के सापेक्ष वर्णन से एक ओर संसार के शकारादिकृत धूर्ततापूर्ण व्यवहार अर्थात् कालुष्य तथा दूसरी ओर वसन्तसेना का पवित्र प्रेम अभिव्यक्त होता है। इस प्रकार अप्रत्यक्ष रूप में कथाबीज को प्रस्तुत करने वाली यह पत्रावली नामक नान्दी है। (देखिये सं० व्याख्या) ॥२॥

नान्दी—देव या राजा आदि को प्रसन्न करने के लिये नाटक के आदि में स्तुति या आशीर्वचन के रूप में मङ्गल किया जाता है वही 'नान्दी' कहलाती है। (देखिये सं० व्याख्या)। नन्दयति इति नन्दः√नन्द्+अच्; नन्द एव नान्दः (स्वार्थेऽण्) नान्द+ई (स्त्री०)=नान्दी। नान्दीपाठ सूत्रधार करता है। 'सूत्रधारः पठेन्नान्दीं मध्यमस्वरमाश्रितः।' यह आठ पदों की नान्दी है। व्याख्याकारों ने पद की व्याख्या अनेक प्रकार से की है। कहीं सुबन्त और तिङन्त को पद माना गया है; कहीं श्लोक के एक चरण को ही पद कहा गया है। यहाँ दोनों पद्यों के चार चार चरण मिलकर कुल आठ पद होते हैं।

सूत्रधार—रङ्गमञ्च का व्यवस्थापक। यहाँ 'सूत्र' शब्द का प्रयोग नाट्योपकरण अथवा अभिनय-निर्देशन के अर्थ में लाक्षणिक है। जिसके हाथ में समस्त नाट्यो-

पकरण होते हैं अथवा जो रङ्गमञ्च की व्यवस्था करता है, वह मुख्य नट अर्थात् अभिनेताओं का निर्देशक सूत्रधार कहलाता है। (विशेष देखिये सं० व्याख्या तथा भूमिका)।

विमर्दकारिणा—विघ्न करने वाले, विमर्द + √कृ + णिनि।

पृ० ४. **आर्यमिश्रान्**—आर्य—श्रेष्ठजन; कुलं शीलं दया दानं धर्मः सत्यं कृतज्ञता। अद्रोह इति येष्वेतत्तानार्यान् संप्रचक्षते। कर्तव्यमाचरन् काममकर्तव्यमनाचरन्। तिष्ठति प्रकृताचारे स वै आर्य इति स्मृतः। 'मिश्र' शब्द विद्वान् पुरुषों के लिये आदरसूचक उपाधि है।

मृच्छकटिक—मृच्छकटिक या मृच्छकटिका (मृद् + शकटिका) का अर्थ है—मिट्टी की गाड़ी। मृच्छकटम् अस्त्यस्मिन्निति मृच्छकट + ठन् (इक)। अथवा 'मृदः शकटिका यस्मिन्' इस अर्थ में बहुव्रीहि समास होकर 'मृच्छकटिक' शब्द निष्पन्न होता है। षष्ठ अङ्क में वर्णित मिट्टी की गाड़ी इस प्रकरण की कथावस्तु के विकास में एक विशेष मोड़ दे देती है। अतः इसकी प्रधानता के कारण इस प्रकरण का नाम मृच्छकटिक रक्खा गया है। **प्रकरण**—रूपक के दस प्रकार होते हैं। उनमें से एक 'प्रकरण' नामक है। मृच्छकटिक एक प्रकरण है। (देखिये सं० व्याख्या तथा भूमिका)। **प्रयोक्तुम्**—अभिनय करने के लिये। **व्यवसिता**—उद्यत हैं।

३. द्विरदेन्द्र०। यहाँ से प्ररोचना आरम्भ होती है। कवि तथा काव्य की प्रशंसा द्वारा सामाजिकों को काव्य की ओर आकृष्ट करना प्ररोचना कहलाता है (देखिये सं० व्याख्या)। **चकोरनेत्रः**—चकोर के नेत्र रक्तनील होते हैं। चकोर सदृश नेत्रों से शूद्रक की वीरता प्रकट होती है। **विग्रह**—शरीर। **द्विज**—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तीनों वर्ण द्विज कहे जाते हैं। यहाँ द्विज शब्द का प्रयोग क्षत्रिय के लिये किया गया है। **अगाधसत्त्वः**—अगाध = अथाह, सत्त्व = बल, अथाह बल वाला।

४. ऋग्वेद०। **वैशिकीम्**—वेश से सम्बन्ध रखने वाली; वेश + ठक्। 'वेश' शब्द के अनेक अर्थ किये गये हैं—जैसे १. वेश्याओं का वासस्थान अर्थात् वेश्यालय २. अग्निवेश कृत कामशास्त्र ३. नेपथ्य। यहाँ वेश (नेपथ्य) सम्बन्धी कला अर्थात् नाट्यकला यह अर्थ ही अधिक संगत प्रतीत होता है। **शर्व**–शिव। **व्यपगततिमिरे**–चला गया है (अज्ञान का) अन्धकार जिनका, ऐसे चक्षु। **परमसमुदयेन**–अत्यधिक उन्नति करने वाले से; 'अश्वमेध' का विशेषण है। इससे अश्वमेध यज्ञ का महत्त्व प्रकट होता है। "अये अश्वमेध इति नाम विश्वविजयिनां क्षत्रियाणामूर्जस्वलः सर्वक्षत्रपरिभावी महानुत्कर्षनिकषः।" (उत्तर० अङ्क ४) तथा 'यथाश्वमेधः क्रतुराट्—सर्वपापापनोदनः" (मनु० ११. २६१)। **इष्ट्वा**–यज्ञ करके; √यज् + क्त्वा। **शूद्रकः**–राजा शूद्रक, मृच्छकटिक का रचयिता (देखिये भूमिका)। **अग्निं प्रविष्टः**–अग्नि में प्रविष्ट हुआ अथवा परलोक को चला गया। यहाँ कवि का स्वयं ही अपनी आयु की समाप्ति तथा मृत्यु का वर्णन करना असङ्गत-सा प्रतीत होता है। इस असङ्गति-निवारण के लिये कई समाधान किये जाते हैं—(१) किन्हीं के मतानुसार ज्योतिषशास्त्र के द्वारा

भविष्यत् काल की बात जानकर यहाँ ऐसा वर्णन किया गया है, प्रविष्टः' इसमें (आगामी) सूत्रधार वचन की दृष्टि से भूतार्थक 'क्त' प्रत्यय है। शरभङ्ग मुनि के समान यज्ञविशेष की अग्नि में शूद्रक ने प्रवेश किया था ऐसी प्रसिद्धि है। (२) किसी कवि ने शूद्रक के नाम से यह प्रकरण लिखा और शूद्रक के पुत्र को भेंट कर दिया, अतः शूद्रक की मृत्यु का वर्णन किया जा सका। (३) यह श्लोक बाद में जोड़ा गया (प्रक्षिप्त) है। (४) 'अग्निं प्रविष्टः' का लाक्षणिक अर्थ लेना चाहिये अर्थात् शूद्रक मृत्युपर्यन्त अग्निहोत्री बना रहा।

५. **समर०।** **समरव्यसनी**—युद्ध-प्रेमी। समरस्य व्यसनं समरव्यसनं तदस्यास्तीति समरव्यसनी (समरव्यसन + इन्) अथवा समरस्य व्यसनी इति (षष्ठीसमासः)। **ककुदं**—श्रेष्ठ या प्रधान 'ककुद नृपाणाम्' (रघु० ३, ७१)। **तपोधनः**—तप ही है धन जिसका (बहुव्रीहि)—तपस्वी। **परवारण०**; पर-शत्रु, बारण-हाथी; शत्रु के हाथियों या उत्कृष्ट हाथियों (पराः उत्कृष्टाः वारणाः परवारणाः) के साथ बाहुयुद्ध का इच्छुक। अथवा शत्रुओं को रोकने वाले (वारण) बाहुयुद्ध का इच्छुक। इससे शूद्रक की शारीरिक शक्ति सूचित होती है। **किल**—निश्चय ही, प्रसिद्ध है।

प्र० ६. **तत्कृतौ**—उस (शूद्रक) की रचना में। यहाँ स्पष्टतया मृच्छकटिक को शूद्रक की कृति बतलाया गया है।

६. **अवन्तिपुर्याम्०**—प्राचीन काल में 'अवन्ति' नामक एक जनपद (प्रदेश) था, जिसकी राजधानी 'अवन्तिपुरी' (अवन्तीनां जनपदानां पुरी) अर्थात् उज्जयिनी थी। संस्कृत साहित्य में इसके वैभव का अनेकशः वर्णन किया गया है। **द्विजसार्थवाहः**—ब्राह्मण व्यापारी। सार्थ = व्यापारियों का समूह, काफला; सार्थं वहतीति सार्थवाहः; काफले लेकर व्यापार करने वाला। अधिकांश व्याख्याकारों ने यह अर्थ किया है। किन्तु एम० आर० काले का कथन है कि मृच्छकटिक के अनुशीलन से चारुदत्त के व्यापारी होने का कोई संकेत नहीं मिलता, अतः द्विजसार्थवाह का अर्थ है—ब्राह्मणश्रेष्ठ, ब्राह्मण जाति का अगुआ a leader of the Brahman community और 'सार्थवाह' शब्द के इस भावार्थ के लिये प्रमाण है—मल्लिनाथ का—'कुरु मामम्ब कृतार्थसार्थवाहम्' (रघु० टीका मङ्गल श्लोक ३) यह प्रयोग। अथवा—सार्थवाह विनयदत्त का नाती होने के कारण चारुदत्त को भी सार्थवाह कह दिया गया है। 'सार्थवाह' उनकी पारिवारिक उपाधि रही होगी ॥६॥

७. **तयोरिदम्।** **तयोः**—उन दोनों (चारुदत्त तथा वसन्तसेना) का, इसका 'नयप्रचारं' आदि के साथ अन्वय है। तयोः नयप्रचारम्' (आदि) इदं सर्वं चकार—यह मूलार्थ है। **सत्सुरतोत्सवाश्रयः**—सत्सुरतोत्सवः आश्रयः यस्य तं नयप्रचारम् (बहुव्रीहि)। काले के अनुसार यह 'नयप्रचारं' का विशेषण है। वस्तुतः तो इसका सुसङ्गत अर्थ तथा अन्वय विचारणीय ही है। **नयप्रचारं**—नीति के व्यवहार को। **व्यवहारदुष्टतां**—न्याय की दोषपूर्णता को, जो चारुदत्त पर चलाये गये मिथ्याभियोग

में प्रकट हुई । व्यवहार—विवाद अथवा विवाद-निर्णय सम्बन्धी विचार । भवितव्यतां— होनहार को, विधिविधान को, जिसका संकेत १०·६० में मिलता है ।

सङ्गीतशाला—(यहाँ) रङ्गशाला । कुशीलवाः—नट, अभिनय करने वाले (actors) । आं ज्ञातम्—अपनी दरिद्रता का स्मरण करके कहा गया है ।

८. शून्यम्० । शून्यं—सूना । अपुत्रस्य—नास्ति पुत्रः यस्य स अपुत्रः तस्य (बहुव्रीहिः) । चिरशून्यम्—दीर्घ काल तक सूना । दिशः शून्याः—दिशायें सूनी हैं ।८।

सङ्गीतकम्—सङ्गीतमेव सङ्गीतकम् । पुष्करबीजम्—कमल के बीज, वे सूर्य के ताप से सहज में ही सूख जाते हैं । खटखटायेते—खटखट करती है, अव्यक्त शब्द के अनुकरण 'खटत्' शब्द से डाच् प्रत्यय होने पर द्वित्व होकर 'खटखटा' शब्द बनता है, खटखटा + य (क्यष्) 'लोहितादिडाज्भ्यः क्यष् (३/१/१३), आत्मनेपद प्रथम पुरुष द्वि० में खटखटायेते रूप होता है । इस प्रसंग में भास के चारुदत्त नाटक में कोमलकान्त पदावली का प्रयोग किया गया है—"पुष्करपत्रपतितजलविन्दू इव चञ्चलायेते अत्र मेऽक्षिणी ।" कार्यं—स्त्री से सम्भाषणादि कार्य, 'कार्यतश्चोत्तमादीनां कार्यो भाषाव्यतिक्रमः'— यह नाट्य-नियम है ।

प्रयोग—अभिनय का कार्य (The part he had to play–M. R. Kale) अथवा प्रयोगवशात्—नाट्य प्रयोग के नियम के अनुसार (दे० सं० व्याख्या) ।

पृष्ट ९ । अविद—खेद है । यह आश्चर्य तथा खेद के भाव को प्रकट करने वाला अव्यय है । संविधानकम्—आयोजन, भास ने केवल 'संविधा' शब्द का प्रयोग किया है । रथ्या—गली । परिवर्तन—मांजने के लिये घुमाना । कृष्णसारा – चितकवरी । विशेषक—तिलक । स्निग्धगन्धेन—घृतादि स्निग्ध पदार्थों की गन्ध से । प्राणाधिकम्—जितनी जीव न सहन कर सके उससे अधिक, प्राणात्ययं—यह पाठान्तर है, इसका अर्थ है—जीवन को अतिक्रान्त करके । प्राणात्ययं बाधते मां बुभुक्षा—भूख के मारे प्राण निकल रहे हैं । वर्णकम्—रंग और गन्ध मिश्रित प्रलेपन । सुमनसः—पुष्प (स्त्रीलिङ्ग) । आर्ये—पत्नी के लिये सम्बोधन, जैसा कि साहित्यदर्पण में कहा गया है—'वाच्यौ नटीसूत्रधरावार्यनाम्ना परस्परम् । शब्दाय्य—बुलाकर, पुकार कर । परमार्थम्—वास्तविक बात । नेपथ्य— (१) नटों के वेष रचना का स्थान, (२) 'नेपथ्यं स्याज्जवनिका ।' (३) वेष । यहाँ प्रथम अर्थ है ।

नियोगः—आज्ञा । अनुष्ठीयताम्—पालन किया जाये, अनु + √स्था (कर्मणि) लोट् प्र० पु० एक० । अशितव्यम्—खाने योग्य वस्तु √अश् + तव्य । गुडौदनं—गुड से मिश्रित भात । ओदन—भात । तण्डुल—चावल । रसायनम्—सरस, रसयुक्त । आशासन्ताम्—आशीर्वाद देवें, आ √शंसु (इच्छार्थक) आशिषि लोट् प्र० पु० बहु० ।

पृष्ठ १० । 'स्वगतं' और 'प्रकाशं'—ये वस्तु को प्रकट करने के ढङ्ग हैं । जो बात सुनाने योग्य नहीं होती उसे मन ही मन कहा जाता है और वह 'स्वगतम्' या 'आत्मगतम्' कहलाती है, किन्तु जो सबको सुनाने के लिये प्रकट रूप में कही जाती है उसे 'प्रकाशम्' कहते हैं । वरण्डलम्बुक इव—इसके अनेक अर्थ किये गये हैं, जैसे

(१) वरण्ड—ढेकली में काम आने वाला लकड़ी का लट्ठा, लम्बुक—उस पर बंधा हुआ मिट्टी का थुआ (स्थूणः)। उसे कुए आदि से जल निकालने के लिए ऊपर उठा कर नीचे गिराया जाता है। (पृथ्वी०)। (२) कुछ व्याख्याकारों के अनुसार डाट या लिण्टर के आधार-हेतु जो 'ढूला' तैयार किया जाता है वही 'वरण्डलम्बुक' कहलाता है, उसे पहले बनाया जाता है और फिर गिरा दिया जाता, (३) एम. आर. काले का मत है कि लटकता हुआ घास का ढेर (वरण्ड-तृणसंचय) ही वरण्डलम्बुक कहलाता है जो तेज वायु के झोंके के द्वारा उठाकर नीचे गिरा दिया जाता है। 'वरण्ड' शब्द का आज भी इस अर्थ में कोंकण में प्रयोग देखा जाता है।

तत्किमिति—यहाँ वर्णकं पिनष्टि आदि का कवि ने पुनः वर्णन किया है। इनके द्वारा कवि वर्ण्य वस्तु की ओर संकेत करता है, यथा—'वर्णकं पिनष्टि' चारुदत्त को कुचलने के लिये किये गये शकार के प्रयत्नों का सूचक है, 'सुमनसो गुम्फति' वध्य-माला की ओर संकेत करता है तथा 'पञ्चवर्ण०' अन्तिम पाँच सुखद घटनाओं को सूचित करता है—(१) चारुदत्त के चरित्र की पवित्रता की पुनः स्थापना, (२) चारुदत्त का शकार को अभयदान, (३) आर्यक की राज्य-प्राप्ति, (४) चारुदत्त और वसन्तसेना का पुनर्मिलन, (५) शर्विलक से मित्रता। किं नामधेयः—किस नाम का (उपवास)। अभिरूपपतिः—जिससे सुन्दर या विद्वान् पति मिलता है अर्थात् अनुकूल पति को दिलाने वाला। इहलौकिकः—इस लोक का, 'इहलोके भवः' इहलोक+ठञ् (इक), पाणिनि व्याकरण के अनुसार 'ऐहलौकिकः' प्रयोग होना चाहिये, क्योंकि अनुशतिकादीनां च' ७।३।२० से उभयपद वृद्धि होती है। पारलौकिकः—परलोक में होने वाला। भक्त—भात, अन्न। जूर्णवृद्ध अथवा चूर्णवृद्ध दोनों नाम मिलते हैं सुगन्धम्—यह 'त्वां' तथा 'केशकलाप' दोनों का विश्लेषण है, 'त्वां' के साथ पुष्पों की माला (वध्यस्रक्) से युक्त—यह अर्थ होता है। जैसे वधू के सुवासित केशपाश में माँग फाड़ी जाती है, इसी प्रकार सुवासित पुष्पमालादि से युक्त चूर्णवृद्ध को राजा के द्वारा चीरा जाता हुआ मैं कब देखूंगा, यह भाव है।

पृष्ठ १२। कार्यम्—प्रयोजन। ब्राह्मणेनो०—व्रत-पारणा के समय जो ब्रह्म-भोज होता है उसके लिये ऐसे ब्राह्मण को निमन्त्रित करना है जो सूत्रधार की पारिवारिक अवस्था के अनुकूल हो। सुसमृद्धायामु०—इससे प्रकट होता है कि समृद्धिशाली उज्जयिनी नगरी में ब्राह्मण सम्पन्न थे और साधारण लोगों के निमन्त्रण पर उनका आना कठिन था अथवा 'नट' आदि के यहाँ वे आना पसन्द न करते थे। अग्रणीः—अग्रे नयतीति, आगे ले जाने वाला; अग्र+नी+क्विप्। अशितुमग्रणीः—यह भोजन के लिये निमन्त्रित करने की एक शिष्ट रीति है।

व्यापृतः—अन्य कार्य में लगा हुआ। सम्पन्नम्—समृद्ध, बढ़िया (Rich delicious काले); 'सम्पन्न' शब्द का अर्थ प्रस्तुत (तैयार) भी किया जाता है। निःसपत्नम्—प्रतिद्वन्द्वी-रहित; कुछ व्याख्याकारों के अनुसार 'णीसवतं; इस प्राकृत शब्द का अर्थ है--'निःस्राव' अर्थात् पितरों को दिया जाने वाला घृतादि सहित

तण्डुलपूर्ण पात्र। यह सम्भव है कि मैत्रेय को लुभाने के लिये सूत्रधार ने इसका उल्लेख किया हो। किन्तु यह अर्थ कोश के अनुकूल नहीं अतः 'निःसपत्न' शब्द ही उचित है। भाव यह है कि इसमें तुम्हारा दूसरा प्रतिद्वन्द्वी भी नहीं है इसलिये समस्त दक्षिणा आदि तुम्हें ही मिलेगी अथवा तुमने हमारे यहाँ भोजन किया इसका किसी को पता न चलेगा (मि०, एम. आर. काले स० टीका तथा नोट्स)।

प्रत्यादिष्टः—मना कर दिया गया : **निर्बन्धः**—आग्रह, दुराग्रह। **अनुरोद्धुम्**—अनुरोध के लिये, अपना अनुसरण करवाने के लिये—अनुरोधोऽनुवर्तनम्—अमरकोश।

आमुखम्—जहाँ सूत्रधार नटी या विदूषक आदि के साथ वार्तालाप करते हुए विचित्र उक्ति के द्वारा प्रस्तुत वस्तु का संकेत करता हुआ अपने कार्य की चर्चा करता है, उसे आमुख या प्रस्तावना कहते हैं (सं० व्याख्या)। यहाँ सूत्रधार अपनी पत्नी नटी के साथ वार्तालाप करते हुए प्रकृत वस्तु की ओर कतिपय संकेत करता है, उन संकेतों का यथास्थान उल्लेख किया गया है।

आमुख भारती वृत्ति का भेद (अङ्ग) है। नट (सूत्रधार) का वह वाक्-व्यापार (केवल कथन, जिसमें अभिनय प्रायः नहीं होता), जो अधिकांश संस्कृत भाषा में होता है, 'भारती वृत्ति कहलाता है। इसके चार अङ्ग होते हैं—(१) प्ररोचना, (२) वीथी, (३) प्रहसन और (४) आमुख या प्रस्तावना। प्ररोचना का ऊपर (पृष्ठ ४) उल्लेख किया जा चुका है।

प्रस्तावना भी पाँच प्रकार की होती हैं—(१) उद्घात्यक, (२) कथोद्घात, (३) प्रयोगातिशय, (४) प्रवर्तक, (५) अवलगित। जैसा कि साहित्यदर्पण में कहा गया है—उद्घात्यकः कथोद्घातः प्रयोगातिशयस्तथा। प्रवर्तकावलगिते पञ्च प्रस्तावनाभिदाः॥ (६, ३३)। यहाँ प्रयोगातिशय नामक प्रस्तावना है (लक्षण देखिये सं० व्याख्या); क्योंकि निमन्त्रण के लिये किसी ब्राह्मण को खोजते हुए सूत्रधार ने 'एष चारुदत्तस्य मित्रं मैत्रेय इत एवागच्छति' इस वाक्य से मैत्रेय का प्रवेश सूचित किया है। इस प्रकार सूत्रधार स्वयं ही अपने पूर्व प्रयोग अर्थात् निमन्त्रणार्थं ब्राह्मणान्वेषण का अतिक्रमण करके अन्य प्रयोग अर्थात् मैत्रेय के प्रवेश की सूचना देता है।

कथोद्घात नामक प्रस्तावना में तो सूत्रधार के वाक्य का उच्चारण करते हुए अथवा उसके वाक्यार्थ को लेकर किसी पात्र का प्रवेश हुआ करता है। सूत्रधारस्य वाक्यं वा समादायार्थस्य वा। भवेत् पात्रप्रवेशश्चेत् कथोद्घातः स उच्यते। देखिये साहित्यदर्पण ६, २५ तथा उदाहरण)।

पृ० १४. समीहितव्यानि—चाहें जायें। **तुलयसि**—जाँच करती है, तोलती है; तुला+णिच्+लट्, म० पु० एक०। तूलयसि यह भी पाठ है, हल्का करती है—यह अर्थ है। **उद्गार०**—उद्गार=डकार; डकारों में जिनकी सुगन्ध प्रकट होती है ऐसे (मोदक)। **अशितः**,—जिसने भोजन कर लिया है। अशितम्=अशनम्, अशितम् अस्यास्तीति अशितः अर्श आदिभ्यः अच्' पा० ५।२।१२७॥ **चतुः शालकम्** आमने सामने बनी हुई चार शालाओं से घिरा हुआ भवन, चतस्रः शालाः समाहृताः यस्मिन्

तत् चतुःशालम् तदेव चतुशालकम् (स्वार्थे कः)। **मल्लक**—व्यञ्जनपात्र, (चित्रकार-पक्ष में) रङ्ग पात्र; जिस प्रकार चित्रकार चित्रफलक पर बून्द गिरने के भय से तूलिका को रंग में छुआता सा है इसी प्रकार विदूषक अंगुलियों से चख-चख कर व्यञ्जन-पात्रों को छोड़ देता था। **चत्वर**—चौक, प्राङ्गण, चौराहा। **वृषभ**—बैल; यहाँ पर उस वृषभ की ओर संकेत है जो किसी पर्व पर स्वच्छन्द विचरण के लिये छोड़ दिया जाता है और निर्बाध रूप से चरकर अत्यन्त पुष्ट हो जाता है, विदूषक ने अपने तत्कालीन निर्द्वन्द्व जीवन की उसके साथ समानता दिखलाई है। **रोमन्थायमानः**—जुगाली करता हुआ, रोमन्थ = जुगाली, रोमन्थं वर्तयति रोमन्थायते 'कर्मणो रोमन्थतपोभ्यां वर्तिचरोः पा० ३।१।१५।' इति क्यङ् रोमन्थ + क्यङ् + शानच्। **गृहपारावतः**—घरेलू या पालतू कबूतर। **आवासनिमित्तम्**—बसेरे के लिये। **गृहदेवतानाम्**—विशेष प्रकार के देवता, जिन्हें गृह-रक्षा करने वाला समझा जाता था और अन्न आदि की बलि दी जाती थी। **यथानिर्दिष्ट**—जैसा ऊपर निर्देश किया गया है अर्थात् बलि का अन्न लिये हुए।

९. **यासां०—बलिः**—बलिवैश्वदेव यज्ञ के अनन्तर गृह द्वार पर जो बलि का अन्न रक्खा जाता है, उसकी प्रचुरता की ओर संकेत है।

पृ० १६। **विरूढ०**—उगे हुए हैं तृणाङ्कुर जिनमें (बहुव्रीहि); दरिद्रता के कारण देखभाल के हेतु कोई सेवक नहीं था अथवा दारिद्रय-जनित अकर्मण्यता से स्वच्छता की ओर ध्यान नहीं दिया था। **बीजाञ्जलिः**—बीजानाम् अञ्जलि; अञ्जलि भरे बीज। यहाँ 'बीज' शब्द साधारण अन्न को ध्वनित करता है। **कीट०**—कीड़ों के मुख से खाई हुई (बीजाञ्जालि); इसके दो अभिप्राय हो सकते हैं—(१) कीड़े लगे (घुने) अन्न की अञ्जलि अथवा (२) इतनी स्वल्प बीजांजलि कि कीट ही उसे खा सकते हैं चिड़िया आदि नहीं। इससे प्रकारान्तर से दरिद्रता का ही कथन किया गया है; इस प्रकार प्रतीयमान दरिद्रता का भङ्ग्यन्तर से कथन होने के कारण यहाँ पर्यायोक्ति अलंकार है। 'पर्यायोक्तं यदा भङ्ग्या गम्यमेवाभिधीयते।' ॥९॥

विदूषक—नायक का मित्र, उसके व्यक्तिगत जीवन का सहचर एक विनोद-प्रिय ब्राह्मण; जो भोजनशूर भी होता है (लक्षण के लिये देखिये सं० व्याख्या)

सर्वकालमित्रम्—सब समय अर्थात् सम्पत्ति तथा आपत्ति में मित्र।

१०. **सुखं हि०**। **घनान्धकारेषु**—गहन अन्धकार में (कर्मधारय) अथवा घना अन्धकार है जिनमें ऐसे स्थानों में ('स्थानेषु' का अध्याहार करके) **सुखात्**—सुख से, सुख के पश्चात् अथवा सुखमनुभूय (सुख का अनुभव करके; 'ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च' इस वार्तिक के अनुसार कर्म में पञ्चमी। **मृतः स जीवति**—मृतक के समान जीवन व्यतीत करता है, वस्तुतः यह मृतक ही है, किसी प्रकार प्राण धारण करता है ॥१०॥

११. **दारिद्र्यात्**—दरिद्रता और मृत्यु में; यहाँ पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग चिन्तनीय है, कुछ व्याख्याकारों के अनुसार 'दारिद्र्यमाश्रित्य' इस प्रकार आश्रित्य पद का अध्याहार करके 'ल्यब्लोपे०' इत्यादि से कर्म में पञ्चमी है। **मम रोचते**—मुझे

पसन्द है; पाणिनि-व्याकरण के अनुसार 'मह्यं रोचते' प्रयोग होता है। दारिद्रयं मनन्तकं दुःखम्—दरिद्रता अनन्त दुःख है; यहाँ पर दरिद्रता को दुःखदायक न कहकर साक्षात् दुःखरूप ही कहा गया है। इस श्लोक के पूर्वार्द्ध में उक्त अर्थ के साथ उत्तरार्ध वाक्य का अर्थ हेतुरूप में अन्वित होता है, अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।।११।।

पृ० १८ अलं संतप्तेन - संताप मत करो, यदि दुर्व्यसनों में धन नष्ट किया जाता तो पश्चात्ताप ठीक था। आपने तो उदारतापूर्वक प्रियजनों को प्रदान किया है। सुरजन०—यह माना जाता है कि कृष्णपक्ष में देवगण अमृतमय चन्द्रकलाओं का क्रमशः पान कर लेते हैं—'तं च सोमं पपुर्देवाः पर्यायेणानुपूर्वशः' (रघु० मल्लि० २.७३)। प्रतिपच्चन्द्र—शुक्लपक्ष की प्रथम तिथि का चन्द्रमा, 'नवचन्द्र' से अभिप्राय है जिसको मनुष्य पूर्णिमा के चन्द्रमा से भी अधिक मानते हैं। अर्थात् प्रति—प्रति (कर्मप्रवचनीय) के योग्य में द्वितीया हुई है। दैन्यम् – सन्ताप (Misery)

१२. एतत्तु०—मुझे तो यह अतिथियो के द्वारा की गई अवहेलना ही संतप्त करती है; क्योंकि 'संभावितस्य चाकीर्तिर्मरणादतिरिच्यते' (भगवद्गीता २.३४)। संशुष्क०—सूख गई है धनी मदपंक्ति जिसकी ऐसे (गज-कपोल) को (बहुव्रीहि)। कलात्यये—कालस्य अत्यये अवसाने, मद गिरने का समय व्यतीत हो जाने पर ।।१२।

दास्याः पुत्राः—दासी के पुत्र, नीच; इसका गाली के रूप में प्रयोग किया गया है। अर्थकल्यवर्ताः—धनरूपी कलेवा; जैसे कल्यवर्त (=कलेवा या प्रातराश) बहुत हल्का खाद्य होता है, इसी प्रकार से धन भी तुच्छ है। अथवा जैसे कलेवें का स्वल्पकालिक या क्षणिक सहारा होता है इसी प्रकार से धन भी क्षणस्थायी है। कल्यं प्रातःकालः वर्त्यते अनेन इति कल्यवर्तः प्रातराशः, यह शब्द 'तुच्छ' या 'महत्त्वहीन' अर्थ में लाक्षणिक है। आगे भी इसका प्रायः इसी अर्थ में प्रयोग किया गया है; 'ननु कल्यवर्तमेतत्' (२।१२–१३) इत्यादि। वरटा—पीला ततइयाँ, भिरड, बरं। खाद्यन्ते-(१) धन-पक्ष में भोगे जाते हैं (२) गोपालदारक पक्ष में काटे जाते हैं।

१३. सत्यं न०। सत्यम्—सचमुच। भाग्यक्रमेण—भाग्यपरिवर्तन से। सौहृदात्—मित्रता से, शोभनं हृदयं यस्य सः सुहृद—'हृदय' के स्थान में 'हृद्' हो जाता है। सुहृदो भावः→सौहृदम्। पाणिनीय व्याकरण के अनुसार 'सौहार्द' (सुहृद+अण्) होना चाहिये; क्योंकि यहां उभयपदवृद्धि (हृद्भगसिन्ध्वन्ते पूर्वपदस्य च ७।३।१९) होगी तथापि संस्कृत साहित्य में 'सौहृद' शब्द का प्रचुर प्रयोग मिलता है; कालिदास (सखी जनस्ते किमुतार्द्रसौहृदः; विक्रम० १.९) तथा भवभूति (सौहृदादपृथगाश्रयामिमाम्; उत्तर० १.४५) ने भी इसका प्रयोग किया है। शिथिलीभवन्ति—शिथिल+च्वि+भवन्ति ।।१३।।

पृ० २०; १४. दारिद्रयात्। ह्रियम्—लज्जा को। प्रभ्रश्यते—भ्रष्ट हो जाता है; सत्त्वात् प्रभ्रश्यते—यह पाठान्तर है। निस्तेजाः तेज-शून्य। निर्वेद—नैराश्य (Despondency) ग्लानि। बुद्धया—विवेक से अर्थात् सदसद्विवेक से (बुद्धि—भले बुरे की पहचान)। अहो—आश्चर्य अर्थ में अव्यय। निधनता—निर्धनता

निर् का समानार्थक 'नि' उपसर्ग भी है। आस्पदम्=स्थान। यहाँ कारणमाला अलङ्कार है। जहाँ पूर्व कथित वस्तु क्रमशः अपने से आगे आने वाली का कारण होती है वहाँ 'कारणमाला' नामक अलङ्कार होता है—'यथोत्तरं चेत पूर्वस्यार्थस्य हेतुता तदा कारणमाला स्यात्' काव्यप्रकाश। १४॥

१५. निवास०। परपरिभवः—अत्यधिक तिरस्कार, परश्चासौ परिभवश्चेति' (कर्मधारय) अथवा दूसरों के द्वारा किया गया तिरस्कार 'परेषां परिभवः' इति (षष्ठी समास)। अपरम्—अन्य, बहुत अधिक 'नास्ति परं यस्मात्'। मित्राणाम्=मित्रों की मित्रों द्वारा की गई (कर्तरी षष्ठी)। कलत्रात्—स्त्री से (नपुं० लिङ्ग) यहाँ दरिद्रता का 'चिन्ता का निवास' इत्यादि अनेक रूपों में उल्लेख किया गया है। अतः उल्लेख अलङ्कार है। 'शोकाग्निः' में रूपक है। अग्नि रूप कारण के होने पर भी दाहरूप कार्य नहीं होता, इस कथन में विशेषोक्ति है॥ १५॥

स्मृत्वा अलम्—याद मत करो; प्रतिषेधार्थक 'अलम्' शब्द के योग में √स्मृ +क्त्वा; अलं खल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा' पा० ३. ४. ४८। चतुष्पथे—चौराहे पर, चत्वारः पन्थाः समाहृताः यत्र तत्; चौराहे पर बलि देने की एक पुरानी प्रथा थी। मातृभ्यः—माताओं को, मान्यन्ते पूज्यन्ते इति मातरः। ये विशेष प्रकार की देवियाँ हैं जो मतभेद से 'ब्राह्मी' आदि सात या आठ मानी जाती हैं। किन्हीं के अनुसार ये ६० हैं। यतः······अर्चितेषु—कार्य का उचित पुरस्कार न मिलने पर मनुस्य के हृदय में इस प्रकार की स्वाभाविक प्रतिक्रिया हुआ करती है। को गुणः—क्या लाभ?

पृ० २२ नित्यः अयं विधिः—यह नित्य कर्म (विधि, पुं०), धार्मिक कृत्य (विधि) तीन प्रकार के हैं—(१) नित्य—सन्ध्योपासना आदि, जिनके करने से कोई पुण्य नहीं मिलता, किन्तु न करने पर दोष लगता है, 'नित्यान्यकरणे प्रत्यवायसाधनानि सन्ध्यावन्दनादीनि' (वेदान्तसार), (२) नैमित्तिक—जो किसी निमित्त से किये जाते हैं जैसे 'जातेष्टि' इत्यादि, नैमित्तकानि पुत्रजन्माद्यनुबन्धीनि जातेष्टयादीनि' (वेदान्तसार), (३) काम्य—जो स्वर्ग इत्यादि के साधन माने जाते हैं जैसे 'ज्योतिष्टोम' इत्यादि, काम्यानि स्वर्गादीष्टसाधनानि ज्योतिष्टोमादीनि (वेदान्तसार)।

१६. तपसा०, शमिनां—शमयुक्तों का, शम=मनः संयम, मनोनिग्रह; शमः एषामस्तीति शमिनः शमः + इनि॥ १६॥

प्रदोषवेला—रात्रि का प्रथम प्रहर। विट—नाटक में एक व्यक्ति जो कि धूर्त, किसी कला में कुशल, वेश-रचना में चतुर, वाक्कुशल, विनोदप्रिय होता है तथा गोष्ठी में बहुत पसन्द किया जाता है। यह वेश्या और नागरिकों के पारस्परिक सन्देश भी पहुँचाता है, (देखिये सं० व्याख्या)। चेटः—सेवक, शृङ्गार में सहायक। नायक या प्रतिनायक के शृङ्गार में सहायक विट और चेट होते हैं जैसा कि साहित्य दर्पण में कहा है—शृङ्गारेऽस्य सहाया विटचेटविदूषकाद्याः स्युः। भक्ता नर्मसु निपुणाः कुपितवधूमानभञ्जनाः शुद्धाः॥ ३, ४०। यहाँ पर विट और चेट (प्रतिनायक) शकार के विनोद सहचर हैं।

१७. किम्० । परिवर्तितसौकुमार्या—बदल दिया है या त्याग दिया है सुकुमारता को जिसने ऐसी । विशद—स्पष्ट या स्वच्छ, इसी से कुशल या दक्ष अर्थ भी होता है। उद्विग्न०—यह एक सन्देहास्पद समास है । कुछ व्याख्याकारों ने इसकी क्रियाविशेषण के रूप में व्याख्या करने का प्रयास किया है, किन्तु प्रस्तुत पाठ को रखते हुए वह व्याख्या उचित नहीं कही जा सकती । अतः इसे वसन्तसेना का विशेषण ही मानना पड़ता है, और इसका विग्रह है—उद्विग्नचञ्चलकटाक्षरूपेण विसृष्टा दृष्टिः यया सा (पृथ्वी०) । उद्विग्नः अतएव चञ्चलश्च असौ कटाक्षश्च (कर्मधारयः) तेन विसृष्टा दृष्टिः यया सा अथवा उद्विग्नचञ्चलं च यथा स्यात् तथा क्रियाविशेषणम्) कटाक्षेण विसृष्टा दृष्टिः यया सा । M. R. काले के अनुसार सर्वश्रेष्ठ विग्रह यह है—उद्विग्ना चाऽसौ चञ्चला च कटाक्षविसृष्टा च दृष्टिः यस्याः' अर्थात् जिसकी दृष्टि व्याकुल, चञ्चल तथा कटाक्षपात करने वाली है ।। १७ ।।

पृ० २४. शकारः—लक्षण ग्रन्थों के अनुसार राजा का साला रखेली स्त्री का भ्राता जो दुष्कुलोत्पन्न मूर्ख तथा अभिमानी होता है वही शकार कहलाता है । वह शकारी (प्राकृत) बोलता है जिसमें कि 'श वर्ण' (शकार) की बहुलता होती है इसी से वह शकार कहलाता है जैसा कि कहा गया है—'शकारप्रायभाषित्वाच्छाकारो राष्ट्रीयः स्मृतः ।' इस नाटक का शकार, जो संस्थानक है, विशेष महत्त्वपूर्ण है. यह प्रतिनायक भी है (देखिए सं० व्याख्या तथा भूमिका) ।

१८. कि यासि—शकार की भाषा पुनरुक्ति तथा व्यर्थ प्रलाप आदि दोषों से भरी है । उसकी भाषा की ऐसी ही विशेषताएं बतलाई गई हैं (देखिये सं० व्याख्या तथा भूमिका) । वासु—वाला, 'वाला स्याद् वासु.'—अमरकोष ।। १८ ।।

१९. उत्त्रासिता०—चेट की भाषा में अद्भुत उपमायें हैं, किन्तु इसके संवाद विट के समान कवितामय एवं विवेकपूर्ण नहीं हैं । चेट का लक्षण इस प्रकार किया गया है—'कलहप्रियो बहुकथो विरूपो गन्धसेवकः मान्यामान्यविशेषज्ञश्चेटोऽप्येवंविधः स्मृतः । अववलगति—(उतावली के कारण) उछलता सा (ठोकर खाता-सा) जाता है । अपवलगति यह पाठान्तर है . स्वामी चासौ भट्टारकश्च, 'भट्टकर' शब्द का प्रयोग राजा के लिये होता है 'भट्टारको नृपे नाट्यवाचा देवे तपोधने' मेदिनीकोष । यहाँ पर भट्टारक शब्द के प्रयोग से शकार का विशेष प्रभाव प्रकट होता है । कुक्कुट० इत्यादि हीनोपमा है, जो चेट की परिस्थिति के सर्वथा अनुकूल है । कुक्कुरशावकः यह पाठान्तर है, जो शकार के लिये उपयुक्त है ।। १९ ।।

२० कि यासि० बालकदली—छोटी केली । वसन्तसेना लाल रेशमी वस्त्र (रक्तांशुक) धारण किये थी और काँपती सी जा रही थी । वह वायु से सहज प्रकम्पित लाल पुष्पों वाली कदली सी प्रतीत होती थी । दशा—आँचल ! रक्तोत्पल-प्रकर—लाल कमलों का समूह, वसन्तसेना लाल कमलों की माला पहने थी अथवा केशपाश में लाल पुष्प-गूंथे हुए थी । उन पुष्पों की कलियाँ एक-एक कर ऐसे गिरने लगीं जैसे टाँकी से 'मनसिल' को काटने पर कलियों जैसे खण्ड बिखरते हैं । मनःशिल

गुहा—मनसिल की कन्दरा (खान)' 'मनःशिला' शब्द स्त्रीलिङ्ग है, अतः मनःशिला-गुहा' होना चाहिये। इसके लिये व्याख्याकारों ने कई समाधान दिये हैं, जिनमें यही युक्ति-युक्त प्रतीत होता है कि 'मनःशिला' (स्त्री०) के समान मनःशिलः' (पु ं०) शब्द भी है—महाभाग्ते मनःशिलशब्दोऽपि दृश्यते इति तथा प्रयुक्तः (पृथ्वीधर) ॥ २० ॥

पृ० २६ । २१. मम०—यहाँ पर शकार का वचन होने के कारण 'मदनमनङ्गम्' आदि में पुनरुक्ति है, भयभीता, में 'भय' शब्द निरर्थक है, रामणस्येव कुन्ती' में हतोपमा है यहाँ काल-भेद का ध्यान नहीं रक्खा गया ॥२१॥

२२. किं त्वम्० विशेषयन्ति—अतिक्रमण करती हुई, बढ़कर होती हुई। पतगेन्द्रस्य भयेन अभिभूता (तत्पुरुष)। प्रविसृतः—तेज चलता हुआ, दौड़ता हुआ। निरुन्ध्यां—रोक लूँ। न रुन्ध्याम्—न रोक लूँ ? यहाँ काकु है, जिससे विपरीत अर्थ प्रकट होता है 'न रुन्ध्याम् इति न' अर्थात् रोक ही लूंगा। त्वन्निग्रहे०—इसके दो अर्थ हैं—(१) तुझे पकड़ने में मुझे कोई प्रयास नहीं करना अर्थात् मैं अनायास ही तुझे पकड़ सकता हूँ, (२) तुझे बलात् रोकने का मेरा प्रयत्न नहीं है ॥२२॥

भाव—आदरसूचक सम्बोधन है, जिसका नाटक में सेनापति आदि के लिये प्रयोग किया जाता है—सेनापतिरमात्यश्च श्यालो भावेति भाष्यते।'

२३. एषा नाणक०। नाणक—शिवाङ्कित सिक्के (पृथ्वीधर)। नाणकमोषिन्-धन का अपहरण करने वाला, चोर; उनकी कामकशिका; कशा—कोड़ा; कशा के समान काम को प्रेरित (उद्दीप्त) करने वाली। निर्नास—(निर्+नासा) यहाँ पर 'निर्' अल्पता का द्योतक है, नीची नाक वाली। कुलनाशिका—वेश्यासक्त पुरुषों के कुल को नष्ट करने वाली। वेशबधू वेशाङ्गना इत्यादि शब्द समानार्थक हैं, यह शकार की उक्ति है अतः यहाँ पुनरुक्ति दोष नहीं माना जाता। वेश—वेश्यालय, 'वेशो वेश्याजनाश्रयः'— अमरकोष, अथवा वस्त्र अलङ्कार आदि धारण करना। दशनामानि०—यदि देवों के आठ, दस या बारह नामों का पाठ किया जाता है तो वे प्रसन्न हो जाते हैं; जैसे गणेश की स्तुति में १२ नामों का पाठ किया जाता है; किन्तु यह वसन्तसेना दस नामों के रखने से भी प्रसन्न नहीं हो रही है—यह भाव है (एम० आर० काले) ॥२३॥

पृ० २८ । २४ प्रसरसि० प्रचलित—ज्यों ही वसन्तसेना त्वरित गति से चलती थी उसके कपोलों में कुण्डलों के अग्रभाग का घर्षण होता था, इसी हेतु उसकी विट-नखघर्षित-वीणा से उपमा दी गई है; यहाँ कुण्डल ही विट के समान हैं ॥२४॥

२५. झणत्०; द्रौपदीव—यहाँ पूर्वार्ध उत्तरार्ध दोनों भागों में इतिहास विरुद्ध सम्बन्ध दिखलाये गये हैं; राम का द्रौपदी से काल भेद है। इसी प्रकार विश्वावसु नामक गन्धर्वराज का महाभारत में उल्लेख अवश्य मिलता है किन्तु सुभद्रा से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। शकार का वचन होने से ही यह असम्बद्धता है ॥२५॥

२६. रमय०। रमय—रमण करो। मत्स्यमांसकम्—मछली मांस, यहाँ चेट ने अपने निम्न स्तर के अनुकूल ही यह बात कही है; उसकी दृष्टि में यह जीवन का

परम सुख है। श्वानः—संस्थानक के कुत्ते जो मांस मछली से तृप्त रहते थे, अतएव वे मृतक पशु आदि को नहीं खाते थे। इस कथन से शकार के मन में मांस-मछली आदि की प्रचुरता प्रकट होती है ॥२६॥

२७. किं त्वम् कटी०—कटि प्रदेश में बाँधे गये तथा तारा०—चमकदार मोती अथवा (तारे; तारों जैसे मोतियों) से विचित्र और सुन्दर; ये दोनों रशनाकलापम्' के विशेषण हैं। निर्मथित०—तिरस्कृत किया है चूर्णित मनसिल को जिसने ऐसे मुख से उपलक्षित। कुछ व्याख्याकारों के अनुसार जिस (मुख) पर चूर्णित मनसिल लगाया गया है (निर्मथिता अवलिप्ता चूर्णमनः शिला यत्र) यह अर्थ है ॥२७॥

पृ० ३०। २८. अस्माभि०। चण्डम्—भयङ्कर रूप से, तीव्र गति से (क्रिया-विशेषण)। अभिसार्यमाणा—पीछा की जाती हुई। सवृन्तम्—वृन्त (मूलबन्ध) सहित अर्थात् धैर्य आदि के आश्रय सहित भरे हृदय को हरती हुई ॥२८॥

पल्लवक—वसन्तसेना का सेवक परभृतिका तथा माधविका—वसन्तसेना की सेविकाएँ। वसन्तसेना के नाम के अनुरूप ही ये सुन्दर संज्ञायें चुनी गई हैं। परिभ्रष्टः—खोया गया।

पृ० ३२. विलप विलप०—'परभृतिका' (१–कोयल, २–एक सेविका का नाम) इत्यादि शब्दों के श्लिष्ट अर्थ के आधार पर शकार ने वक्रोक्ति द्वारा उत्तर दिया है।

२०. किं जमदग्निपुत्र;—जमदग्नि का पुत्र परशुराम। केशहस्ते (केशपाश में) गृहीत्वा—यहाँ केशहस्ते में सप्तमी के लिये द्रष्टव्य है। (आप्टे ९७ a) दुःशासनस्य०—जिस प्रकार दुःशासन ने द्रौपदी को खींचा था, उसी प्रकार केश पकड़कर खींचता हूँ—यह भाव है ॥२९॥

३०. असि०। वलितम्;—सुन्दर,' वलितं त्रिषु सुन्दरम्–विश्वकोष। कल्पये—काटता हूँ। मुमूर्षुः—मरने को, जिसकी मृत्यु निकट होती है; भाव यह है कि जिसकी मृत्यु अवश्यम्भावी है वह भागने से भी कैसे जीवित रह सकती है? शङ्के मरिष्यतीति =मुमूर्षति→√मृ+सन्; मुमूर्ष+उ ॥३०॥

अनुनय—नम्रता, अनुकूल व्यवहार। तर्क्यते—सम्भावना (अपेक्षा) की जाती है। शान्तम्—किसी के कथन का निषेध करने के लिये या किसी आशङ्कित अनिष्ट के निवारण की कामना प्रकट करने के लिये 'शान्तं (शान्तं पापम्)' इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। कृतम् अलङ्करणैः—आभूषणों से बस करो; यहाँ कृतम् (=अलम्) के योग में अलङ्करणैः में तृतीया विभक्ति है। कामयितव्यः—√कम् +णिच्+तव्य।

पृ ३४. माम् अन्तरेण—मेरे विषय में, मेरे प्रति (अन्तरेण के योग में द्वितीया)। सुस्निग्धा—अनुरक्त। भाव यह है कि यद्यपि यह वेश्या बाहर से मेरे प्रति घृणा प्रकट करती है तथापि मुझमें अनुरक्त है। शपे···पादाभ्याम्—यहाँ 'शीर्ष' के स्थान पर 'शीर्षेण' पाठ युक्त है; 'भावस्य शीर्षेण आत्मीयाभ्यां पादाभ्यां च शपे' यह

अर्थ होगा। कुछ व्याख्याकार 'स्पृष्ट्वा' का अध्याहार करके—भावस्य शीर्षम् आत्मीयाभ्यां पादाभ्यां 'स्पृष्ट्वा' यह अर्थ करते हैं। शकार विट को आदरणीय समझता है, अतः यह भाव उचित नहीं प्रतीत होता तथापि शकार का वचन होने से ग्राह्य हो सकता है। **पृष्ठानुपृष्ठिकया**–पीछे पीछे; पृष्ठानुपृष्ठमस्त्यस्यां क्रियायामिति पृष्ठानुपृष्ठिका तया; पृष्ठानुपृष्ठ + ठन् (इक)।' **आहिण्डमानः**—घूमता हुआ, आ√हिण्ड + शानच्। **वेश०** – वेश्यालय में वास के विरुद्ध, अर्थात् वेश्या को तो सब का समान रूप से स्वागत करना चाहिये।

३१. **तरुण०** – युवकजन हैं आश्रय जिसका ऐसा, **वेशवासः**–वेश्या का जीवन। **विगणय**—विशेष रूप से विचारो। **धनहार्यम्**—धन से ग्राह्य। **पण्यभूत**—विक्रेय वस्तु के समान, ऐसे स्थलों पर 'भूत' शब्द 'समान' अर्थ को प्रकट करता है; पण्यं भूतं पण्यभूतं, सुप्सुपेति समासः (काले)। सुप्रिय अप्रिय को समान रूप से सेवन करो—इस कथन में 'धनहार्यम्' इत्यादि हेतु दिखलाया गया है। अतः यहाँ काव्यलिङ्ग अलङ्कार है ॥३१॥

३२. **वाप्याम्०**—भाव यह है कि तुम सब का समान रूप से सेवन करो। **फुल्लाम्**—फूली हुई, √फुल + क्त। **नाम्यति** = नामयति—झुकाता है, 'नाम' (नमना) शब्द कण्ड्वादिगण में है, अतः 'नामं करोति' इस अर्थ में नाम + यक् → अकार लोप होकर 'नाम्यति' रूप होता है। यहाँ पर 'सर्वं भज' इस कथन में 'वेश्याऽसि' यह कथन हेतु है। अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है तथा 'त्वं वापीव लतेव, नौरिव, में मालोपमा है ॥३२॥

गुणः खलु०—इससे वसन्तसेना का गुणों के प्रति अनुराग प्रकट होता है। चारुदत्त नाटक में भी ऐसा ही कहा गया है—कुलपुत्रजनस्य शीलपरितोषोपजीविनी गणिका खल्वहम्। **गर्भदासी**—जन्म से दासी, यह गाली के रूप में प्रयोग किया गया है। **कामदेवायतन०**—यह उज्जयिनी का एक प्रसिद्ध उद्यान था, जिसमें कामदेव का मन्दिर रहा होगा। संस्कृत साहित्य के अनेक नाटकों तथा कहानियों में युवक-युवतियों द्वारा कामदेव की पूजा का उल्लेख मिलता है। **परिहर्तव्यम्**—छोड़ना है। **उदाहरति**-कहता है, उद् + आ√हृ प्र० पु० एक०। **चारुदत्तम् अनुरक्ता**–अथवा चारुदत्ते अनुरक्त—(द्वितीया अथवा सप्तमी) यह शुद्ध प्रयोग है, 'चारुदत्तस्य अनुरक्ता' यह शकार का प्रयोग उचित नहीं। **काणेलीमातः**—काणेली शब्द का अर्थ है—रखेल, एक अविवाहित स्त्री जो किसी पुरुष के साथ विवाहित स्त्री के समान रहती हो। उस स्त्री का पुत्र—काणेलीमातृकः या काणेलीमाता, यहाँ बहुव्रीहि के अन्त में विकल्प से 'क' प्रत्यय होता है। शकार की माता काणेली थी, अतः उसको 'काणेली-मातः' शब्द से सम्बोधित किया गया है। कहीं-कहीं 'काणेलीभ्रातः' पाठ भी है, शकार की अविवाहित बहन भी राजा पालक के यहाँ विवाहिता के समान रहती थी (रखेल थी)।

पृ० ३६. **अपराध्यता**—अपराध करते हुए अप√राध् + शतृ तृ० त्रि० एक०।

३३. आलोक०, देखने में तीव्र अथवा प्रकाश में दूर तक देखने वाली, (आलोक =देखना, प्रकाश)। विच्छिन्ना—रुकी हुई, शक्तिहीन हुई ॥३४॥

३४. लिम्पतीव०—यह श्लोक काव्य-प्रकाश में (१०--४१७ तथा ५६८) दो बार अलङ्कारों के उदाहरण रूप में उद्धृत किया गया है, यहाँ यमक और अनुप्रास की संसृष्टि है तथा उपमा एवं उत्प्रेक्षा की भी। यह श्लोक चारुदत्त नाटक (१.१६) में भी इसी रूप में है ॥३४॥

उपलक्षयसि—उपलक्षण बना रहे हो अर्थात् जिसके सहारे ढूंढ रहे हो। भूषणशब्दम्—उपलक्षयसि—इस प्रकार से अन्वय है।

जनान्तिकम्--नाटक में नियतश्राव्य उक्तियाँ दो प्रकार की होती हैं— (१) जनान्तिक, (२) अपवारित। जब एक पात्र अपने हाथ की तीन अङ्गुलियाँ उठाकर तथा अनामिका अङ्गुलि को वक्र किये हुए (त्रिपताकाकरेण) अन्य लोगों को बचाकर किसी एक पात्र से कुछ कहता है तो वह जनान्तिक कहलाता है और जब मुख फेरकर दूसरे से गुप्त बात कही जाती है तब वह संवाद अपवारित कहलाता है (विशेष देखिये सं० व्याख्या तथा भूमिका)।

पृ० ३८। २५. कामम्—(अव्यय) चाहे, यद्यपि, पर्याप्त; जहाँ यह 'यद्यपि' के अर्थ को प्रकट करता है, वहाँ इसके बाद 'तु' शब्द का प्रयोग होता है। प्रदोष—रात्रि का प्रथम पहर। सौदामनी—विद्युत्, सुदाम्नः अपत्यं स्त्री। सन्धिलीना—के स्थान पर 'संविलीना' (भली-भाँति छिपी हुई) पाठ अधिक संगत प्रतीत होता है ॥३८॥

श्रुतं वसन्तसेने—माला तथा भूषण उतारने के लिये 'सूचयिष्यति' शब्द द्वारा जो संकेत किया गया था, उसी को इस कथन द्वारा पुष्ट किया जा रहा है। परामृश्य—छूकर। संयोगेन—स्पर्श के द्वारा, स्पर्शनेन्द्रिय के अनुभव द्वारा, द्वार के किवाड़ों के मिलने से (The Joining of the panes of the door—काले); दैवयोग से (हिन्दी-अनुवाद)।

३६. दारिद्र्यात्०। स्फारीभवन्ति—विस्तृत हो जाती हैं। सत्त्वम्—बल, मानसिक बल, वीर्यातिशय। यह श्लोक कुछ पाठ-भेद से चारुदत्त नाटक में है ॥३६॥

३७. सङ्गम्०। अल्पच्छदः—अल्प वस्त्र वाला, अल्पः छदः वस्त्रं यस्य सः। प्रकामम्—बहुत बड़ा ॥३७॥

पृ० ४०। ३८. दारिद्र्य०। विपन्न–नष्ट हो गया है, देह—शरीर जिसका ऐसे। हे दारिद्र्य, तुझे मेरे जैसा कोई मित्र नहीं मिलेगा—यह चिन्ता है ॥३८॥

सवैलक्ष्यम्—विलक्ष—लज्जित, आश्चर्ययुक्त; विलक्षस्य भावः वैलक्ष्यं तेन सहितं यथा स्यात्तथा। बलि देने के लिये जाने में आनाकानी करने से चारुदत्त अत्यन्त दुःखी हुआ था, अतः मैत्रेय लज्जित हुआ। अभ्युपपत्ति—अनुग्रह, पक्षपात। निर्वाप्य—बुझाकर। पिण्डीभूतेन—इकट्ठे हुए ने।

पृ० ४२। ३९. अन्धकारे०। परामृष्टा—छुई गई, पकड़ी हुई। चाण०—यहाँ

काल भेद है, चतुर्थ शताब्दी ई० पू० में होने वाले चाणक्य का द्रौपदी के साथ कोई सम्बन्ध नहीं, अतः यह हतोपमा है जो शकार का वचन होने से क्षम्य है ॥३९॥

४०. एषा० । वयसः—आयु के, यौवनावस्था के । कुलपुत्रम् अनुसरति इति अनु√सृ+णिनि (स्त्री) । कुसुमैः आढ्याः—(तृतीयातत्पुरुषः) तेषु । यह श्लोक चारुदत्त नाटक में कुछ पाठ-भेद से है ॥४०॥

४१. एषा० । वासु—हे वाले ! अधिचण्डम्—भयङ्कर रूप से, जोर से (क्रिया-विशेषण) । यहाँ शकार की उक्ति होने से पुनरुक्ति है । चारु० में पाठभेद है ॥४१॥

व्यवसितम् – करना आरम्भ किया है, वि+अव√सो+क्त । स्वरसंयोगः—स्वरों का संयोग, स्वर का सम्बन्ध, आवाज । दधिशर—दही की मलाई ।

पृ० ४४, ४२. इयम्० । रङ्गप्रवेशेन—रङ्गशाला में प्रवेश करने से । कला—सङ्गीत आदि कलायें अथवा कामशास्त्रोक्त ६४ कलायें । चारु० में यह श्लोक पाठ-भेद से है ॥४२॥

पशु०—जहाँ वलि का पशु बाँधा जाता है वह खूंटा (यूप) पशुवन्ध कहलाता है । √वन्ध्+घञ् (अ) । फुरफुरायते—फुर-फुर कर रहा है, काँप रहा है, (देखिये पृ० ६ खटखटायेते) । सदृशम्—योग्य । दरिद्रतया—निर्धनता से (करणे तृतीया) । भाग०—भाग एव भागधेयं—भाग्य, उसके समान टेड़े यहाँ मैत्रेय अपनी भाग्य-हीनता को ओर संकेत कर रहा है । दुष्टस्य—दोषयुक्त, बिगड़े हुए, दीमक आदि से खाये हुए सूखे वाँस के समान ।

पृ० ४६. महाब्राह्मण—ब्राह्मणाधम, कुछ (ब्राह्मण आदि) शब्दों से पहले 'महत्' शब्द जोड़ने से निन्दा अर्थ प्रकट होता है जैसा कि कहा गया है—"शंखे तैले तथा मांसे वैद्ये ज्योतिषके द्विजे । यात्रायां पथि निद्रायां महच्छब्दो न दीयते ।" यहाँ पर यह शब्द शिष्टविनोद में प्रयुक्त हुआ है किन्तु इसका भाव बुरा नहीं है क्योंकि इसके बाद विट ने मैत्रेय के प्रति आदर प्रकट किया है । उपमर्द–अपमान ।

४३. मा० । दुर्गत इति परिभवः मा (कर्तव्यः) इसमें दो हेतु दिये गये हैं—(१) क्योंकि कृतान्त (१. यमराज, २. भाग्य) के सामने कोई दरिद्र नहीं है और (२) चरित्रहीन धनी भी निन्दनीय होता है । इस प्रकार यहाँ काव्यलिङ्ग अलङ्कार है । नाम—प्रसिद्ध अर्थ या संभावना अर्थ में अव्यय है ॥४३॥

४४. सकामा कामासक्ता, पीछा करने के औचित्य को प्रकट करने के लिये यह विशेषण दिया गया है । स्वाधीनयौवना—इससे वेश्यात्व प्रकट होता है । शील-वञ्चना—चरित्र की हानि ॥४४॥

अनुनयसर्वस्वं—विनती का सर्वस्व अर्थात् सबसे बड़ी मनौती जो हाथ जोड़-कर पैरों में पड़ना है ।

पृष्ठ ४८. उपालब्धः—उपालम्भ दिया, बुरा-भला कहा । अनु+√नी=मनाना, विनती करना, रूठे हुए या क्रुद्ध हुए को राजी करना इत्यादि । समयतः—शर्त से ।

पृष्ठ ४५. एष० । प्रणयः—अनुग्रह, मृच्छकटिक में 'प्रणय' शब्द का इस अर्थ में अनेकशः प्रयोग किया गया है जैसे अलङ्कृतोऽस्मि स्वयंग्रहप्रणयेन भवता (अङ्क ७ पृ०···) । येन-–जिससे, जिस कारण से अथवा क्योंकि 'येन प्रणयेन' ऐसा भी अर्थ किया जा सकता है ॥४२॥

सासूयम्—असूयापूर्वक, असूया—गुणों को सहन न करना, गुणों में दोष दिखलाना—'गुणेषु दोषाविष्करणमसूया' । अशितव्यम्–-खाना खाने को, √अश् + तव्य । अथवा 'आह्निकद्रव्यम् यह पाठ है, जिसका अर्थ है—दैनिक वस्तु या आज का खाना भी नहीं है ।

४६. सो० । प्रणयैः—प्रार्थनाओं से, याचनाओं से अथवा प्रार्थना के अनुरूप दान से । कृशीकृतः—दुर्बल किया गया, निर्धन किया गया । इन विशेषणों से चारुदत्त की उदारता तथा दानशीलता प्रकट होती है । विभवैः–धन के कारण, धन के गर्व से । न विमानितः—अपमानित नहीं किया, इससे चारुदत्त की अनुद्धतता प्रकट होती है, 'अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः (नीतिशतक ७०, 'काले' द्वारा उद्धृत) । निदाघ-कालेषु—ग्रीष्मकाल में । ह्रदः–-सरोवर । नृणाम्—'नृ' शब्द का षष्ठी बहु० । तृष्णा—(१) अभिलाषा (२) ह्रद पक्ष में—पिपासा । शुष्कवान्–-(१) दरिद्र हो गया (२) सूख गया । चारुदत्त में यह श्लोक पाठ-भेद से है ॥४६॥

पृ० ५०. ४७ शूरो० । विक्रान्तः—पराक्रमयुक्त । इस पद में अनेक इतिहास विरुद्ध एवं असम्बद्ध बातें कही गई हैं, यथा श्वेतकेतु न तो पाण्डव ही है न कोई योद्धा ही । शकार का वचन होने के कारण ही यह असगति है ॥४७॥

४८. दीनानाम् । कल्पवृक्ष.—अभिलाषा पूर्ण करने वाला वृक्ष, कल्पस्य वृक्ष इति (जन्यजनकभाव सम्बन्ध में षष्ठी), षष्ठी तत्पुरुष अथवा 'कल्पफलकः कल्पपूरणो वा वृक्षः शाकपार्थिवादिः'—यहाँ उत्तरपद (फलक या पूरण) का लोप हो जाता है । पाँच देववृक्षों में कल्पवृक्ष भी एक है । वे पाँच देववृक्ष हैं—

पञ्चैते देवतरवो मन्दारः पारिजातकः । सन्तानः कल्पवृक्षश्च पुंसि वा हरिचन्दनम् । आदर्शः—दृष्टान्त, नमूना । 'आदर्श' शब्द दर्पण के अर्थ में प्रसिद्ध है—आदृश्यते रूपमत्र, जिसमें अपना यथार्थ रूप देखा जाता है आ √दृश् + घञ् । इसी अर्थ के विकसित होने से आदर्श शब्द 'नमूने' के अर्थ में आ गया है । सुचरित-निकषः—उत्तम चरित्र की कसौटी । जिस प्रकार कसौटी से सुवर्ण की परख होती है उसी प्रकार चारुदत्त से उत्तम चरित्र का मापदण्ड निर्धारित किया जाता है । शील०—वेला—सागर का तट, मर्यादा, शीलरूपी मर्यादा का (के पालन में) सागर (सं० व्याख्या) । दक्षिण०—सरल तथा उदार स्वभाव वाला, अथवा दक्षिण एवं उदारस्वभाव वाला, दक्षिणश्चासौ उदारसत्त्वश्च । सत्त्व—स्वभाव, 'सत्त्वं द्रव्ये गुणे चित्ते व्यसायस्वभावयोः' । स···जीवति—मानवगुणों से युक्त होने के कारण वही जीवित है । उच्छ्वसन्ति—साँस लेते हैं । यहाँ एक ही चारुदत्त का अनेक रूपों में

उल्लेख किया गया है अतः उल्लेख अलङ्कार है । शीलवेला' इत्यादि में रूपक है, उच्छ्वसन्तीव में क्रियोत्प्रेक्षा ॥४८॥

४६. अन्धस्य० । तुम (शकार) को पाकर वह (वसन्तसेना) इसी प्रकार अदृश्य हो गई है जैसे अन्धे की दृष्टि इत्यादि लुप्त हो जाती है–यह भाव है । आतुर–रोगी, रोगाकुल । पुष्टिः–शारीरिक बल । मूर्खस्य०–जैसे नासमझ व्यक्ति की विचारशक्ति (बुद्धि) । सिद्धि—कार्यों में सफलता । व्यसनिनः—द्यूत आदि व्यसनों में आसक्त की, व्यसनमस्य अस्तीति व्यसनी व्यसन + इन्, द्यूत इत्यादि दुर्गणों को व्यसन कहा जाता है । परमा विद्या—उत्कृष्ट विद्या या शास्त्रीय ज्ञान, व्यसनासक्त व्यक्ति की प्राप्त की हुई उत्तम विद्या नष्ट हो जाती है क्यों ? इसके लिये विशेषण है स्वल्पस्मृतेः क्योंकि उसकी स्मृति अल्प होती है या क्षीण हो जाती है । अथवा परम विद्या=परा विद्या या ब्रह्मविद्या, जैसा कि मुण्डकोपनिषद् में कहा गया है—द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद् ब्रह्मविदो वदन्ति परा चैवापरा च । अथ परा यया तदक्षरमधिगम्यते' । व्यसनी जनों के लिये ब्रह्मविद्या अदृश्य ही होती है । अरि०—शत्रु जन के प्रति प्रीति नहीं देखी जाती । इसी प्रकार वह भी नहीं दिखलाई दे रही है । यहाँ कवि ने अमूर्त्त उपमाओं की सुन्दर योजना की है ॥४६॥

पृ० ४८, ५० आलाने० । आलानं—हाथी को बाँधने का खम्भा या शृङ्खला । बल्गासु–लगाम में, के द्वारा । हृदये गृह्यते—भाव यह है कि किसी नारी के हृदय को आकर्षित करके ही उसे वश में किया जाता है, बलपूर्वक नहीं, हृदये शब्द में सप्तमी विभक्ति का यही भाव है कि नारी के हृदय को पकड़ कर या वश में करके ही उसको अपना बनाया जाता है । यदिदं०—यदि तुम उसके हृदय को आकर्षित नहीं कर सकते तो जाओ । यहाँ निदर्शना अलङ्कार है, आलान आदि में हस्ती आदि के ग्रहण के समान 'हृदय में' स्त्री ग्रहण की जाती है—इस प्रकार की उपमा में तात्पर्य प्रकट हो रहा है ॥५०॥

भावः अभावम्—भावः—आदरणीय, विट । अभाव=न भाव (सत्ता होना) अनुपस्थिति या अदृश्यता को प्राप्त हुआ अर्थात् दृष्टि से ओझल हो गया, यहाँ यमक का चमत्कार है । काकपद०—कौए के पञ्जे के समान सिर तथा माथे वाला । विदूषक का सिर और माथा अनेक स्थलों पर ऊँचा नीचा रहा होगा और वह काकपद के समान भद्दा होगा, अतः इस शब्द का प्रयोग किया गया है । कृतान्तेन—भाग्य के द्वारा ।

पृ० ५४. ससुवर्णा—सुन्दर वर्ण (रंग) सहित । दर्शन=प्रदर्शन । सूत्रधारी–सूत्रधार की स्त्री नटी । यहाँ नाटक की निर्देशिका अथ करना उचित नहीं प्रतीत होता, क्योंकि संस्कृत नाटकों में स्त्री-सूत्रधार' का उल्लेख नहीं मिलता । अनुनीयमाना—मनाई जाती हुई । अधिकरण—न्यायालय । व्यवहार—अभियोग । लघु—शीघ्र । निर्यातयतः—अर्पित करते हुए, लौटाते हुए—'निर्यातनं वैरशुद्धौ दाने न्यास.पर्णेऽपि च' हेमचन्द्र ।

५१. कूष्माण्डी०—कर्कारुकः (कक्कालुका) यह पाठान्तर है। **लीना यां**—नष्ट होने पर। पूति—विकृति=नाश। शकार का भाव यह है कि उपर्युक्त वस्तुएं उक्त अवस्थाओं में अधिक समय बीत जाने पर भी नहीं बिगड़तीं (नष्ट नहीं होतीं) इस प्रकार वसन्तसेना को अर्पित न करने के कारण उत्पन्न होने वाला वैरभाव नष्ट न होगा, ताजा बना रहेगा। यहाँ अप्रस्तुन कूष्माण्ड इत्यादि में पूतिगन्ध के अभाव का प्रतिपादन किया गया है तथा उससे प्रस्तुत वसंन्तसेना को अर्पित न करने से उत्पन्न वैरभाव के नष्ट न होने की प्रतीति होती है, अतः अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार है ॥५१॥

सकपटं—चालाकी से मेरे पक्ष का समर्थन करते हुए। **प्रासाद०**—इस समस्त पद का अनेक प्रकार का विग्रह एवं अर्थ किया गया है किन्तु इसका वास्तविक अर्थ क्या है' यह निश्चय करना कठिन है। (i) **बालाग्र**—बालं नूतनम् अग्रम् अग्रभागो यस्याः सा कपोतपालिका अर्थात् नवीन है अग्रभाग जिसका ऐसी महल की अटारी। (ii) **बालाग्र** शब्द का कोश प्रसिद्ध अर्थ है 'मत्त-वारण' (मतवाले हाथी की आकृति से चिह्नित छज्जा)। कपोत-पालिका का अर्थ है–कबूतर पालने का स्थान, यहाँ शकार ने संभवतः ऊपर की अटारी को कपोतपालिका कहा है। **अन्यथा**—अन्य प्रकार से। **कपित्थगुलिकं**—कैथ का गोल फल। **मडमडायिष्यामि'**—मड मड शब्द सहित चूरा-चूरा कर दूंगा।' 'मडमडायिष्यामि' शब्द की बनावट के लिये देखिये ऊपर खट-खटायेते (पृ० ४१३)।

पृ० ५६, ५२. **निर्वल्कलम्**–वल्कल रहित, कोश से बाहर अर्थात् नंगी तलवार। **मूलक**—मूली, **पेशि**–इस शब्द का अर्थ व्याख्याकारों ने छिल्का (त्वक्, Rind) किया है. वस्तुतः इसका अर्थ माँसपेशियाँ (Muscles) प्रतीत होता है, अर्थात् (यहाँ) मूली के छिलके के भीतर का भाग। उसके रंग की तलवार। यहाँ 'निर्वल्कलम्' और 'कोश-सुप्त' दोनों शब्दों का विरोध दूर करने के लिये यह कल्पना की जाती है कि शकार ने कन्धे पर रखने से पहले नग्न तलवार को कोश में रख लिया। **बुक्क्यमानः**√बुक्क (भोंकना)+शानच् (कर्मणि) ॥५२॥

रदनिका खल्वहं संयतमुखी—'रदनिका' उस सेविका का नाम है तथा 'रदनिका' शब्द का अर्थ है दांत रखने वाली (रदन+ठन्), इस प्रकार भाव यह है कि मेरे मुख में दाँत हैं जो बन्द रहते हैं जिससे मेरा मुख नियन्त्रण में रहता है अतः मैं किसी अवस्था में भी नहीं कहूँगी। **मारुताभिलाषी**—वायु का इच्छुक, खुली वायु में प्रफुल्लित होने वाला; भाव यह है कि ऐसे स्वभाव वाला होने के कारण वह वस्त्र ओढे बिना ही सो गया, किन्तु फिर रात्रि के प्रथम प्रहर के शीत का अनुभव करने लगा। **अनुदासीनम्**—उदासीनता रहित, पुष्पों से सुगन्धित दुशाले के द्वारा प्रतीत होता है कि चारुदत्त का यौवन उल्लासपूर्ण है, वह अब भी विलासप्रिय है। **अपवारितकेन**—चारुदत्त के दृष्टिपथ से हटकर। **प्रावृणोति**—(अपने आपको) ढकती है, क्योंकि चारुदत्त के प्रति गाढानुराग होने के कारण उसके दुशाले को ओढ़ने में आनन्द का

अनुभव करती है। 'अपवारितकेन' शब्द के प्रयोग से यही प्रतीत होता है कि वह दुशाले को स्वयं ओढ़कर देखती है। तवाभ्यन्तरस्य–तुम्हारे अन्तःपुर के, भाव यह हैं कि मैं वेश्या हूँ, अतः मुझे आपके अन्तःपुर में प्रवेश का अधिकार नहीं है, (मेरा ऐसा भाग्य कहाँ कि आपके प्रेम को प्राप्त करके वधू के स्थान में जा सकूँ—यह ध्वनित होता है)। यहाँ 'अभ्यन्तर' शब्द का अर्थ केवल 'घर के भीतर' नहीं है, इसीलिये पञ्चम अङ्क के अन्त में जो चारुदत्त ने वसन्तसेना से कहा है—'एहि अभ्यन्तरमेव प्रविशावः' (पृष्ठ २३२) उससे कोई विरोध नहीं है, वहाँ 'अभ्यन्तरम्' का अर्थ है–घर के भीतर।

पृ० ५८, ५३. भाग्यक्षय०। भाग्यं—वैभव, पूर्वार्जित शुभाशुभ कर्म—भाग्यं कर्म शुभाशुभम्–अमरकोश। पीडितां—पीडा संजाता अस्याः ताम्; पीडा + इतच्। कृतान्त—विधि, दैव। यहाँ चारुदत्त अपनी भाग्यहीनता तथा वैभवनाश के कारण संताप का अनुभव करता है तथा सोचता है कि ऐसे समय सेवक भी मेरी आज्ञा नहीं मानते। यहाँ अप्रस्तुत मित्रादि के वर्णन से प्रस्तुत रदनिका की प्रतीति होती है, अतः अप्रस्तुतप्रशंसा अलङ्कार है ॥५३॥

५४. अविज्ञाता – न जानी हुई। अवसक्तेन—अपने शरीर से छुए हुए अथवा अनजाने में छुए हुए (देखिये सं० व्याख्या)। दूषिता–दूषित हो गई; एक प्राचीन भावना है कि कोई नारी पर पुरुष के वस्त्र आदि के उपभोग से भी अपवित्र हो जाती है, उसी ओर यहाँ संकेत है। भूषिता—क्योंकि वसन्तसेना चारुदत्त से प्रेम करती है उसके लिये वह परपुरुष ही नहीं है। अतः वह उससे अपने आपको अलङ्कृत सा मानती है। छादिता०—वसन्तसेना झीने शुभ्रवस्त्र धारण कर रही थी, वह द्वितीया के चन्द्रमा (चन्द्रलेखा) के समान प्रतीत होती थी; श्वेत सूक्ष्म दुशाले से आच्छादित होकर वह शरद के मेघ से आच्छादित चन्द्रकला के समान शोभित होने लगी। यहाँ उपमा की छटा दर्शनीय है ॥५४॥

न युक्तम्०—परनारी को देखना उचित नहीं; यहाँ कवि ने भारतीय पुरुषों का आदर्श दिखलाया है; मिलाइये 'अनिर्वर्णनीयं परकलत्रम्' शाकुन्तलम् अङ्क ५।

५५. यया०—इस कथन से यह प्रकट होता है कि चारुदत्त भी वसन्तसेना के प्रति गाढ़ अनुराग रखता था परन्तु अपनी निर्धनता के कारण उसे प्रकट नहीं करता था। कुपुरुष—निन्दित व्यक्ति; कुत्सितः पुरुषः; कुपुरुषः क्योंकि वह साहस नहीं रखता, अतः वह कुत्सित है। इसलिये यहाँ इस शब्द का भावार्थ है–कापुरुष (कायर) या निस्तेज। चारुदत्त में यह श्लोक कुछ पाठ भेद से है ॥५५॥

पृ० ६०. अलङ्कृतास्मि—भाव यह है कि 'बलात्कार' शब्द के प्रयोग से वसन्तसेना की शकार के प्रति विरक्ति या घृणा प्रकट होती है तथा चारुदत्त के प्रति गाढ़ानुराग व्यक्त होता है; इसको वसन्तसेना अपना सौभाग्य समझती है। देवतोपस्थान—देवता के समान पूजा या देवता की पूजा, देवतोपस्थानस्य योग्या—देवता के

समान पूजा के योग्य । तस्यां वेलायाम्—उस समय जब कि उसे रोहसेन को भीतर ले जाने के लिये कहा गया था ।

५६. प्रविश० । प्रतोद्यमाना कठोर शब्दों से प्रेरित की ... भाग्यकृतां दशां (i) भाग्य से प्राप्त हुई वेश्यावस्था को; मिलाइये 'मन्दभागिनी खल्वहं तवाभ्यन्तरस्य' (पृष्ठ ६) । (ii) M. R. काले के अनुसार यह अर्थ संगत नहीं; अपितु इसका भाव है कि वह (वसन्तसेना) चारुदत्त की दुर्दैव कृत दरिद्रावस्था को देखकर नहीं आती; क्योंकि वह समझती है कि चारुदत्त मेरा उचित सत्कार न कर सकेगा । इस प्रकार 'भाग्यकृतां' का सम्बन्ध चारुदत्त से है । Ryder का मत भी यही है । किन्तु पूर्वापर संगति से प्रथम अर्थ उचित प्रतीत होता है । आगे विद्वज्जन प्रमाण हैं। पुरुष० —इत्यादि उत्तरार्ध का अन्वय तथा अर्थ सन्देहास्पद है । काले के अनुसार इसका उचित अर्थ है —She does not speak boldly on being acquainted with men, although he (पुरुषः) Speaks much कुछों के अनुसार पुरुषपरिचयेन का 'बहु भाषते' के साथ अन्वय है और यह अर्थ है—यद्यपि पुरुषों से परिचय होने के कारण वह बहुत बातें करती है तथापि वह प्रगल्भता से नहीं बोलती है ।' M. R. काले ने अनेक युक्तियों द्वारा इस अर्थ को अयुक्त बतलाया है (नोट्स पृ० ३८)। हमारा अभिमत अर्थ संस्कृत व्याख्या तथा अनुवाद में दिया गया है ।।५६।।

अभिज्ञानात्—अज्ञान के कारण । अनुचितभूमिका०—(i) बिना सूचित पक्षद्वार से प्रवेश करना आदि अनुचित कार्य करने से, (ii) वेश्या होकर ब्राह्मण के घर में प्रवेश करने से । इनमें प्रथम अर्थ अधिक संगत प्रतीत होता है । पृथ्वीधर को भी यही अभिमत है । सुखं—सुखपूर्वक (क्रियाविशेषण) 'प्रणम्य' अथवा 'समागतौ' के साथ अन्वय है । कलम—एक प्रकार का उत्तम धान । केदार—क्षेत्र या क्यारी । करभ—ऊँट का बच्चा । जानु—घुटना । इससे प्रकट होता है कि मैत्रेय का सिर ऊँचा नीचा तथा भद्दा था, वह ऊँट के घुटने जैसा लगता था । प्रणयः—स्नेह या शिष्टताप्रदर्शन (औपचारिकता–Formalities); यह प्रेम स्थिर रहे'—ऐसी गूढ़ व्यञ्जना है (अयं प्रणयः स्नेहः तिष्ठतु स्थिरो भवत्विति गूढाभिसन्धिः—काले) । 'प्रणय इत्यनेन संभोगप्रार्थना कटाक्षिता' इति पृथ्वीधरः ।

पृ० ६२. उपन्यास—औपचारिकता को रहने दो—'यह प्रस्ताव । ईदृशेन—इस प्रकार से; स्वेच्छा से आई हुई; सहवास की सामग्री आदि के बिना ही, काले का कथन है कि यहाँ 'सह' का अध्याहार करके 'ईदृशेन (चारुदत्तेन) सह' 'With him who is poor'; i. e. without the means of enjoyment or of repayiug obligation – यह अर्थ है । किन्तु यह अर्थ उचित नहीं प्रतीत होता; पृथ्वीधर का अर्थ भी प्रथम अर्थ का ही समर्थन करता है, तथा चारुदत्त नाटक के कथन (अदक्षिणं खलु प्रथमदर्शने यदृच्छागतया इह वस्तुम्) का 'यदृच्छागतया' शब्द भी इसी बात को प्रकट करता है । पुरुषेषु०—पुरुषों के विश्वास पर धरोहर रक्खी जाती है, घर की दशा को देखकर नहीं—यह भाव है । स्वस्ति—मैत्रेय० समझता है कि

वसन्तसेना पुरस्कार रूप में अलङ्कार दे रही है, इसीलिए आशीर्वाद देता है। 'अचिरेणैव कालेन' का निर्यातयिष्ये' से अन्वय है, यदि 'अचिरेण०' का 'एषोऽस्याः०' से भी अन्वय किया जाये तो अर्थ होगा—हम इस न्यास से थोड़े समय में ही मुक्त हो जायेंगे, 'विगतो न्यासः = विन्यासः' । चतुष्पथे उपनीतः— चौराहे पर रखा हुआ। राजमार्ग०—ऐसी प्रदीपिका जो राजमार्ग पर विश्वसनीय हों अर्थात् वहाँ वायु आदि से न बुझ जायें अथवा विशेष प्रकार की प्रदीपिकाएँ; जिन्हें सड़कों पर लेकर चलना आवश्यक हो।

पृ० ६४. निःस्नेहाः—(१) तेलरहित, (२) प्रेमरहित। यह कथन चारुदत्त के प्रति शिक्षात्मक संकेत करता है जिससे कि वह वसन्तसेना के अनुराग में न फँस जाये।

पृ० ५७. उदयति०। कामिनी—सुन्दर युवति; कामोऽस्याः अस्तीति। स्त्र,तजले— समाप्त हो गया है जल जिससे, ऐसी पङ्क जिसमें जल नहीं रहा तथा जो फटी नहीं है; उसमें चन्द्रमा की गौर किरणें दूध की धारा के समान गिरती हैं ॥६४॥

पृ० ५८. राज०—वञ्चना— छला जाना, ठगी। बहुदोषा—वहुत से दोष हैं जिममें (वहुव्रीहि) 'दोष' का अर्थ है—बुराइयाँ, आपत्तियाँ या चोर आदि के किये गये उपद्रव।

द्वितीय अङ्क

['द्यूतकर संवाहक' नाम का यह दूसरा अङ्क है। 'संवाहक' का कार्य करने वाला कोई चारुदत्त का सेवक द्यूतकर हो गया, वह दश सुवर्ण हार गया तथा जुआरियों के मुखिया द्वारा रोक लिया गया तब वसन्तसेना ने उसे ऋणमुक्त कराया—यह कथा इसमें है। इसमें चार दृश्य हैं। प्रथम दृश्य में वसन्तसेना और उसकी सेविका मदनिका का संवाद है। मदनिका वसन्तसेना से उसकी उद्विग्नता का कारण पूछती है और वसन्तसेना चारुदत्त के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त करती है। द्वितीय दृश्य में द्यूत में हारा हुआ संवाहक किसी देवालय में शरण लेता ह। वहाँ द्यूतकर और सभिक उसे पकड़ लेते हैं और उससे रुपया माँगते हैं तथा उसे मारते हैं। इसी समय दर्दुरक आता है और उसके संकेत से भागकर संवाहक वसन्तसेना के घर में शरण लेता है। तृतीय दृश्य में वसन्तसेना से संवाहक का परिचय होता है। वह चारुदत्त का भृत्य रह चुका है यह जानकर वसन्तसेना उसके साथ आत्मीयता का अनुभव करती है और द्यूतकर तथा सभिक के वहाँ आने पर उन्हें अपना हस्ताभरण देकर संवाहक को ऋणमुक्त करा देती है। वह वौद्धभिक्षु होने का निश्चय करके चला जाता है। चतुर्थ दृश्य में कर्णपूरक नाम का वसन्तसेना का सेवक परिव्राजक वेशधारी संवाहक को वसन्तसेना के खुण्टमोडक नामक हाथी के उपद्रव से बचाता है। चारुदत्त उसे पुरस्कार के रूप में एक प्रावारक देता है। कर्णपूरक उसे वसन्तसेना को दिखलाता है।]

पृ० ६६. सन्देशेन—संदेश के प्रयोजन से (हेतु में तृतीया विभक्ति है, हेतौ २/३/२३)। किमप्यालिखन्ती—कुछ चित्रित करती हुई अर्थात् हृदय में कुछ सोचती हुई। उत्कण्ठा—मिलन की अभिलाषा करते हुए किसी का चिन्तन करना। 'मन्त्रयसि' के स्थान पर 'मन्त्रयसे' पाठ भी मिलता है। स्नेहः पृच्छति—स्नेह पूछता है, अर्थात् स्नेह का भाव पूछने की प्रेरणा देता है। पुरोभागिता—'पुरोभाग' शब्द का मूल अर्थ है—आगे होना, अगुआ होना (forwardness); इसी से विकसित होकर इस शब्द का अर्थ हो जाता है—'दोष देखना'। पुरोभागः अस्यास्तीति पुरोभागी=दोषों को देखने वाला, 'दोषैकदृक् पुरोभागी'—अमरकोश। पुरोभागिनः भावः पुरोभागिता= दोषदर्शिता। प्रायः व्याख्याकारों ने यही अर्थ लिया है किन्तु यहाँ इस शब्द का मूल अर्थ भी सङ्गत प्रतीत होता है, मैं स्नेह के कारण पूछ रही हूँ बड़ी (अगुआ) बनने के भाव से नहीं—यह अभिप्राय है।

पृ० ६८. शून्यहृदयत्वेन—हृदय के सूना होने के कारण। परहृदय०—(i) दूसरे के मानसिक भाव को जानने में कुशल, (ii) दूसरे के हृदय को वश में करने में कुशल। मदनिका—(i) चेटी का नाम, (ii) मदनमस्यास्तीति मदनिका कामयुक्ता; जैसे काम (मदन) दूसरों के हृदय को वश में करने में चतुर है, इसी प्रकार मदनिका भी; यह भाव है।

कामः—'तरुणजनस्य' यह एक वाक्य है। अनुगृहीत—कामदेव को आपने अनुगृहीत किया है। भाव यह है कि आप जो काम से प्रभावित हुई हैं यह कामदेव पर आपकी कृपा ही है। 'कः खलु नाम अद्य अत्रभवत्या अनुगृहीतो महोत्सवे तरुणजनः।' यह पाठान्तर है, जो अधिक युक्तिसङ्गत प्रतीत होता है। सेव्यते—सेवितुम् इष्यते, किसकी सेवा करना अभीष्ट है। रन्तुम्—रमण करने के लिये √रम्+तुम्। कुछ व्याख्याकारों का कथन है कि यहाँ से लेकर 'भर्तृदारिकया कास्थते' तक का पाठ प्रक्षिप्त है; क्योंकि कोई रमणी अपनी अभिलाषा को ऐसे स्पष्ट रूप में प्रकट नहीं करती। वस्तुतः यहाँ वसन्तसेना अपनी सेविका (= सखी) से मन की बात कह रही है। अतः इसमें कोई अनौचित्य नहीं प्रतीत होता। उपारूढ०—बढ़ा हुआ है स्नेह जिसका उसको। न राजा०—भाव यह है कि आप जैसी रूपवती तरुणी के योग्य ये ही व्यक्ति है, इन्हें आप चाहती नहीं, फिर आप किसे चाहती हैं] उदासीना+इव—अनजान सी; भाव यह है कि क्या तुम्हें पता नहीं कि कामदेवायतनोद्यान में उस व्यक्ति ने मेरे हृदय को जीत लिया था? —शरणागता—शरण में आई हुई, शरणम् आगता (द्वितीया तत्पुरुष)। अभ्युपपन्ना—स्वीकार की गई, अनुगृहीता।

पृ० ७०. श्रेष्ठि—श्रेष्ठं धनादि अस्यास्ति—इति श्रेष्ठी, श्रेष्ठ+इन्= श्रेष्ठिन्, सेठ। वचनीया—निन्दनीया; वेश्याओं का स्वभाव यह है कि वे धन के कारण ही किसी व्यक्ति से प्रेम करती हैं, अतः जो गणिका निर्धन व्यक्ति में अनुरक्त है, वह प्रशंसनीय (अवचनीया) है; क्योंकि उसका प्रेम धन के कारण नहीं अपितु गुणों के कारण है। अतएव ताः—इसीलिये वे मधु का निर्माण करने वाली हैं, मधु का आनन्द

लेने वाली नहीं; इसी प्रकार जो गणिका धन के लिये किसी में अनुरक्त होती हैं, वे दूसरों के आनन्द के लिये ही अपना शृङ्गार करती हैं, जीवन का आनन्द वे नहीं भोगतीं। पृथ्वीधर के अनुसार मधुकर्य्यः=मत्ताः (सं० व्याख्या), इसीलिये वे विचार-शून्य कहलाती हैं। विलसन के मतानुसार 'मधुकरी' शब्द के दो अर्थ हैं—(i) मधु बनाने वाली-भ्रमरी, (ii) याचक। मनीषितः--मनोवाञ्छित, मनसः ईपितः मनीषितः ('अस्' भाग को पररूप अर्थात् ई हो जाता है)। सहसाभिसार्यमाण:०— यदि मैं सहसा अभिसरण करूँगी तो प्रेम के प्रतिदान रूप से उपहार देने में असमर्थ होने के कारण वे दोबारा मुझसे मिलना पसन्द न करेंगे, इसलिये पहले मैं यह विश्वास दिला देना चाहती हूँ कि आपके दरिद्र होने पर भी मेरा आप में अनुराग है, मुझे धन या उपहार की आवश्यकता नहीं। अतएव—विश्वास उत्पन्न करने के लिये ही।

नेपथ्ये—संवाहक के प्रवेश को सूचित करने के लिये नेपथ्य में, इस प्रकार कहा गया है। यहाँ एक ऐसा दृश्य आरम्भ होता है जिसमें द्यूत का अत्यन्त विशद वर्णन उपलब्ध होता है, जो भास के 'चारुदत्त' में उपलब्ध नहीं होता। भट्टारक—द्यूतकरों के सभिक के प्रति सम्बोधन है। दशानां सुवर्णानां समाहारः दशसुवर्णम्-तस्य, सुवर्ण—एक सोने का सिक्का, जो प्रायः ८० रत्ती या १० माशे के बराबर होता था। उसकी तोल समय-समय पर बदलती रही है। सुवर्णस्य—यहाँ हेतु के अर्थ में सम्बन्धसामान्य में षष्ठी है। रुद्धा—बाँधा गया, रोका गया।

पृ० ७२. अपटीक्षेपेण—बिना पर्दा गिराये या बिना पर्दा हटाये। प्रायेण यवनिकाक्षेप के पश्चात् ही मञ्च पर पात्र का आगमन होता है किन्तु नाट्यशास्त्र का विधान है कि किसी आर्तजन या राजा का प्रवेश पटीक्षेप के बिना ही होना चाहिये—'पटीक्षेपो न कर्त्तव्य आर्तराजप्रवेशने'। इसीलिये यहाँ घबराये हुए संवाहक का प्रवेश पटीक्षेप के बिना ही दिखलाया गया है। हीणामहे—यह खेद अथवा विस्मय अर्थ में अव्यय है। द्यूतकरभावः—द्यूतकरता, जुआरी होगा।

१. नवबन्धन०—जैसे तत्काल बन्धन से खुली हुई गधी (गर्दभी) का प्रहार कठोर होता है, इसी प्रकार गर्दभी नामक द्यूतक्रीड़ा की कौड़ी का प्रहार कठोर है—यह भाव है। ताडितोऽस्मि—पीटा गया हूँ, इससे प्रकट होता है कि वह अपनी सम्पत्ति का एक भाग हार गया। अङ्गराजः—अङ्गानां राजा कर्णः तेन मुक्तया। शक्त्या—(१) शक्ति नामक अस्त्र से, (२) शक्ति नाम की द्यूतक्रीडा की कौड़ी से। घटोत्कच इव—कर्ण ने शक्ति नामक अस्त्र से घटोत्कच मारा था, यह महाभारत की कथा है। घातितोऽस्मि—मार दिया गया हूँ, इससे प्रकट होता है कि उसने समस्त सम्पत्ति हरा दी थी ॥१॥

२. लेखक०---द्यूत का विवरण या हिसाब। सभिक—जुआ कराने वाला, सभा+इक (ठन्), सभिक अपने घर में या किसी द्यूतगृह में द्यूतक्रीडा का प्रबन्ध करता है और वह जुआरियों का मुखिया होता है। अग्निपुराण, मनुस्मृति याज्ञवल्क्य

स्मृति तथा मिताक्षरा आदि में सभिक तथा द्यूत के नियम आदि का विस्तृत वर्णन किया गया है ॥२॥

विपरीताभ्याम्०—उलटे पैरों से, भाव यह है कि मन्दिर की ओर पीठ करके इस प्रकार मन्दिर में प्रविष्ट हो जाऊँ कि सभिक और द्यूतकर मन्दिर से जाते हुए व्यक्ति के पद-चिह्नों को न देखें और यहाँ मुझे न पकड़ सकें। इससे प्रकट होता है कि संवाहक भी दूसरों को छलने में निपुण है। **देवीभविष्यामि**—देव हो जाऊँगा, अदेवः देवः सम्पद्यमानो भविष्यामि—इति देवीभविष्यामि, देव + च्वि + भविष्यामि 'कृभ्वस्तियोगे संपद्यकर्तरि च्विः' इस सूत्रानुसार अभूततद्भाव में 'च्वि' प्रत्यय करके 'अस्य च्वौ' सूत्र से अकार को ईकार होकर रूप बनता है, अथवा 'देवी' और 'भविष्यामि'—ये दो शब्द हैं। यह भी संवाहक की दूसरी चाल है कि प्रतिमाशून्य मन्दिर में यदि वह प्रतिमा के स्थान पर बैठ जायेगा तो किसी को उसके यहाँ होने की आशंका ही न होगी।

३. **यदि०। सभिकं वर्जयित्वा**—सभिक के अतिरिक्त, इससे प्रकट होता है कि सभिक का द्यूतकरों पर कितना अधिकार था।

पृ० ७४, ४. **कुत्र०। विप्रलम्भक**—ठगने वाले। **कुलं यशः०**—किसी के देय को न देने के कारण कुल और कीर्ति दोनों को कलुषित करता हुआ ॥४॥

पदवी—मार्ग अथवा पदपंक्ति, मित्र कच्चिदासादिता तस्य दुरात्मनः कौरवाधमस्य पदवी' (वेणी० ६)। **धूर्तः**—दूसरों को धोखा देने में चतुर। **संज्ञाप्य**—संकेत करके, दोनों परस्पर यह संकेत करते हैं कि संवाहक यहाँ है। **शैल-प्रतिमा**—पाषाण-मूर्ति, शिलायाः इयं शैली, शैली चासौ प्रतिमा च शैलप्रतिमा। **द्यूतेच्छायाः विकारस्य संवरणं**—गोपनम् जुआ खेलते हुए उन दोनों को देखकर संवाहक के मन में भी जुआ खेलने की इच्छा होना स्वाभाविक था। उस इच्छा से अनेक प्रकार के मनोविकार उसके हृदय में आ रहे थे, किन्तु वह प्रतिमा रूप में छिपा बैठा था, अतः उन भावों को दबा रहा था।

पृ० ७६, ५. **कत्ता**—पाँसे या कौड़ी, अन्य मतानुसार एक विशेष प्रकार का द्यूत। **ढक्का**—युद्ध का नगाड़ा 'ढक् ढक्' शब्द करने वाला—ढक् इति कायति ढक् + √कै + अ ॥५॥

६. **जानामि०। संनिभम्**—सदृश अर्थात् अत्यन्त कष्टदायक। **कोकिलः** कोकिल इव मधुरः, यहाँ 'कोकिल' शब्द से लक्षणा द्वारा 'कोयल का स्वर' अर्थ लिया जाता है ॥६॥

मम पाठे (?)—'मेरा दाँव है'—उस समय इस अर्थ में प्रचलित प्रयोग है, शब्द-प्रयोग का निमित्त विचारणीय है। **पतति**—घूमता है, चक्कर खा रहा है। अथवा-मेरा सिर झुकता है, तुम्हारे चरणों में गिरता है। **द्यूतकरमण्डल्या**—जुआरियों की मण्डली ने, इससे प्रकट होता है कि जुआरियों की मण्डली का अत्यन्त कठोर शासन था, इसीलिये आगे कहा गया है—**अलङ्घनीयसमयः**—ऐसा नियम है जिसका

उल्लंघन नहीं किया जा सकता। 'समयाः शपथाचारकालसिद्धान्तसंविदः—अमरकोश। गण्डः –वायदा, भाव यह है कि यदि इस समय नहीं दे सकते तो वायदा करो कब दोगे।

पृ० ७८ साम्प्रतं गमिष्यामि—संवाहक यह भी एक चाल खेलता है, वह आधे रुपये की छूट सभिक से स्वीकार कराता है और शेष आधे की द्यूतकर से। ये दोनों इस चाल को समझ नहीं पाते और यही समझते हैं कि दोनों से एक आधे भाग की मुक्ति के लिये ही प्रार्थना की गई है। भट्टारकाः—स्वामिजनों, यहाँ सामान्य जनों के लिये सम्बोधन है।

निपुण—चतुर, तुम्हारे कपट को समझने वाला। न धूर्तयामि—धूर्तता का कार्य नहीं करता हूँ अथवा तुझे धूर्त नहीं करता हूँ अर्थात् तेरी धूर्तता को जानता हुआ भी दूसरों को नहीं बतलाता हूँ। 'धूर्तं करोति आचष्टे वा' इस अर्थ में तत्करोति तदाचष्टे' इस से 'णिच्' होकर 'धूर्तयामि' क्रिया शब्द बनता है। M. R. काले का कथन है कि यहाँ 'धूर्त्ये' पाठ उचित है (Read धूर्त्ये, pass. 1st Sing of धूर्तय्) जिसका अर्थ है—मैं तुझ से छला नहीं जाऊँगा।

पृ० ८०. आकाशे—आकाश में अर्थात् 'आकाशभाषित' नामक नाट्योक्ति के द्वारा। जब कोई पात्र किसी अन्य पात्र की उपस्थिति के बिना ही उसकी बात सुनता-सा है तथा 'क्यों भाई क्या कहा?' इत्यादि कहकर उसे उत्तर देता है, तो यह नाट्योक्ति आकाशभाषित कही जाती है। 'आकाशोक्तिः, स्वयं प्रश्नप्रत्युत्तरमपात्रकम्'। वर्त्ते—हो गया हूँ। असिंहासनं—बिना सिंहासन का; 'नास्ति सिंहासनम् अस्मिन् इति' (बहुव्रीहि), भाव यह है कि द्यूत या द्यूतकर तो एक राजा के समान है, केवल वह सिंहासन नहीं रखता है।

न गणयति—नहीं गिनता, आशङ्का नहीं करता या कुछ नहीं समझता (१) राजा तो अपने सामर्थ्य के कारण किसी से अपमान की आशङ्का नहीं करता (२) द्यूत मानापमान को कुछ नहीं समझता। अर्थजातम्—(१) राजा कर ग्रहण करता है और शासन में व्यय करता है। (२) द्यूत में पराजित व्यक्ति से धन लिया जाता है और जीतने वाले को दिया जाता है। निकामम्—अत्यन्त। आयदर्शी–धन प्राप्ति को देखने वाला ॥७॥

८. द्रव्यम्०—इसके दो अर्थ हो सकते हैं—मैंने द्यूत द्वारा ही द्रव्य आदि प्राप्त किया और इसी से नष्ट कर दिया। (२) द्यूत द्वारा द्रव्य आदि प्राप्त किया जा सकता है और इसी से नष्ट हो जाता है। यहाँ प्राप्ति और विनाश दो विरूप वस्तुओं का एक द्यूत के साथ सम्बन्ध दिखलाया गया है, अतः विषमालङ्कार है—'विरूपयोः संघटना या च तद्विषमं मतम्' ॥८॥

९. त्रेता०—इस श्लोक में बतलाया गया है कि द्यूत से सर्वस्व नाश कैसे हो गया? यहाँ त्रेता, पावर, नर्दित और कट इन चार जुए में प्रसिद्ध शब्दों का प्रयोग किया गया है। व्याख्याकारों के अनुसार ये चार प्रकार के दाँव हैं; उत्तरी

भारत में इनके ये नाम प्रचलित हैं—(१) सौंदत=नक्का (एक, पाँच, नौ, तेरह), (२) पावर=दूआ (दो, छः, दस, चौदह), (३) त्रेता=तीया (तीन, सात, ग्यारह, पन्द्रह), (४) कट=पूरा(, चार, आठ, बारह, सोलह)। अन्य व्याख्याकार इन चारों को जुए के भिन्न-भिन्न दाँव नही मानते। प्रथम मत के अनुसार चार बार उसके विरुद्ध दाव आया—'तीया' ने उसका सर्वस्व हर लिया। 'दूआ' ने उसे ऐसा चिन्तित कर दिया कि उनका गात्र सूखने लगा। 'नक्का' ने उसे वहाँ ठहरना ही भारी कर दिया और घर का रास्ता दिखलाया तथा 'पूरा' ने तो उसे पूर्णतया नष्ट कर दिया ॥६॥

पृ० ८२, १०. अयं पटः०। सूत्रदरिद्रतां—सूत की जीर्णता को, अर्थात् इसके धागे बहुत पुराने हो गये हैं। संवृत—लिपटा हुआ। यहाँ प्रत्येक चरण में 'अयं पटः' इन शब्दों का प्रयोग है अतः 'अनवीकृतत्व' दोष है, ऐसा कुछ व्याख्याकारों का कथन है। अन्य व्याख्याकार इसे मूख का कथन होने से दोष नहीं मानते ॥१०॥

अयं तपस्वी—यह वेचारा; सभिक (माथुर) की ओर संकेत है।

११. पादेन यो हि—जो मैं, (अहम् इति शेषः) उल्लम्बितः (उत्+लम्बितः) लटका हुआ। भाव यह है कि मेर जैसे सहनशील एवं शक्तिशाली का बेचारा माथुर क्या करेगा ॥११॥

खलीक्रियते—सताया जा रहा है, खलीकरण (१) कुचलना (२) आघात पहुँचाना (३) दुर्व्यवहार करना (४) ताड़ना या भर्त्सना करना। अन्तरमन्तरम्—अवकाश—अवकाश; भीड़ में प्रवेश के लिये मार्ग की प्रार्थना के समय इस वाक्यांश का प्रयोग होता है। धूर्तः—जुआरी।

१२. यः स्तब्धम्०। इस श्लोक में पराजित जुआरी द्वारा भोगे जाते हुए कष्टों का उल्लेख किया गया है। आनतशिरः—यह पाठान्तर है; आनतं शिरः यस्मिन् कर्मणि तद् यथा स्यात् (क्रिया विशेषण)। अत्यायतकोमलः अत्यन्तस्थूल तथा कोमल। अव्यायत०—यह पाठान्तर है। अव्यायतः=अकृतश्रमः, श्रम न करने वाला। द्यूतप्रसंगेन किम्—यह भाव है कि द्यूत अत्यन्त कष्टसाध्य है जो कष्ट सहन नहीं कर सकता उसका द्यूत से क्या सम्बन्ध? ॥१२॥

पृ० ८४. लुण्ठीकृतम्—लपेटा हुआ। कटकरणेन—(१) 'पूरा' नामक दाव के द्वारा (२) वायदा करके? (३) कट का अर्थ है चटाई अतः चटाई बनाकर यह अर्थ उचित प्रतीत होता है, भाव यह है कि चटाई बुनने जैसा साधारण सा कार्य करके दश सुवर्ण दे दूंगा।

१३. दुर्वर्णः—नीच वर्ण का। व्यापाद्यते—मारा जाता है ॥१३॥

शीलयतु—पुनः पुनः खेले, √शील (चुरादि)+लोट्। आचक्षाणः—कहने वाला, आ+√चक्ष्+शानच्। धूर्तः=द्यूतकरः, जुआरी; धूर्तोऽक्षदेवी कितवोऽक्षधूर्तो द्यूतकृत् समाः'—अमरकोश। मिथ्या+आदर्शयामि इतिच्छेदः—यहाँ काकु है। भाव यह है कि मैं प्रसिद्ध जुआरी माथुर भी क्या जुए को मिथ्या होने दूंगा? अर्थात्

हारे हुये से देय धन न लेने पर द्यूतव्यवहार दूषित होता है। अतः द्यूत के नियमों की रक्षा के लिये मैं इससे सुवर्ण माँगता हूँ। (देखिये सं० व्याख्या तथा काले नोट्स पृ० ५२) खण्डितवृत्तः—द्यूतकरों की सभा के नियमों को तोड़ने के कारण तुम चरित्रहीन हो, यह भाव है।

पृ० ८६ एवमेव—द्यूत के नियम तोड़ने के लिये ही। मथैवम्०—पीड़ितों की सहायता करने के लिये ही। अन्तरयति–बीच में पड़ता है। प्रतीपम्—उल्टा, इसका व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ है–जल के प्रवाह के विरुद्ध; प्रतिगता आपो यस्मिन्–प्रति - अप्–अप् के अकार को 'ईकार' (द्व्यन्तरुपसर्गेभ्योऽप ईत् ६।३।९७) हो जाता है। पुंश्चली–छिनाल ('छिणालिआ' प्राकृत), पुंसः चलति (स्वपुरुषात् पुरुषान्तरं गच्छति) इति पुंश्चली।

पृष्ठ ८८. विरोधितः—विरोध कर लिया। शर्विलक—तृतीय अङ्क में आने वाला एक पात्र। सिद्धादेशेन—सिद्धस्य आदेशेन; मन्त्रादि की सिद्धि प्राप्त करने वाला या अणिमा आदि योग की सिद्धि प्राप्त करने वाला व्यक्ति सिद्ध कहलाता है, उसके निर्देश से अथवा सिद्धः आदेशः यस्य (बहुव्रीहि), जिसका कथन सदा सत्य होता है (काले)। अस्मद्विधो–इस प्रवन्ध में यही सर्वप्रथम एक योजनाबद्ध क्रान्ति का सकेत मिलता है। भयम्०–इससे वसन्तसेना की शरणागत-वत्सलता प्रकट होती है; क्योंकि अभी वह संवाहक के विषय में कुछ नहीं जानती। अपावृणु – खोल दो; वसन्तसेना सोचती है कि धनिक से तो धन देकर पीछा छुड़ाया जा सकता है। अतः द्वार बन्द करने की आवश्यकता नहीं। तुलितम—तुला हुआ, सीमित या अपनी शक्ति के अनुकूल; यह धनिक से होने वाले भय से क्यों नहीं डरती, यह आश्चर्य की बात है।

१४. व:० । कान्तार—गहन वन या दुर्गम मार्ग; 'कान्तारं वर्त्म दुर्गमम्' अमरकोश ॥१४॥

लक्षितोऽस्मि—देख लिया गया हूँ; श्लोक में कही गई बात का मैं (वैषम्य रूप से) दृष्टान्त हूँ अर्थात् मैंने अपनी शक्ति को न देखकर द्यूतकार्य में धन हरा दिया है, उसका ही यह दुष्परिणाम भोग रहा हूँ। कलहायिताः; कलहं करोति इति कलहायते, शब्दवैरकलहाभ्रकण्वमेघेभ्यः करणे ३।१।१७॥ इससे क्यङ् प्रत्यय होकर नामधातु 'कलहाय' बनती है; कलहाय + क्त।

पृष्ठ ९०. भूतानि सुवर्णानि—सुवर्ण प्राप्त हो गये; वसन्तसेना अत्यन्त उदार है अतः वह शरणागत का ऋण चुका देगी, यह भाव है। उपरोध—(1) घेरना (blocking up या Surrounding), (2) अनुग्रह (Favour) यहाँ पर व्याख्याकारों ने दोनों ही अर्थ किये हैं। संज्ञां ददाति—(संवाहक का परिचय पूछने के के लिये) संकेत करती है। वृत्ति–जीविका। उपजीवति–आश्रित है। गृहपति–गृहस्थी, घर का स्वामी, व्याख्याकारों ने इस शब्द का अर्थ ग्रामाध्यक्ष (The headman of a village) भी किया है। संवाहकः—संवाहयति शरीरं मर्दयति इति; सम् +

√वह + ण्वुल् । निर्विण्णम्—खेदयुक्त । आहिण्डकानाम्—घूमने वालों के; आ √हिण्ड + ण्वुल् ।

पृष्ठ ९२. मनोरथान्तरस्य–हृदय के प्रिय के; मनोरथ-अभिलाषा, कामना । अन्तर-भीतर, सम्बद्ध, प्रिय । अनुक्रोश—सहानुभूति, करुणा; 'कारुण्यं करुणा घृणा कृपा दयानुकम्पा स्यादनुक्रोश:"—अमरकोश । उपरत–नष्ट, समाप्त । दुर्लभा०–भाव यह है कि जहाँ उदारता इत्यादि गुण होते हैं वहाँ सम्पत्ति नहीं ठहरती इसी में दृष्टान्त दिया गया है—अपेयेषु० इत्यादि; अर्थात् जिनका धन दुखियों के काम नहीं आता उनके पास ही धन का संचय होता है । मृगाङ्क: मृग: अङ्क यस्य स: अथवा मृग: अङ्को यस्य स:; चन्द्रमा । श्लाघनीय—प्रशंसा के योग्य; √श्लाघ + अनीयर् । अवतीर्य—उतरकर; अव + √तॄ + ल्यप् ।

पृष्ठ ९४. कुत्र स धनिक:—(१) वह धनिक (जिसके दस सुवर्ण तुम पर हैं) कहाँ है ? (२) वह (चारुदत्त) धनिक कैसे रह सकता है ? (जबकि वह दान में इतना अधिक धन व्यय करता है) ।

१५ सत्कार०—य: पूजयितुमपि जानाति०—यह पाठान्तर है; भाव यह है कि जो दूसरों का सत्कार करना जानता है वह अपने प्रति किये गये विशेष सम्मान का अनुभव कर सकता है । पृथ्वीधर आदि व्याख्याकारों ने इस श्लोक में 'मात्रासमक' वृत्त दिखलाया है किन्तु यहाँ 'वैतालिय' वृत्त है (काले—देखिये—परिशिष्ट में छन्दों के लक्षण ।।१५।।

सवृत्ति:—वैतनिक । चारित्र्य०—चारित्र्य ही है अवशिष्ट जिसका; अर्थात् धनहीन हो जाने पर । अनुसन्धत्त:—खोज रहे हैं । विसंष्ठुलतया—स्थिर न होने से । विसंष्ठुल –अस्थिर, विसंष्ठुलस्य भाव: विसंष्ठुलता तया ।

पृष्ठ ९६. १६ कस्य—यहाँ 'कस्य' का 'जल्पसि' के साथ अन्वय है; किससे कहती हो' । रतदष्टदुर्विनीतेन—रतिकाल में क्षत एवं (रति की सूचना देने के कारण) धृष्ट (Ill-mannered) कटाक्षेण—नेत्र के कोने से । कटं गण्डम् अक्षति इति कटाक्ष: ।।१६।।

यदीदृशानि०—मेरे पास सम्पत्ति नहीं है' यदि ऐसा कहते हो तो जुआरी नहीं हो, क्योंकि धन का अर्जन करना तथा मुक्त-हस्त से व्यय करना जुआरियों के लिए कठिन नहीं है । धारक—ऋणी । प्रतिपादयति—देता है । भूत:—पूर्ण हो गया । गण्ड:—वायदा । रमस्व—खेलो ।

पृष्ठ ९८. तद्गच्छतु—यहाँ 'तद्गच्छत्वार्यो बन्धुजनं समाश्वासयितुम्'–यह पाठान्तर है जो अधिक स्पष्ट है । यद्येव–यदि आपने कृपा करके मुझे ऋणमुक्त करा दिया । परिजनहस्तगता–परिचारिका के हाथों में, अर्थात् परिचारिका को सिखला दीजिये । कुछ व्याख्याकारों के अनुसार इसका अर्थ है–'परिजनस्य पोष्यजनस्य ममेति भाव: (हस्तगता अधीना क्रियताम्) सेवकत्वेन मामनुमन्यस्व इति भाव:' अर्थात् मुझे इस सेवा का अवसर दीजिये । किन्तु यह अर्थ संगत नहीं प्रतीत होता (मि० काले

नोटस् पृष्ठ ५६) । **यस्य कृते०**—इस कथन से वसन्तसेना का चारुदत्त के प्रति उत्कट प्रेम व्यक्त होता है। **शाक्यश्रमणकः**—'श्रमणक' शब्द संन्यासी के समानार्थक है; शाक्य या शाक्यमुनि शब्द का अर्थ है—बुद्ध । अतः शाक्यश्रमणक = बौद्धसंन्यासी, बौद्धभिक्षु । **साहसेन०**—भाव यह है कि संन्यासी होना एक साहस का कार्य है; इससे यह प्रकट होता है कि उस समय बौद्ध भिक्षु को निन्दा की दृष्टि से देखा जाता था (काले) ।

१७ **द्यूतेन०**—**विहस्तम्०**· इस शब्द के व्याख्याकारों ने अनेक अर्थ किये हैं। सामान्यतः अर्थ यह है—विगतः हस्तः यस्य स विहस्तः अर्थात् हाथ का प्रयोग न कर सकने वाला, ऐसा व्यक्ति जो यह न समझ सके कि क्या करे देखिये 'रामापरित्राणविहस्तयोधम्' रघु० ५, ४६ । इस प्रकार विहस्त = व्याकुलः । मल्लिनाथ ने भी यहाँ पर यही अर्थ किया है, विहस्ताः = व्याकुलाः तथा कोशकारों के अनुसार भी यही अर्थ है—'विहस्तव्याकुलौ समौ'—अमरकोश । इसलिये 'यद् विहस्तं जनस्य सर्वस्य' का अर्थ है—(१) सब जनों से व्याकुल अर्थात् अपमानित होना या (२) सब जनों को व्याकुल करना, यहाँ पर **विहस्तम्**— = व्याकुलत्वं, व्याकुलीकरणम्, (भावप्रधाने निर्देशे विहस्तत्वमिति लभ्यते) ॥१७॥

गन्धगजम्—एक विशेष प्रकार का हाथी । उसके मद में तीव्र गन्ध होती है तथा उसकी गन्ध को सूँघकर अन्य हाथी भाग खड़े होते हैं। (दे० सं० व्याख्या) ।

पृ० १००. **दुर्मनुष्य**—अशिष्ट जन, क्योंकि वह भद्दे ढंग से प्रविष्ट हुआ है। अतः उसे इस शब्द से पुकारा गया है। **वञ्चितासि**—एक अभीष्ट की प्राप्ति से खाली रह गई हो, जो देखना सुखकर होता वह आपने नहीं देखा । **आलानस्तम्भम्**—'आलान' = बन्धनस्तम्भ या 'शृङ्खला' "आलानं बन्धनस्तम्भेऽथ शृङ्खले" अमरकोश । यहाँ केवल 'शृङ्खला' अर्थ है, क्योंकि 'स्तम्भ' शब्द के साथ प्रयोग किया गया है। **महामात्र**-प्रधान महावत, "महामात्रः समृद्धे चामात्ये हस्तिपकाधिपे"—मेदिनी । **उद्घुष्टं**—जोर से कहा ।

१, १६. **विचलति**—यहाँ हाथी के भागने से होने वाली घबराहट का स्वाभाविक वर्णन किया गया है। **रत्नाङ्कुर**—लघुरत्न या रत्नों की रश्मियाँ ॥१६॥

फुल्ल०—फूले हुए हैं कमल जिसमें ऐसी सरसी, जिस प्रकार हाथी विकसित कमलों से युक्त सरोवर का विलोडन करता है, इसी प्रकार उसने उज्जैन नगरी में खलबली मचा दी ।

पृ० १०२. **नहि नहि०**—वसन्तसेना के प्रति नम्रता तथा आदरभाव दिखलाने के लिये यह वचन कहा गया है। **वामचरणेन···आकारितः**—इस वाक्य का अर्थ विवादास्पद है। व्याख्याकारों ने इसके अनेक अर्थ किये हैं। यहाँ 'वामचरणेन' का शाब्दिक अर्थ है—बायें पैर से, श्रीनिवासाचार्य के अनुसार इसका अन्वय 'गृहीत्वा' के साथ है और समस्त वाक्य का अर्थ है—"(समीप के द्यूतगृह में स्थित) द्यूतलेखक को लौहदण्ड लाने के लिए बार-बार बुलाकर और उसके आने पर अपने वामचरण

से लौहदण्ड का ग्रहण करके उस दुष्ट हाथी को ललकारा" —"द्यूतलेखकं द्यूते लेखनाधिकृतं पुरुषमुद्घुष्योद्घुष्य लौहदण्डग्रहणार्थमाहूयाहूय तस्मिन्नागते इति वामचरणेन सव्यपादेन त्वरितमापणात् लौहदण्डमायसीं यष्टिं गृहीत्वा। हस्तेन ग्रहणे हि नमन्तं हस्ती गृह्णीद् विलम्बश्च स्यादिति पादेन ग्रहणम्।" (काले द्वारा उद्धृत)—इस अर्थ में समीप के द्यूत-गृह की क्लिष्ट कल्पना करनी पड़ती है। अतः इस वाक्य का अन्वय तथा अर्थ इस प्रकार उचित प्रतीत होता है—"त्वरितम् आपणात् लौहदण्ड गृहीत्वा वामचरणेन=(वक्रगत्या) द्यूतलेखकं (द्यूतखेलकं) उद्घुष्य (मा भैषीरिति पुनः-पुनः आश्वास्य) सः दुष्टः हस्ती आकारितः (आहूतः)।" (दे० हिन्दी अनुवाद); यहाँ 'द्यूतलेखक' के स्थान पर 'द्यूतखेलक' पाठ ही उचित है, क्योंकि 'संवाहक' एक द्यूतकर ही था। हाँ, इस अर्थ में भी एक शङ्का बनी ही रहती है कि कर्णपूरक ने इस घुटे-मुंडे बौद्धभिक्षु को कैसे जान लिया कि यह जुआरी है? क्योंकि वसन्तसेना और संवाहक के वार्तालाप के समय तो वह उपस्थित नहीं दिखलाया गया है।

२०—**आहत्य०**—आहत्य-प्रहार करके ॥२०॥

विषमभरा०—ऐसी नौका जिसमें एक ओर अधिक भार लदा हो एक ओर कम अर्थात् भार का संतुलन ठीक (सम) न हो। **मदगन्धेन**—हाथी के मद की गन्ध से नासिका भरी होने के कारण।

पृष्ठ १०५. **नामापि**—उस समय वस्त्रों पर नाम अङ्कित करने की प्रथा थी, यह इस कथन से प्रकट होता है। इसी प्रकार अष्टम अङ्क में भी कहा गया है। **प्रावृणोति**—ओढ़ती है, प्रथम अङ्क में भी चारुदत्त के घर गई हुई वसन्तसेना ने इसी प्रकार इस दुशाले को ओढ़कर अनुराग प्रकट किया है। कहा भी है—दत्तं किमपि कान्तेन धृत्वाऽङ्के मुहुरीक्षते'। **साम्प्रतं**—इस समय, क्योंकि अब आपने इस दुशाले के लिये उचित पुरस्कार दे दिया है।

तृतीय अङ्क

['सन्धिच्छेद' नामक यह तीसरा अङ्क है। चारुदत्त के भवन में सेंध लगाकर शर्विलक नामक चोर वसन्तसेना के रक्खे हुए सुवर्णभाण्ड को हर लेता है—यह कथा इस अङ्क में वर्णित है। इसमें चार दृश्य हैं। प्रथम दृश्य में वर्धमानक नामक, चारुदत्त का सेवक, चिन्ता प्रकट करता है, क्योंकि आधी रात बीत गयी है तथा चारुदत्त घर नहीं लौटा। द्वितीय दृश्य में अपने मित्र रेभिल के यहाँ से संगीत का आनन्द लेकर चारुदत्त और विदूषक घर लौटते हैं। वर्धमानक उनके पैर धुलाता है और विदूषक को स्वर्णभाण्ड सौंप देता है। चारुदत्त और विदूषक सो जाते हैं। तृतीय दृश्य में शर्विलक का प्रवेश होता है जिसका कि नाटक में वर्णित राज्यक्रान्ति में विशेष हाथ है। वह वसन्तसेना की दासी मदनिका को दासता से मुक्त कराने के लिये चोरी करने को उद्यत होता है और चारुदत्त के घर में सेंध लगाकर प्रविष्ट हो जाता है। वह

स्वप्न में बड़बड़ाते हुए विदूषक के हाथ से सुवर्णभाण्ड को ले लेता है और रदनिका के जाग जाने पर भाग जाता है। चतुर्थ दृश्य में चारुदत्त और विदूषक जाग जाते हैं। चारुदत्त को चोर की सफलता पर सन्तोष होता है; किन्तु वह न्यास रूप में रक्खे हुए सुवर्णभाण्ड को ले गया—यह सोचकर चिन्ता भी होती है; इस समय चारुदत्त की स्त्री धूता का प्रवेश होता है जो अपने पति को लोकापवाद से बचाने के लिये अपनी रत्नमाला को विदूषक के हाथ भेजती है। चारुदत्त इस माला को वसन्तसेना के यहाँ भिजवाता है और पूजा में बैठ जाता है।

पृ० १०६, १. सुजनः—इस कथन के द्वारा चारुदत्त की ओर संकेत किया गया है, जो निर्धन होकर भी सेवकों को प्रिय था। पिशुनः—दुर्जन, 'पिशुनो दुर्जनः खलः' अमरकोश। दुष्करः—दुःख से सेवनीय, दुःखेन क्रियते इति दुष्करः, दुष्+√कृ+खल्। उत्तरार्ध में शकार की ओर संकेत है ऐसा व्याख्याकारों का कथन है; वस्तुतः यहाँ वैधर्म्य रूप से सामान्य कथनमात्र ही प्रतीत होता है ॥१॥

२. सस्य०—'अन्यप्रसक्तकलत्रं न शक्यं वारयितुम्' यह पाठान्तर है, जो संगत नहीं प्रतीत होता। स्वाभाविकदोषः—यहाँ अपने स्वामी चारुदत्त की अधिक दान-शीलता आदि स्वाभाविक दोषों की ओर संकेत है; क्योंकि मर्यादा का अतिक्रमण करके गुण भी दोषों की श्रेणी में चले जाते हैं ॥२॥

गान्धर्व—संगीत; देवलोक के गायक गन्धर्व कहलाते हैं, उनके नाम पर ही संगीतविद्या को गन्धर्व विद्या या गान्धर्व (गन्धर्वाणाम् इदम्) कहते हैं। वीणा हि नाम०—यहाँ वीणा को समुद्र से निकलने वाले १४ रत्नों से बढ़कर दिखलाया गया है। वे चौदह रत्न ये हैं—

> लक्ष्मीः कौस्तुभ-पारिजातक-सुरा-धन्वन्तरि-श्चन्द्रमा-
> गावः कामदुघाः, सुरेश्वरगजो, रम्भादिदेवाङ्गनाः।
> अश्वः सप्तमुखो, विषं, हरिधनुः, शङ्खोऽमृतं चाम्बुधेः,
> रत्नानीह चतुर्दश प्रतिदिनं कुर्युः सदा मङ्गलम् ॥

पृ० ११०, ३. उत्कण्ठितस्य०—उत्कण्ठित–प्रियजन के दर्शन के लिये उत्सुक। संकेतक—किसी स्थान पर मिलने का संकेत करने वाला प्रियजन। संस्थापना—आश्वासन देने वाली; जैसा कि मेघदूत में कहा गया है—प्रायेणैते रमणविरहेष्वङ्ग-नानां विनोदाः। (मेघ २–७)। यहाँ एक ही वीणा का 'वयस्या' इत्यादि अनेक रूपों में उल्लेख किया गया है, अतः उल्लेखालङ्कार है ॥३॥

नस्याः—नाक में डाली गई रस्सी, नाथ, यह प्रायः बैलों की नाक में डाली जाती है, गाय की नाक में डालने की बात विचारणीय है।

४. रक्तं च०—यहाँ 'रक्त' इत्यादि संगीतशास्त्र के पारिभाषिक शब्द हैं। तत्र रक्तं नाम वेणुवीणास्वराणामेकीभावे रक्तमित्युच्यते। मधुर नाम स्वर—भावोपनीतललितपदाक्षरगुणसमृद्धम्। व्यक्तं नाम पदपदार्थविकारागमलोप कृत्तद्धित···विभक्त्यर्थवचनानां सम्यगुपपादनं। (नारदशिक्षा, काले द्वारा उद्धृत)

इस प्रकार वाद्य-स्वरों के साथ पूर्णतया मेल को 'रक्त' कहते हैं। 'मधुर' का अर्थ है स्वर तथा भाव के अनुकूल ललित पदों तथा वर्णों से युक्त। 'व्यक्त' (स्फुट) का अर्थ है—व्याकरण सम्बन्धी शुद्धता से युक्त। **भावान्वितम्**—भावयुक्त। **अन्तर्हिता**—छिपी हुई। यहाँ 'मन्ये' द्वारा उत्प्रेक्षा प्रकट हो रही है ॥४॥

५. **तं तस्य**—इस पद्य का अन्वय तथा अर्थ विवादास्पद है; यह उचित प्रतीत होता है कि 'तस्य स्वरसंक्रमं श्लिष्टं तन्त्रीस्वनं च शृण्वन्निव गच्छामि'—यह मूल वाक्य है और द्वितीय तथा तृतीय चरण में कहे गये विशेषणों का 'स्वरसंक्रमं' से सम्बन्ध है; जैसा कि सं० व्याख्या एवं हिन्दी अनुवाद में दिखलाया गया है। **मूर्च्छना** -सप्तस्वरों का क्रमशः आरोह तथा अवरोह। (देखिये मल्लिनाथ-टीका शिशुपालवध १, १०)। मतान्तर से मूर्च्छना का अर्थ है—स्वरों का समुदाय; यथा कुटुम्बिनः सर्वे एकीभूता भवन्ति हि। तथा स्वराणां संदोहो मूर्च्छनेत्यभिधीयते। **हेला**—M. R. काले का कथन है कि यह एक पारिभाषिक शब्द है; हेला = रागस्य आरोहावरोहयोः अनौचित्यम् ॥५॥

अस्तं व्रजति—इस समय अष्टमी का चन्द्रमा रहा होगा जो अर्धरात्रि के समय छिप रहा था।

६. **असौ हि** - **अवगाढ़**—अव √गाह् + क्त। **विषाण**—दाँत। ६॥

पृ० ११२. **अलं सुप्तजनम्०**—इससे सेवकों के प्रति चारुदत्त का स्नेह तथा कोमलता प्रकट होती है। **डुण्डुभः**—दो मुखों वाला विषहीन सर्प, दुमुही 'समौ राजिलडुण्डुभौ'—अमरकोश। **निद्राचौर**—निद्रा का अपहरण करने वाला; भाव यह है कि रात्रि में इसकी रक्षा के लिये चिन्तित रहने के कारण निद्रा नहीं आ पाती।

७. **अलम्०**—यद्यपि चारुदत्त वसन्तसेना से प्रेम करता है, तथापि वह यह उचित नहीं समझता कि वेश्या के पहने गये अलङ्कार उसकी धर्मपत्नी के अलङ्कारों के साथ रक्खे जायें। इसीलिये इस प्रकार कहता है ॥७॥

पृ० ११४, ८. **इयं हि**—व्याख्याकारों ने इसका अन्वय कई प्रकार से किया है। **ललाटदेशात्**—निद्रा का चिह्न प्रथमतः ललाट पर दिखाई देता है, फिर आँखों में। इसी प्रकार जरा (बुढ़ापा) पहले ललाट के चारों ओर या कान के ऊपर के बालों में अपना प्रभाव दिखलाती है। इसी हेतु कहा गया है—'कृतान्तस्य दूती जरा कर्णमूले समागत्य वक्तीति लोकाः शृणुध्वम्" ॥८॥

९. **कृत्वा०**। **परिणाह**—विशालता, विस्तार 'परिणाहो विशालता'—अमरकोष। **शिक्षाबलेन**—चौर्यकला की शिक्षा के सामर्थ्य से। **कर्ममार्गम्**—कर्मणः मार्गम्; चोरी करने का मार्ग अर्थात् सेंध लगाना, यह चोरों का अपना शब्द है। **निर्मुच्यमान**-केंचुली के द्वारा छोड़ा जाता हुआ; निर् + √मुच् + शानच् (कर्मणि)। 'जीर्णतनु' यह पाठान्तर है ॥९॥

१०. **नृपति०**—इस श्लोक में 'रात्रि माता के समान ढक रही है'—यह दिखलाया गया है। अतएव इसमें प्रयुक्त विशेषणों का यथासम्भव दोनों पक्षों में अर्थ

किया जा सकता है; जैसे—नृपति०—(१) राजपुरुषों के लिये शंकापूर्ण है गमन (प्रचार) जिसका ऐसा शर्विलक, (२) राजपुरुषों के लिए शंकास्पद है आचरण (प्रचार) जिसका ऐसा पुत्र। परगृह० (१) दूसरे के घर को दूषित करने (चोरी से धन हरने) में निश्चित मुख्य वीर, (२) अपने कुल को अत्यन्त दूषित करने (परगृह-दूषणं) में माने गये वीर अथवा दूसरों के घर को दूषित करने वाले पुत्र। घन०—(१) निविड़ अन्धकार से आच्छन्न हैं तारे जिसमें ऐसी रजनी, (२) पटल नामक रोग के अन्धकार से व्याप्त हैं पुतली जिसकी ऐसी माता। **एकवीरः**—पाणिनीय व्याकरण के नियमानुसार **वीरैकः** समस्त पद होना चाहिये; सिद्धान्तकौमुदी तथा मनोरमा में येन केन प्रकारेण 'एकवीरः' शब्द की भी सिद्धि की गई है ॥१०॥

पृ० ११६. **परिसरे**—समीप के स्थान में, पर्यन्तभूः परिसरः'—अमरकोश। **दूषयामि**—हानि पहुँचाता हूँ, इसमें सेंध लगाता हूँ।

११. **कामं**—चाहे, भले ही। **वञ्चनापरिभवः**—वञ्चना-प्रतारणा, द्रव्यादि-हरण, उसके द्वारा परिभवः पीड़ित करना। **मार्गो ह्येष**—यह मार्ग, विश्वस्त जनों की वञ्चना का मार्ग। **नरेन्द्रसौप्तिकवधे**—नरेन्द्रराणां सौप्तिकवधे; सुप्त=सोना निद्रा,√स्वप्+क्त (भावे), तत्र भवः सौप्तिकः, सुप्त+ठञ् (इक)। यहाँ महाभारत की इस कथा की ओर संकेत है—जब कौरवों के प्रायः सभी योद्धा मारे गये और दुर्योधन भी मरणासन्न हो गया तो अश्वत्थामा ने एक रात्रि में देखा कि कोई उल्लू अपने सोते हुए शत्रुओं को मार रहा है। इससे अश्वत्थामा को प्रेरणा मिली और वह चुपके से रात्रि के समय पाण्डवों के शिविर में घुस गया तथा वहाँ द्रौपदी के पुत्रों का वध कर दिया एवं धृष्टद्युम्न और शिखण्डी का भी।

द्रौणिना—अश्वत्थामा ने; द्रोणस्यापत्यं पुमान् द्रोण+इञ् ॥११॥

११. **देश०**। **दर्शनान्तरगतः**—दृष्टि का विषय, दिखलाई देने योग्य। **करालः**-विशाल, भयंकर। पृथ्वीधर के अनुसार **दर्शन०**—का अर्थ है—चौर्यशास्त्र के अनुकूल और कराल का अर्थ है—चौर्यशास्त्र के विपरीत; यह अर्थ अधिक युक्तिसंगत नहीं प्रतीत होता ॥१२॥

पृ० ११८. **उत्करः**—पुञ्ज, राशि, ढेरी, 'पुञ्जराशी तूत्करः कूटमस्त्रियाम्' अमरकोश, उत्कीर्यते इति—उत्+√कृ+अप्। **स्कन्दपुत्राणाम्**—यहाँ पुत्र शब्द शिष्य या अनुयायी के अर्थ में है, चोर लोग स्कन्द के भक्त होते हैं। **एतत् सिद्धि-लक्षणम्**—यह (चूहों द्वारा किया गया मिट्टी का ढेर अथवा सेंध के योग्य स्थान की प्राप्ति) सफलता का सूचक है। **कनकशक्ति**—चौर्यशास्त्र के रचयिता का नाम है।

१३. **पद्मव्याकोशम्०**—इत्यादि सात प्रकार की सेंधों के नाम हैं। इन नामों से ही सेंध का स्वरूप प्रकट हो जाता है; जैसे १. **पद्मव्याकोशं**—विकसित कमल के समान आकृति वाली, २. **भास्करं**—सूर्य के समान गोल तथा विशाल। ३. **बालचन्द्रं**—द्वितीया के चन्द्रमा के समान वक्राकार। ४. **वापी**—बावड़ी जैसी, ५. **विस्तीर्णं**—

लम्बी । ६. स्वस्तिकं—(दे० अनुवाद); ७. पूर्णकुम्भं—नीचे से चौड़ी तथा ऊपर से सकरी ॥१३॥

१४. अन्यासु०—शर्विलक का भाव यह है कि यहाँ पक्की ईंटों वाले घर में 'पूर्णकुम्भ' नामक सेंध लगाना ही ठीक होगा; क्योंकि अन्य भित्तियों में जो दूसरी तरह की सेंध मैंने लगाई थीं, उनमें लोगों ने यद्यपि मेरे कार्यकौशल की प्रशंसा की है तथापि दोष भी दिखलाया है। वस्तुतः तो इस श्लोक का पाठ शुद्ध नहीं प्रतीत होता; 'अन्यासु' के स्थान पर 'अद्यासु' तथा 'वदति' के स्थान पर 'वदतु' पाठ होने से इसका अर्थ संगत हो सकता है। चारुदत्त नाटक का पाठ अधिक सुसङ्गत है—

अद्यास्य भित्तिषु मया निशि पाटितासु छेदात् समासु सकृदर्पितकाकलीषु ।
काल्यं विषादविमुखः प्रतिवेशिवर्गो दोषांश्च मे वदतु कर्मसु कौशलं च ॥

पृ० १२०. कुमारकार्तिकेयाय—शिवपुत्र कार्तिकेय; इनका दूसरा नाम कुमार भी है। चोरी गई वस्तुओं का पता लगाने के लिये लोग इनकी पूजा करते हैं। ये चोरों के देव माने जाते हैं। कनकशक्ति—चौर्यविद्या के प्रथम आचार्य। भास्करनन्दिन्—चौर्यविद्या के आचार्य। योगाचार्य—ऐसा प्रतीत होता है कि ये शर्विलक के गुरु रहे होंगे। कुछ व्याख्याकार ब्रह्मण्यदेव और देवव्रत को भी पृथक् आचार्य मानते हैं; किन्तु ये 'कनकशक्ति' के विशेषण हैं, यही उचित प्रतीत होता है। योगरोचना—योग से सिद्ध की गई रोचना (विशेष प्रकार का प्रलेप), जिसके लेपन से व्यक्ति अदृश्य हो जाता है।

१५. अनया० । समालब्धं लेपन किये गये को, सम् + आ + √लभ् + क्त ॥१५॥

प्रमाणसूत्रम्—मापने का धागा, प्रमाणार्थं सूत्रम् ।

१६. एतेन० । कर्ममार्गम्—सेंध, चोरी करने का मार्ग । संप्रयोगान्—जोड़ । परिवेष्टनम्—बन्धन, बन्द । सर्प के काटे आदि को बाँध दिया जाता है, यह प्रसिद्ध है ॥१६॥

१७. शिखा०—भाव यह है कि ज्यों ही शर्विलक ने दीवार में छेद किया त्यों ही भीतर जलते हुए दीपक की सुनहली प्रकाश-रेखा उसमें से होकर बाहर आई; जो चारों ओर अन्धकार से घिरी हुई ऐसी प्रतीत होती थी, जैसे कि श्याम कसौटी पर सुवर्ण की रेखा हो। यह सुन्दर उपमा है ॥१७॥

पृ० १२२. प्रतिपुरुषम्—काष्ठ आदि से बना हुआ मनुष्य का पुतला सम्भवतः वह सिर का भाग ही होता है। चोर सेंध में से उसे प्रविष्ट कर देते हैं। यदि कोई जागता होता है तो पता चल जाता है। प्रतीक्ष्य—देखकर । लक्ष्यसुप्तम्—लक्ष्येण व्याजेन सुप्तम्, सोने का बहाना बनाये हुए ।

१८. निःश्वासों । शङ्कितः - शङ्का अस्य संजाता इति शङ्का + इतच् । विकला—कुछ खुली हुई; विगता कला यस्याः, अथवा अस्थिर; यहाँ सुप्त पुरुषों का स्वाभाविक वर्णन किया गया है अतः स्वभावोक्ति अलङ्कार है तथा 'परमार्थसुप्तम्'

इस बात के समर्थन के लिये कारण समुदाय का कथन किया गया है अतः समुच्चयालङ्कार है ॥१८॥

पुस्तकाः—पुस्तक; अथवा मिट्टी आदि की बनी हुई मूर्ति को 'पुस्त' कहते हैं 'पुस्त' से स्वार्थ में कन् प्रत्यय होकर 'पुस्तक' शब्द बन गया है।

तन्ममापि नाम॰—भाव यह है कि क्या मुझ (शर्विलक) से भी भूमि में गड़ा हुआ धन छिप सकता है ? मि॰, 'आ. ममापि नाम दुर्योधनस्य शङ्कास्थानं पाण्डवाः'। (वेणी॰ २)। **स्फारीभवति**—फैलता है या बढ़ता है; यह प्रसिद्धि है कि यदि मन्त्र पढ़कर सरसों आदि के दाने धनयुक्त भूमि पर गिराये जाते हैं तो वे फैल जाते हैं। **उत्स्वप्नायते**—उत्कृष्टः स्वप्नः उत्स्वप्नः अथवा उद्गतः प्रलापादिना प्रकटितः स्वप्नः यस्य सः उत्स्वप्नः, स इवाचरति; उत्स्वप्न + क्यङ् (नामधातु); निद्रावस्था में बोलता है या स्वप्न देखता हुआ बोलता है।

पृ॰ १२४. **लघुत्वात्**—हल्का होने से, दुर्बल मन वाला होने के कारण। **गोब्राह्मण-काम्यया**—यहाँ ब्राह्मण शब्द से 'काम्यच्' प्रत्यय नहीं है अपितु 'काम्या = इच्छा एक स्वतन्त्र शब्द है; गौ और ब्राह्मण की अभिलाषा यह अर्थ है। (दे॰ काले नोट्स् पृ॰ ६८)। **आग्नेय**—अग्नि सम्बन्धी अर्थात् अग्नि को बुझाने वाला। **अप्रतिग्राहकस्य**—दान न लेने वाले का (दे॰ सं॰ व्याख्या)। **अग्रहस्तः**—यहाँ जब हस्त और उसके अग्रभाग में अभेद मान लेते हैं तो कर्मधारय समास होकर 'अग्रहस्त' शब्द बनता है और जब अवयव (अग्र) तथा अवयवी (हस्त) में भेद मानते हैं तो 'हस्ताग्र' शब्द बनता है। (दे॰ अलङ्कार सूत्र ५.२.२०)।

पृ॰ १२६. १९. **अनिर्वेदित**—M. R. काले के अनुसार निर्वेद = (disgust for objection); **अनिर्वेदितपौरु॰**—जिसमें पौरुष किसी अनुचित कार्य को करने में भी घृणा या आपत्ति अनुभव नहीं करता; अर्थात् दरिद्रता के कारण मनुष्य में अनुचित कार्य से बचने का सामर्थ्य नहीं रहता। **अनिर्वेदितपौरुषम्**—पाठान्तर है; अदर्शितं पौरुषं येन, अर्थात् दरिद्रता के कारण मनुष्य अपने पराक्रम को नहीं प्रदर्शित कर सकता ॥१९॥

ममापि॰—मुझ शर्विलक का रक्षक जन क्या करेंगे ? यह भाव है।

२०. **मार्जार—ग्रहा॰**—पकड़कर फाड़ डालने में अथवा पकड़ने में और फाड़ डालने में (ग्रहे-ग्रहणे आलुञ्चने छेदने च)। **संकटेषु**—आपत्ति के समय। **डुण्डुभः**—विशेष प्रकार का सर्प, जब इसे बाहर निकालने का प्रयत्न करते हैं तो यह दृढ़ता से चिपक जाता है। कुछ व्याख्याकार इसका अर्थ—'गृहगोधिका' (गोह) या 'सरटः' भी करते हैं ॥२०॥

२१. **भुवनावलोकने**—संसार को देखने में, छिपने के लिये स्थान खोजने में ॥२१॥

पृ॰ १२८. २२. **उपरित॰**। **असदृशजन॰**—अनुचित व्यक्ति चोर आदि, भाव यह है कि सेंध क्या है, मानों चोर को देखकर भवन का हृदय विदीर्ण हो गया है ॥२२॥

पृ० १३०, २३. वेदितवान्--'विदितवान्' रूप शुद्ध है। अथवा 'विद्' धातु से स्वार्थिक णिच् करके यह रूप होता है ॥२३॥

पृ० १३२. दिष्टचा--भाग्य से। २४. कः०--तूलयिष्यति--रुई के समान हल्का समझेगा, अथवा तुलयिष्यति यह पाठ है। शङ्कनीया--शङ्का का विषय। निष्प्रतापा--जिसमें तेज या प्रताप नहीं है, अथवा जिसका तेज चला गया है ॥२४॥

२५. प्रणयः--अभिलाषा। नृशंसेन--निर्दय (क्रूर) ने, 'नॄन् शंसति' (अर्थात् मनुष्यों की हिंसा करता है) इति नृशंसः, नृ + √शस् + अण् ॥२५॥

पृ० १३४, २६. न्यासप्रतिक्रियाम्--धरोहर के बदले का धन, न्यास-प्रतिशोध का उपाय ॥२६॥

शौण्डीर्यतया--उदारता के कारण, महानुभावता के कारण। शब्दापय--बुलाओ।

पृ० १३६. पुरस्तान्मुखः--पूर्व की ओर है मुख जिसका, पूर्व की ओर मुख करके दान ग्रहण किया जाता है। यथाविभवा०--यथाविभवस्यानुसारः (काले), यहाँ 'विभवमनतिक्रम्य यथाविभवम्' (सम्पत्ति के अनुसार) इस शब्द से ही अभिप्राय प्रकट हो सकता है फिर 'अनुसारेण' शब्द का ग्रहण विचारणीय है।

रत्नषष्ठीम् उपोषिता--अभुक्त्यर्थस्य न' इस वार्तिक के द्वारा कर्म संज्ञा का निषेध किया गया है अतः 'रत्नषष्ठीम्' में द्वितीया चिन्तनीय है। तस्य कृते--(१) उस व्रत के लिये, (२) उस ब्राह्मण के लिये अर्थात् चारुदत्त के लिये, धूता चारुदत्त को व्रत के उपहार के रूप में रत्नावली प्रदान करती है जिससे वह लेने से मन ही न करे (दे० काले नोट्स पृ० ७१)। लज्जिताम्--यदि चारुदत्त इस उपहार को स्वीकार नहीं करता तो धूता को लज्जित होना पड़ेगा। अतः वह मैत्रेय से स्वीकार कराने के लिये प्रार्थना करती है (?)। अकार्य०--कहीं मैत्रेय अपने मित्र के दुःख को देखकर कोई (आत्महत्या आदि) ? अनुचित कार्य न कर डाले। (काले)

पृ० १३८, २७. अर्थतः० इसमें धन का महत्त्व प्रकट किया गया है। इसका अर्थ विवादास्पद है ॥२७॥

२८. विभवानुगता--सविभवेन अनुगता अर्थात् धनयुक्ता या अपनी सम्पत्ति सहित (मेरा) अनुगमन करने वाली। यद्--जो, उपर्युक्त तीनों बातें ॥२८॥

२९. महतः प्रत्ययस्यैव--इस महान् विश्वास का ही; क्योंकि निर्धन होने पर भी उसने विश्वास किया, अतः उसका विश्वास-कार्य महान् है; उसका ऐसा उचित मूल्य होना ही चाहिये ॥२९॥

शरीरस्पृष्टिकया--शरीर के स्पर्श से √स्पृश् + क्तिन्--स्पृष्टिः, सा एव स्पृष्टिका।

पृ० १४०, ३०. परिवाद० - परिगतो वादः परिवादः अथवा परीवादः। परिवाद एव बहलः दोषः अथवा परिवादस्य बहलः दोषः। रक्षा--मरम्मत।

परिहरामि—उपेक्षा करता हूँ। श्लोक के उत्तरार्ध का अर्थ विवादास्पद है (काले पृ० ७२. ७३)। ः०॥

अकुरणशौण्डीर्यम्—अत्यन्त उदारता से या अत्यन्त गौरव के साथ।

चतुर्थ अङ्क

['मदनिका शर्विलक' नामक यह चतुर्थ अङ्क है, इसमें मदनिका और शर्विलक का मिलन वर्णित है। इस अङ्क में चार दृश्य हैं। प्रथम दृश्य में मदनिका और वसन्तसेना चारुदत्त का चित्र देखती हुई वार्तालाप करती हैं। इस दृश्य का प्रेम के विकास में महत्त्वपूर्ण स्थान है। द्वितीय दृश्य में शर्विलक वसन्तसेना के भवन में प्रवेश करता है। वहाँ उसकी बाहर ही मदनिका से भेंट होती है और वह अलङ्कार दिखाता है तथा चोरी की बात भी कहता है, वसन्तसेना भी छिपकर इनकी बात सुन लेती है। मदनिका के आग्रह करने पर शर्विलक चारुदत्त के आदमी के रूप में वसन्तसेना को आभूषण देता है और वसन्तसेना मदनिका को उसकी वधू बनाकर विदा करती है। तृतीय दृश्य में मार्ग में जाते समय शर्विलक अपने मित्र आर्यक के राजा द्वारा बन्दी बनाये जाने की बात सुनता है और मदनिका को अपने मित्र रेभिल के घर भेज देता है। वह आर्यक को बन्धन से मुक्त कराने चला जाता है। चतुर्थ दृश्य में–विदूषक वसन्तसेना के घर पहुँचता है और वसन्तसेना को सुवर्णभाण्ड के बदले में रत्नमाला देता है। विदूषक विदा होता है और वसन्तसेना चारुदत्त के पास सन्देश भेजती है कि मैं सायंकाल मिलने आऊँगी।

पृ० १४२. वेशवासः०–वसन्तसेना यह सोचती है कि कहीं मदनिका मुझे प्रसन्न करने के लिये ही तो ऐसा नहीं कर रही है। तस्य०—इस चित्र में दृष्टि और हृदय के रमने का कारण चित्र की अनुरूपता ही है—यह भाव है। सखीजना०—यदि यह चित्र उसके प्रियतम की सच्ची प्रतिकृति नहीं है तो इसको देखकर प्रियतम के सौन्दर्य की कल्पना करने वाली सखियाँ मेरा उपहास करेंगी, उस उपहास से बचना चाहती हूँ (रक्षामि)।

पृ० १४४. प्रवहणम्—अमरकोश के अनुसार एक विशेष प्रकार का रथ; 'कर्णीरथः प्रवहणं डयनं च समं त्रयम्।' भानु जी दीक्षित के मतानुसार इसका अर्थ है—एक विशेष प्रकार की पालकी—'त्रीणि पुरुषस्कन्धवाह्यस्य यानविशेषस्य'। कुछ व्याख्याकारों ने इसका अर्थ 'रथ' किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह शब्द 'बहली' के लिये प्रयुक्त हुआ है। रथ से छोटी एक अवगुण्ठित वाहन जिसे बैल खींचते हैं 'बहली' कहलाती है, जो ग्रामों में अब भी चलती है। साहस्रिकः०—सहस्र + ठञ् (इक्)—तेन परिजय्यलभ्यसुकरम् ५।१।९३ अथवा तेन क्रीतम् ५.१.३७। सन्देशेन—सन्देश देने के हेतु (हेतु में तृतीया)।

वचनीयदोषं—रात्रि में ही सब पाप होते हैं. (बहुदोषा हि शर्वरी)—यह अपवाद ॥१॥

पृ० १४६, ३. नारीनाथम्—नारी है स्वामिनी जिसकी ऐसे घर को, नारी पर दया करने के कारण अथवा नारी का दर्शन चोरों के लिये अनिष्ट होने के कारण ऐसे घर को छोड़ दिया। गृहदारुवत्—घर के काष्ठस्तम्भ के समान। दिवसीकृता—अदिवसः दिवसः सम्पद्यमानः कृतः, दिवस + च्वि + कृता ॥३॥

४ विशेषयन्ती—बढ़कर होती हुई अथवा ऐसी सुन्दर कि कामदेव की शोभा को भी बढ़ाने वाली। चन्दनशीतलम् इव करोति—यह उत्प्रेक्षा है ॥४॥

पृ० १४८. निध्यायति--देखती है, निध्यानमवलोकनम् इति वैजयन्ती। भुजिष्या—सेविका, न भुजिष्या अभुजिष्या ताम्। गवाक्षेण—झरोखे से, गवामक्षीव; गो + अक्षि + अ (अक्ष्णोऽदर्शनात् ५।४।७६)

पृ० १५०. अखण्डित०—मदनिका जानती है कि शर्विलक का पहला जीवन पवित्र रहा है। अत्यन्तविरुद्धम्—अपने पवित्र चरित्र के विरुद्ध या नैतिकता के विरुद्ध अथवा लोक और शास्त्र के विरुद्ध।

६. विप्रस्वं--ब्राह्मण का धन, इसकी चोरी महापाप गिना जाता है—'देवस्वं ब्राह्मणस्वं वा लोभेनोपहिनस्ति यः स पापात्मा परलोके गृध्रोच्छिष्टेन जीवति।' मनु० ११, ६। कुछ व्याख्याकारों ने काञ्चनं' का 'विप्रस्वं' से सम्बन्ध किया है किन्तु, यज्ञार्थमभ्युद्धृतं काञ्चनं' यह अन्वय अधिक उचित प्रतीत होता है ॥६॥

७. अप्रकाश:--जिसे प्रकट करना अनुचित है अर्थात् गुप्त रखने योग्य है ॥७॥

पृ० ५२. मदनिका च मूर्च्छाम्०—इसमें मदनिका का वसन्तसेना के प्रति स्नेह प्रकट होता है। सेर्ष्यम्--ईर्ष्यापूर्वक, शर्विलक सोचता है कि मदनिका चारुदत्त को भी प्रेम करती है अतः वह ईर्ष्या के साथ पूछता है।

९. सद्वृत्त०--भाव यह है कि तुम्हारे प्रेम के कारण मैंने कुल के सम्मान को भी नष्ट कर दिया है। मन्मथ०—(विपन्न = मृत) यद्यपि काम भाव के कारण मेरे अन्य गुण मर चुके हैं अर्थात् नष्ट हो गये हैं। व्यपदिशसि—पुकारती हो, दिखाने के लिये कहती हो ॥९॥

पृ० १५४, १०. सर्वस्वफलिनः—सर्वस्व रूपी फलों से युक्त; सर्वस्वफल + इनि; ['अत इनिठनौ' ५।२।११५॥ इति मत्वर्थे इनिः], अलम् —पूर्णतया ॥१०॥

११. अयं च०—यहाँ 'काम' को अग्नि के रूप में वर्णित किया गया है। तथा प्रणय को इन्धन के रूप में और रतिक्रीडा को ज्वाला के रूप में। इस प्रकार यहाँ साङ्गरुपक है ॥११।

१२. १३. परिसर्पण—कुटिल तथा तीव्र गति। विरक्तभावा—स्नेह-शून्य भावों वाली।

सुष्ठु खल्विदमुच्यते—इससे प्रकट होता है कि अग्रिम (१४) श्लोक किसी सुभाषित से लिया गया है (मि० वैराग्य शतक श्लोक १९)।

पृ० १५६, १४. एता हसन्ति०—इस श्लोक में वेश्याओं की निन्दा की गई

है। श्मशानसुमना:--सुमनस् (स्त्री०) पुष्प या मालती पुष्प 'सुमना मालतीजातिः'—अमरकोश। (१) वे पुष्प यद्यपि सुगन्धित तथा मनोहर होते हैं तथापि श्मशान भूमि में उत्पन्न होने के कारण ग्राह्य नहीं होते। इसी प्रकार रूपादि से युक्त होती हुई भी वेश्यायें त्याज्य हैं, क्योंकि वे विश्वास के योग्य नहीं होतीं। (२) यहाँ वेश्याः' यह उपमेय बहुवचन में है किन्तु 'सुमनाः' उपमान एकवचन है। यह उपमा का दोष माना जाता है तथापि रस-विघातक न होने के कारण दोष नहीं है—'मि० वचनभेदेऽपि सतामनुद्वेजकत्वाददुष्टत्वमुपमायाः' (पृथ्वी०) ॥१४॥

१५. बीची—तरङ्ग, 'वीचिः' शब्द भी होता है। अभ्रलेखा-यहाँ सन्ध्याकालीन मेघपंक्ति की ओर संकेत है। राग--(१) अनुराग, (२) लालिमा। निरर्थम्--निर्गतः अर्थः यस्य तम्, धनहीन को। निष्पीडितम्—निचोड़ी गई। अलक्तक—लाख, यावक, प्राचीनकाल में लाक्षा आदि से पैरों में लगाने के लिये महावर (यावक) तैयार किया जाता था। जब महावर का रंग अङ्गों पर चढ़ जाता, तब महावर को उतार दिया जाता था।

१६. मदप्रसेकम्—यौवन के मद का सिञ्चन या मुख द्वारा मदिरा-फेंकना, इसका वास्तविक अर्थ अस्पष्ट है। शरीरेण—शरीर से आलिङ्गनादि के लिये ॥१६॥

सूक्तं खलु० —इससे प्रकट होता है कि यह किसी अन्य कवि की सूक्ति है।

अयं न भवास—यह तुम विद्यमान न रहोगे अर्थात् मैं तुम्हें मार दूंगा। मदनिका के हृदय के भाव को देखने के लिये शर्विलक (चारुदत्त के प्रति) ऐसा कहता है। असम्भावनीय —जिसकी सम्भावना भी न की जा सके, अर्थात् मदनिका का चारुदत्त में अनुरक्त होना असम्भव है।

पृ० १५८. (कर्णे) एवमिव—मदनिका शर्विलक को बतलाती है कि वसन्तसेना चारुदत्त में अनुरक्त है, अतः इसने अपने आभूषण वहाँ रक्खे थे।

१८. छायार्थ०—यहाँ अप्रस्तुत अर्थ के वर्णन से प्रस्तुत अर्थ की प्रतीति इस प्रकार होती है--

छाया--मदनिका की प्राप्ति का आनन्द। ग्रीष्मसन्तप्त—प्रेम के सन्ताप से पीड़ित। पत्र-आभूषण। शाखा–वसन्तसेना। भाव यह है कि कामाग्नि से सन्तप्त होकर जिस वसन्तसेना के द्वारा मदनिका को प्राप्त करना चाहा था उसी वसन्तसेना (शाखा) को अलङ्कारों (पत्र) से रहित कर दिया ॥१८॥

निसर्गादेव पण्डिताः---मि०, 'स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु संदृश्यते किमुत याः प्रतिबोधवत्यः।' (शकु० ५, २२ काले द्वारा उद्धृत)। न चन्द्रात० (दे० सं० व्याख्या)।

पृ० १६०, २० साहसे—चारुदत्त को अलङ्कार समर्पण रूपी साहस का कार्य। कुछ व्याख्याकार इसका अर्थ 'चोरी करने का साहस'—करते हैं। वह ठीक नहीं जैसा कि शर्विलक के अग्रिम कथन से ही स्पष्ट है--'तथापि नीतिविरुद्धमेतद्।'

कुत्सितं कर्म—चोरी का काम । **जनयति लज्जाम्** M. R. काले का कथन है कि यहाँ 'वा + इदम्'—में प्रश्न का भाव है; इस प्रकार शर्विलक का अभिप्राय है—"क्या मैं इस चोरी के काम से लज्जित हो सकता हूँ अर्थात् नहीं, क्योंकि एक अच्छे उद्देश्य से मैंने इस कार्य को किया है।" वस्तुतः तो यह भाव प्रतीत होता है कि इस कुत्सित कार्य के कारण मुझे चारुदत्त के पास जाने में लज्जा आती है अन्यथा मुझे राजा आदि का कोई भय नहीं है।" (दे० सं० व्याख्या) ॥२०॥

अभुजिष्य:—जो दासी न हो; गृहिणी । **कामदेवगेहे**—कामदेव के मन्दिर में (दे० पृ० ४६३)।

पृ० १६२ दुर् + रक्ष्यम् = **दूरक्ष्यम्** (पूर्व रेफ का लोप होकर उकार को दीर्घ हो जाता है)।

पृ० १६४, २३ **उडुपेन**—चन्द्रमा ने; उडु-नक्षत्र, उडूनि पाति इति उडुपः नक्षत्रपति, तारापति, चन्द्रमा ॥२३॥

प्रवहणिक:—गाड़ीवान्, प्रवहणम् अस्यास्तीति, प्रवहण + ठन् (इक)। **सुदृष्टां**—भली भाँति देखी गई, भाव यह है कि मुझे भली भाँति देख लो जिससे मेरी स्मृति तुम्हारे मन में दृढ़ हो जाये और तुम मुझे भूलो नहीं ! इससे वसन्तसेना का मदनिका (सेविका) के प्रति स्नेह-भाव प्रकट होता है । **त्वमेव वन्दनीया**—परिगृहीता स्त्री (पत्नी) होने के कारण; क्योंकि वेश्या की अपेक्षा पत्नि पूज्य है।

२४. **यत्र = यस्याः**— जिससे अथवा जिसके कारण (यस्मिन् जने हेतुभूते)।

वधूशब्द०—व्याख्याकारों ने इसके अनेक अर्थ किये हैं—(१) वधूशब्दस्य अवगुण्ठनम्; अर्थात् वधू के योग्य वेश या पर्दा । (२) वधूशब्दश्च अवगुण्ठनं च। अर्थात् 'वधू' नाम और पर्दा (क्योंकि वधू ही परपुरुषों द्वारा न देखने योग्य होती हैं)। (३) वधूशब्दरूपमवगुण्ठनमात्ररणम् । केनाप्यनवलोकनत्वरूपमित्यर्थः (काले) । (दे० सं० व्याख्या तथा अनुवाद) ।

राष्ट्रिय:—राष्ट्र का अधिकारी; यहाँ इस शब्द का 'नगराध्यक्ष' के लिये प्रयोग किया गया है, ऐसा प्रतीत होता है। **घोर**—कठोर, भयंकर ।

पृ० १६६. **विशिष्टतमः**—'विशिष्टतरः प्रयोग उचित है । **साम्प्रम्०**—मदनिका का यह निवेदन एक गृहनारी के समान ही है, वह अब वसन्तसेना के पास नहीं जाना चाहती । **उदवसितम्**—गृह; 'गृहगेहोदवसितेवेश्मसद्मनिकेतनम्'—अमर० ।

२६ **ज्ञातीन्**—पालक के सम्बन्धियों को; क्योंकि कामन्दक नीति बतलाती है कि राजा के सम्बन्धी उसके 'सहजशत्रु' होते हैं। **वर्ण**—यश, स्तुति; 'वर्णो द्विजादौ शुक्लादौ'—अमरकोश । **यौगन्धरायण**—उदयन का प्रधानामात्य । कथासरित्सागर में तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण नामक भासकृत नाटक में इसकी कथा विस्तार से वर्णित है (दे० सं० व्याख्या) ॥२६॥

पृ० १६८, २७. आहिता आत्मनि शङ्का आर्यको राजा भविष्यतीति यैस्तैः (काले); कल्पित भय से डरे हुए। **अभिपत्य**—अभियान करके, आक्रमण करके।

शशाङ्क०—राहु के मुख में स्थित चन्द्रबिम्ब के समान आपत्ति-ग्रस्त मित्र को—यह उपमा है ॥७॥

बन्धुल—अवैध पुत्र, जो वसन्तसेना के यहाँ कार्य करते थे। अहं पुनः—विदूषक सोचता है कि वह रावण से भी अधिक सुखी है, क्योंकि तपस्या का कष्ट किये बिना ही नर-नारियों के द्वारा ले जाया जा रहा है। सविस्मयम्—वसन्तसेना के गृह द्वार की शोभा को देखकर विदूषक आश्चर्य चकित हो जाता है।

पृ० १७०. 'अहो वसन्तसेनाभवनद्वारस्य सश्रीकता' यह मूलवाक्य है, षष्ठ्यन्त पद 'भवनद्वारस्य' के विशेषण हैं। गगन०—इससे द्वार की उच्चता प्रकट होती है। भ्रमागलमल्लिका०—मल्लिका-पुष्पों की श्वेत तथा स्थूल माला हिलती हुई द्वार पर लटक रही है, जिसमें ऐरावत के सूंड की भ्रान्ति हो रही है। महारत्न-शोभिना' इत्यादि तृतीयान्त पद 'पताकानिवहेन' के विशेषण हैं। वज्रनिरन्तरप्रतिबद्ध—निरन्तर हीरों से जटित।

पृ० १७२. सच्छाया—समान शोभावाली। चूर्णमुष्टि—मुट्ठी भर चूर्ण निध्यायन्ति—देखती हैं। श्रोत्रियः—वेदपाठी, श्रोत्रियंश्छन्दोधीते ५।२।८४।, अथवा विद्वान् ब्राह्मण, जन्मना ब्राह्मणो ज्ञेयः संस्कारैर्द्विज उच्यते। विद्यया याति विप्रत्वं त्रिभिः श्रोत्रिय उच्यते।

मन्दुरायां शाखामृगस्य—अश्वशाला में बन्दर रखने की प्राचीन प्रथा थी मन्दुरान्ते तथा धार्यो रक्तवक्त्रो महाकपिः। सर्वोपद्रवनाशाय वाजिनां च विवृद्धये। (शालिहोत्र)। कूर०— प्राचीन व्याख्याकारों ने 'कूर' का अर्थ भात किया है तथा 'तैल का अर्थ लक्षणा से घृत किया है। कुछ व्याख्याकारों (J. V. आदि) के अनुसार कूर=एक प्रकार के बीज हैं, उनसे निकले हुए (च्युत) तैल से मिश्रित-यह अर्थ है। पिण्ड—एक विशेष प्रकार की रोटी।

पाशकपीठ—पाँसे रखने की चौकी या रस्सी की बुनाई से बना हुआ आसन, पीढ़ा। वर्णिका—रङ्ग।

पृ० १७४. क्षीणपुण्या इव—यहाँ इस विश्वास की ओर संकेत है कि अपने पुण्य से कुछ व्यक्ति तारों का रूप धारण कर लेते हैं और पुण्य के क्षीण हो जाने पर तारे गगन से गिर जाते हैं, मि० नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेऽनुभूत्वेमं लोकं हीनतरं चाविशन्ति। ,मुण्डकोपनिषत् १. २. १०। कररुहपरामर्शन—(कामिनी पक्ष में—नखों के कोमल स्पर्श से, (२) वीणापक्ष में—नखों के आघात से। प्रगीता—उत्तम गाती हुई, प्रकृष्टं गीतं यासां ताः। अपवल्गिताः—लटकती हुई।

पृ० १७६. आहरति—आकर्षित करता है। धूमोद्गारों में आहें भरने की उत्प्रेक्षा की गई है। पटच्चरः—पुराना वस्त्र। रूपी—पशु को मारने वाला, माँस, विक्रेता (दे० सं० व्याख्या)। ०विकारम्—प्रकार, भेद। बधितम्—पूर्ण भोजन, यथेष्ट, प्रचुर।

२८. परगृह०—इस श्लोक में 'बन्धुल' जनों का स्वरूप बतलाया गया है।

परधननिरता—भाव यह है कि लोगों को यहाँ लाकर उनके धन से आनन्द का उपभोग करते हैं। **गुणेष्ववाच्या**—हमारे गुणों का विचार नहीं किया जाता, यह भाव है ॥२८॥

विचारयन्ति—उनके गुणों पर विचार कर रहे हैं। **बध्यन्ते**—बाँधे जा रहे हैं अर्थात् जड़े जा रहे हैं।

पृ० १७८. **गन्धयुक्तयः**—गन्धों का योग (Preparation or mixture) **अवधीरित**—उपेक्षित, तिरस्कृत, त्याग दिये गये। **मदनसारिका**—कामदेव सम्बन्धी मैना, संभवतः मैना को कुछ ऐसे शब्द सिखला दिये जाते थे जिनसे वह आगन्तुकों के कामभाव को उत्तेजित करती थी, इसी हेतु उसे यह नाम दिया जाता था। **कुम्भदासी**—कुम्भ=वेश्या का स्वामी, 'कुम्भः स्यात् कुम्भकर्णस्य सुते वेश्यापतौ घटे'—विश्वः। कुम्भस्य दासी कुम्भदासी अर्थात् वेश्याओं के यहाँ रहने वाली कुट्टिनी, कुछ व्याख्याकार इसका अर्थ करते हैं, जल का घड़ा ले जाने वाली दासी। **नागदन्त**-खूँटी।

पृ० १८०. **पट्ट**—रेशमी वस्त्र। **पुनरुक्तालंकार**—दोहरे आभूषण।

२९. **मा तावइ०**—कुछ पुस्तकों में इसे गद्यांश के रूप में ही दिया गया है। यदि इसे पद्य माना जाता है तो इसके ५ चरण दिखलाई देते हैं। पञ्चम चरण (अणहिग. मणीओ लोअस्स) को छोड़ देने पर यह आर्या छन्द के रूप में शेष रह जाता है। (काले) ॥२९॥

पुष्पप्रावारक—फूल कढ़ा हुआ दुशाला। **कपर्दक**—कौड़ी, **डाकिनी**—डायन इसका भाव है—निकम्मी डायन (a worthless hag)। कपर्दक के स्थान पर 'करट्ट'(=भद्दी) पाठ भी है तथा किन्हीं पुस्तकों में 'अपवित्र' (अपवित्त) पाठ है जो सुगम है। **महादेवमिव**—जब किसी मन्दिर में महादेव की विशाल मूर्ति की स्थापना करनी होती है तो पहले मूर्ति की स्थापना करके तत्पश्चात् मन्दिर का छोटा-सा द्वार बना दिया जाता है, उसके समान।

पृ० १८२. **शून**—फूला हुआ। **पीन**—मोटा। **जठर**—उदर। ३० **सीधु**—सुरा, आसव ये तीन प्रकार की मदिरायें हैं ॥३०॥ **यानपात्राणि०**—जहाज या नाव। (आप्टे), इससे प्रकट होता है कि उस समय उज्जयिनी के व्यापारी सामूहिक व्यापार में प्रसिद्ध थे। विदूषक का भाव यह है कि ऐसा राजसी ठाट बाट किसी बड़े जहाजी व्यापार के द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है। यह व्यङ्ग्योक्ति है। **त्रिविष्टपं** त्रयाणां विष्टपानां समाहारः।

पृ० १८४. **निरन्तरपाद प०**—एक दूसरे के समीप उगे हुए वृक्ष, घने वृक्ष। **सुवर्णयूथिका०**—ये विविध पुष्पों के नाम हैं।३१। **अशोकः**—न शोकः अस्मादिति, इस वृक्ष को अत्यन्त आनन्ददायक माना जाता है। **चर्चिका**—लेपन ॥३१॥

संस्कृतमाश्रित्य—नाटक में अभिनय प्रयोग के अनुसार पात्रों की भाषा का परिवर्तन भी हो जाता है तथा प्राकृतभाषी पात्र भी अपनी शिक्षा का परिचय देने के लिये संस्कृत बोला करते हैं, जैसा कि भरत ने कहा है—योषित्सखीबालवेश्याकितवा-

प्सरसां तथा । वैदग्ध्यार्थं प्रदातव्यं संस्कृतं चान्तरान्तरा ।

२२. इस वृत्त में साङ्गरूपक अलङ्कार है। चारुदत्त को एक वृक्ष का रूप दिया गया है । विश्रम्भ—जनता का चारुदत्त पर विश्वास । महनीय—महनीयत्व (पूज्यता) अथवा महितुं योग्यं महनीयं = यशः॥३२॥

पृ० १८६. राजवार्ताहारी—वार्ता-सन्देश, राजवार्ता = लाइसेन्स; जुए का लाइसेन्स रखने वाला । हीनकुसुमा० – वसन्तसेना को आश्चर्य है कि निर्धन चारुदत्त के पास ऐसी रत्नावली कैसे है ? दुर्दिनम्—मेघों से युक्त दिन; मेघच्छन्नेऽह्नि दुर्दिनम् – अमरकोश । यहाँ लक्षणा द्वारा मेघमण्डल अर्थ है ।

३३ वर्षम्—वर्षा; √वृष् + अच् (पुं०, नपुं०) । यह वर्णन अग्रिम अङ्क की अवतारणा का कार्य करता है ॥३३॥

पञ्चम अङ्क

['दुर्दिन' नामक इस अङ्क में वसन्तसेना के अभिसरण का वर्णन है । घोर वर्षा हो रही है, विद्युत् कौंध रही है, मेघ गरज रहे हैं । ऐसे समय ही यह अभिसार किया जाता है । प्रथमतः विदूषक चारुदत्त के पास आकर सायंकाल वसन्तसेना के आगमन की सूचना देता है । इसके पश्चात् वसन्तसेना का चेट आता है और कहता है कि वसन्तसेना आ रही है । तब विट, चेटी और वसन्तसेना चारुदत्त के घर की ओर आते हुए दृष्टिगोचर होते हैं । ये वर्षा ऋतु का वर्णन करते हुए चल रहे हैं । घर के समीप आकर वसन्तसेना को विदूषक मिलता है और वह विट को विदा करती है । इसके पश्चात् वसन्तसेना विदूषक के साथ गृह-वाटिका में प्रवेश करती है । चारुदत्त उसका स्वागत करता है । वसन्तसेना की चेटी विदूषक से कहती है कि मेरी स्वामिनी उस रत्नावली का मूल्य पूछने आई है क्योंकि वह उसे अपनी समझकर जुए में हार गई है । उसके बदले यह स्वर्ण-भाण्ड ले लीजिये । सुवर्ण-भाण्ड देखकर तथा उसकी प्राप्ति की कथा सुनकर सब आश्चर्य-चकित तथा हर्षमग्न हो जाते हैं । कुछ समय पश्चात् वर्षा के कारण चारुदत्त और वसन्तसेना घर में चले जाते हैं ।]

पृ० १९०. सोत्कण्ठः—उत्कण्ठया सह (बहुव्रीहि) । उन्नमति—उमड़ रहा है ।

१. शिखण्डिभिः—शिखण्डः (मोरपंख) अस्यास्तीति शिखण्डी—मोर; शिखण्डस्तु पिच्छबर्हे—अमरकोश । कलाप-मोरपंख । यियासुभिः—√या + सन् + उ । उन्मनस्कैः—उद्गतं मनः येषां तैः, वर्षा के आरम्भ में उत्कण्ठित हंसों के मानसरोवर की ओर जाने का वर्णन कविसम्प्रदाय सिद्ध है । (मि० मेघ० १.११)। उत्कण्ठितस्य०—मेघ के आगमन पर विरहोत्सुक व्यक्ति का हृदय अनेक भावों से आच्छन्न हो जाता है; मि०— 'मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्ति चेतः कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे ।' (मेघ० १,३)॥१॥

२. मेघो०—इस श्लोक में समान विशेषणों के द्वारा विष्णु के श्याम शरीर से मेघ की समता दिखलाई गई है। १—जलार्द्र०, २—विद्युत०, ३—संहत०—ये तीनों विशेषण दोनों पक्षों में लागू होते हैं (दे० सं० व्याख्या तथा अनुवाद)। जलार्द्र०—इस विशेषण से 'महिषोदर' की घनी कालिमा सूचित की गई है। संहतबलाक०—बलाकाएँ मेघों के साथ पंक्तिबद्ध या समूह रूप में चलती हैं; मि०; आबद्धमालाः···वलाकाः (मेघ० १.१०) बलाकासमुदाय की समता विष्णु के पाञ्चजन्य' नामक शङ्ख से दिखलाई गई है। केशव-कृष्ण, विष्णु, प्रशस्ताः केशाः सन्त्यस्येति—केश+व (तद्धित) केशाद्वोऽन्यतरस्याम् ५।२।१०९।।२।।

३. केशवगात्र०—द्वितीय श्लोक में उक्तार्थ ही यहाँ भङ्ग्यन्तर से कहा गया है ।।३।।

४. एता०--इस पद्य में एक सुन्दर भाव अभिव्यक्त किया गया है--(१) निषिक्त-पिघलती हुई चाँदी के घोल जैसी जलधारायें हैं। (२) विद्युत्०—वे विद्युत् रूपी दीपशिखा से क्षणभर को दिखलाई देकर नष्ट हो जाती हैं; नष्टदृष्टः के स्थान पर दृष्टनष्टाः पाठ अधिक सुन्दर है। (३) अम्बर०, दशा—किसी वस्त्र के छोर पर लटकने वाले धागे, छीरा, झालर, पल्ला (Fringe); ये जलधारायें आकाश रूपी वस्त्र के फटकर गिरते हुए झालरदार पल्ले के समान प्रतीत होती हैं ।।४।।

५. संसक्तैः०—इस पद्य में विविध आकृतियों वाले मेघों से चित्रित आकाश का स्वाभाविक वर्णन किया गया है। आकृतिविस्तरैः—यह 'अनुगतैः' का करण (कारक) है, आकृतिविस्तरैः अनुगताः तैः—(आकार के विस्तार से युक्त) मेघों द्वारा पत्रच्छेद्यम्—अलङ्कृत आलेख्य द्वारा चित्रित; पत्रखण्डों द्वारा चन्दन के लेपन इत्यादि से शरीर के अङ्गों (मुखादि) पर जो चित्रण किया जाता है वह पत्रच्छेद्य कहलाता है ।।५।।

६. धृतराष्ट्रवक्त्र—के स्थान पर धृतराष्ट्रचक्र (धृतराष्ट्र का राज्यचक्र) पाठ उपयुक्त है; क्योंकि इस श्लोक में वर्णित समानता धृतराष्ट्रयें के राज्य में ही मिलती हैं, मुख में नहीं। वा (=इव)—समान; 'इववत् वायथाशब्दो दण्डी। अध्वानम्—(१) वनमार्ग, (२) ध्वनिशून्यता, मौन। वनात्—(१) वन से, (२) जल से वने। सलिलकानने—अमरकोश। अज्ञात-चर्या—(१) विराट के राज्य में आज्ञातवास को (२) जनसाधारण से अज्ञात मानसरोवर पर विचरण (चर्या) को ।।६।।

पृ० १९४. एवमेव—अर्थात् एक बार भी इन्कार न करके। मल्लक—एक पात्र का नाम।

पृ० ९६. लेष्टुका—कंकरी, अल्पः लेष्टुः लेष्टुका। कायस्थः—एक जाति विशेष जो मध्यकाल में कर-संग्रह तथा लेखा-जोखा का कार्य करती थी, विल्सन का कथन है कि छीना-झपटी की प्रवृत्ति के कारण उसके प्रति जनता की ऐसी धारणा बन गई थी (दे० काले नोट्स पृ० ९७)। चाटः—वञ्चक। रासभः—गधा, क्योंकि वह खेती को खा जाता है तथा दरिद्रता का चिह्न माना गया है। न जायन्ते—

इसका भावार्थ विवादास्पद है। किन्हीं (L. D.) के अनुसार दुष्टाः=दोषाः, न जायन्ते अपि तु जायन्ते एव अर्थात् दोष उत्पन्न हो जाते हैं। M. R. काले के अनुसार जायन्ते—ie. these do not allow a person to prosper. तथा न जायन्ते वृद्धि गच्छन्ति। उक्त्वा अलम्–मत कहो, 'अलं खल्वोः प्रतिषेधयोः प्राचां क्त्वा। ३।४।।१८।। वच+क्त्वा।

८. वेगम्०। प्राण--शक्ति; 'शक्तिः पराक्रमः प्राणः'—अमरकोश। पुनर्विशन्ति–उठकर हृदय में ही विलीन हो जाते हैं–उत्पद्यन्ते विलीयन्ते दरिद्राणां मनोरथाः।।१८।।

कामो वामः—यह एक लोकोक्ति है; भाव यह है कि काम उल्टा होता है अर्थात् ज्यों ही इसे रोकते हैं त्यों ही अधिक बढ़ता है। अवेत—जानो।

१०--११. तिम्यति—भीगता है। सुशब्दम्—यह 'वंशं' का विशेषण है अथवा वादयामि का क्रिया-विशेषण है। तुम्बरु—एक गन्धर्व, जो संगीत में श्रेष्ठ माना गया है। नारद—देवमुनि, ब्रह्मा के पुत्र जो वीणा वादन में श्रेष्ठ हैं।।११।।

प्राकारवेष्टित०—जैसे फल प्राप्त करने के लिये लोग दीवार से घिरे हुए कैंथ (पेड़) पर कंकरी मारते हैं। पृ० २००. दुर्दिनेऽन्धकारे—मेघाच्छन्न दिन के अवसर पर अन्धकार में; इससे अन्धकार की गहनता प्रतीत होती है। इन्द्रमह०—इन्द्रमहे कामुकः (=बलिं ग्रहीतुमिच्छुकः) काकः इत्यर्थः (काले) इन्द्रमख-कामुकः—यह पाठान्तर है।

पृ० २०२. रथ्या—इसका प्रसिद्ध अर्थ 'गली' है; किन्तु यहाँ 'समृद्ध ग्रामों की रक्षा गली करती है'—इस कथन में समृद्ध' विशेषण की सार्थकता नहीं रहती अतः यहाँ रथ्या=रथों का समूह अर्थात् सैनिक रथों का समूह (A number of carriages or chariots); अग्रिम उत्तर 'वयस्य, सेना' में भी इसी तात्पर्य को स्पष्टतः कहा गया है।

पृ० २०४. अभिसारिका—काम के वश में होकर प्रिय के पास जाने वाली स्त्री (दे० सं० व्याख्या)।

१२. अपद्मा—अर्थात् कमल से न उत्पन्न होने वाली। प्रहरणम्-अस्त्र; मि० मदनस्य जैत्रमस्त्रम्-(माल० २, ६)। कुसुमं—क्योंकि वह तरुणों को इसी प्रकार अपनी ओर खींचती थी जैसे पुष्प भ्रमरों को। व्याख्याकारों ने इस पद्य का अर्थ अनेक प्रकार से किया है। किन्हीं के अनुसार सलीलं गच्छन्ती यह पृथक् विशेषण है जिसका अर्थ है चारुदत्त के घर लीलापूर्वक जाती हुई; किन्तु क्या वर्षाकाल में लीलापूर्वक गमन सम्भव है? अतः इस पद्य का अर्थ विवादास्पद ही है।।१२।।

पृ० २०६, १३. नियुक्त०—विरहिणी का हृदय अन्धकारमय होता है; क्योंकि उसमें प्रसन्नता नहीं रहती; कवि–सम्प्रदाय में प्रसन्नता का धवल रंग माना जाता है। मणिमयैः—मोर के पंखों में अनेक चमकीले रग होते हैं, अतः उनमें मणिमय व्यजनों (=पंखों) की संभावना की गई है।।१३।

१४. बर्हिणः—एक मोर; 'बर्हिन्' शब्द से भिन्न 'बर्हिण' शब्द भी मयूर का वाचक है--मयूरो बर्हिणो बर्हो नीलकण्ठो भुजङ्गभुक् । शिखावल: शिखी केकी मेघानुलास्यपि--अमरकोश । संतिष्ठते--सम् + √स्था + √लट् प्र० ए० । समवप्रविभ्यःस्थः १.३.२२ के अनुसार आत्मनेपद है ॥१४॥

१५. मूढे —इस श्लोक में वसन्तसेना रात्रि का सपत्नी के रूप में वर्णन करती है । निरन्तर०—इस विशेषण का रात्रि तथा वसन्तसेना दोनों के साथ सम्बन्ध है । (१) साथ-साथ मिले हुए हैं मेघ जिनमें ऐसी रात्रि, (२) निरन्तर हैं स्तन जिसके (अर्थात् ऐसे पीन स्तन जो परस्पर मिले हैं) ऐसी वसन्तसेना ॥१५॥

पृ० २०८. स्त्रीस्वभाव०—स्त्री स्वभाव के अनुसार दुराग्रह वाली, दुर्विदग्धा =बुरी तरह चतुर, अतः अपनी बात को न छोड़ने वाली दुराग्रह वाली ।

१६. अशनिम्०—वज्र गिरायें, बिजली चमकायें ॥१६॥

१७. पवन०–यहाँ प्रथम तथा द्वितीय चरण में कहे गये विशेषण तथा 'करसमूह' का नृप एवं मेघ दोनों के साथ सम्बन्ध है (दे० स० व्याख्या तथा अनुवाद) ॥१७॥

१८. एतैरेव० । आध्मात—फूला हुआ या शब्द करता हुआ । (शब्दायमान) । शबल —चित्रित । शल्य—बाण का अग्रभाग । प्रावृट्—वर्षा, बगुलों का शब्द 'प्रावृट्-प्रावृट्' के समान प्रतीत होता है । क्षारं क्षते०—यह लोकोक्ति है, मि०, घाव पर नमक छिड़कना ॥१८॥

पृ० २१०, १९ इस श्लोक में आकाश की मतवाले हाथी से समानता दिखलाई गई है । बलाका० और विद्युत् आदि विशेषणों का दोनों के साथ सम्बन्ध है (सं० व्याख्या अनु०) ॥१९॥

२०. एतै० । आपीत–भली-भाँति पी लिया है, ढक लिया है । सीदन्ति (१) डूब जाते हैं, (२) गजपक्ष -में कष्ट अनुभव करते हैं ॥२०॥

२१. एते० । गुण—रस्सी । कक्ष (१) मध्य भाग, (२) भुजमूल (बगल) । अन्योन्यमभिद्रवन्तः—एक-दूसरे की ओर दौड़ते हुए; एक-दूसरे के अभिमुख होते हुए; एक-दूसरे को धक्का देते हुए । रूप्यरज्ज्वा—वर्षा की उज्ज्वल धारा में चाँदी की रस्सी की उत्प्रेक्षा की गई है ॥२१॥

आध्मात—गर्जना (शब्द) करते हुए या फूले हुए । √ध्मा (शब्दाग्निसंयोगयोः) + क्त । गन्धोद्दामा —(१) उत्कट गन्धवाली, (२) मद (गर्व=गन्ध) से उत्कट ॥२२॥

पृ० २१२, २४. इस श्लोक में—'जगत् जलधारा रूपी भवन में सो रहा है'—यह उत्प्रेक्षा की गई है । षण्ढ----समूह । क्षपा---रात्रि क्षपयति चेष्टामिति ॥२४॥

२५. त्रिदश--देव, तृतीया यौवनाख्या दशा येषां ते । शिखिन्--अग्नि; 'शिखिनौ वह्निबर्हिणौ'--अमरकोश । ककुभः--दिशायें; (ककुभ् भकारान्त स्त्री०) ॥२५॥

२६. **उन्मति०**—वर्षा में मेघ प्रथमतः सम्पत्ति प्राप्त करने वाले पुरुष के समान अनेक रूप धारण करता हैः—**उन्नमति**—(१) उमड़ता है, (२) ऊँचा उठकर चलता है, अभिमान प्रकट करता है। **नमति**—(१) नीचे झुकता है, (२) तुच्छ वस्तुओं की ओर झुकता है या नम्रता से कार्य करता है। **वर्षति**—(१) वर्षा करता है, (२) मुक्त-हस्त से दान करता है। **गर्जति**—(१) गरजता है, (२) गर्व के साथ बोलता है। **तिमिरौध**—(१) अन्धकार समुदाय, (२) कलुषित कर्मसमुदाय ॥२६॥

पृ० २१४, २७. **संविहसति**—**इव**—बलाका का रंग श्वेत होता है तथा कविसम्प्रदाय के अनुसार हास का रंग भी श्वेत है, अतएव यह उत्प्रेक्षा की गई है। **विवल्गति**—विशेष गति करता है, उछलता है या पैंतरा बदलता है। **रसति**—गरजता है ॥२७॥

८. **निर्लज्जः**—क्योंकि मुझे डराता है तथा साथ ही अपने हाथो से मेरा स्पर्श करता है ॥२८॥

प्रियकाङ्क्षितायाः—M. R. काले के अनुसार 'प्रियः काङ्क्षितो यस्याः' यह विग्रह अधिक संगत है 'प्रियेण काङ्क्षितायाः' नहीं, क्योंकि वास्तविकता नहीं है ॥२६॥

पृ० ३०. **तद्वन्ममापि**—जैसे तुम अहल्या की अभिलाषा से पीड़ित हुए थे, उसी प्रकार मेरी वेदना का भी अनुभव करो, यह भाव है ॥३०॥

पृ० २१६, ३३. **ऐरावतः**—इरा = जल → इरावत् = सागर, इरावति भवः एरावतः इरावत् + अण्। **आखण्डल**—इन्द्र, आखण्डयति पर्वतान् इति ॥३३॥

स्नेहः प्रलापयति—मि०, तथापि भवद्गुणसन्तोषो मामेवं मुखरीकृतवान् (कादम्बरी, काले नोट्स पृ० १०७)।

पृ० २१८, ३५. कदम्ब और नीप दोनों पर्याय हैं, अतः यहाँ 'कदम्ब' शब्द इस नाम के पुष्प के लिये 'नीप' शब्द इस नाम के वृक्ष के लिये आया है, यह संगत प्रतीत होता है। अथवा यहाँ 'नीप' शब्द 'बन्धूक' के लिए आया है (काले) ॥३५॥

छत्रधारिक०—छत्रधारिका सहित विट को विदा करने की यह चातुर्यपूर्ण रीति है।

३६. **आटोप**—गर्व, दम्भ। **कूट**—किसी को छलने की गुप्त योजना। **वेश्यापणस्य**—वेश्यारूपः आपणः तस्य (वेश्यारूपी बाजार का) (काले) अथवा वेश्यायाः पणः तस्य, (वेश्या से प्रेम-व्यवहार का)। **दाक्षिण्यपण्यसुख०**—यह पाठान्तर है, पण्यरूपं सुखं पण्यसुखं, दाक्षिण्येन यत्पण्यसुखं तस्य निष्क्रयः मूल्यं तस्य सिद्धिः अथवा दाक्षिण्यं परचित्तानुरञ्जनमेव यत्पण्यं विक्रेयवस्तु तस्य सुखेन अनायासेन निष्क्रयसिद्धिः मूल्य-प्राप्तिः अस्तु ॥३६॥

पृ० २२०, ३८. **कदम्बेन**—कदम्ब पुष्प ने। **अभिषिक्त**—अभि√षिच् + क्त। जल से अभिषेक होना मात्र ही यहाँ स्तन तथा युवराज की समानता है ॥३८॥

पृ० २२२. शुश्रूषयिष्यामि—इस प्रेरणार्थ (णिजन्त) क्रिया का शुश्रूषिष्ये (=सेवा करूँगी) के अर्थ में प्रयोग किया गया है। अपवारितकेन=अपवार्य। ऋजुकः— सीधा, क्योंकि प्रेम के प्रभाव को न जानकर ऐसा प्रश्न करता है।

पृ० २२४. एवमिव—ऐसी बात है, अर्थात् क्या आप लोगों ने हमारा उपहास करने के लिये चोर को भेजा था। चेटी एवमिव—ऐसा था। अर्थात् वह मदनिका और शर्विलक के प्रेम की घटना सुना देती है। ४०. आदित एव—इसका सम्बन्ध 'विफलीभवन्ति' के साथ है; अर्थात् वह अपने क्रोध और प्रसाद को प्रकट करने के लिये कुछ करने में पहले से ही असमर्थ होता है। कुछ व्याख्याकारों के अनुसार 'आदितः=जन्मतः एव जीवितेन इस प्रकार अन्वय है।।४०।।

पृ० २२६, ४२. दृष्टपूर्वं०—यह एक विचित्र-सा समास है (सं० व्याख्या) यहाँ 'विस्मृत' शब्द का अर्थ है—विस्मरणयुक्त (अपने विद्यमान रूप को भूले हुए); विस्मृतं (=विस्मरणम्) अस्ति एषामिति विस्मृत+अच् (अर्श आदि)। रत्नावल्या इमं जनम्० – इस रत्नावली को देकर मेरी जाँच करना उचित नहीं; मैं आपसे धन लेने की कामना नहीं करती।

पृ० २२८, ४६. एतैः०—यहाँ समासोक्ति है। विद्युत् में नायिका के व्यापारों का आरोप किया गया है तथा उसके आकाश (नायक) का आलिङ्गन करने का वर्णन किया गया है। 'आलिप्तं' और 'उपवीजितं' शब्दों से प्रकट होता है कि नायक (आकाश) काम ज्वर से पीड़ित है। समालिङ्गति—इसी प्रकार वसन्तसेना भी आलिङ्गन करे यह ध्वनित होता है।

पृ० २३०, ४७. रोमाञ्चित०—रोमाञ्चाः संजाता अस्येति रोमाञ्चितं; रोमाञ्च+इतच्। कदम्ब०—स्पर्शसुख से रोमाञ्चित शरीर की प्रायेण पुष्पित कदम्ब से समता दिखाई जाती है, मि०—त्वत्संपर्कात् पुलकितमिव प्रौढपुष्पैः कदम्बैः। मेघ० १ २५ तथा उत्तरराम० ३·४२।।४७।।

पृ० ४८, ४९. शतह्रदा—विद्युत्। अस्मद्विध० – हम जैसों (निर्धनों) के लिये दुर्लभ। परिष्वक्तः √ष्वञ्ज+क्त।। कामिनी—भूयान् कामो यस्याः सा कामिनी तासां, काम+इन्+ई। परिष्वजन्ति—यह धातु आत्मनेपदी है, पदविधायक नियमों के अनित्य होने के कारण यहाँ परस्मैपद हो गया है।।४९।।

५०. स्तम्भेषु—इसका 'धार्यते' के साथ अन्वय है। प्रचलित०—हिलते हुए बेदि—खम्भे की आधारभूत चबूतरी-सी, सञ्चय—समूह, अन्त—छोर।५०।।

पृ० २३२, ५१. विद्युत्० – यहाँ आकाश का जम्भाई लेते हुए मनुष्य के रूप में वर्णन किया गया है। जम्भाई लेता हुआ व्यक्ति प्रायः जीभ चमकाता है, भुजा उठा (फैला) लेता है और ठोडी आगे कर लेता है। विद्युत् ही अन्तरिक्ष की जिह्वा है, इन्द्रधनुष भुजा है, मेघ ठोडी है।।५१।।

५२. तालीषु—जैसे वीणा ताल के अनुसार ऊंचे-नीचे आदि स्वरों से बजती है इसी प्रकार वर्षा की धारायें गिर रही हैं।।५२।।

षष्ठ अङ्क

['प्रवहणविपर्यय' नामक यह षष्ठ अङ्क कथा के विकास में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इसमें वसन्तसेना के शकार की गाड़ी में चढ़ जाने तथा आर्यक के चारुदत्त की गाड़ी में चढ़ जाने का वर्णन है। प्रथम दृश्य में चेटी वसन्तसेना मे कहती है कि चारुदत्त पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान में गये हैं और आपको भी गाड़ी द्वारा वहीं जाना है। इसके पश्चात् वसन्तसेना 'रत्नावली' को धूता के पास भेजती है किन्तु वह इसे स्वीकार नहीं करती। द्वितीय दृश्य में रदनिका रोहसेन को खेलने के लिये मिट्टी की गाड़ी देती है, किन्तु वह सोने की गाड़ी माँगता है और रोता है। इस पर वसन्तसेना सोने की गाड़ी बनवाने के लिये अपने आभूषणों से रोहसेन की गाड़ी को भर देती है। तृतीय दृश्य में—चारुदत्त का सेवक वर्धमानक वसन्तसेना को ले जाने के लिये गाड़ी लेकर आता है किन्तु फिर बिछावन लेने के लिये गाड़ी सहित लौट जाता है। इसी बीच में शकार का सेवक गाड़ी लेकर आता है और ग्राम की गाड़ियों से राज-मार्ग के रुके होने के कारण चारुदत्त की वाटिका के द्वार पर गाड़ी खड़ी करके दूसरी गाड़ी के पहिये को निकलवाने चला जाता है। इसी समय वसन्तसेना द्वार पर खड़ी हुई शकार की गाड़ी को चारुदत्त की गाड़ी समझकर उसी में बैठ जाती है। शकार का सेवक (स्थावरक) आता है और गाड़ी लेकर पुष्पकरण्डक उद्यान की ओर चलता है। उधर वर्धमानक भी लौटकर चारुदत्त की वाटिका के द्वार पर गाड़ी रोक देता है। बन्धन को तोड़कर भागा हुआ आर्यक अपनी रक्षा के लिये उस गाड़ी में पीछे की ओर से चढ़ जाता है। वर्धमानक समझता है कि वसन्तसेना गाड़ी में चढ़ गई और पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान की ओर गाड़ी को ले जाता है। चतुर्थ दृश्य में—वीरक और चन्दनक दो राजपुरुष वर्धमानक की गाड़ी को रोकते हैं। चन्दनक गाड़ी में आर्यक को देखता है किन्तु वीरक से कहता है कि इसमें वसन्तसेना है। वीरक को सन्देह होता है तब दोनों लड़ते हैं और चन्दनक के संकेत से वर्धमानक गाड़ी को ले जाता है। इस अङ्क की घटनाओं का कथा के विकास में महत्त्वपूर्ण स्थान है। साथ ही इन घटनाओं के द्वारा कौतूहल की वृद्धि होती है।']

पृ० २३४. **पुष्पकरण्डक**—एक उद्यान का नाम जिसका अर्थ है—पुष्पों की डलिया। **रात्रौ**—रात में अर्थात् दिन निकलने से पहले।

पृ० २३६. **अपि संतप्यते०**—चारुदत्त ने एक गणिका को घर में प्रवेश दे दिया है क्या इससे चारुदत्त के सेवकगण खिन्न हैं? **ममाभरणविशेषः**—यहाँ वह भावना व्यक्त की गई है जिसके अनुसार पति ही पत्नी का अलङ्कार है। **तद्यावद्विनोदयामि-एनम्**—इससे पूर्व (स्वगतम्) यह पाठ होना चाहिये।

पृ० २३८. **प्रतिवेशि०**—प्रतिवेश-पड़ोस, प्रतिवेशः अस्यास्तीति प्रतिवेशी (प्रतिवेश + इन्) स एव प्रतिवेशिकः। **जात**—वत्स, पुत्र।

पृ० २४०. **यानास्तरणम्**—गाड़ी का बिछावन। **नासिकारज्जुकटुकौ**—नाथ के कड़ुवे, भाव यह है कि यदि उन्हें अकेला छोड़ दिया जायेगा तो अनियन्त्रित होकर गाड़ी को कहीं के कहीं ले जायेंगे।

पृ० २४२. **कथमेषोऽपर:०**—इस कथन के द्वारा 'आर्यक' के छिपते हुए भागने की सूचना दी गई है। **विश्राम्य**—विश्राम करो, वि√श्रम् (दिवादि)+लोट् म० एक०।

पृ० २४४. **गुल्मस्थानेषु** - रक्षक स्थान, चौकी, गुल्म सेना की टुकड़ी, उसका स्थान। **अपटीक्षेपेण** घबराये हुए आर्यक का बिना पर्दा गिराये ही प्रवेश करना नाट्यविधि के अनुकूल है - पटीक्षेपो न कर्तव्यः आर्त्तराजप्रवेशने'—साहित्यदर्पण।

१. **बन्धनापदेशव्यापत्ति**—बन्धन के रूप में मृत्यु। **निगड**—बेड़ी ॥१॥

विशसने—मार देने वाले, वि√शस्+ल्युट् (कर्तरि), गूढागारे का विशेषण, यद्यपि कुछ व्याख्याकार यहाँ निमित्त में सप्तमी मानते हैं किन्तु यहाँ 'चर्मणि द्वीपिनं हन्ति' इत्यादि के समान कर्मयोग नहीं है (काले)।

पृ० २४६. २. **दैवी**—भाग्य से प्राप्त या दैव की। गम्य=जाने योग्य (Approachable) अर्थात् सेवनीय ॥२॥

४. **भवेद् गोष्ठी०**—रिक्त प्रवहण को देखकर आर्यक अनेक प्रकार की कल्पनायें करता है। **गोष्ठी**—एक छोटी सभा, मनोरञ्जन के लिये एकत्रित लघुसमुदाय; गोष्ठ्याः यानं गोष्ठीयानम्, समज्या परिषद्गोष्ठी सभासमितिसंसदः' अमरकोश। **विषमशील०**—विपरीत स्वभाव वाले जो किसी पण्डित से सहानुभूति नहीं रखते ॥४॥

पृ० २४८. **बहिर्यानम्**—बाहर जाने वाली, बहि यानं गमनम् अस्य। **नूपुर-शब्दः**—अर्यक की बेड़ी की ध्वनि में वर्धमानक को नूपुरध्वनि का भ्रम हो जाता है।

पृ० २५०. ५. **विश्रब्धाः**—निश्चिन्त। **भित्वा**—(१) तोड़कर, (२) हृदय को विदीर्ण करके ॥५॥

प्रतोली—ग्राम के मध्य मार्ग, गली—'रथ्या प्रतोली विशिखा स्यात्-अमर०।

७-१० **विश्वस्ताः**—विश्वासपात्र। **लघु**—शीघ्र। **कस्याष्टम.**—भाव यह है कि किस की मृत्यु निकट आ रही है। व्याख्याकारों ने ज्योतिषशास्त्र के अनेक उद्धरण प्रस्तुत किये हैं (जैसे पृथ्वीधर ने वराहमिहिर की बृहत्संहिता अ० १०४ के कतिपय श्लोक)। इसमें भिन्न-भिन्न स्थानों पर स्थित ग्रहों के फलाफल का कथन है। इनका प्रासङ्गिक संक्षिप्त उल्लेख सं० व्याख्या में दिया गया है। **जीवति चन्दनके०**—चन्दनक के जीवित रहते आर्यक को कोई नहीं ले जा सकता, यह भाव है।

पृ० २५२. **चन्दनक—आर्यचारुदत्तस्य**—इससे चन्दनक का चारुदत्त के प्रति उत्कृष्ट आदरभाव प्रकट होता है।

पृ० २५४, १३-१४ **आपन्न०**—जहाँ आपत्तिग्रस्तों के दुःख समाप्त हो जाते हैं, आपन्नानां दुःखस्य मोक्षः यत्र तम्। **तिलकभूतौ**—तिलक के समान, ऐसे स्थानों पर

भूत' शब्द का अर्थ सदृश होता है—'भूत प्राण्यतीते समे त्रिषु'—अमर० ॥१४॥

'१६. एककार्य—(१) एक-रक्षाकार्य में (२) अग्निपक्ष में—एक दहन कार्य में ॥१६॥

पृ० २५६. तन्त्रिलः—'तन्त्र' शब्द का अर्थ है–शासनसूत्र, प्रधान या सिद्धान्त; 'तन्त्रं प्रधाने सिद्धान्ते सूत्रवाये परिच्छदे'—अमर०। प्रशस्तं तन्त्रम् अस्यास्तीति; तन्त्र + इलच्। विशिष्ट सिद्धान्त वाला, शासनकार्य का विशेष ध्यान रखने वाला यह व्यङ्ग्य है।

भीमस्य—भीम अपनी भुजाओं से ही हथियार का काम लेता था। सहजं मे प्रहरणं भुजौ (भास, पञ्चरात्र २।५५)। व्यायच्छतः—वि + आ + √यम् + शतृ ष० एक० ॥१७॥

पृ० २५८. पत्ररथः—पक्षी, पत्रम् एव रथो यस्य। दृष्ट आर्यः—चन्दनक जल्दी में 'आर्यक को देख लिया'—यह कहने वाला था; किन्तु फिर सावधान हो गया।

म्लेच्छजातीनां—असंस्कृत भाषा बोलने वाली जातियाँ म्लेच्छ जाति कही गई हैं। खष (खश) इत्यादि में म्लेच्छ भाषाओं का उल्लेख किया गया है, मि०—म्लेच्छो वा एष यदपशब्द.······म्लेच्छाश्च मा भूमेत्यध्येयं व्याकरणम्। (महाभाष्य)।

पृ० २६० कर्णाटककलह—कर्णाटक प्रदेश का कलह, सन्दर्भ से ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय कर्णाटक प्रदेश में प्रयोजनवशात् कलह आरम्भ कर दिया जाता था अतः इसका भाव है कृत्रिम कलह।

२१, २२. शीलविभवेन–शीलस्य विभवेन सम्पत्त्या शीलसम्पन्नता के कारण। कपित्थेन भग्नेन—कैंथ के तोड़ने से क्या लाभ ? केवल भद्दे स्वाद का गूदा निकलता है यह भाव है। कूर्चग्रन्थि—दाढ़ी की गाँठ, एकत्रित की हुई दाढ़ी। इन विशेषणों से नापित जाति प्रकट होती है ॥२२॥

पृ० २६२. २३. विशुद्धा—यह व्यंगपूर्ण कथन है। भेरी—एक बड़ा ढोल; इनके कथन से ढोल आदि को मढने वाली चर्मकार जाति प्रकट होती है ॥२३॥

चतुरङ्ग—चारों अङ्ग—(दो हाथ दो पैर)। कल्पयामि—कटवाता हूँ, 'कर्तयामि' यह पाठान्तर है। शुनक—कुत्ता।

पृ० २६४. २४–२५. स्पन्दते दक्षिणो भुजः—पुरुषों के दक्षिण अङ्ग का फड़कना शुभसूचक समझा जाता है। विज्ञप्ता—सूचित की गई या मुझसे परिचित हुई। प्रत्ययिता—(१) जिसे मैंने रक्षा का विश्वास दिलाया है। (२) जिसके विषय में सिद्धवचन सत्य हो गया है। प्रत्ययः संजातोऽस्याः सा। न लुब्धः—यह मैं किसी लोभ में नहीं कह रहा हूँ। आढ्य—समृद्ध, युक्त। शुम्भनिशुम्भौ हत्वा—शुम्भ और निशुम्भ नामक दो दैत्य थे। उन्होंने शिव को प्रसन्न करके यह वरदान प्राप्त किया था कि उनकी सम्पत्ति और शक्ति देवों से भी बढ़कर होगी। फलस्वरूप उन्होंने

देवों के साथ युद्ध करना और लोक को पीड़ित करना आरम्भ कर दिया। तब ब्रह्मा, विष्णु और महेश की सम्मत्ति से देवता लोग दुर्गा के पास गये दुर्गा ने शुम्भ निशुम्भ को मार दिया (मार्कण्डेय पुराण, चण्डी पाठ) ॥२७॥

निष्क्रमतः—इसके स्थान पर निष्क्रामतः पाठ शुद्ध है।

सप्तम अङ्क

['आर्यकापहरण' नामक सप्तम अङ्क में केवल 'आर्यक' के अपहरण की घटना का वर्णन किया गया है। चारुदत्त और विदूषक गाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गाड़ी आती है और विदूषक पर्दा उठाकर देखता है। उसमें पुरुष को देखकर विदूषक चिल्लाता है। फिर चारुदत्त स्वयं देखता है। आर्यक चारुदत्त से शरण माँगता है। चारुदत्त उसकी बेड़ी को कटवाकर कुएँ में डलवा देता है और उसे विदा करता है। वे दोनों भी घर की ओर चले जाते हैं।

पृ० २६६. १. **वणिज इव**—यहाँ उपवन को पण्यवीथिका के समान दिखलाया गया है ॥१॥

संस्कारेण रमणीयं संस्काररमणीयं, न संस्काररमणीयम् असंस्काररमणीयम्-संस्कार के बिना भी रमणीय।

२. **अन्तरं**—मार्ग, अवकाश। **अक्ष**—धुरा या पहिया। **प्रग्रहः**—पगहा, बैलों को बाँधने का रस्सा। **कर्मान्त०**—(राजमार्ग की मरम्मत आदि) कर्म से अन्त में छोड़े गये काष्ठों से रुक गई है गति जिसकी। **वर्त्मान्त०**=मार्ग के मध्य में ॥२॥

पृ० २६८ ३. **सावशेषापसारः**—सावशेष अर्थात् अपूर्ण है अपसार (बच भागना) जिसका। **अविदितं यथा स्यात्तथा** (क्रियावि०)। **परभृतः**—कोकिल, परैः भृतः पुष्टः इति; प्रसिद्ध है कि कोयल अपने बच्चों को कौवों के घोंसले में रख देती हैं और कौवे उनका पोषण करते हैं ॥३॥

४. **अस्मात्**—यदि इसे 'व्यसनार्णव' का विशेषण माना जाता है तो यह समास के अन्तर्गत होना चाहिये; अतः यह पाठ उचित न होगा। इसलिये 'अस्माद्' का अर्थ यह किया जा सकता है—मेरे ऐसा करने से अथवा इस शरणागतवात्सल्य के कारण वह सज्जन—(साधुः सः अस्मात्)। 'स तावदस्माद् व्यसनात् नवोत्थितः' यह पाठान्तर है जो अधिक संगत है ॥४॥

पृ० २७० ५. **करिकर०**—इत्यादि विशेषणों से प्रकट होता है कि उसका शरीर नृपोचित है। **ताम्र०**—इससे शूरता का भाव प्रकट होता है। **असमानम्**—अयोग्य ॥५॥

स्नेहमयानि—भाव यह है कि आपने फौलादी बेड़ी से भी कठोर प्रेम की शृङ्खलाओं से बाँध लिया है। **संगच्छस्व०** इसका अर्थ विवादास्पद है। इसका शाब्दिक अर्थ है—'निगड से मिल जाओ', अर्थात् मैत्रेय चारुदत्त से कहता है—(१) इन प्रेम की शृङ्खलाओं को स्वीकार करो। (२) इन बेड़ियों को साथ ले लो। **धिक्शान्तम्**—चारुदत्त को यह अच्छा नहीं लगता कि आर्यक को यों ही छोड़कर चल दिया जाये।

पृष्ठ २७२--स्वयंग्राहप्रणयेन—स्वयं ग्राहे ग्रहणे प्रणयः उदारता पक्षपातो वा तेन, अर्थात् गाड़ी स्वयं ग्रहण करने के स्नेह से। अथवा स्वयं ग्राहे प्रणयो यस्य सः; अर्थात् स्वयं ग्रहण में रुचि रचने वाला (भवता का विशेषण)। 'यदुद्यते' के स्थान पर 'यत्नोद्यते' पाठान्तर है। चारदृष्ट्या-मि० —चारैः पश्यन्ति राजानश्चक्षुर्भ्यामितरे जनाः। आभ्युदयिकम् -अभ्युदयः प्रयोजनमस्य, अभ्युदय + ठञ्। श्रमणक—श्रमणक का दर्शन अशुभ माना जाता है।

अष्टम अङ्क

['वसन्तसेनामोटन' नामक यह अष्टम अङ्क है। इसमें शकार का वसन्तसेना को मारने का प्रयत्न वर्णित है। प्रथम दृश्य में भिक्षुक पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान में आता है। शकार उसे पीटने का प्रयत्न करता है; किन्तु विट उसे बचा देता है। द्वितीय दृश्य में—स्थावरक गाड़ी लेकर आता है, शकार गाड़ी में वसन्तसेना को देखता है और विट से कहता है कि गाड़ी में तो राक्षसी है। विट गाड़ी में वसन्तसेना को देखता है। जब शकार को पैदल घर चलने को कहता है; किन्तु शकार नहीं मानता। जब शकार जान जाता है कि गाड़ी में वसन्तसेना है तब वह वसन्तसेना को फुसलाता है। जब वसन्तसेना क्रोधपूर्वक उत्तर देती है तो वह क्रमशः विट और चेट से वसन्तसेना को मारने के लिये कहता है। वे ऐसा करने को तैयार नहीं होते तब शकार उन दोनों को वहाँ से पृथक् कर देता है और वसन्तसेना का गला दबा देता है। वसन्तसेना मूर्छित हो जाती है। तृतीय दृश्य में—विट और चेट आते हैं। शकार विट को वसन्तसेना का मूर्छित शरीर दिखलाता है और विट दुःखी होकर चला जाता है। शकार चेट को घर भेज देता है तथा मूर्च्छित वसन्तसेना को सूखे पत्तों से ढककर न्यायालय की ओर जाता है। चतुर्थ दृश्य में—भिक्षु अपने गीले कपड़े फैलाने के लिये स्थान खोजता है। सूखे पत्तों में वसन्तसेना का हाथ दिखलाई देता है। भिक्षु पत्ते हटाता है और वसन्तसेना को पहचान कर उसे सहारा देकर उठाता है तथा विहार की ओर ले जाता है।

पृ० २७६. चीवर—भिक्षुक का वस्त्र। १. विषमाः – उनका निग्रह करना कठिन है।

अनित्यतया—'सर्वमनित्यम्' 'सर्वं क्षणिकम्' इस दृष्टि से देखकर।

२०-पञ्चजना—पाँच व्यक्ति अर्थात् पाँच इन्द्रियाँ। 'अविद्या' के स्थान पर 'स्त्रियम्' पाठान्तर है, उसका तात्पर्य भी 'अविद्या' ही है। ग्राम—चेतनाविशिष्ट शरीर। 'अवलः क्व' के स्थान पर 'अबलश्च पाठ उचित है ॥२॥

पृ० २७८. अपवाहयति—आप्टे कोश के अनुसार इसका अर्थ 'जुआ खिचवाना'—'to cause to carry the yoke' है; किन्तु यहाँ 'बाहर निकलना' ही उचित प्रतीत होता है। कषाय – कषायेण रक्तं काषायम्, 'तेन रक्तं रागात् ४।२।१' इत्यण्। सुखोपगम्यं—सुख से सेवन करने योग्य, इससे प्रकट होता है कि (१) वह उद्यान अत्यन्त रमणीय था। (२) कोई भी व्यक्ति बिना किसी बाधा के उसमें विचरण कर सकता था।

अगुप्तम्—(१) सबके लिये खुला हुआ (उद्यान), (२) असंयत (हृदय)।
अनिर्जितोपभोग्यं—(१) राज्यपक्ष में—विजेता के द्वारा अधिकृत न किया गया तथा सबके उपभोग के योग्य अर्थात् राजभक्ति की भावना उत्पन्न करने के लिये प्रजा के उपभोगार्थ छोड़ा गया —अनिर्जितं च तद्भोग्य च। (२) बिना किसी बाधा के उपभोग करने योग्य—अनिर्जितं बाधारहितं यथा स्यात्तथा उपभोग्यम् ॥४।

उपासकः—बुद्ध की पूजा करने वाला।

पृ० २८०. **कोष्ठक**—ईंटों से बना पशुओं के पानी पीने का स्थान (घर) या अन्न का कोठा। **कुलित्थ**—अन्नविशेष, मूंग। **शबलानि**—विविध रङ्ग के। एकः प्रहारोऽस्त्यस्येति—एकप्रहार + ठन्।

५. **केशविरहात्**—यद्यपि इसके केश नहीं हैं तथापि धूप से इसके ललाट का रङ्ग काला नहीं पड़ा, इससे प्रतीत होता है कि यह कुछ समय पूर्व ही भिक्षुक बना है। **दूरं०**—भाव यह है कि पुराने भिक्षुक इस प्रकार शरीर को ढकते हैं कि उनके शरीर का मध्य भाग खुला रहता है, किन्तु इसने शरीर के मध्यभाग को पूर्णतया ढक रखा है। **पटोच्छ्रयात्०**—अभी भिक्षुक के चीवर को भली-भांति धारण करना नहीं सीखा है अतः कन्धे पर अधिक वस्त्राञ्चल हैं जो शिथिल और ठहरता नहीं ॥५॥

पृ० २८६, १०, **कुपितवानर०** – कुपित वानर के मुख के समान लाल—यह भाव है। **गान्धारी**—गन्धाराणां जनपदानां राजा गान्धारः तस्य अपत्यं स्त्री गान्धारी, दुर्योधन इत्यादि कौरवों की माता ॥१०॥

पृ० २८८, १३. **गन्धयुक्ति**—गन्धों का योग, शकार का भाव यह है कि गन्ध का सेवन करने से 'गन्धर्व' बन जाना चाहिये।

विसंष्ठुलं—असम्बद्ध, अस्थिर, विपरीत।

पृ० २९०. **घुरघुरायमाणं**—घुरघुरा इति अव्यक्त शब्दं करोति–घुरघुरायते, 'घुरघुराय' इस नाम धातु से शानच् प्रत्यय होकर द्वितीया एक० में घुरघुरायमाणम्।

अहमात्मीय—मैं अपना न रहूँगा अर्थात् मैं नष्ट हो जाऊंगा।

पृ० २९२. **मध्याह्न०**— मध्याह्नार्कस्य तापेन छन्ना दृष्टिः यस्य तेन।

पृ० २९५, १५. **अवनतशिरसः**—एक शिष्ट पुरुष परनारियों की ओर घूर कर नहीं देखता अपितु सिर झुकाकर चलता है, विट भी समाज में गौरव चाहता है अतः उसका यह स्वभाव है। **वृषभा इव** वर्षा की बौछारों से तड़ित बैल नीचा सिर करके चला करते हैं। **कुलजन**—यहाँ प्रसंग के अनुसार कुलीन स्त्रीजन के लिये आया है ॥१५॥

मृगो व्याघ्रमनुसरति—वसन्तसेना को शकार की गाड़ी में देखकर विट सोचता है कि वसन्तसेना शकार के साथ अभिरमण के लिये आई है। इस विचार से ही वह मन ही मन आश्चर्य करता है कि यह मृगी जैसी वसन्तसेना इस व्याघ्र जैसे स्वघातक का अनुसरण कर रही है।

पृ० २९९, १६. पुलिन—वालुकामय तट, प्रतीयमान अर्थ है—निर्दोष एवं पवित्र जीवन। यहाँ अप्रस्तुत हंस और काक का वर्णन करके प्रस्तुत चारुदत्त और शकार का वर्णन किया गया है, अतः अप्रस्तुत प्रशंसा अलङ्कार है ॥१६॥

१७. जननीवशात्—विट समझता है कि न चाहती हुई भी वसन्तसेना माता के आदेश से धन के लिये शकार के पास आई है। किन्तु जब वह इस बात पर सिर हिला देती है तो विट कहता है—अशौण्डीर्य—अर्थात् मैं समझता हूँ (इति मन्यते) कि वेश्या के जीवन में गौरव का ध्यान नहीं रक्खा जाता, अतः तुम आ गई हो। कुछ व्याख्याकारों ने मन्यते का अर्थ किया है—'शकार का सम्मान किया जा रहा है ॥१९॥

उद्यानपरम्परया—एक उद्यान से दूसरे में जाते हुए, जिससे सूर्यताप न संतप्त करे।

धुर्याणाम्—बैलों का, धुरं वहतीति, धुर्+यत्, पक्ष में 'ढक्' होकर धौरेयः।

पृ० ९८, १८. दशनखे—इसे कुछ व्याख्याकारों ने सम्बोधन माना है। क्षामिता—√क्षम्+णिच्+क्त।

पृ० ३०२, २०. चाटुशत०—भाव यह है कि यदि तुम मुझे स्वीकार कर लेती तो मैं इन हाथों को जोड़कर तुम्हारी अनेक वार मनौती करता। अब उसी प्रकार इन हाथों से तुम्हारी ताड़ना करता हुआ केश पकड़कर गाड़ी से बाहर करता हूँ। यहाँ ते-ते, इव-तथा; यह पुनरुक्ति है (दे० सं० व्याख्या) ॥२०॥

पृ० ३०२, २२. सूत्रशतैः—सैंकड़ों प्रकार के (रंग-बिरंगे) सूत से निर्मित। चुह्न चुक्कु—इत्यादि माँस खाते समय हड्डी को चूसने की विशेष ध्वनियाँ हैं ॥२२॥

अकार्यम्—विट का भाव है न करने योग्य, पाप, अनुचित कार्य। किन्तु शकार इसका अर्थ लेता है—'जो किया न जा सके' तथा कहता है—'अकार्यस्य गन्धोऽपि नास्ति'। उडुप—एक छोटी नौका।

पृ० ३०४, २४. साक्षिभूता—साक्षिणी भूता। साक्षात्+इन् (साक्षाद्द्रष्टरि च संज्ञायाम् ५।२।९१)—साक्षिन्, स्त्री साक्षिणी। इसका 'दशदिशः' आदि से अन्वय है।२४॥

अपध्वस्त—नष्ट, भाव यह है कि हे शकार, तेरा विनाश होने को है, अतः तुझे धर्म और न्याय का ज्ञान नहीं रहा। कोले (प्राकृत)—इसका किसी ने 'शृगाल' संस्कृतानुवाद किया है। महत्तरक—महत्तरः एव महत्तरकः। अनार्येण०—भाव यह है कि वसन्तसेना को यहाँ लाने में मेरा ही दोष है। मुझे गाड़ी को देखकर लाना चाहिये था। प्रभवति भट्टकः शरीरस्य०—आपका प्रभुत्व मेरे शरीर पर है चरित्र पर नहीं, यहाँ एक सेवक के चरित्र की दृढ़ता दर्शनीय है। M. R. काले ने शेक्सपीयर की 'My life thou shalt command but not my shame' इत्यादि उक्ति के साथ इसकी समता दिखलाई है।

पृ० ३०६, २१. येन—यस्मात्, क्योंकि; येन—कर्मणा प्रारब्धेन (काले)। किन्तु यहाँ येन—और तेन (क्योंकि इसलिये) के सम्बन्ध से तथा 'भागधेयदोषैः' शब्द के ग्रहण से भी येन का अर्थ क्योंकि' ही उचित प्रतीत होता है ॥२५॥

पृ० ३०८, ०७. यहाँ दैव के दो साभिप्राय विशेषण दिये गये हैं—(१) रन्ध्रानुसारी—भाव यह है कि यह स्थावरक पवित्र विचार रखता है, इसने अधिकांश पुण्य किये होंगे और पाप अल्पमात्रा में ही, किन्तु दैव छिद्रान्वेषी है अतः उसने इसके पापों के अनुसार इसे दास बना दिया। (२) विषम—दैव कर्म का फल देने में विषम भी है; क्योंकि उसने शकार जैसे पापी को स्वल्प से पुण्य के फल से ही स्वामी बना दिया ॥२७॥

मल्लक—एक छोटा पात्र, मदिरा का प्याला, नारियल का बना कटोरा, मल्लिका-पुष्प, व्याख्याकारों का कथन है कि शकार ने अपनी स्वाभाविक मूर्खता के कारण किसी महान् वस्तु से कुल की उपमा न देकर एक छोटी वस्तु से उपमा दी है अन्य व्याख्याकारों के अनुसार 'मल्लक' का अर्थ है—मल्ल, पहलवान।

पृ० ३१०, ३०. विविक्तश्रम्भरसः—भाव यह है कि प्रेम का आस्वादन एकान्त में ही किया जाता है ॥३०॥

पृ० ३१२. कामी—कामयुक्त, भूयान् कामः अस्यास्तीति। ३१. कष्टमयाः—कष्टों से पूर्ण; किं ते वयं काष्ठमया मनुष्याः'—यह पाठान्तर है, इसका यह अर्थ है—क्या हम काष्ठनिर्मित मनुष्य हैं ? (जो इस प्रकार उपेक्षा करती हो)' ॥३१॥

३२. जातदोषः—दोषयुक्त; अथवा जाते जनने दोषः अपवादः यस्य स जारज इत्यर्थः (J. V.) किन्तु यह क्लिष्टकल्पना है। सुचरित०—शोभन शील वाला, (१) सुगन्ध, मकरन्द आदि के द्वारा आनन्द देने वाला कमल, (२) आच्छे आचरण से युक्त जीवन वाला, चारुदत्त। विशुद्ध०—विशुद्ध देह वाला (१) सुन्दर आकृति वाला, कमल (२) निर्दोष तथा तेजस्वी शरीर वाला चारुदत्त। मधुपाः०—मकरन्द पान करने वाले अर्थात् रस का मर्म जानने वाले ॥३२॥

पलाशो भणितः०—पलाश को किंशुक भी कहते हैं, इसके पुष्प रक्तिमामय किन्तु गन्धशून्य होते हैं, इसी हेतु इसके साथ शकार की समानता दिखलाई गई है। अर्थात् वह सम्पत्ति तथा चमक-दमक रखता है किन्तु उदारता आदि गुण नहीं। 'पलाश' का एक अन्य अर्थ है—अपक्व मांस को खाने वाला। इसलिये शकार इस शब्द से कुपित होता है।

पृ० ३१४. मोटयामि—चूर्ण करता हूँ, 'मुट' संचूर्णने चुरादि। दरिद्रसार्थवाह०—क्योंकि शकार अपने आप को 'वासुदेवक' कहता है, अतः अपनी तुलना में चारुदत्त को 'मनुष्य' कहता है।

किं स शक्रः०—इस श्लोक में पुनरुक्ति तथा इतिहास विरुद्ध बातें हैं। कालनेमि—रम्भा का पुत्र नहीं, वह एक असुर था जिसका वर्णन श्रीमद्भागवत में किया गय है। सुबन्धु—बृहत्कथा में इसका उल्लेख है, यहाँ 'वासवदत्ता' का

लेखक सुबन्धु नहीं क्योंकि वह शूद्रक से अर्वाचीन है। **द्रोणपुत्रः जटायु**—यह भी इतिहास के विरुद्ध है। **धुन्धुसारः**—अयोध्या का एक राजा, सम्भवतः उसका वास्तविक नाम 'कुवलयाश्व' था। **त्रिशङ्कु**—सूर्यवंश का एक राजा, जो साहित्य में बहुत प्रसिद्ध है ॥३४॥

३५. **भारते०**—इसमें भी इतिहासविरुद्ध वर्णन है, सीता भारत युग में नहीं थी, उसे चाणक्य ने नहीं मारा। इसी प्रकार जटायु तथा द्रौपदी का भी कालभेद है ॥३५॥

असम्पूर्णमनोरथ—नहीं हुआ है पूर्ण (चारुदत्त से समागम का) मनोरथ जिसका।

पृ० ३१६, ३६. **एताम्०**—इस पद्य में शकार के भावानुसार वसन्तसेना का चित्र प्रस्तुत किया गया है। **अम्ब**—बेचारी स्त्री। **सीता यथा भारते**—इतिहास विरुद्ध है अतः हतोपमा है ॥३६॥

३७. **सेवावञ्चितः**—सेवा का अर्थ है ऐसा कार्य जिससे कोई व्यक्ति प्रसन्न होता है। **वञ्चित**—किसी वाञ्छनीय लाभ को प्राप्त किये बिना रह जाना। शकार की शूरता देखकर उसके माता-पिता और भाई आदि प्रसन्न होते। शकार के विचार मे वसन्तसेना को मारने का कार्य भी शूरता ही था। अतः यदि उसके माता-पिता आदि ने उसकी इस शूरता को नहीं देखा तो वे अपने पुत्र की सेवा से वञ्चित रह गये।

पृ० ३१८. **शीर्ष**—शीर्षेण शपे, यह प्रयोग होना चाहिये, शकार का प्रयोग होने से क्षम्य है।

पृ० ३२०, ३८ यहाँ विट की भावना के अनुसार वसन्तसेना का चित्र प्रस्तुत किया गया है। **उदकवाहिनी**—नदी। **क्रीडारस०**—रतिक्रीड़ा के आनन्द को उद्दीप्त करने वाली। **विपणी** और **पण्याकर**—शब्दों का गौण अर्थ में प्रयोग किया गया है—यहाँ प्रेम का भण्डार तथा सौभाग्य का भण्डार यही अर्थ संगत प्रतीत होता है, 'जहाँ प्रेम बिकता है', 'सौभाग्य बिकता है'—यह अर्थ नहीं ॥३८॥

३९. **पापकल्प**—पाप + कल्पप्; ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयरः पा० ।५।३।६७।

४०. **सुवर्णकं**—एक सोने का सिक्का। **कार्षापण**—कालभेद से भिन्न-भिन्न मूल्य एवं धातु का सिक्का, मनु के अनुसार ताम्रमुद्रा-'कार्षापणस्तु विज्ञेयस्ताम्रिकः कर्षिणः पणः। मनु ८. १३६। अमरकोश के अनुसार एक चाँदी का सिक्का, पृथ्वीधर के अनुसार एक रुपये के मूल्य का सिक्का। **सबोडिकम्**—पृथ्वीधर के अनुसार 'बोडि' एक सिक्का था जिसका मूल्य २० कौड़ी के बराबर होता था। इसके स्थान पर कई पाठान्तर मिलते हैं जैसे—**सवेष्टिकं** (पगड़ी सहित), **सवेषिकं** (वेश सहित) **सपोषणं** तथा **सकोटिकं** (कोटि सहित) ॥४०॥

पृ० ३२२, ४१. **अप्रीति**—(१) मित्रता का नाश (२) सुख का अभाव। **आच्छिन्नम्**—आ + √छिद् + क्त। **निर्गुण०**—(१) दया आदि गुणों से शून्य,

(२) प्रत्यञ्चा रहित ॥५१॥

४२. नगरस्त्री—भाव यह है कि नगर की नारियाँ तुम्हें शङ्का से देखेंगी कहीं उनके साथ भी ऐसा ही दुर्व्यवहार न कर डालो ॥४२॥

पृ० ३२४. व्यवहार—विवाद का निर्णय, निर्णय के लिये न्यायालय में प्रस्तुत विवाद (a law suit, Judicial proceedings); शकार का भाव यह है कि मैं तुम्हारे विरुद्ध अभियोग चलाता हूँ इसका तुम्हें उत्तर देना होगा।

बालाग्रप्रतोलिका—(देखिये पृ० ५४ सं० व्याख्या तथा टिप्पणी)

पृ० ३२६. आत्मपरित्राणे—अपनी रक्षा के लिये, चतुर्थी के अर्थ में सप्तमी। मन्त्र—रहस्य, आर्यपुरुषः—माननीय पुरुष, विश्वसनीय जन। ४४. विशुद्धायाम्—यह साभिप्राय विशेषण है, ऐसा प्रकट होता है कि उस समय उज्जयिनी नगरी में पशुवध पर प्रतिबन्ध था ॥४४॥

पृ० ३२८. नासां च्छित्वा वाहितः—नाक छेदकर निकाल दिया, इस नाटक में ऐसा उल्लेख नहीं किया गया है। ४५. हनुमत्—यह शकार का कथन भी उल्टा ही है ॥४५॥

विलुम्पति—नष्ट करते हैं √लुपलृ छेदने तुदादि। पर्णोदरे—पत्तों में।

४६. स्तिमितानि—गीले, √ष्टिम् आर्द्रीभावे दिवादि + क्त। विस्तीर्ण-पत्राणि—फैले हुए हैं पंख जिनमें ऐसे। पत्राणि—पक्ष, पक्षियों के डैने। यहाँ व्याख्याकारों ने अद्भुत सी कल्पनायें की हैं जो अनावश्यक हैं ॥५६॥

पृ० ३३०. न पुनर्यथा—जैसा (दशसुवर्णनिष्क्रीत) आप कहते हैं वैसा नहीं। लतामवलम्ब्य—क्योंकि एक पवित्र भिक्षु अपने हाथ का सहारा देकर उठाने के लिए भी नारी का स्पर्श नहीं कर सकता। एष तरुणी०—भाव यह है कि यह भिक्षुक इसका स्पर्श किये बिना ही रक्षा के लिये साथ जा रहा है। इसका यह पवित्र धर्म है।

नवम अङ्क

[व्यवहार नामक यह नवम अङ्क है। इसमें शकार द्वारा चारुदत्त पर लगाये गये अभियोग का विचार दिखाया गया है। प्रथमतः शकार अधिकरणमण्डप में जाकर यह सूचना देता है कि पुष्पकरण्डक जीर्णोद्यान में किसी ने वसन्त सेना को मार डाला है। अधिकरणिक वसन्तसेना की माता को बुलाते हैं तो पता चलता है कि वसन्तसेना चारुदत्त के घर गई थी। इस पर चारुदत्त को न्यायालय में बुलाया जाता है। संकोच तथा दुःख के कारण चारुदत्त कुछ स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाता। इसी समय वीरक वहाँ आता है जो बतलाता है कि वसन्तसेना चारुदत्त की गाड़ी में बैठकर पुष्पकरण्डक उद्यान में जा रही थी। वीरक को उद्यान में देखने के लिये भेजा जाता है और वह इस बात का समर्थन करता है कि वहाँ कोई स्त्री मरी पड़ी है। तभी वसन्तसेना के आभरण काँख में दबाए विदूषक आ जाता है। शकार और विदूषक की मारपीट में

आभूषण भूमि पर गिर पड़ते हैं शकार इन आभूषणों को सबको दिखलाता है। चारुदत्त यह स्वीकार करता है कि वे आभूषण वसन्तसेना के ही हैं परन्तु यह कैसे यहाँ आये हैं, इस बात को स्पष्ट नहीं कह पाता। इन घटनाओं से चारुदत्त के विरुद्ध अभियोग सिद्ध हो जाता है। अधिकरणिक अपना निर्णय राजा के पास भेजते हैं। राजा मृत्युदण्ड की आज्ञा देता है।

पृ० ३३४. शोधनक—न्यायालय की सफाई तथा सज्जा आदि की व्यवस्था करने वाला न्यायालय का कर्मचारी। अधिकरणभोजक—अधिकरण-न्यायालय, भोजक–पालक, अधिकारी, न्याय के अधिकारी अर्थात् न्यायाधीश, श्रेष्ठी तथा कायस्थ आदि। जहाँ केवल न्यायाधीश अर्थ अभिप्रेत है, वहाँ अधिकाणिक शब्द का प्रयोग किया गया है। व्यवहार–विवाद-विचार, वि नानार्थेऽव सन्देहे हरण हार उच्यते। नानासन्देहरणाद् व्यवहार इति स्मृति—कात्यायन। विविक्त—रिक्त, स्वच्छ।

पृ० ३३६, १, २. गन्धर्वैः—पृथ्वीधर का कथन है कि यहा प्रथमा के अर्थ में तृतीया है—'गन्धव्वेहिं इति पाठे तृतीया प्रथमार्थे रूपकं च। वस्तुतः गन्धर्वः—यह पाठ ही उपयुक्त प्रतीत होता है। क्षणेन ग्रन्थिः—ऐसा प्रतीत होता है कि शकार नंगे सिर ही न्यायालय में जा रहा था और स्वेच्छा से केशों को विविध रूप में कर लेता था ॥२॥

विषग्रन्थे०—इस वाक्य का भाव कई प्रकार से व्यक्त किया गया है, विष ग्रन्थि के भीतर प्रविष्ट हुआ कीट जैसे बाहर निकलने का मार्ग खोजता है, इसी प्रकार इस घातक अपराध को करके इसने बच निकलने का मार्ग खोजा और महान् मार्ग प्राप्त कर लिया, यह भाव प्रतीत होता है। मोटयित्वा—मोड़कर, दबाकर। श्रेष्ठिन्—व्यापारिक मामलों को समझने के लिये और रत्न आदि की परख के लिये न्यायालय में एक सेठ (व्यापारियों का मुखिया) रक्खा जाता था। सम्भवतः यह आजकल के असेसर की भाँति रक्खा जाता था। कायस्थ—व्यवहार लेखन का कार्य करता था। पराधीनतया—व्यवहार का निर्णय वादी-प्रतिवादी तथा साक्षियों के कथन पर निर्भर है।

पृ० ३३८, ४. सन्त—सज्जन, वे भले लोग (वकील आदि) जो किसी एक वादी या प्रतिवादी का समर्थन करते हैं। अपवाद—अपयश, दोष ॥४॥

५. शास्त्र—नीतिशास्त्र व्यवहार विद्या इत्यादि। स्वक—अपने सम्बन्धी। चरितं—वादी और प्रतिवादी के कार्यों को अथवा वास्तविक तथ्य को। धर्म्यः—धर्म या न्याय को न छोड़ने वाला, धर्म + यत्। द्वाभवि–अवसर या उपाय होने पर। व्याख्याकारों ने इसका अन्वय तथा अर्थ कई प्रकार से किया है। यथा—(१) भावे द्वाः, भावे —पराभिप्रायविषये द्वाः = द्वाभूतः, द्वारवत्प्रवेशयोग्यः पराशयग्राही इत्यर्थः, (२) न लोभान्वितः द्वाभवि-काले अर्थात् अवसर मिलने पर भी लोभ न करने वाला, (३) द्वाभवि परतत्त्ववद्धहृदयः–अर्थात् जहाँ तक सम्भव होता है, परम तथ्य (वादी-प्रतिवादी के तथ्य) को जानने में तत्पर ॥५॥

पृ ३४०. आर्यस्यापि०—इस कथन से न्यायाधीश की न्यायप्रियता तथा न्यायकारिता प्रकट होती है। व्यवहारमुपस्थितः—व्यवहार को उपस्थित हुआ है, व्यवहार प्रस्तुत करने के लिये आया है। श्री M. R. काले का कथन है कि सम्भवतः यहाँ व्यवहार शब्द न्यायालय (Court) के अर्थ में आया है।

पृ० ३४२. सर्वमन्य—शकार के धमकाने पर न्यायाधीश के भयभीत हो जाने से यह प्रकट होता है कि राजा पालक तथ्य की खोज किये विना ही न्यायाधीशों पर दबाव डाल देता था। युष्माकमपि०—अर्थात् तुम्हें सुखी करना मेरे हाथ में है, मेरी इच्छानुसार निर्णय करोगे तो सुखी होगे।

स्थिरसंस्कारता—मानसिक संस्कारों की दृढ़ता, भाव यह है कि इससे मन में यह भाव दृढ़तापूर्वक स्थिर है कि मैं राजा का साला हूँ जो चाहे कर सकता हूँ। इसलिये यह व्यवहारार्थी होकर भी इस प्रकार कहता है।

पृ० ३४४. मल्लक—गल्लर्क पाठान्तर है। गल्लर्क — मदिरा पीने का पात्र (आप्टे) मल्लक (देखिये पृ० ३०८ तथा टिप्पणी)। ६. राजश्वशुरः—इत्यादि कथन से शकार न्यायाधीशों पर प्रभाव डालना चाहता है। पश्यामि न पश्यामि वा—शकार का कथन होने के कारण विपरीतोक्ति है। बाहुपाश० भुजा रूपी पाश के बलात्कार से अर्थात् भुजापाश में दबाकर।

पृ० ३४६. न मयेति व्यवहारपद—'मैंने नहीं'—यह अभियोग का शब्द", (a legel point) जो शब्द स्वाभाविक रूप से वादी या प्रतिवादी के मुख से निकल जाता है, वह तथ्यनिर्णय में अत्यन्त सहायक होता है—'स्वभावेनैव यद्ब्रूयुस्तद्ग्राह्यं व्यावहारिकम्' (मनु० ८, ६८)। इसी हेतु न्यायाधीश का ध्यान इस शब्द पर गया। पायस०, पायस - खीर। पिण्डारक—(१) उवल कर या उफन कर फूल जाना या पिंडाकार हो जाना इससे खीर पात्र से बाहर निकल कर नष्ट हो जाती है। (२) पायसपिण्डं क्षीरभोजनम् ऋच्छतीति, गर्म-गर्म खीर खाने में प्रवृत्त व्यक्ति अपना ही विनाश करता है। (३) पिण्डारक — भिक्षु, कोई भिक्षु अत्यन्त गर्म खीर निगल कर मर गया था, शूद्रक के समय यह कथा प्रसिद्ध थी—परांजपे (दे० काले नोट्स)।
अधिकरणिकबुद्धिनिष्पाद्यः—अर्थात् ऐसा व्यवहार जिसमें सुनी गई बातों के आधार पर तथ्यों का विचार करके न्यायाधीश अपनी बुद्धि से ही निर्णय देता है, किसी दूसरे से सफाई नहीं मांगी जाती।

पृ० ३४८. कुट्टनी या कुट्टिनी—परनारी को पुरुष से मिलाने वाली। जनस्य पृच्छनीय—यहाँ 'कृत्यानां कर्तरि वा' २।३।७१। के अनुसार षष्ठी विभक्ति है।

पृ० ३५०. प्रथमः पादः—व्यवहार निर्णय के चार चरण होते हैं, इनमें प्रतिवादी के समक्ष लिखा गया प्रथम पाद भाषापाद कहलाता है। ८. अवस्थामभिशङ्कते—इसका कर्त्ता 'आह्वानम्' है, यह आह्वान (Summons) मेरी अवस्था (दरिद्रावस्था) के प्रति शङ्का करता है, अर्थात् क्योंकि राजा ने मुझे बुलाया है, इससे प्रकट होता है कि वह मेरी दरिद्रता के कारण मुझ पर शङ्का करता है ॥८॥

९. ज्ञात०—चारुदत्त ने आर्यक के बच भागने में सहायता की थी अतः उसका ध्यान अपने इसी कार्य की ओर गया जो राजा की दृष्टि में अवश्य ही महान् अपराध था। अभियुक्त—जिस पर अभियोग चलाया गया हो ॥९॥

पृ० ३५२, १०. वाशति—√वाशृ शब्दे यह दिवादिगण (वाश्यते) की आत्मनेपदी धातु है। अतः यहाँ परस्मैपद चिन्तनीय है अथवा वाशं करोति=वाशति-यह नाम धातु है ॥१०॥

११. घोरं—भयङ्कर, भयपूर्ण; कुछ व्याख्याकारों ने 'घोरं वामं चक्षुः मयि चोदयते, असंशयम्।' ऐसा अन्वय किया है। इस अन्वय मे 'असंशयम्' शब्द व्यर्थ सा ही है अतः 'असंशयम् घोरं' (वर्तते) यह अन्वय किया गया है।

११. मयि—इस पद्य का अन्वय कई प्रकार से किया गया है। 'अयं भुजगपतिः अभिपतति'—यह मूल वाक्य है। शेष भुजगपति के विशेषण हैं। सम्भवतः अनेक अपशकुनों का साथ २ वर्णन करने के लिये ही कवि ने यहाँ सर्प का वर्णन कर दिया है। वस्तुतः तो दिन के समय, भीड़ से भरी हुई उज्जयिनी की सड़क पर सर्प का होना सम्भव नहीं प्रतीत होता।

पृ० ३५४, १४. इस श्लोक में न्यायालय को सागर के समान बतलाया गया है। इसके लिये 'चिन्ता०' इत्यादि सात विशेषण दिये गये हैं। मन्त्रिन्—यहाँ इसका तात्पर्य न्यायाधीश है। इन्हें जल के समान कहा गया है। दूत—राजदूत। चार—गुप्तचर, सूचना देने वाले, इनकी नाके और मगरों से समता दिखाई गई है। हिंस्र—जल के घातक जीव। वाशक - शब्द करने वाले, वादी-प्रतिवादी जन, छोटे वकील मुख्तार इत्यादि (Pettifoggers)—काले। इनकी कङ्क (हाडगिल) पक्षियों से समता दिखाई गई है, क्योंकि ये हाडगिल पक्षी के समान निरन्तर बोलते हैं। नानावासक—पाठान्तर है, विविध प्रकार का वेश धारण करने वाले (खुफिया)। कायस्थ - व्यवहार-लेखक इनकी समता समुद्र के सर्पों से की गई है। नीति०—जिस प्रकार नदियों के द्वारा सागर तट काट दिया जाता है, इसी प्रकार यहाँ नीति के द्वारा मर्यादा को तोड़ा जाता है। नीति तर्क, युक्तियाँ या राजा की अपनी पालिसी। हिंस्रैः—घातक जनों या क्रूर कर्मों के द्वारा ॥१४॥

१५ दैवतः—भाग्य से, दैव+तस् अथवा देवता; 'दैवतः' शब्द पुल्लिङ्ग भी हैं (दैवतानि पुंसि वा)। किन्तु इसका पुंल्लिङ्ग में प्रयोग अप्रयुक्तत्व दोषग्रस्त समझा जाता है ॥१५॥

१६. घोणोन्नतं—वस्तुतः 'उन्नतघोणम्' होना चाहिये, अथवा, आहिताग्न्यादि' में मानकर 'उन्नत' शब्द का पर-प्रयोग सिद्ध किया जा सकता है।

पृ० ३५६. नियुक्तः—यह पारिभाषिक शब्द है यहाँ इसका अर्थ है—असेसर ब्राह्मणेतर श्रेष्ठी और कायस्थ (काले)।

१७. भट्टक—स्वामी, राजा पालक या न्यायाधीश, कुछ व्याख्याकारों का मत

है कि 'भट्टक' शब्द चारुदत्त के लिये व्यङ्ग्य रूप में कहा गया है। जो सङ्गत नहीं प्रतीत होता है। पृथ्वीधर के अनुसार 'नष्टक' पाठ है ॥१७॥

पृ० ३५८. **कपटकापटिक**—कपटेन जयति इति कापटिकः (कपट + ठक्) कपट युक्तः कापटिकः कपटकापटिकः (काले) असम्बद्धः—असम्बद्ध प्रलाप करने वाला।

पृ० ३६०, १९. **अभ्युक्षित०**—इस श्लोक का वास्तविक भाव स्पष्ट नहीं है। **अभ्युक्षितः**—सींचा गया, सिक्त, अभि—√उक्ष + क्त। **बलाहकः०**—बादल वारीणां वाहकः (पृषोदरादि)। चाष-नीलकण्ठ, वर्षा से भीगने के कारण उसके प्रक्षाग्र कुछ काले से हो जाते हैं। **अन्तराले**—बीच में, इस बात को कहते हुए। **निष्प्रभताम् उपैति०**, चारुदत्त ने देखा कि शकार के मुख पर स्वेदजल झलक रहा है और वह फीका पड़ गया है। इसलिये कहा है कि तुम झूठ कहते हो। स्मृतिकारों ने मिथ्या अभियोग लगाने वाले या मिथ्या साक्षी होने वाले के इस प्रकार के चिह्न बतलाये हैं, (देखिये याज्ञ० स्मृ० २, १३) ॥१९॥

२१. **प्राकृत**—असंस्कृत अशिक्षित, निम्न श्रेणी का। **जिह्वा**—वेद की व्याख्या करने वाले नीच जनों की जिह्वा काट दी जाती थी, ऐसा दण्ड विधान था। अथवा अनुचित या मिथ्या कथन से जीभ कट जाती है, यह लोगों की धारणा थी। अथवा मिथ्या कथन से जीभ कट कर गिर जानी चाहिये-यह भाव है। **न च देहं हरति भूः** भूमि को तेरा शरीर हर लेना चाहिये था ॥२१॥

२२. **उदकोच्छ्रय०**—जल की वृद्धि, जल की प्रचुरता। चारुदत्त ने सागर के सभी रत्न और मोती दान कर दिये अतः सागर में जलमात्र शेष रह गया। **अनपेक्षितानि**—अनीप्सित, जिन धनों की उन्हें आवश्यकता भी नहीं थी (not wanted)। **अवैरिजुष्टम्**—वैरी भी जिसे नहीं करता। **अवीर०**—पाठान्तर है, जिसका अर्थ है कायर या नीच प्रकृति के लोगों द्वारा किया गया ॥२२॥

पृ० ३६२, २३. **परिभव०**—परिभव एव विमानना—इस प्रकार भी कुछ व्याख्याकारों ने अर्थ किया है ॥२३॥ **चन्दनकमहत्तरकेण**—वह व्यङ्ग्यपूर्ण कथन है, अपने आपको बड़ा समझने वाले चन्दनक ने—यह अभिप्राय है।

पृ० ३६४, २४. **निर्मल०**—निष्कलङ्क कीर्ति वाला चारुदत्त। **राहुणा**—शकार के द्वारा। **कूलावपातेन**—तट के गिरने से, अकस्मात् दोषारोपण से, लोकापवाद से। **प्रसन्नजल**—निर्मल चरित्र ॥२४॥

वैषम्यं०—लोक की घटनायें विषमतापूर्ण हैं, अर्थात् निर्मल चरित्र वाले चारुदत्त को अपराधी सिद्ध करने वाली घटनायें मिलती जा रही हैं अथवा मनुष्य का चरित्र विषमतापूर्ण है।

इस कथन के अग्रिम श्लोक से यह प्रकट होता है कि न्यायाधीश को भी अपने इस विश्वास में सन्देह हो गया कि 'चारुदत्त निर्दोष है।'

२५. **इदम्**—चारुदत्त का चरित्र। **संकटम्**-भयङ्कर या जटिल। **सुसन्ना**—सुसम्बद्ध। **व्यवहारनीतयः**—व्यवहार सम्बन्धी प्रमाण (कानून सबूत), प्रथम तो-

वसन्तसेना की माता ने बतलाया कि वसन्तसेना चारुदत्त के यहाँ गई है। दूसरे—वीरक ने कहा कि चारुदत्त की गाड़ी में बैठकर वसन्तसेना पुष्पकरण्डक उद्यान में जा रही थी। तीसरे—मृतक स्त्री के चिह्न उस उद्यान में उपलब्ध हैं। इन घटनाओं से सिद्ध होता है कि चारुदत्त अपराधी है। इन प्रमाणों को देखकर न्यायाधीश की बुद्धि किंकर्तव्यविमूढ हो गई है ॥२५॥

पृ० ३६६, २७. **मत्सरिन्**—मत्सर + इनि (अत इनिठनौ)। **हन्तुकाम०** हन्तुंकामो यस्याः सा (बुद्धिः), 'तुम् काममनसोरपि' इसके अनुसार मकार का लोप हो जाता है। इसी प्रकार 'गन्तुकामः' इत्यादि। जाति—जन्म, स्वभाव ॥२७॥

२८. **अवचयम्**—'हस्तादाने चेरस्तेये' ३।३।४० - इस सूत्र के अनुसार यहाँ अवचाय (अव + चि + घञ्) शब्द होना चाहिये, किन्तु इसी अर्थ में 'अवचय' (अव + चि + अच्) शब्द का भी प्रयोग देखा जाता है और वैयाकरणों ने यथा-कथञ्चित् अवचय' शब्द की भी सिद्धि की है।

२९. **मैत्रेय०**—इस श्लोक में चारुदत्त अपने मित्र, स्त्री तथा पुत्र को सम्बोधित करते हुए खेद प्रकट करता है। इसके अन्तिम पद का अर्थ विवादास्पद है। **परव्यसनेन**—इस शब्द का अर्थ कई प्रकार से किया गया है, परेण श्रेष्ठेन व्यसनेनोपलक्षितः, परेण केवलेन व्यसनेन वाल्यसुलभेन क्रीडनेन (J. V.) केवलं वाल-क्रीडया (केवल बाल्यकाल के खेलों से) परे दूरं यद् व्यसनं तेन (अर्थात् तुम आपत्ति से दूर हो, तुम नहीं जानते कि आपत्ति क्या है)। व्यसन क्रीड़ा, आपत्ति ॥२९॥

पृ० ३६८. **अस्या आभरणम्**—इस वसन्तसेना के आभरण (M. R.) काले का कथन है कि यहाँ 'अस्य' पाठ होना चाहिये क्योंकि 'इमरस' (प्राकृत) शब्द वसन्तसेना के लिये नहीं आ सकता। अस्य का अर्थ होगा रोहसेन का, अर्थात् उस (रोहसेन) को (रोना बन्द करने के लिये) आभरण देना ठीक था, किन्तु हमें इन आभूषणों को नहीं लेना चाहिये।

पृ० २७, ३०. **नृशसेन**- क्रूर, निर्दय ने। रतिः वा—अथवा पृथ्वी की रति ही। **अविशेषेण**—बिना किसी भेद के, साक्षात्। **वा + विशेषेण**—यह छेद भी किया जा सकता है, विशेषेण-विशेष रूप से ॥३०॥

तपस्वी—वेचारा, चारुदत्त शकार को दयनीय समझता है, उसका भाव यह है कि कृतान्त (दैव) ही मेरे विपरीत है यह तो वेचारा निमित्तमात्र है। **आराम**—क्रीडोद्यान, वाटिका आरमन्ति जनाः अत्र, आ + √रम् + घञ्। **उच्छृङ्खलक**—उच्छिन्ना शृङ्खलका येन सः, जिसने बन्धनों को तोड़ दिया है, स्वच्छन्द, किसी नियम या कर्त्तव्य का ध्यान न रखने वाला। **कुलटा**—व्यभिचारिणी, कुलानि अटति इति। **भण्ड**—दिल्लगी करने वाला, भाण्ड। **भाण्ड**-पाठान्तर है-पात्र, क्षतजनाः हिंसाप्रधाना जनाः तेषां दोषाणां भाण्डः पात्रम्।

पृ० ३७१. प्रतीपम्—विरुद्ध, उल्टा। साध्वसम्—भय। व्यापादिता—मार दी गई, नष्ट कर दी गई, मिटा दी गई। शकार का कथन होने से पुनरुक्ति दोष नहीं है।

विस्तरः—समूह, राशि, वि√स्तृ+अप्, वृक्ष और आसन अर्थ में 'विष्टरः' होता है (वृक्षासनयोर्विष्टरः ८-३-९३) 'फैलाव' अर्थ में 'विस्तार' (वि+स्तृ+घञ्)। पातयिष्यति—मैत्रेय के पास से वसन्तसेना के आभूषणों का मिलना तो इस बात का पुष्ट प्रमाण था कि चारुदत्त ने वसन्तसेना को मारा है। अतः इससे चारुदत्त का विपत्ति में पड़ना अवश्यंभावी था ॥३१॥

भूतार्थः—वास्तविक बात यह है कि वसन्तसेना ने इन आभूषणों को रोहसेन की मिट्टी की गाड़ी पर लाद दिया गया था, वसन्तसेना को लौटाने के लिये ही ये मैत्रेय को सौंपे गये थे।—

३२. अश्लाघ्यम्०—यदि मैं किसी प्रकार की सफाई देता हूँ तो वह झूठी कल्पना ही समझी जायेगी, क्योंकि उसको पुष्ट करने के लिये वसन्तसेना तो जीवित नहीं है। इससे न्यायाधीशों का मन मेरी ओर से अधिक बिगड़ जायेगा और मेरी मृत्यु अपमानपूर्ण होगी। यहाँ चारुदत्त ने फिर सफाई का अवसर खो दिया ॥३२॥

३३. अङ्गारक०—यहाँ दरिद्र चारुदत्त की क्षीण वृहस्पति से, शकार की मङ्गल ग्रह से तथा अलङ्कारपात या अलङ्कार गिराने वाले मैत्रेय की धूमकेतु से समता दिखाई गई है। प्राचीन खगोलशास्त्रियों के अनुसार मङ्गल को वृहस्पति का शत्रु बतलाया गया है। वराहमिहिर आदि ने मङ्गल को वृहस्पति का शत्रु नहीं माना ॥३३॥

पृ० ३७४. अक्षिभ्याम्०—तुम्हारी आँखों ने तो यह विश्वास दिला दिया कि ये वे ही आभूषण हैं, किन्तु तुमने वाणी द्वारा यह प्रकट नहीं किया।

३४. वस्त्वन्तराणि – अन्य वस्तुयें, अन्यद् वस्तु वस्त्वन्तरम् तानि। कृतहस्ततया–कृतहस्त-निपुण, कुशल, कृतहस्तस्य भावः कृतहस्तता तया।

पृ० ३७६. एवं गतानि०—चारुदत्त को सफाई देने का यह भी एक अवसर मिला था, किन्तु वह सफाई न दे सका। सम्भवतः कवि को यही दिखलाना अभीष्ट था कि चारुदत्त अपराधी सिद्ध हो जाये।

३५. सत्यमिति द्वे अक्षरे—'सत्यं' ये दो अक्षर हैं किन्तु ये कितने महत्त्वपूर्ण हैं? (काले)। अलीकेन—असत्य से √अल्+वीकन्=अलीक (शब्दार्थ कौ०)।

आभरणानि—चारुदत्त कुछ आवेशपूर्वक यह बात कहता है। ३६. सहास्माकं मनोरथैः—न्यायाधीशों की यही अभिलाषा थी कि चारुदत्त सच कह दे और यह निरपराध सिद्ध हो जाये। यदि ऐसा नहीं तो न्यायाधीशों की अभिलाषा नष्ट हो जायेगी; साथ ही चारुदत्त के शरीर पर कोड़े पड़ेंगे—यह भाव है ॥३६॥

वसन्तसेनया विरहितः—वसन्तसेनाविरहितः तेन (तृतीयातत्पुरुषः), कृत्यम्-प्रयोजन।

पृ० ३७८. अहमर्थिनी—वस्तुतः जिसे अभियोग चलाना चाहिये था, वह तो मैं हूँ। आत्मनः सदृशम्—अपनी शक्ति के अनुरूप जो मैं कर सकता था।

पृ० ३८०. 'शूले भङ्क्त'—शूली पर चढ़ाकर मार दो, √भञ्ज (आमर्दने) रुधादि + लोट् म० बहु०। शास्यते, √शास् (अदादि + णिच् (कर्मवाच्य) + लट् प्र० एक०। यहाँ आसन्न भविष्यत् काल में लट् का प्रयोग हुआ है; शिक्षा दी जायेगी। अविमृश्यकारी—विमृश्य करोतीति विमृश्यकारी (विमृश्यकारिन्) न विमृश्यकारी अविमृश्यकारी–बिना विचारे करने वाला। ४०. स्थाने (अव्यय); उचित, स्थान पर। कृपणां–शोचनीय ॥४०॥

४१. श्वेतकाकीयैः—श्वेतः काकः [कौआ श्वेत है] इस प्रकार की मिथ्या बात कहने वाले श्वेतकाकीय श्वेतकाक + छ] कहलाते हैं। इस शब्द की निष्पत्ति 'काकतालीय' आदि के समान ही है। शासनदूषकैः—राजा के शासन को दूषित [बदनाम] करने वाले; यहाँ १.७ में कही गई व्यवहारदुष्टता दिखलाई गई है ॥४१॥

अपश्चिमम्—पश्चाद् भवं पश्चिमं पश्चात् + डिमच्। नास्ति पश्चिमं यस्य तत्तथा–जिसके पश्चात् अन्य [अभिवादन] न होगा, अन्तिम। मूले छिन्ने०—यहाँ मूल पिता [चारुदत्त] है। बटुः–अथवा वटुः—यह शब्द किसी व्यक्ति [लड़के या युवक आदि] के लिए अंग्रेजी के chap या fellow शब्द के समान प्रयुक्त होता है या ब्रह्मचारी अथवा ब्राह्मण (घृणा अर्थ में) जैसे चाणक्यवटुः। चाण्डाल—एक नीच जाति, शूद्र से ब्राह्मणी में उत्पन्न व्यक्ति—'स्याच्चण्डालस्तु जनितो ब्राह्मण्यां वृषलेन 'यः' क्रूर कर्म करने वाला। उस समय चाण्डाल ही किसी अपराधी के वध का कार्य करते थे।

पृ० ३८२. विष०—किसी व्यक्ति को निरपराध प्रमाणित करने के लिए 'विषपान' इत्यादि दिव्य परीक्षा होती थी। जैसा कि यज्ञवल्क्य ने बतलाया है—१. किसी व्यक्ति को विष खिलाया जाता था यदि वह निष्पाप होता था तो उस पर विष का कोई प्रभाव नहीं होता था। २. उसे नाभिपर्यन्त जल में इतने समय डुबकी लगवाई जाती थी जितने समय में कोई वेगवान् मनुष्य तत्काल फेंके गये बाण को लेकर आ जाता था यदि वह अपराधी होता तो डूब जाता अन्यथा नहीं। ३. वह तुला के एक पलड़े में बैठता था और दूसरे पलड़े में समान भार का बाट आदि रक्खा जाता। यदि वह निरपराध होता तो उसका पलड़ा ऊपर उठ जाता। ४. उसके हाथ पर अभिमन्त्रित पीपल के सात पत्ते धागे से बाँधे जाते और फिर उस पर नियतकाल के लिए तपा हुआ लोहगोलक रक्खा जाता था। यदि वह निरपराध होता तो नहीं जलता था (विशेष देखिये याज्ञ० १. १००-१११)। प्रार्थिते—अभीष्ट होने पर। विचार—व्यवहार-निर्णय। वीक्ष्य-भली-भाँति देखकर, जाँच करके; वि + √ईक्ष् + ल्यप्। ब्राह्मणं—(१) ब्रह्मणः अपत्यम् पुमान् ब्राह्मणः ब्रह्मन् + अण् (तस्यापत्यम्); २ ब्रह्म = (वेदम्) अधीते वेद (जानाति) वा–ब्रह्मन् + अण् (तदधीते तद्वेद) ॥४३॥

दशम अङ्क

[संहारनामक इस अन्तिम अङ्क में मुख्य तथा प्रासङ्गिक दोनों कथाओं का उपसंहार हो जाता है। एक ओर तो वसन्तसेना वधूपद को प्राप्त कर लेती है और दूसरी ओर राजा पालक को मारकर आर्यक उज्जयिनी के राज्य का स्वामी बनता है। इस अङ्क के प्रथम दृश्य में—चारुदत्त वधस्थान की ओर ले जाया जाता दिखलाई देता है। मैत्रेय भी वहाँ पहुँच जाता है। जब वध की घोषणा होती है तो शकार का सेवक स्थावरक (जो अटारी में बन्द किया हुआ था) भागा हुआ चाण्डालों के पास आता है तथा कहता है कि वसन्तसेना को तो शकार ने मारा है। किन्तु इसी समय शकार वहाँ आ जाता है और स्थावरक को झूठा सिद्ध करता है। द्वितीय दृश्य में—वसन्तसेना को साथ लिये भिक्षु वधस्थान की ओर आता है। इधर चाण्डाल चारुदत्त पर तलवार खींचता है किन्तु तलवार हाथ से गिर पड़ती है तब चाण्डाल चारुदत्त को शूल पर चढ़ाने की बात सोचते हैं। इसी समय भिक्षु और वसन्तसेना पहुँच जाते हैं। इन्हें देखकर चारुदत्त प्रफुल्लित हो जाता है और चाण्डाल राजा को सूचना देने जाते हैं। तृतीय दृश्य में—शर्विलक वधस्थान पर आता है और यह सूचना देता है कि आर्यक के द्वारा राजा मारा गया। तभी शकार को पकड़कर चारुदत्त के पास लाया जाता है। चारुदत्त उसे क्षमा-प्रदान करता है। अन्तिम दृश्य इस नाटक को सुखान्त बना देता है धूता चिता पर चढ़ने को उद्यत है तभी चारुदत्त वहाँ पहुँच जाता है और उसे रोक देता है। धूता और वसन्तसेना स्नेहपूर्वक मिलते हैं। इसी समय शर्विलक वसन्तसेना से कहता है कि आर्यक राजा तुम्हें 'वधू' पद से अलङ्कृत करते हैं और भरतवाक्य से नाटक पूर्ण होता है।]

पृ० ३८४, १. **तत्किम्०**—यह चारुदत्त के प्रति कहा गया है। **कलय**—सोचो। **नववध०**—१. नवीन जो वध और बन्धन उनको करने में (दे० सं० व्याख्या) २. वध के लिए जो नवीन बन्धन०, नवः वधाय बन्धः तस्य नयने। ४. वध के लिये नया बन्धन है जिसका ऐसे व्यक्ति को ले जाने में; वधार्थं बन्धः वधबन्धः, नवः वधबन्धो यस्य तस्य नयने ॥१॥

३. **पांशु**—धूलि। **पितृवन**—श्मशान। **विरसम**—कर्कशता से ('रटन्तः' का क्रिया-विशेषण)। **रक्तगन्ध०**—लाल चन्दन; । वध्य के शरीर पर लाल चन्दन का लेपन किया जाता था। **बलिम्**—यहाँ विशेष प्रकार की बलि का वर्णन है जो किसी देवता भूत आदि के लिये दी जाती थी। वह बलि भी १. जल से अभिषिक्त, २ रूक्ष, ३. पुष्पों से ढकी हुई तथा ४. रक्त की गन्ध (बूंद या गन्ध) से युक्त होती थी ॥३॥

पृ० ३८६, ४. **किम्**—यहाँ चारुदत्त को वृक्ष का रूप दिया गया है, उस पर आश्रित साधुजनों को पक्षियों का तथा काल को परशु का। काल—मृत्यु। यदि 'सज्जन' शब्द का अर्थ केवल 'श्रेष्ठ' लिया जाये तो 'सज्जनः पुरुषः एव द्रुमः तम्' वह भी विग्रह हो सकता है ॥४॥

५. हस्तकैः—हाथ के थापे, इससे प्रकट होता है कि वध्य के शरीर पर लाल चन्दन के हाथ के छाप लगाये जाते थे। पिष्टचूर्ण—१. चावलों का पिसा हुआ आटा २. पिष्ट—चावल का आटा; चूर्ण—तिलों का चूर्ण। वध्य के शरीर पर ये वस्तुएँ भी लगाई जाती थीं। पशूकृतः—अपशुः पशुः सम्पद्यमानः कृतः इति पशूकृतः ॥५॥

तारतम्यम् – (१) तरतम—ष्यञ्; तांता एक के पश्चात् दूसरा, (२) (discretion, proper judgement common sense–काले)। (३) उच्चनीचत्वरूपं वैषम्यम् इति परे।

५. ६. एतत्—यह (रूप या आपत्ति)। इन्द्रः—इन्द्रध्वजा (?), इन्द्रमहोत्सव में लगाई गई ध्वजा। जब वह विसर्जन के लिए ले जाई जाती है तो उसे देखना अच्छा नहीं समझा जाता—'उत्थापयेत्तूर्यरवैः सर्वलोकस्य वै पुरः। रहो विसर्जयेत् केतुं विशेषोऽयं प्रपूजने।' कालिकापुराण। गोप्रसवः—इत्यादि को देखना भी निषिद्ध है—मैथुनञ्च गोप्रसवं केतुपातं सतो वधम्। नक्षत्राणाञ्च सञ्चारं शुभार्थी नावलोकयेत् ॥७॥

आहीन्त और गोह—ये दोनों चाण्डालों के नाम हैं।

८. रोदिति—गवाक्षों से मुख निकाले हुई नारियाँ चारुदत्त को देखकर अश्रु वर्षा कर रही थीं। इसी हेतु यह प्रश्न किया गया है। अनभ्रम्—नास्ति अभ्रं यत्र तद् अनभ्रं यथा स्यात् तथा (पतति का क्रियाविशेषण) अथवा नास्ति अभ्रं यस्य तत् वज्रम्—विना बादल का वज्र। अनभ्रे—पाठान्तर है, बादल बिना ही; न अभ्रम्, अनभ्रं तस्मिन् ॥८॥

पृ० ३८८. सलोप्त्र—लोप्त्रेण सहितः; लोप्त्र—चोरी का धन (माल)√लुप् (चुराना)+ष्ट्रन् (त्र) 'चौरिका स्तैन्यचौर्ये च स्तेयम्…………लोप्त्रं तु तद्धनम्। —अमरकोश।

पृ० ३९०, १२. मख०—चारुदत्त के द्वारा तथा उसके पूर्वजों के द्वारा किये गये यज्ञ। सदसि-(धार्मिक) सभा में। निबिड—(आमन्त्रित) लोगों की भीड़ से युक्त, ब्राह्मण और पुरोहितों की भीड़ से युक्त (काले)। चैत्य—यज्ञ का स्थान, यज्ञशाला; चित्या—अग्नि, √चि+क्यप्। चित्यायाः इदं चैत्यम्—चित्या+अण् ॥१२॥

१३. अधरश्च (नीचे का ओठ) ओष्ठश्च (ऊपर का ओठ) अधरोष्ठः। अथवा अधरसहितः ओष्ठः अधरोष्ठः अथवा अधरश्च असौ ओष्ठश्च अधरोष्ठः। यहाँ अयशो-विषम् यह रूपक है तथा अमृतपान एवं विषपान दो विरुद्ध वस्तुओं का वर्णन किया गया है, अतः विषम अलङ्कार है ॥१३॥

१४. असुवर्णमण्डनकम्—पाठान्तर है, नास्ति सुवर्णमण्डनं यस्मिन् तद् यथा स्यात् तथा। मरते हुए व्यक्ति के कर्ण नासिका आदि में सुवर्ण पहनाया जाता है, यह प्रसिद्धि है। अपनीयते—अप√नी+(कर्मवाच्य) लट् ॥१४॥

पृ० ३९२. दत्तवध्यचिह्नम्—वध्यस्य चिह्नं, वध्यचिह्नं दत्तं वध्यचिह्नं यस्य तम्। किमस्माकं··प्रतिग्रह—प्रतिग्रह का अर्थ दान तथा अनुग्रह दोनों होता है। चारुदत्त ने इसका प्रयोग अनुग्रह अर्थ में किया था किन्तु चाण्डाल समझते हैं कि

इसका अर्थ 'दान' है और चाण्डाल से दान लेना निषिद्ध है; इसीलिए आश्चर्य के साथ पूछते हैं। आवुक—यह प्राकृत का शब्द है जिसका अर्थ है—पिता।

पृ० ३९४, १७. **निवाप**—पितृतर्पण, पितरों को दी गई वलि, 'पितृदानं निवापः स्यात्—अमरकोश। **निवापोदक**—पितृतर्पण में दिया गया जल। भाव यह है कि चारुदत्त का पुत्र अभी वालक ही था अतः उसके द्वारा दी गई जलाञ्जलि बहुत छोटी होती और जव तक पुत्र बड़ा न होता तव तक उसकी जलाञ्जलि से परलोक में स्थित चारुदत्त की पिपासा कैसे शान्त होती ॥१७॥

१८. **अमौक्तिकम्**—मोतियों से न बना हुआ, मौक्तिक=मुक्ता+ठक्। **असौवर्णम्**—सुवर्ण से न बना हुआ। मौक्तिकाद् अन्यत् अमौक्तिकम् अथवा नास्ति मौक्तिकं यस्मिन् तत् ॥१८॥

पृ० ३९६. **निरुपपदेन**—उपपद—समीप में स्थित पद अर्थात् आदरसूचक आर्य, श्री इत्यादि शब्द; निर्गतम् उपपदं यस्मात् तत् निरुपपदं तेन नाम्ना।

१९. **अहतमार्गा**—१. जिसका मार्ग (गमन) नहीं रुका है ऐसी नियति २. जिसका मार्ग नहीं रुका अर्थात स्वच्छन्द विचरने वाली किशोरी। **किशोरी**—इस शब्द का अर्थ विवादग्रस्त है, किसी ने इसका अर्थ हस्तिनी किसी ने तरुण घोड़ी तथा किसी ने तरुणी वाला किया है। **प्रत्येषितुम्**—प्रति√इष्+तुम्। प्रतीष्टम्--पाठान्तर हैं—यथेच्छ यह अर्थ है ॥१९॥

२०. **शुष्का**--इसके विविध पाठ तथा अर्थ हैं (देखिये सं० व्याख्या)। **जनपदस्य**—जनपद—प्रदेश; जनानां पदं जनपदं=जन (कबीले) का स्थान अथवा जनाः पद्यन्ते गच्छन्ति अत्र इति जनपदः देशः। अथवा जनपद=जनता, 'भवेज्जनपदो जानपदोऽपि जनदेशयोः' इति मेदिनी ॥२०॥

२१. **करवीर०**—वध के लिये ले जाये जाते हुए व्यक्ति के गले में कनेर की माला पहनाने की प्रथा थी। **आघात**—वध का स्थान; आहन्यते अत्र इति आ√हन्+घञ्। **शामित्रम्**--शमितृ शब्द का अर्थ यज्ञ होता है। शमितरि भवम् अथवा शमितुः इदं शामित्रम्—शमितृ+अण्। यज्ञ में पशु की वलि करने का स्थान या बलि के लिये लाये गये पशु को बाँधने का स्थान। **आलुब्धम्**—वध करने के लिये, आ+√लभ् वध करना या अभिमन्त्रित करना। आलब्ध—पाठान्तर है। देखिये सं० व्याख्या ॥२१॥

सास्रम्—अस्रेण सहितम्, पुत्र का विशेषण अथवा गृहीत्वा का क्रियाविशेषण।

२३. **इदं**—यह; पुत्र का आलिङ्गन, (सुतरूप वस्तु इत्यन्ये)। **तत्**—वह, 'प्रसिद्ध' अर्थ को व्यक्त करता है।

पृ० ३९८. २४. **व्यसनकृशाम्**—व्यसन—आपत्ति, दरिद्रता। **कृशा**—हीना; अभियोग रूप विपत्ति के कारण होने वाली हीन दशा को ॥२४॥

सवैक्लव्यम्—विक्लव=विह्वल, विक्लवस्य भावः वैक्लव्यम्--विक्लव+ष्यञ् (गुणवचन ब्राह्मणादिभ्यः कर्मणि च ५।१।१२४)।

पृ० ४००, २६. अनावृष्टि०—न आवृष्टिः अनावृष्टि, तया हृते । द्रोणमेघः—पुष्कर, आवर्त, संवर्त और द्रोण—ये चार प्रकार के मेघ माने गये हैं, द्रोण मेघ पर्याप्त वर्षा करने वाला तथा सस्य को समृद्ध करने वाला होता है जैसा कि ज्योतिष्तत्त्व में कहा गया है—'आवर्तो निर्जलो मेघः संवर्तश्च बहूदकः। पुष्करो दुष्करजलो द्रोणः सस्यप्रपूरकः ॥२६॥

२८. विषाक्तेन—विषेण अक्तः लिप्तः विषाक्तः तेन, √अक्त=अञ्ज्+क्त। जिस प्रकार विषैला बाण लगकर किसी व्यक्ति को विषयुक्त कर देता है इसी प्रकार इस दोषयुक्त (शकार) ने मुझे ही दोषी सिद्ध कर दिया है ॥२८॥

पृ० ४०२, २९. शालीयकूरेण—कूर-धान के चावल का भात, खाद्यविशेष 'कूर' शब्द का अर्थ स्पष्ट नहीं; देखिये 'कूरच्युततैलमिश्रम्' (पृ० १७२)।।२९॥

मन्त्रभेदः—मन्त्रस्य गुप्तवादस्य भेदः प्रकाशनम्, गुप्त वृत्तान्त का प्रकाशन, 'वेदभेदे गुप्तवादे मन्त्रः'—अमरकोश।

पृ० ४०४, ३०. पिधत्त अपिधत्त (बन्द करो); यहाँ अकार का लोप हो जाता है—'वष्टि भागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयोः'। अविनय०—औद्धत्य, ढिठाई ॥३०॥

रत्नकुम्भसदृशः—रत्नकलश के समान सम्पत्तिशाली तथा श्रेष्ठ। चोरिकया—चोरी के कारण।

पृ० ४०६, ३१. साधुजनानुकम्पिन्—साधुजनम् अनुकम्पते तच्छीलः इति साधुजन+अनु+√कम्प्+णिनि, सुप्यजातौ णिनि०।

संवदति—अनुकूल है, मिलता जुलता है। निष्कारणो०—(दे० सं० व्याख्या) यहाँ पूर्वार्ध में साभिप्राय विशेषणों द्वारा कथन किया गया है अतः परिकर अलङ्कार है—'विशेषणैर्यत् साकूतैरुक्तिः परिकरस्तु सः—काव्यप्रकाश ॥३१॥

पृ० ४०८. प्रत्ययते—विश्वास करता है। शङ्कुल—डंका, ढोल बजाने का डण्डा।

पृ० ४१०. पालिका—पर्याय, पारी, बारी, पाली। बहुविधं लेखकं कृत्वा—बहुत प्रकार रेखायें इत्यादि खींचकर लेखः—लेखकः—गणना हिसाब लगाना।

वृद्धि०—समृद्धि, उन्नति अथवा कुलवृद्धि, राजकुल में बालक का जन्म। राजपरिवर्तः—राजा का परिवर्तन; यहाँ कवि ने बड़ी कुशलता के साथ भावी राज-परिवर्तन को सूचित किया है।

पृ० ४१२, ३४. धर्म—पुण्य। प्रबलपुरुष-शक्तिशाली व्यक्ति पालक या शकार। यत्र तत्र०-चारुदत्त को यह निश्चय नहीं था कि वसन्तसेना जीवित है। स्वस्वभावेन—अपने स्वभाव से, अपनी महानुभावता से, अपने भाव-प्रकाशन (स्व+भाव) से ॥३४॥

६५. प्रतिवृत्तं—उल्टा हुआ या लटका हुआ। दीर्घगोमायवः—अपनी गर्दन को ऊपर उठाये हुए सियार ही दीर्घ (विशाल) कहे गये। अट्टहास—विकट हास ॥३५॥

पृ० ४१४ .पातिका०—पतनं + √पत् + ण्वुल् (धात्वर्थनिर्देशे ण्वुल् वक्तव्यः वा०) वस्त्र को छोड़ने के समान ही शरीर का त्याग है, यहाँ गीता के वासांसि जीर्णानि यथा विहाय०' इत्यादि भाव की छाया दृष्टिगोचर होती है ॥३६॥

अस्थान०—स्थानादन्यत्र अस्थाने, अनुचित स्थान में, ऐसे स्थान पर जहाँ किसी की दृष्टि पड़ना कठिन है। परिश्रान्त—थकी हुई, मूर्च्छित। विषमभरक्रान्ता—विषमभरेण क्रान्ता, विषम भार से लदी हुई। पश्चिमम्—अन्तिम। मा भैः (=मा भैषीः) मत डरो।

पृ० ४१६. उत्तानः—ऊपर मुख करके कमर के बल लेटा हुआ, चित पड़ा हुआ। सह्यवासिनी – सह्य पर्वत पर स्थित देवी, चण्डाल की कुलदेवता। यथाज्ञप्तम्-जैसी राजा की आज्ञा है अर्थात् शूली पर चढ़ाने की।

पृ० ४१८. उरसि पतति—क्योंकि चारुदत्त पृथ्वी पर सीधा लेटा था। यज्ञवाट—यज्ञ स्थान, ऐसे स्थलों पर 'वाट' शब्द का अर्थ 'समीप की भूमि का भाग' होता है, जैसे वेशवाटः, श्मशानवाटः।

पृ० ४२०, ४१. जीवातुकाम्यया—जीवातु-जीवन या जीवनौषधि, जीव्यतेऽनेन इति, √जीव + आतु (उणादि १, ७९)। 'जीवातुरस्त्रियां भक्ते जीविते जीवनौषधे'-इति मेदिनी। तस्य काम्यया इच्छया, मि० 'गोकाम्या' पृ० १२४ ॥४१॥

निमीलिताक्षः—निमीलिते अक्षिणी यस्य सः, आनन्द की अधिकता के कारण नेत्र मूंदे हुए ही। विद्या—पुनः जीवन प्रदान करने वाला मन्त्र या जादू, कहा जाता है कि यह विद्या दैत्यों के गुरु शुक्र को आती थी (देखिये काले नोट्स)।

'देहम्'—नपुं० प्रथमा-एक०, 'देह' शब्द पुं० तथा नपुं० दोनों होता है।

४४. वरवस्त्रम्—दुल्हे का वस्त्र। यहाँ एक ही रक्तवस्त्र इत्यादि वस्तु का क्रमशः अनेकों में सम्बन्ध दिखलाया गया है। अतः पर्याय अलङ्कार है—'एकं क्रमेणानेकस्मिन् पर्यायः (काव्यप्रकाश) ॥४४॥

पृ० ४२२. दक्षिणता—सरलता, उदारता। ४५. प्रभविष्णुना—प्रभावशाली ने, प्र + √भू + इष्णुच् (भुवश्च), यद्यपि पाणिनीय व्याकरण के अनुसार यह शब्द वेद में ही प्रयुक्त होता है तथापि लौकिक संस्कृत में भी इसका प्रयोग उपलब्ध होता है। मनाक्—प्रायः, थोड़ा-सा ॥४५॥

निर्वेद—अपने विषय में तुच्छता का भाव या विषयवैराग्य।

४६. वृषभकेतु वृषभः केतुः यस्य सः, शिव का एक नाम। दक्षयज्ञस्य हन्ता' दक्ष के यज्ञध्वंस की कथा कई प्रकार से प्रसिद्ध हैं—दक्ष ब्रह्मा के दस पुत्रों में अन्यतम थे, उनकी एक पुत्री सती नाम की थी जिसका विवाह शिव के साथ हुआ था। एक बार दक्ष ने यज्ञ किया, उसमें सभी देवों तथा ब्राह्मणों को निमन्त्रित किया, किन्तु न तो अपनी पुत्री सती को ही बुलाया न शिव को ही। इस अवसर पर सती स्वयं ही पहुँच गई तो उसको अपमानित होना पड़ा। इस अपमान के कारण वह अग्नि में भस्म हो गई। इस बात को सुनकर शिव भी वहाँ गये और दक्ष के यज्ञ को पूर्णतया

ध्वस्त कर दिया। दक्ष भृग के रूप में भाग गये। षण्मुख—षट् मुखानि यस्य सः, कार्तिकेयः; पुराणों के आख्यान के अनुसार कार्तिकेय के ६ मुख और १२ भुजायें थीं। क्रौञ्चशत्रु—क्रौञ्च नामक दैत्य (या पर्वत) का विनाशक ॥४६॥

पृ० ४२४, ४७. शेषभूताम्—देवताओं से निर्माल्य के रूप में प्राप्त हुई पुष्प-माला को 'शेष' या 'शेषा' कहते हैं, यह अत्यन्त आदर के साथ धारण की जाती है, उसके समान (ऐसे स्थलों पर भूत = सदृश)। व्यसनगतम्—विपत्तिग्रस्त ॥४७॥

४८. मन्त्रहीनं—पाठान्तर है, मन्त्र = मन्त्रणा, गुप्त विचार। प्रकर्ष—उत्कर्ष सामर्थ्य का उत्कर्ष। वसुधाधिराज्यम्—जिसमें समस्त पृथ्वी का आधिपत्य है ऐसा (शत्रुराज्य)। बलारेः—वल के शत्रु इन्द्र के; वल एक प्रसिद्ध दैत्य का नाम है। ऋग्वेद की कई ऋचाओं में इसका उल्लेख मिलता है, यह अन्धकार के दानव रूप में कल्पित मेघ का ही एक नाम है (काले), इन्द्र को 'बल' का नाशक बतलाया गया है।

४९. दिष्ट्या—भाग्य से (अव्यय)। गुणधृतया—(१) (चारुदत्त के द्वारा) उदारता आदि गुणों से आकर्षित की गई, प्रियतमा वसन्तसेना (२) रस्सी (गुण) से खींची गई: नौका। सुशीलवत्या—कुछ व्याख्याकारों ने इसका भी दोनों पक्षों में अर्थ किया है—(१) श्रेष्ठ स्वभाव वाली (२) मनोहर (?)। उपराग—उपरज्यते इति उपरागः; उप + रञ्ज् + घञ् ॥४९॥

पृ० ४२६. आर्जवम्—सरलता, ऋजोः भाव., ऋजु + अण्। ५१. आर्य-वृत्तेन – आर्यं श्रेष्ठं वृत्तं चरित्रं यस्य तेन, इससे आर्यक के कार्य का समर्थन किया गया है, भाव यह है कि उसने यह कार्य जनहिताय ही किया था। तत्रभवान्—इसके स्थान पर 'अत्रभवान्' पाठ उचित ह। सुहृदा + आर्यकेण यह सन्धिच्छेद है। उज्जयिन्यां प्रतिष्ठि=मात्रेण—अर्थात् उज्जयिनी के सिंहासन पर बैठते ही। वेणातटे-वेणा नदी नर्मदा की सहायक नदी है, जिसके तट पर कुशावती नगरी बसी थी। कुशावती या कुशास्थली, राम के पुत्र द्वारा बसाई गई थी यह कहा जाता है। सम्भवतः बुन्देलखण्ड में स्थित 'रामनगर' के स्थान पर ही 'कुशावती' नगरी थी। (देखिये, काले नोट्स)

पृ० ४२८. राष्ट्रियबन्ध—राजा के साले का बन्धन अथवा बाँधने वाले राज-पुरुष; राष्ट्रियः चासौ बन्धः। (सं० व्याख्या भी देखिये। व्यापादयाम—हम सब (जनता) मारें, पाठान्तर—व्यापादयाव—हम दोनों (चाण्डाल) मारें।

पृ० ४३२, ५६. महीतल०—महीतले स्थितिं सहन्ते इति, पृथ्वी पर रहने योग्य नहीं; अर्थात् देवलोक में रहने योग्य है ॥५६॥

पृ० ४३४· भिन्नत्वेन—पति से अलग, पति के शव के बिना। समीहितं—अभीष्ट, सम् + √ईह् + क्त (भाव में)। यथोपदेशिनी—आपके कथन के अनुसार कार्य करने वाली, अर्थात् आपका अनुसरण करके अग्नि में प्रवेश करने वाली।

पर्यवस्थापय —स्थित रख, रक्षा कर। **तिलोदक**—तिलमिश्रित जल, तिलाञ्जलि जो मृतकों को दी जाती है। **अतिक्रान्ते०** (सूक्ति)—अवसर बीत जाने पर मनोरथों से कुछ लाभ नहीं।

पृ० ४३६, ५८. **प्रेयसि**—प्रियतमे; 'प्रेयसी' का सम्बोधन एकवचन। **प्रेयसि**-प्रियतम के (विद्यमान) होने पर; 'प्रेयस्' का सप्तमी एकवचन। **व्यवसाय:**—निश्चय, उद्यम। **लोचनमुद्रण**—नेत्र मूँदना ॥५८॥

संविधानम्—घटनाओं की योजना, संयोग। **परितुष्टो राजा०**—इससे प्रकट होता है कि उस समय राजा ही वर्णाश्रमों का सर्वोपरि नियामक था।

पृ० ४३७. **जीवापिता**—'जीविता' पाठान्तर है। **दण्डपालक**—दण्डाधिकारी, मजिस्ट्रेट। ५९. **चारित्र**—चरित्रमेव चारित्रम्। **लभ्यम्**—√लभ्+यत् ॥५९॥

पृ० ४४०, ६०. **तुच्छयति**—हल्का या दरिद्र करता है, 'तुच्छं करोति'—इस अर्थ में तुच्छ+णिच् (नामधातु)। **विधौ**—कर्म में। **आकुलान्**—व्याकुल या बीच में लटके हुए। **प्रतिपक्ष**—एक दूसरे के विरोधी जैसे रिक्तता और पूर्णता इत्यादि। **कूपयन्त्रघटिकान्याय**—किसी कूपयन्त्र अर्थात् कुएँ के रहंट की बालटियों का ढंग अर्थात् रहट के चलने पर कोई बाल्टी खाली होती है कोई भरती है, कोई अधभरी लटकती होती है और कोई नीचे जाती हैं और कोई ऊपर ॥६०॥

भरतवाक्यम्—नाटक का अन्तिम श्लोक जो प्रशस्ति रूप में होता है, भरतवाक्य कहलाता है। 'भरत' शब्द का अर्थ है—नट। अतः भरतवाक्य=नटवाक्य। भारतीय नाट्यशास्त्र के प्रथम आचार्य भरत के सम्मानार्थ ही सम्भवतः अन्तिम प्रशस्ति का नाम भरतवाक्य रख दिया गया है। भरतवाक्य में लोककल्याण की कामना की जाती है।

६१. **क्षीरिण्य:**—अधिक दूध वाली, प्रभूतं क्षीरमस्याः अस्तीति क्षीरिणी (क्षीर+इन्+ई) ताः क्षीरिण्यः। **सर्वसम्पन्न०**—समास विग्रह के लिये देखिये सं० व्याख्या, इसके स्थान पर 'सम्पन्नसर्वसस्या' अथवा 'सर्वसस्यसम्पन्ना' पद उचित होता। **सन्त:**—सज्जन, श्री M. R. काले के अनुसार इसका अन्वय इस प्रकार है, 'ब्राह्मणा अभिमताः सन्तु, सन्तः श्रीमन्तः सन्तुः क्योंकि श्रेष्ठजन प्रायेण निर्धन होते हैं अतः ऐसी शुभकामना की गई है। किन्हीं व्याख्याकारों ने इस प्रकार अन्वय किया है—"जन्म-भाजः सततमभिमताः सन्तः मोदन्ताम्, ब्राह्मणाः सन्तः सन्तुः" ॥६१॥

परिशिष्ट ३

मृच्छकटिक में प्रयुक्त छन्द

१. संस्कृत में दो प्रकार के छन्द होते हैं—मात्रिक और वर्णिक। जिन छन्दों में मात्राओं के आधार पर पद-रचना होती है वे मात्रिक (जाति) कहलाते हैं तथा जिनमें अक्षरों के आधार पर, वे वर्णिक (वृत्त) कहलाते हैं। 'आर्या' आदि छन्द मात्रिक हैं तथा 'इन्द्रवज्रा' इत्यादि वर्णिक।

२. (अ) मात्रा और वर्णों की गणना में लघु गुरु का विचार किया जाता है। अ, इ, उ, ऋ, और लृ ह्रस्व या लघु है तथा शेष स्वर दीर्घ या गुरु हैं। ह्रस्व स्वर से युक्त व्यञ्जनों (क, कि, कु, कृ, क्लृ) को भी लघु माना जाता है तथा दीर्घ स्वर से युक्त (का, की, कू, कॄ, के, कै, को, कौ) को गुरु। लघु की एक मात्रा गिनी जाती है और गुरु की दो।

(आ) यदि किसी लघु वर्ण से आगे अनुस्वार (अं, कं) या विसर्ग (अः, कः) अथवा व्यञ्जनों का संयोग (अल्प, कल्प, इत्यादि) होता है तो वह गुरु माना जाता है। पाद के अन्त में स्थित लघु वर्ण विकल्प से गुरु माना जाता है।[1]

३. छन्द के चतुर्थ भाग को 'पाद' या 'चरण' कहते हैं। जिस छन्द में चारों चरण समान होते हैं उसे समवृत्त कहते हैं। जिसका प्रथम और तृतीय तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण समान होते हैं उसे अर्धसम कहते हैं। जिस वृत्त के चारों चरण परस्पर भिन्न होते हैं उसे विषमवृत्त कहते हैं।

४. प्रायः वर्णिक वृत्तों का प्रत्येक चरण गुरु लघु के विशेष क्रम से बना होता है। तीन-तीन वर्णों के क्रमिक समुदाय को छन्दःशास्त्र में 'गण' कहा जाता है। ये ८ हैं, जिनके नाम तथा स्वरूप 'यमाताराजभानसलगम्' इस सूत्र से प्रकट होते हैं। यहाँ 'ल' से लघु और 'ग' से गुरु समझा जाता है। प्रस्तार के लिए लघु का चिह्न (।) और गुरु का चिह्न (ऽ) है। जैसे—

(१) यगण = ।ऽऽ आदिलघु। (२) मगण = ऽऽऽ सर्वगुरु।
(३) तगण = ऽऽ। अन्तलघु। (४) रगण = ऽ।ऽ मध्यलघु।
(५) जगण = ।ऽ। मध्यगुरु। (६) भगण = ऽ।। आदिगुरु।
(७) नगण = ।।। सर्वलघु। (८) सगण = ।।ऽ अन्तगुरु।

---

१. सानुस्वारश्च दीर्घश्च विसर्गी च गुरुर्भवेत्।
वर्णः संयोगपूर्वश्च तथा पादान्तगोऽपि वा॥

५. मृच्छकटिक में प्रायेण निम्नलिखित संस्कृत छन्द हैं, जिनके लक्षण स्थल निर्देश सहित नीचे दिये जाते हैं। इसमें प्रयुक्त प्राकृत छन्दों के लक्षणों के लिए प्राकृत-पिङ्गल आदि ग्रन्थ देखने चाहियें।

१. अनुष्टुप् (श्लोक)—श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम्। द्वि-चतुष्पादयोर्ह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः। इसके प्रत्येक चरण में आठ वर्ण होते हैं, जिसमें पञ्चम वर्ण लघु तथा षष्ठ वर्ण गुरु होता है; द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में सप्तम वर्ण लघु होता है तथा अन्यों (प्रथम और तृतीय) में दीर्घ होता है। उदाहरण—१–२, १६, ३४ इत्यादि।

विशेष—अनुष्टुप् का एक भेद पथ्यावक्त्र भी है।

२. आर्या–(मात्रिक[1]) यस्याः पादे प्रथमे द्वादश मात्रास्तथा तृतीयेऽपि। अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पञ्चदश साऽऽर्या॥ आर्या छन्द के चरणों में क्रमशः १२, १८, १२ और १५ मात्रायें होती है। उदाहरणः—१–८, ११, ३३ इत्यादि।

विशेष—यह आर्या छन्द ६ प्रकार का होता है—

पथ्या विपुला चपला मुखचपला जघनचपला च।
गीत्युपगीत्युद्गीतय आर्यागीतिश्च नवधाऽऽर्या॥

३. इन्द्रवज्रा—स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः। इसके प्रत्येक चरण में, तगण, तगण, जगण तथा दो गुरु मिलकर ११ अक्षर होते हैं। उदाहरण—४–१६; ५–४९; १०–११, २१, ४८, ५८।

४. इन्द्रवंशा—जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ। तच्चेन्द्रवंशा प्रथमाक्षरे गुरौ। इसके प्रत्येक चरण में २ त, ज, र, इस प्रकार १२ अक्षर होते हैं। मृच्छकटिक में इस वृत्त का उपजाति वृत्त में ही प्रयोग (देखिये १–४६ और ३–७ इत्यादि) हुआ है, स्वतन्त्र रूप से नहीं।

५. उपेन्द्रवज्रा—उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ। इसके प्रत्येक चरण में ज; त, ज तथा दो गुरु (११) होते हैं। जैसे १–६, ४–२३, ६–३।

६. उपजाति—'अनन्तरोदीरितलक्ष्मभाजौ पादौ यदीयावुपजातयस्ताः'। इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा का लक्षण बतलाने के पश्चात् यह उपजाति का लक्षण बतलाया गया है। अर्थात् इन्द्रवज्रा और उपेन्द्रवज्रा के चरणों के मिलने से बना हुआ वृत्त उपजाति कहलाता है। इसी प्रकार इन्द्रवंशा तथा वंशस्थ आदि के चरणों के मिलने से बना हुआ वृत्त भी 'उपजाति' कहा जाता है—'इत्थं किलान्यास्वपि मिश्रितासु वदन्ति जातिष्विदमेव नाम'। जैसे १–४६, में इन्द्रवंशा और वंशस्थ के चरणों का मिश्रण हैं और ३–७ में उपेन्द्रवज्रा + इन्द्रवज्रा + इन्द्रवंशा के चरणों का मिश्रण है। उदाहरण—१—३८, ४६. ३—६, ७. ४—१, १२, १५. ३२. ५—२१, २६, ४०, ४४, ४७, ५२. ८—२७, ३०. ९—१०, २६. १०—६,

---

१. जो छन्द मात्रिक हैं उनका निर्देश किया जा रहा है। शेष वर्ण-वृत्त समझने चाहियें।

१६. ४०, ४३।

७. गीति (उद्गाथा)—(मात्रिक) 'आर्या प्रथमार्धसमं यस्याः परार्धमीरिता गीतिः। यह एक प्रकार की आर्या ही है। अन्तर केवल यह है कि इसके अन्तिम चरण में १५ के स्थान पर १८ मात्रायें होती है अर्थात् पहले अर्धसम (प्रथम और द्वितीय चरण) के समान ही इसमें द्वितीय अर्धसम (तृतीय और चतुर्थ चरण) होता है। जैसे ५—३४।

[पथ्यावक्त्र (विषमवृत्त)—युजोश्चतुर्थतो जेन, पथ्यावक्त्रं प्रकीर्तितम्।' अर्थात् अनुष्टुप् छन्द में चतुर्थ वर्ण के अनन्तर जगण होने से पथ्यावक्त्र नामक छन्द होता है। १ ५०, ५५ इत्यादि]

८. पुष्पिताग्रा (अर्धसम)—अयुजि न युगरेफतो, यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा। इसके विषम (प्रथम, तृतीय) चरणों में १२ (न, न, र, य) तथा सम (द्वितीय, चतुर्थ) चरणों में १३ (न ज ज र+ग) होते हैं। उदाहरण—१—२४, ५६. २—७. ३—१०, २१, २२. ४—४, २७, २८. ८—४, ८, ३२. १०—१३।

९. प्रमिताक्षरा—प्रमिताक्षरा सजससैः कथिता। प्रत्येक चरण में १२ अक्षर (स, ज, स, स) जैसे १०—५६।

१०. प्रहर्षिणी—म्याशाभिर्मनजरगाः प्रहर्षिणीयम्। प्रत्येक चरण में १३ अक्षर (म, न, ज, र+ग) तीसरे अक्षर पर यति (विराम)। उदाहरण—४—२. ५—५०. ६.—१. ७—८. ८—४१. ९—२७. १०—२५, ३३, ४७, ४६।

११. मालभारिणी (अर्धसम)—विषमे ससजा गुरु समे चेत्, सभरा येन तु मालभारिणीयम्। विषम चरणों में ११ (स, स, ज+२ग; समचरणों में १२ (स, भ, र, य) अक्षर; जैसे—१—३, ५।

१२. मालिनी—ननमययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः। प्रत्येक चरण में १५ (न, न, म, य, य) अक्षर; ८ वें अक्षर पर यति। उदाहरण—१—३१, ५७. ४—२०. ५—१७. ७—३, ५. ८—४२. ९—१२, ४३. १०—३, १२, ३४, ४६।

१३. वंशस्थ या वंशस्थलविल—जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ। प्रत्येक चरण में १२ (ज, त, ज, र) अक्षर। उदाहरण—१—७, १०, ५३. २—१०. ३—८, १७. ५—३७. ७—४. ·—७. ९—२५।

१४. वसन्ततिलका—उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः। प्रत्येक चरण में १४ (त, भ, ज, ज+२ग) अक्षर। उदा०—१—६, १२, १३, १७, २०, २२, २७, ३५, ४६. ३—३, ४. ६, १४, १६. ४—६, १४, २६. ५—१, २, ४, ८, १३, १५, ३३, ३६, ४२, ४५. ६—२. ७—२३, २४, २६. ९—६, १६, १६, २२, २८, २६, ३४. १०—३१, ४४।

१५. विद्युन्माला—मो मो गो गो विद्युन्माला—प्रत्येक चरण में २ मगण+ २ गुरु=८ अक्षर। उदा०—२—८।

१६. वैश्वदेवी—बाणाश्वैश्छिन्ना वैश्वदेवी ममौ यौ—प्रत्येक चरण में २ मगण २ यगण मिलकर १२ अक्षर तथा पाँचवें अक्षर पर यति, जैसे—३—१३।

१७. शार्दूलविक्रीडित—सूर्याश्वैर्यदि मः सजौ सततगाः शार्दूलविक्रीडितम्। प्रत्येक चरण में १९ अक्षर (म, स, ज, स, रत + ग); १२ वें अक्षर पर यति। उदा०—१–१४, ३२, ३६, ३७. २—१२. ३—५, ११, १२, १८, २०, २३. ४—६. ५—५, ६, १४, १८, २०, २३, २४, २७, ३५, ४६. ७—२, ७. ८—५, ११, ३८. ९—३, ४, ५, १४. १०—६०।

१८. शिखरिणी—रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलाग: शिखरिणी। प्रत्येक चरण में, १७ (य, म, न, स, भ + ल ग) अक्षर छठे अक्षर पर यति। उदा० १–१५. ५–१२, २२, २५. ६–४।

१९ सुमधुरा—म्रो भ्नौ मो नौ गुरुश्चेद् हयर्तुरसैरुक्ता सुमधुरा। प्रत्येक चरण में १९ (म, र, भ, न, म,न + ग) अक्षर; सातवें तथा तेरहवें अक्षर पर यति। जैसे—९–२१।

२०. स्रग्धरा—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्। प्रत्येक चरण में २१ (म, र, भ, न, य, य + य) अक्षर; सातवें और चौदहवें अक्षर पर यति। उदा०—१–१, ४, ४८. १०–५९, ६१।

२१. हरिणी—नसमरसला गः षड्वेदैर्हयैर्हरिणी मता। प्रत्येक चरण में १७ (न, स, म, र, स + ल ग अक्षर); ६, ४ और ७ अक्षर पर यति। उदा०—४–३, ९—१३।

टिप्पणी—सं० व्याख्या में कहीं-कहीं अनुष्टुप् तथा आर्या आदि छन्दों के भेद-उपभेदों का भी उल्लेख कर दिया गया है। उन्हें इनके लक्षणों से मिलाकर देख लेना चाहिये।

परिशिष्ट ४

मृच्छकटिकस्थानि सुभाषितानि

अकन्दसमुत्थिता पद्मिनी अवञ्चको वणिक् अचौरः
सुवर्णकारः अकलहो ग्रामसमागमः अलुब्धा गणिकेति दुष्करमेते
सम्भाव्यन्ते । (ग) — १९४

आग्राह्या मूर्धजेष्वेताः स्त्रियो गुणसमन्विताः ।
न लताः पल्लवच्छेदमर्हन्त्युपवनोद्भवाः ॥ (प) — ३००

अनतिक्रमणीया भगवती गोकाम्या ब्राह्मणकाम्या च । (ग) — १२४

अपण्डितास्ते पुरुषा मता मे ये स्त्रीषु च श्रीषु विश्वसन्ति । (प) — १५४

अपेयेषु तडागेषु बहुतरमुदकं भवति । (ग) — ९२

अभ्युदयेऽवसाने तथैव रात्रिं दिवमहतमार्गा ।
उद्दामेव किशोरी नियतिः खलु प्रत्येषितुं याति ॥ (प) — ३९६

अम्भोजिनी लोचनमुद्रणं किं भानावनस्तंगमिते करोति । (प) — ४३६

अयं च सुरतज्वालः कामाग्निः प्रणयेन्धनः ।
नराणां यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च ॥ (प) — १५४

अल्पक्लेशं मरणं दारिद्र्यमनन्तकं दुःखम् । (प) — १६

अर्थतः पुरुषो नारी या नारी साऽर्थतो पुमान् । (प) — १३८

अहो धिग् वैषम्यं लोकव्यवहारस्य । (ग) — ३६४

अहो व्यवहारपराधीनतया दुष्करं खलु परचित्तग्रहणमधिकरणिकैः । (ग) — ३३६

अहो ! प्रभावः प्रियसङ्गसस्य मृतोऽपि को नाम पुनर्ध्रियेत । (प) — ४२०

आलाने गृह्यते हस्ती वाजी वल्गासु गृह्यते ।
हृदये गृह्यते नारी यदीदं नास्ति गम्यताम् ॥ (प) — ५२

इन्द्रः प्रवाह्यमानो गोप्रसवः संक्रमश्च ताराणाम् ।
सुपुरुषप्राणविपत्तिश्चत्वार इमे न द्रष्टव्याः ॥ (प) — ३८९

इह सर्वस्वफलिनः कुलपुत्रमहाद्रुमाः ।
निष्फलत्वमलं यान्ति वेश्याविहगभक्षिताः (प) — १५४

ईदृशो दासभावो यत्सत्यं कमपि न प्रत्याययति । (ग) — ४०६

एते खलु दास्याः पुत्राः अर्थकल्यवर्ता वरटाभीता इव गोपाल-
दारका अरण्ये यत्र-यत्र न खाद्यन्ते तत्र-तत्र गच्छन्ति । (ग) — १८